RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 26
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 12 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



असामान्य हालात को सामान्य बनाता है संगीत
विविध-12

# विकास ही होगा अब भविष्य की राजनीति का आधार: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सफलता को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र की जीत करार दिया और कहा कि 21वीं सदी के भारत के नागरिक, बार-बार अपना संदेश स्पष्ट कर रहे हैं कि अब सेवा का मौका उसी को मिलेगा, जो देश के विकास के लक्ष्य के साथ ईमानदारी से काम करेगा। उन्होंने कहाकि विकास ही भविष्य की राजनीति का आधार होगा। प्रधानमंत्री ने कहाकि नारी शक्ति भाजपा के साइलेंट मतदाताओं का समूह है। उन्होंने कहाकि नीतीशकुमार के नेतृत्व में आत्मनिर्भर बिहार के संकल्प को सिद्ध करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी बिहार और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में भाजपा को मिली विजय के उपलक्ष्य पर भाजपा मुख्यालय में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसी दल का नाम लिए बगैर कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी तक परिवारवादी

## ● परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा: प्रधानमंत्री

पार्टियों का जाल लोकतंत्र के लिए खतरा बनता जा रहा है। दुर्भाग्य से एक राष्ट्रीय पार्टी भी एक परिवार के चंगुल में फंस गई है। यह देश का युवा भली-भांति जानता है। परिवारों की पार्टियां या परिवारवादी पार्टियां, लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में भारतीय जनता पार्टी का दायित्व और बढ़ जाता है कि वह अपने दल में लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखे। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में भाजपा के कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतारा जा रहा है और उन्हें लगता है कि ऐसा करके वे अपने मंसूबे पूरे कर लेंगे। उन्होंने कहा, जो लोग लोकतांत्रिक तरीकों से मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, चुनौती नहीं दे पा रहे हैं, ऐसे कुछ लोगों ने भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्या करने का रास्ता



नई दिल्ली भाजपा मुख्यालय में *धन्यवाद बिहार* कार्यक्रम में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

अपनाया है। मैं उन सभी को आग्रहपूर्वक समझाने का प्रयास करता हूं। मुझे चेतावनी देने की जरूरत नहीं है, वो काम जनता-जर्नादन करेगी। मोदी ने कहा, चुनाव आते हैं, जाते हैं। जय-पराजय का खेल होता रहा है। कभी ए बैठैगा, कभी वो बैठेगा...लेकिन ए मौत का खेल लोकतंत्र में कभी नहीं चल सकता है।

मोदी ने कहा कि बिहार के नतीजों को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र की जीत बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि वे पारखी भी हैं और जागरूक भी। उन्होंने कहा, बिहार में सच जीता है, विश्वास जीता है बिहार का युवा जीता है, माताएं-बहनें-बेटियां जीती हैं, बिहार का गरीब जीता है, किसान जीता है। मोदी ने कहा कि देश का विकास और राज्य का विकास आज सबसे बड़ी कसौटी है और आने वाले समय में भी यही चुनाव का आधार रहने वाला है।

उन्होंने कहा कि जो लोग ये नहीं समझ रहे, इस बार भी उनकी जगह-जगह जमानत जब्त हो गई है। ये बिहार की आकांक्षाओं की जीत है, बिहार के गौरव की जीत है। बिहार के साथ ही विभिन्न उपचुनावों में भाजपा का परचम लहराने का उल्लेख करते हुए और चुनावों में भाजपा को लगातार मिल रही सफलता की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के नागरिक, बार-बार अपना संदेश स्पष्ट कर रहे हैं कि अब सेवा का मौका उसी को मिलेगा, जो देश के विकास के लक्ष्य के साथ ( शेष पेज 9 )

# रोजगार के अवसर बढ़ाने पर सीएम का जोर

● कौशल विकास मिशन के तहत 7.93 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

● हर जिले में लगाए जाएं लोन मेला: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करने पर बल दिया है। इसी के तहत प्रदेश सरकार ने कौशल विकास मिशन द्वारा 7.93 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राथमिकता उन सेक्टर्स को दी जाए जिसमें रोजगार की सम्भावनाएं अधिक हों। इससे बड़ी संख्या में प्रदेश के प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के अनुसार उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा वर्ष 2020-21 में 7.93 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 6 लाख युवा, शिल्पकार आरपीएल के अन्तर्गत प्रशिक्षित किये जायेंगे। पूर्ववर्ती किसी भी वर्ष की तुलना में इस वर्ष सर्वाधिक संख्या में युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित



किया गया है। समस्त लक्ष्य प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित किये जा चुके हैं। कोविड-19 के दृष्टिगत लागू अनलॉक-4 व्यवस्था के क्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 सितम्बर 2020 से ही प्रारम्भ किये जा सके हैं। प्रवक्ता ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत 1.43 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 302 नवीन संस्थाओं को चयनित किया गया है। इस वर्ष 21 सितम्बर से अब तक 52258 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा 19413 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों की 16150 महिलाओं को भी आरपीएल के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। युवाओं को रोजगार दिलाने की दृष्टि से 414 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है तथा 50000 से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाया गया है।

इसके अतिरिक्त 943 कैरियर काउन्सिलिंग शिविरों को भी आयोजित किया गया है जिसमें 52000 से अधिक युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कौशल विकास मिशन द्वारा ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफ र्म कोर्सेरा, यूएसए के माध्यम से प्रदेश के 50000 युवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम नि:शुल्क करने का अवसर प्रदान किया गया है। इसके माध्यम से विश्व के 200 से भी अधिक विख्यात विवि, संस्थानों तथा कम्पनियों द्वारा संचालित किये जा रहे 3800 से अधिक उपलब्ध पाठ्यक्रमों में से अपनी रुचि के अनुसार कोर्स चयन का विकल्प दिया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त सफल युवाओं को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक जनपद में लोन मेला आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को लोन मेले के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के तहत अनुमन्य ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने इस सम्बन्ध में बैंकों के साथ समन्वय बनाते हुए बैंक शाखावार लक्ष्य तय किये जाने के निर्देश भी दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टैण्ड-अप इण्डिया स्कीम के माध्यम से प्रत्येक बैंक शाखा द्वारा कम से कम एक अनुसूचित जाति, जनजाति तथा एक महिला उद्यमी को ऋण उपलब्ध कराया जाए। इससे प्रदेश के 36000 अनुसूचित ( शेष पेज 9 )

# दो दर्जन सीटों पर बेहद कम अंतर से हुई जीत और हार

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**उठा-पटक** से भरपूर बिहार के चुनावी जंग में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) 125 सीटें जीतने में सफल रही- जो 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में 122 के बहुमत के आंकड़े से तीन ज्यादा है। लेकिन करीब दो दर्जन ऐसी सीटें जहां पर उसके अंतर बेहद कम था।

इनमें से सात सीटों पर जीत का अंतर 500 वोटों से भी कम था तथा चार सीटों पर जीत का 1000 से कम था। जदयू ने हिल्सा सीट पर मात्र 12 वोटों से जीत दर्ज की। बरबीघा में जदयू उम्मीदवार सुदर्शन कुमार ने कांग्रेस के गजानन शाही को मात्र 113 वोटों से हराया। हिल्सा सीट को जदयू ने मात्र 12 वोट जीता।

जदयू के कृष्णमुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया को 61,848 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के अत्री मुनि उर्फ शक्ति सिंह यादव को 61,836 मत मिले। पोल पैनल के आंकड़ों के मुताबिक जदयू

## ● बिहार में सात सीटों पर 500 से भी कम वोटों से प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की

## ● जदयू ने 12 वोट के अंतर से हिल्सा सीट कब्जाई

के कृष्णमुरारी शरण को 232 पोस्टल वोट मिले और राजद के शक्ति सिंह यादव को 233 वोट। रामगढ़, मैथानी, बरबीघा, भोरे, बछवारा और डेहरी विधानसभा सीटों पर बेहद करीब की लड़ाई रही और जीत का अंतर 500 वोटों से भी कम रहा।

बरबीघा में जदयू प्रत्याशी सुदर्शन कुमार ने कांग्रेस के गजानन शाही को मात्र 113 वोटों से हराया। रामगढ़ में जीत का अंतर 189 वोट रहा। मैथानी में लोजपा के राजकुमार सिंह ने जदयू के नरेंद्र कुमार सिंह को सिर्फ 333 वोटों से हराया। भोरे में जीत का अंतर 462 रहा। डेहरी में राजद के फतेह बहादुर ने भाजपा के सत्यनारायण को 464 मतों के अंतर से मात दी। इसके अलावा बखरी, चकाई, कुरहनी और परबत्ता सीटों पर जीत का अंतर 1000 से कम रहा। भाकपा प्रत्याशी सूर्यकांत पासवान ने भाजपा के रमाशंकर पासवान को 777 वोटों से हराया।

चकाई सीट निर्दलीय प्रत्याशी सुमित कुमार सिंह ने 581 वोटों से जीती। उन्होंने राजद की सावित्री देवी को हराया। कुरहनी में राजद के अनिल कुमार सहनी ने भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता को 712 मतों से हराया। सीवान में राजद के अवध बिहारी चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी ओपी यादव को 1973 वोटों से हराया। सिमरी बख्तियारपुर सीट को राजद उम्मीदवार युसूफ सलाहुद्दीन ने 1759 वोटों से जीती। जदयू के अशोक चौधरी ने सकरा में कांग्रेस के उमेश राम को 1537 वोटों से हराया। कांग्रेस की प्रतिमा कुमार ने राजापकर सीट 1796 मतों से जीती। उन्होंने जदयू के महेंद्र राम को हराया। भाजपा की ( शेष पेज 9 )

# बैंकों-यूनियनों के बीच वार्ता संपन्न, वेतन में 15 प्रतिशत वृद्धि का समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारतीय** बैंक संघ (आईबीए) ने बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी संघों के साथ 11वीं द्विपक्षीय वेतनवृद्धि वार्ता नई सहमति के साथ संपन्न होने की बुधवार को घोषणा की। तीन साल की बातचीत के बाद बैंक कर्मचारी संघों और आईबीए ने 22 जुलाई को सालाना 15 प्रतिशत वेतनवृद्धि करने के लिए सहमति ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। आईबीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील मेहता ने ने एक बयान में कहा, भारतीय बैंक संघ (कर्मचारी) यूनियनों और (अधिकारी) संघों के साथ 11वीं द्विपक्षीय वेतनवृद्धि वार्ता सहमति से संपन्न होने की खुशी के साथ घोषणा करता है। यह एक नवंबर 2017 से प्रभावी माना गया है। आज के समझौते में वेतन में 15 प्रतिशत की वृद्धि का प्रावधान है। बयान के इस संबंध में एक विस्तृत संयुक्त द्विपक्षीय समझौते पर चार कर्मचारी और चार अधिकारी संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ओर बैंक कर्मचारी सेना महासंघ ने हस्ताक्षर किए हैं। नए वेतनवृद्धि से बैंकों पर सालाना 7,898 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

# चुनाव परिणाम पर नीतीश की चुप्पी से उठ रहे सवाल

## ● सिर्फ ट्वीट कर किया जनता का शुक्रिया और प्रधानमंत्री का आभार जताया

**नवीन उपाध्याय।** नई दिल्ली

**बिहार** में जदयू खेमे में जश्न जैसा माहौल नहीं है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनाव परिणामों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की, जबकि 'बड़े भाई' भाजपा लगातार यह दोहरा रही है कि वे मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। नीतीश की यह चुप्पी हैरान करने वाली है।

कांटे की लड़ाई में खुद को बचाने में उनकी पार्टी कामयाब रही जबकि चुनाव विशेषज्ञों ने उनकी पार्टी को लड़ाई से बाहर होने की भविष्यवाणी कर दी थी, लिहाजा यह उम्मीद की जा रही थी कि पार्टी के पास दिवाली से पहले जश्न मनाने का कारण है। लेकिन पिछले 48 घंटों में मुख्यमंत्री ने खुद को 1, अणे मार्ग स्थित आवास तक सीमित रखा है।




पटना में राजग सरकार की फिर से वापसी पर जश्न मनाते जदयू कार्यकर्ता

उन्होंने सिर्फ एक ट्वीट किया, 'राजग को बहुमत देने के लिए मैं जनता को सलाम करता हूं। मैं पीएम नरेंद्र मोदी को उनके समर्थन के लिए आभार प्रकट करता हूं।'

सूत्रों ने कहा कि नीतीश ने सभी जीतने और हारने वाले उम्मीदवारों की गुरुवार शाम 3.30 बजे अपने घर पर बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए उनसे फीडबैक लेंगे और संभवत: उसके बाद वे चुनाव परिणामों पर कुछ राय देंगे। नीतीश की चुप्पी पर एक जदयू नेता ने कहा कि पिछले इन सालों में भाजपा उनके शर्तों पर काम करती थीं लेकिन अब भगवा पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पेशकश कर उपकार कर रही है। नीतीश को सजग रहने का कारण भी है। अब भाजपा कैबिनेट में बराबर का हिस्सा चाहेगी और सरकार में उनकी आवाज भी ज्यादा मजबूत ( शेष पेज 9 )

# फिलहाल महंगी नहीं होगी बिजली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में बिजली स्लैब में परिवर्तन को लेकर उप्र विद्युत नियामक आयोग ने फैसला सुना दिया है। आयोग ने कहा है कि बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। वर्तमान टैरिफ आदेश ही लागू रहेगा। कम्पनियों के स्लैब परिवर्तन प्रस्ताव को खारिज किया गया है। नियामक आयोग ने उपभोक्ता परिषद के बिजली दरों में कमी के प्रस्ताव पर कहा कि इस पर आयोग आगे निर्णय लेगा। प्रदेश की बिजली कम्पनियों द्वारा वर्ष 2020-21 के लिये दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्कता टैरिफ प्रस्ताव सहित स्लैब परिवर्तन व वर्ष 2018-19 के लिये दाखिल टूअप पर बुधवार को विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्यों की पूर्ण पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुये यह आदेश जारी कर दिया है कि इस वर्ष बिजली दरों में कोई भी बदलाव नहीं किया जाएगा। वर्तमान लागू टैरिफ ही आगे लागू रहेगा। उप्र विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस मामले पर एक याचिका आयोग में दाखिल की थी। इसके अलावा उपभोक्ता परिषद द्वारा दाखिल बिजली दरों ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,593 | ↑ | 316 | |
| निफ्टी | 12,749 | ↑ | 118 | |
| सोना | 50,114 | ↑ | 03 | /10g |
| चांदी | 62,023 | ↑ | 451 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नेटफिल्क्स, अमेजन जैसे ओटीटी मंच अब सरकार के अधीन होंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने नेटफिल्क्स, अमेजान प्राइम वीडियो और डिजनी-प्लस हाटस्टार जैसे ओटीटी प्लेटफार्म के साथ ही अन्य सामयिक मामलों पर सामग्री उपलब्ध कराने वाले आनलाइन समाचार पोर्टलों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दायरे में लाने की मंजूरी दी है। मंत्रालय को इन क्षेत्रों की नीति एवं नियमन का भी अधिकार दिया गया है। अब तक देश में डिजिटल सामग्री क्षेत्र पर नजर रखने अथवा उसका परिचालन करने वाली कोई भी कानून अथवा स्वायतशासी संस्था नहीं थी। मंत्रिमंडलीय सचिवालय द्वारा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हस्ताक्षर वाली मंगलवार रात जारी अधिसूचना के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद 77 के उपलबंध (3) के तहत प्रदप्त अधिकारों के अधीन भारत सरकार के (कामकाज आवंटन) नियम 1961 में संशोधन का निर्णय लिया गया है।

# एनसीबी के समक्ष पेश हुईं अर्जुन रामपाल की प्रेमिका

## मादक पदार्थ जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**बॉलीवुड** में मादक पदार्थों के कथित इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में अभिनेता अर्जुन रामपाल की प्रेमिका गेब्रिएला डेमेट्रिड्स बुधवार को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के समक्ष पेश हुई। अधिकारी ने बताया कि गेब्रिएला दोपहर 12 बजे से थोड़ी देर पहले दक्षिण मुम्बई के बलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। कार्यालय के बाहर मीडिया का जमावड़ा था।

एनसीबी ने मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को मुम्बई में अभिनेता अर्जुन रामपाल के आवास की तलाशी ली थी और गेब्रिएला तथा उन्हें 11 नवम्बर को एजेंसी के सामने



मुंबई में पूछताछ के लिए एनसीबी कार्यालय जाती गेब्रिएला

पेश होने को कहा था। सूत्रों का कहना है कि रामपाल से बृहस्पतिवार को पूछताछ की जा सकती है। एनसीबी के फिल्म निर्माता फिरोज नाडियाडवाला की पत्नी शबाना सईद को गिरफ्तार करने के एक दिन बाद गेब्रिएला के घर पर छापेमारी की गई थी। नाडियाडवाला के जुहू स्थित घर पर कथित रूप से गांजा बरामद किया गया था, जिसके बाद ही उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया था।

एनसीबी ने रामपाल के उपनगरीय इलाके बांद्रा स्थित घर की तलाशी के दौरान लैपटॉप, फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए थे। अभिनेता के कार चालक से भी पूछताछ की गई थी। अधिकारी ने बताया कि गेब्रिएला के भाई एजिसिलाओस डेमेट्रिड्स को पिछले महीने लोनावला स्थित एक रिजॉर्ट से गिरफ्तार किया गया था। उस पर मादक पदार्थ तस्करों के सम्पर्क में होने का आरोप है।

# बदमाशों ने बद्री ज्वैलर्स के मालिक को मारी गोली, घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विकासनगर** इलाके में बुधवार रात कार सवार बदमाशों ने बद्री ज्वैलर्स के मालिक को गोली मार दी गोली उनके हाथ में लगी है। पुलिस की मदद से पीड़ित को ट्रामा सेंटर में भर्ती करवा दिया गया है। इंस्पेक्टर विकासनगर ऋषिदेव सिंह ने बताया कि महानगर के रहने वाले अभिषेक केशरवानी का विकास नगर में बद्री ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात वह दुकान बंद करके अपनी पत्नी नेहा के साथ घर के लिए निकल रहे थे। वह अपनी कार में बैठे ही थे तभी कार सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी इसके बाद कार सवार बदमाश भाग निकले। गोली अभिषेक के हाथ में लगी है पुलिस की मदद से ट्रामा सेंटर में भर्ती करवा दिया गया है एडीसीपी उत्तरी राजेश ( शेष पेज 9 )

# गतिरोध सुलझाने के लिए भारत और चीन समझौते के करीब

## ● सबसे पहले सीमा पर तैनात टैंक और भारी हथियार हटाएंगे और तनाव वाले स्थानों से चरणबद्ध तरीके से कम होगी फौज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर छह महीने से चल रहा तनाव कम हो सकता है। भारत और चीन में इस बात पर सहमति के करीब आ गए हैं कि वे सीमा पर तैनात अपने टैंक और भारी हथियारों को हटाएंगे तथा गतिरोध वाले स्थानों से चरणबद्ध तरीके से फौज को कम करेंगे।

सूत्रों ने यहां बुधवार को बताया कि अगले कुछ दिनों में कोर कमांडरों की होने वाली नौवें दौर की बैठक में



ये समझौते हो सकते हैं। यदि सब कुछ ठीक रहा तो अगले महीने की शुरुआत से फौजों का पीछे हटना शुरू हो जाएगा। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने मंगलवार को संकेत देते हुए कहा था 'हमें उम्मीद है कि हमारे बीच एक समझौता हो जाएगा जो परस्पर स्वीकार्य और एकदूसरे के लिए लाभदायक होगा।' लद्दाख के चुशूल में छह नवंबर को भारत-चीन के बीच कोर कमांडरों की आठवीं बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही थी। सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव के व्यापक खाके के तहत समझौता होने पर एक दिन में सशस्त्र कर्मियों को हटाने, पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे के खास क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी और दोनों पक्षों द्वारा प्रक्रिया का सत्यापन शामिल है।

पूर्वी लद्दाख में विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में भारतीय सेना के करीब 50,000 जवान तैनात हैं क्योंकि गतिरोध सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच हुई वार्ता के अब तक ठोस परिणाम नहीं निकल सके हैं। अधिकारियों के मुताबिक चीन ने भी इतने ही जवान तैनात किए हैं। दोनों पक्षों के बीच मई की शुरुआत में गतिरोध आरंभ हुआ था। सूत्रों ने बताया कि समझौता होने पर पहले कदम के तौर पर तीन दिनों के भीतर दोनों पक्ष टैंक, बड़े हथियारों, बख्तरबंद वाहनों ( शेष पेज 9 )

# त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरती जाए: योगी

● बाजारों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए कोविड.19 के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि बाजारों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यम के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को बाजारों सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्थापित करते हुए इनके माध्यम से लोगों को कोरोना से बचाव व सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेण्टर पूरी सक्रियता से संचालित किये जाएं। प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों से आने वाले लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग ज्यादा से ज्यादा की जाए। उन्होंने ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन ओपीडी सेवा का लाभ दिलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के बाद मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन करने के सम्बन्ध में सभी तैयारियां कर ली जाएं। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कोविड-19 के सम्बन्ध में रैपिड एण्टीजन टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीद केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों से धान क्रय किया जाए। गो-आश्रय स्थल के संरक्षित गोवंश के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## सीएम ने पांच एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर किया रवाना



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर 5 एम्बुलेंस को झण्डी दिखाकर रवाना किया। ज्ञातव्य है कि यह एम्बुलेंस भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री को भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबन्धक अजय कुमार खन्ना ने लखनऊ, गोरखपुर, बरेली, वाराणसी व कानपुर नगर के लिए एम्बुलेंस की प्रतीकात्मक चाबी भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम आज अवर अभियंताओं को देंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 नवम्बर को अपने आवास पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवचयनित जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति एवं पद स्थापना पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जनपदों में मौजूद सफल अभ्यर्थियों से संवाद भी करेंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सम्मिलित जूनियर इंजीनियर सिविल परीक्षा के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए 1438 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

# केशव प्रसाद मौर्य ने लिया महंत नृत्यगोपाल दास का हालचाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महंत नृत्यगोपाल दास का हालचाल लिया। महंत सोमवार से अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी। एक दिन पूर्व मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल जाकर उनका हालचाल लिया था। महंत नृत्य गोपाल दास को लेकर जारी मेडिकल बुलेटिन में महंत को थ्रोम्बोसिस बीमारी से ग्रसित बताया गया है। जिसके चलते उनके पैरों में जमे खून के थक्के धमनियों द्वारा फेफड़े में पहुंच गए थे। इस कारण सांस लेने में परेशानी हो रही थी। साथ ही दिल पर लोड भी पड़ रहा था। इसके अलावा उनका ब्लड प्रेशर कम हो रहा था और गुर्दे भी काम नहीं कर रहे थे। संस्थान के निदेशक डॉ राकेश कपूर ने बताया कि जांच रिपोर्ट एग्जामिन होने के बाद कार्डियक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर गौरंगो मजूमदार, आईसीयू एक्सपर्ट डॉक्टर दिलीप दुबे, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के डॉक्टर रोहित अग्रवाल और इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी के डॉक्टर अविनाश सहित अन्य चिकित्सकों ने बिना समय गंवाए जांच के उपरांत ऑपरेशन थिएटर में महंत के फेफड़ों में जमे हुए खून के थक्के को गलाने की प्रक्रिया शुरू की। डॉ राकेश कपूर ने कहा कि क्योंकि उनके गुर्दे काम नहीं कर रहे हैं और पेशाब नहीं बन रही है। जिसके जिसके चलते उनकी आज फिर डायलिसिस नेफ्रोलॉजी के डायरेक्टर डॉ आर के शर्मा की देखरेख में की गई है। मेदान्ता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राकेश कपूर के मुताबिक महंत की स्थिति अब भी गंभीर मगर नियंत्रण में है और उनको क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की टीम की मानिटरिंग में रखा गया है।

## आर्थर डी लिटिल भी हुई यूपी की सलाहकार कंपनी

**लखनऊ।** उप्र में विभिन्न विभागों में कंसल्टेंट का काम अमेरिका की सबसे पुरानी कंपनी आर्थर डी लिटिल भी करेगी। इस कंपनी का काम यूपी के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट पर काम करना होगा। सरकार ने इस कंपनी को हरी झंडी दे दी है। इस कंपनी के साथ नालेज पार्टनर इंडो अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स भी काम करेगा। यह विश्व की सबसे पुरानी मैनेजमेंट कान्सटेंसी फर्म है जो कि अब यूपी के लिए काम करेगी। कंपनी ने सरकार के साथ मिलकर एक समिट आयोजित किया जिसको संबोधित करते हुए कंपनी के सीईओ बारनिक चितरन मैत्रा ने कहा उत्तर प्रदेश को रूपांतरित किए बिना भारत को फिर से परिभाषित करना असंभव है। उत्तर प्रदेश असीमित क्षमता असीमित संभावनाओं की भूमि है। मैत्रा ने चार विकास इंजनों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया। उनका मानना है कि यूपी भारत के लिए टोन सेट करता है, चाहे वह लोकतांत्रिक हो, सामाजिक हो या कोई अन्य आयाम हो।

# छोटी से छोटी घटना पर त्वरित रिस्पांस करें

## दीपावली व अन्य त्योहारों को लेकर डीजीपी ने दिए दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीपावली** सहित अन्य आगामी त्योहारों को लेकर डीजीपी हितेश चंद हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रदेश पुलिस को अलर्ट करते हुए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। बीजेपी ने कहा है कि छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए पुलिस अफसर समुचित एवं त्वरित रिस्पांस करें।

डीजीपी की ओर से बुधवार को एडीजी रेलवे समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ व गौतम बुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर, समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक और सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया गया है। जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि 12 से लेकर 16 नवंबर तक धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज का त्यौहार मनाया जाएगा। दीपावली त्यौहार आदि के अवसर पर कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत भारत सरकार एवं शासन द्वारा निर्गत एसओपी ध्गाइड लाइन तथा मुख्यालय स्तर से समय समय पर दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए।

थानावार एवं आसूचना के आधार पर साम्प्रदायिक व शरारती तत्वों व चिन्हित व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। आवश्यकता पड़ने पर इन साम्प्रदायिक एवं अवॉछनीय तत्वों के विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कारवाई की जाए। विगत वर्षों में इस अवसर पर यदि कोई विवाद परिलक्षित हुआ हो तो उसका निस्तारण कर लिया जाए। इसी क्रम में यदि कोई नया विवाद प्रकाश में आया हो तो समय रहते उसका निस्तारण करा लिया जाए। जनपद के अन्तर्गत विभिन्न शहरों ,कस्बों तथा मोहल्लो में पूर्व में गठित शान्ति समितियों की एवं स्थानीय स्तर पर व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर सभ्रान्त नागरिकों, शान्ति समितियों के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त कर लिया जाए। क्षेत्र में पैदल व मोटर साइकिल से गश्त किया जाए एवं गश्त पार्टी को यथा समय वाकी-टॉकी सेट दिए जाएं। संवेदनशील स्थलों व बाजारों को चिन्हित कर सीसीटीवी कैमरा से मानिटरिंग तथा यथावश्यक ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाए। मल्टीप्लेक्स माल्स के प्रबन्धकों, व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर ली जाये और उनका सहयोग लिया जाए। इन्हें सीसीटीवी व मैटल डिटेक्टर के प्रयोग के लिये प्रेरित किया जाए। पेट्रोल पम्प, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बाजार में महत्वपूर्ण स्थानों, मनोरंजन, स्थलों, माल्स, मल्टीप्लेक्स, पार्क, सिनेमाहाल्स आदि स्थानों पर जन सहयोग से पुलिस अधिकारियों के महत्वपूर्ण टेलीफोन नम्बरों तथा सम्बन्धित थानो के टेलीफोन नम्बरों का प्रचार प्रसार किया जाए। व्यस्त बाजारों में जाने वाले दो पहिया एवं 4 पहिया वाहनों की सघन चेकिंग समय समय पर आकस्मिक रूप से किया जाए।

## मोदी के नेतृत्व में उप चुनाव में मिली संगठन को जीत

**लखनऊ।** बीजेपी अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने यूपी, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत देश के कई राज्यों में हुए उप चुनावों में प्रचण्ड बहुमत से जीत अर्जित की। समाज के सभी वर्गो में मोदी के प्रति जो भरोसा है वह देश के हर राज्य में बहुत मजबूत हुआ है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास पर सरकार संगठन और गठबंधन मिलकर काम कर रहे हैं। गरीबों की सेवा और कल्याण के भाव ने जनता के बीच भाजपा की साख बढ़ाई है। बीजेपी अवध क्षेत्र के मीडिया प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि पार्टी कार्यालय पर एक बैठक हुई जिसमें संगठन के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सुशासन एवं जनकल्याण की पर्यायवाची बन गयी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा लगन एवं समर्पण के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी पार्टी को प्रचण्ड जीत दिलायी।

# फरेब की राजनीति से मुकाबले के लिए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में जनता द्वारा समर्थन देने वाले मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संयम और निष्ठा से काम करने, समाजवादी सरकार के कामों एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर, गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सक्रिय होने को भी कहा।

अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी को बूथस्तर तक मजबूती देकर ही हम झूठ, फरेब और धांधली की राजनीति का मुकाबला कर सकेंगे। हमारा एजेंडा प्रदेश के चहुंमुखी विकास का है और इसके लिए सन् 2022 में समाजवादी सरकार बनाना आवश्यक है। श्री यादव बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लोकतंत्र को रौंदने में लगी है। मतदान में धांधली से मतदाता के अधिकार पर चोट पहुंचती है। इससे लोकतंत्र की पवित्रता नष्ट होती है। हमें इन स्थितियों के प्रति सावधान रहना है। भाजपा को वस्तुतः विकास करना ही नहीं है, वह तो विनाश के रास्ते पर ही चलती है। सामाजिक सद्भाव बिगाड़ना, समाज में दूरी पैदा कर भाजपा राजनीति की उपलब्धि मानती है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के काम काज से निराशा और उसकी नीतियों से देश में अविश्वास व्याप्त हुआ है। संविधान की शपथ के विरुद्ध भाजपा सरकार रागद्वेष की भावना से काम करती है। इसके विपरीत समाजवादी पार्टी की नीतियां जनहित और सर्वतोमुखी विकास पर बल देती है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। हमें उस पर खरा उतरना है। भाजपा सरकार का अब एक साल ही बचा है। जनता इससे ऊबी हुई है और उससे मुक्ति चाहती है। भाजपा सरकार को हटाकर समाजवादी सरकार बनने पर ही जनता की आशा आंकाक्षा पूरी हो सकेगी।

## महिला खंड शिक्षा अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**लखनऊ।** सतर्कता विभाग की टीम ने शामली के कैराना क्षेत्र में महिला खंड शिक्षा अधिकारी को स्कूल ड्रेस का टेंडर देने के नाम पर एक ठेकेदार से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए उनके आवास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी शिक्षा अधिकारी के पास से 50 हजार रुपए नकद बरामद किया है। टीम मामला दर्ज कर शिक्षा अधिकारी से पूछताछ कर रही है। जनपद शामली में प्राइमरी स्कूलों के बच्चों की निशुल्क दी जाने वाली यूनिफार्म तैयार कर वितरित करने का ठेका दिया गया था। डायरेक्टर विजिलेंस के स्टाफ अफसर व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि ठेकेदार द्वारा तैयार की गयी प्रत्येक यूनिफार्म की कीमत 450 रुपए थी। इसके सापेक्ष राजलक्ष्मी पाण्डेय खण्ड शिक्षा अधिकारी कैराना जनपद शामली द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दबाव डालकर प्रति यूनिफार्म रुपए 100 के हिसाब से ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत प्राप्त होने पर सतर्कता अधिष्ठान, मेरठ सेक्टर की टीम द्वारा बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कैराना जनपद शामली को पहली किश्त के रूप में पचास हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों उनके निवास स्थान मोहल्ला काकानगर, थाना शामली जनपद शामली से गिरफ्तार किया गया।

## कांग्रेस का दावा, उपचुनाव में किया सपा से बेहतर प्रदर्शन

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में सात विधानसभा सीटों में से एक पर भी जीत न दर्ज करा पाने वाली कांग्रेस ने अपनी हार स्वीकारते हुए जनता के जनादेश का सम्मान किए जाने की बात कही है। वहीं कांग्रेस का कहना है कि इस चुनाव में उसने प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा से बेहतर प्रदर्शन किया है। विधानसभा की 7 रिक्त सीटों पर हुए उपचुनाव में 6 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस काफी कोशिशों के बावजूद एक भी सीट नहीं जीत सकी। यूपी की सियासत में एक लंबे समय तक हाशिए पर चल रही कांग्रेस का इस चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ा है।

## लखनऊ स्नातक सीट के कांग्रेस प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार पूर्वान्ह इको गार्डेन से जुलूस के साथ चलकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की मौजूदगी में मध्यान्ह अपना पर्चा दाखिल किया।सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह एडवोकेट ने उनका पर्चा दाखिल कराया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज सड़क से लेकर सदन तक युवाओं के हक और हुकूक के लिए संघर्षरत है।

# बीजेपी प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**शिक्षक-स्नातक निर्वाचन**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में हो रहे विधान परिषद शिक्षक, स्नातक खण्ड क्षेत्र के चुनावों के लिए बीजेपी के प्रत्याशियों ने बुधवार को जुलूस निकालकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी प्रत्याशियों द्वारा निकाले गये जुलूस में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने सम्मलित होकर यह संदेश दे दिया कि यह नामांकन जुलूस नहीं बल्कि विजय जुलूस है। पार्टी प्रत्याशियों द्वारा किये गये नामांकन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित प्रदेश सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। लखनऊ में लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा प्रत्याशी अवनीश कुमार सिंह एवं लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी के नामांकन से पूर्व निकाले गये जुलूस में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डा, दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री डा महेन्द्र सिंह, आशुतोष टण्डन गोपाल,



ब्रजेश पाठक, स्वाति सिंह समेत प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे। प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद चुनाव प्रभारी अमरपाल मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में हो रहे विधान परिषद के चुनाव में मेरठ खण्ड स्नातक क्षेत्र से दिनेश कुमार गोयल व शिक्षक क्षेत्र से श्रीचन्द्र शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। जिनके साथ प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश राणा, कपिल देव अग्रवाल मौजूद रहे। इसी प्रकार अलग-अलग सीटों पर हर प्रत्याशी के नामांकन के साथ सरकार और संगठन के लोग मौजूद रहे।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे भवन संख्या 213, ब्लाक-डी, योजना-द्वितीय, सुजातगंज, कानपुर नगर का पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांकित 17.12.1974 दस्तावेज संख्या 269/289 व मुख्तारनामा दिनांकित 09.06.1999 दस्तावेज सं0 115, वास्तव में खो गये हैं, इनका किसी प्रकार से प्रयोग अवैध माना जायेगा। मालिक-रीता सेठ पत्नी श्री कमलेश कुमार सेठ

**आवश्यकता**

आवश्यकता

**श्री मन्नूलाल कन्या महाविद्यालय हंसपुर कानपुर**
को प्राचार्य एवं सहायक आचार्यों की स्नातक-स्तर पर कला संकाय में गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, विज्ञान संकाय, रसायन-विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य संकाय, बी-काम एवं परास्नातक स्तर पर अंग्रेजी-साहित्य शिक्षाशास्त्र विषय के शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान- विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश शासन स्ववित्त पोषित नियमानुसार मान्य-
**प्रबन्धक मो0 9559888999**

# माटीकला प्रदर्शनी को हाथों-हाथ ले रही जनता

● प्रदर्शनी में अब तक की कुल बिक्री 25 लाख के पार: नवनीत सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के परिसर में आयोजित माटीकला मेला-2020 का आज 8वें दिन खरीदारों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा। प्रदर्शनी बुधवार की कुल बिक्री लगभग छः लाख रुपये की हुई है एवं प्रदर्शनी के आरंभ से लेकर अब तक की कुल बिक्री 25 लाख के पार जा चुकी है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा नवनीत सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि दीपावली से पूर्व कल धनतेरस के दिन प्रदर्शनी में भारी भीड़ होने की सम्भावना है। प्रदर्शनी की सफलता से कारीगर काफी उत्साहित हैं। धन और वैभव की देवी महालक्ष्मी एवं विघ्न विनाशक गणेश जी की प्रतिमाओं की लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में गोरखपुर के तीन स्टाल लगे हैं और टेराकोटा से निर्मित कला कृतियां लोगों को काफी पसंद आ रही हैं, इन उत्पादों की मेले में ज्यादा मॉग है। प्रदर्शनी में स्टाल लगाने वाले गोरखपुर के शिल्पकार हरिओम आजाद, बाराबंकी के शिवकुमार तथा प्रयागराज के रामनरेश प्रजापति अपने उत्पादों की बिर्क्री से काफी उत्साहित हैं। इन कारीगरों ने बताया कि लखनऊ आकर उन्हें यहॉ के लोगों से न सिर्फ सम्मान मिला बल्कि उनके उत्पादों की बिक्री के साथ ही उनका उत्साहवर्धन भी हुआ है।

# अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए चीन निर्मित समान न खरीदें: यशवन्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोकतन्त्र** सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक विधान परिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा है कि कोरोना के माध्यम से चीन ने सम्पूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्था को तबाही की ओर ढकेल दिया है। उसका कोई भी सामान खरीदते समय इसे ध्यान में रखें और सावधान रहें कि सस्ते के चक्कर में आपके द्वारा खरीदा गया चीन निर्मित समान आपके घर परिवार सहित सम्पूर्ण देश में किसी नए खतरनाक रोग का संवाहक हो सकता है।

चन्द्रशेखर चबूतरा दारुल शफा, लखनऊ पर बुधवार को आयोजित लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति की एक बैठक में समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा कि चीन अपने किस सामान के माध्यम से किस रोग का कीटाणु भेज रहा है, यह जानना बहुत मुश्किल है। यशवन्त सिंह ने कहा है कि हम आप जब भारत में निर्मित सामान खरीदते हैं तो भारत की अर्थव्यवस्था को गतिशील करते हैं, मजबूत करते हैं। हम आप जब दूसरे देश का सामान खरीदते हैं तो उस देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करते हैं।

बैठक की अध्यक्षता चीन निर्मित सामग्री बहिष्कार मोर्चा के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक यशपाल सिंह चौहान, लोकतन्त्र सेनानी श्याम त्रिपाठी, युवा नेता समर बहादुर सिंह, भोला सिंह, अतुल चौबे, पप्पू पाल, अमित प्रजापति और हरिकेश कनोजिया आदि ने भी चीन निर्मित सामग्री बहिष्कार करने की अपील की।

**कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव**

पत्रांक-मेमो/न0पं0नवा/वि0नामान्तरण/2020-21 दिनांक-11 नवम्बर, 2020

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची में कालम सं0 02 में अंकित प्रार्थनापत्र दाता का नाम कालम सं0 03 में दर्ज किया जाना है निम्न लिखित नामान्तरण के विरूद्ध यदि किसी को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि में 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रार्थी/आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा। इसके उपरान्त कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

| क्र0 सं0 | नामान्तरण हेतु प्रार्थी/आवेदक का नाम | विक्रीत प्लाट/कार्यालय नगर पंचायत अभिलेख में दर्ज भवन/अध्यासी का नाम | भवन सं0/मोहल्ला/वार्ड सं0 जिस पर आवेदक नामान्तरण हेतु आवेदन किया | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अंकिता गुप्ता पत्नी आदर्श कुमार गुप्ता, नि0 वार्ड न0-01, बाईपास रोड़, नवाबगंज. उन्नाव। | प्रकाश पुत्र श्रीराम, ग्राम अमरेथा गोविन्दा परसन्दन, जिला-उन्नाव। | वार्ड नं0-01 देवीनगर | रजिस्ट्री |
| 2 | निशा तिवारी पत्नी दीपक तिवारी, मदारीखेड़ा. नवाबगंज, उन्नाव। | अष्टभुजा इन्फ्राडेवत्सर्स प्रा0लि0 द्वारा प्रबन्धक निदेशक गोपाल शरण रस्तोगी, गोपी शरण रस्तोगी, लखनऊ। | वार्ड नं0-01 देवीनगर | रजिस्ट्री |
| 3 | शहनाज बानो पत्नी इमरान अली, नि0 समदपुर भाटा मोहान हसनगंज, उन्नाव। | फातिमा खातून पत्नी वसीम, नि0 वार्ड सं0 08 पुरानी मस्जिद के पीछे, सरांय नवाबगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0-02 पछियांव | रजिस्ट्री |
| 4 | मयंक कुमार गुप्ता पुत्र सर्वेश कुमार गुप्ता, नि0 नवाबगंज, उन्नाव। | रानी सोनी पुत्री लक्ष्मीनारायण सोनी, नि0 सदर बाजार, नवाबगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0 | रजिस्ट्री |
| 5 | रामशंकर तिवारी पुत्र चन्द्रबली तिवारी, नि0 ग्राम-कुईथर, तहसील-हसनगंज, उन्नाव। | राधेश्याम सोनी पुत्र रमेश चन्द्र सोनी, जगन्नाथगंज, तह0 व जिला-उन्नाव। | वार्ड नं0-01 बंगला | रजिस्ट्री |
| 6 | चन्द्रकुंवर पुत्र सुबई नि0 ग्राम सैरपुर परगना मोहान, जिला उन्नाव। | स्व0 लीलावती पत्नी चन्द्रकुमार, मकान नामान्तरण, वार्ड नं0 04, कुंजपुर रोड़, नवाबगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0-04 कुंजपुर रोड़ | मकान नामान्तरण साक्ष्य |
| 7 | अशोक कुमार त्रिवेदी पुत्र जगत नारायण त्रिवेदी, व आर्ची व अंशी पुत्री अशोक कुमार त्रिवेदी, नि0 बेनीगंज, रायबरेली | मृतक नीलम त्रिवेदी पत्नी अशोक कुमार त्रिवेदी के स्थान पर नामान्तरण | वार्ड नं.06 सुरेशनगर, वार्ड नं.01 दुर्गा मन्दिर बाईपास रोड़ | मकान नामान्तरण साक्ष्य |
| 8 | बिट्टा पत्नी रामकुमार, नि0 शीतलगंज नवाबगंज, उन्नाव। | सुनील कुमार चन्द्रवी पुत्र स्व0 रामेश्वर, नवाबगंज, उन्नाव । | वार्ड नं0 05 शीतलगंज | रजिस्ट्री |
| 9 | नन्ही देवी पत्नी बचनू सिंह, नि0 दुर्गा रोड़, नवाबगंज, उन्नाव। | अशोक कुमार त्रिवेदी पुत्र जगतनारायण त्रिवेदी व आर्ची त्रिवेदी व अंशी त्रिवेदी, बेनीगंज, रायबरेली। | वार्ड नं0 01 बाईपास दुर्गारोड | रजिस्ट्री |
| 10 | गुड्डी पत्नी रामचन्द्र, नि0 दुर्गारोड़, नवाबगंज, उन्नाव। | मोनू सिंह पुत्र सुरेश सिंह, पछियांव, नवाबगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0 02 पछियांव | रजिस्ट्री |
| 11 | उमेश कुमार पुत्र बुद्धीलाल, मदारीखेड़ा, नवाबगंज, उन्नाव। | जितेन्द्र दीक्षित पुत्र विजय शंकर दीक्षित मो0 गांधीनगर, नवाबगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0 05 कुसुम्भी रोड़ | रजिस्ट्री |
| 12 | सोनी पत्नी सुरेश, वार्ड नं0 05, शीतलगंज, नवाबगंज, उन्नाव। | पुत्तनलाल पुत्र जयराम, नि0 जिला सहकारी बैंकके सामने, पछियांव, नवाबगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0 09 मदारीखेड़ा | रजिस्ट्री |
| 13 | बालेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामशंकर, नि0 बरिगंवा पोस्ट अटेसुवा, जिला-उन्नाव। | स्व0 राम शंकर पुत्र स्व0 भीखा, मकान वार्ड 02 पछियांव, नवाबगंज | वार्ड नं0 02 पछियांव | मकान नामान्तरण साक्ष्य |
| 14 | अफसाना बेगम पत्नी मो० रफीक, संतोषी माता वाली गली, नवाबगंज, उन्नाव। | मोहित प्रताप सिंह पुत्र बालेन्द्र प्रताप सिंह, नि0 ग्राम गौरा कठेरवा, तह0 हसनगंज, उन्नाव। | वार्ड नं0 05 शीतलगंज | रजिस्ट्री |

**(तुफैल अहमद खाँ)** प्रभारी कर समाहर्ता न0पं0 नवाबगंज, उन्नाव
**(अनिल कुमार)** अधिशासी अधिकारी न0पं0नवाबगंज, उन्नाव
**(दिलीप लश्करी)** अध्यक्ष न0पं0 नवाबगंज, उन्नाव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## प्रदूषण फैलाने पर हुई कार्रवाई

# शालीमार वन वर्ल्ड पर 10 लाख जुर्माना

### शहर की विभिन्न बड़ी निर्माणाधीन कन्स्ट्रक्शन इकाइयों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** की वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई का जिलाधिकारी ने भ्रमण कर परखा। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी सबसे पहले पहुंचे एक्सपिरियन डेवलपर्स गोमतीनगर जहां ग्रीन नेट का प्रयोग न करने और निर्माण सामग्री खुले में रखने पर नाराजगी जताते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई। वहीं नहीं वायु प्रदूषण पर सख्त जिलाधिकारी ने शालीमार वन वर्ल्ड पर 10 लाख का जुर्माना किया। वायु प्रदूषण नियंत्रण के सम्बंध में शिथिलता बरतने पर एलडीए, ज़ोन एक के प्रवर्तन प्रभारी का वेतन काटने का निर्देश दिए हैं।

बुधवार को जिलाधिकारी ने शहर की बढ़ती एयर क्वालिटी इंडेक्स एवं वायु प्रदूषण की समस्या का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण शहर के विभिन्न बड़ी निर्माणाधीन कन्स्ट्रक्शन इकाईयों का जिला प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने गोमती नगर के विभूति खंड में एक्सपिरीयन डेवलपर्स प्रालि का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण इकाइयों में ग्रीन नेट कवर की व्यवस्था नहीं की गयी थी और निर्माण सामग्री खुले में पड़ी पायी गयी। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों पर लगाये गये पीटीजेड कैमरा का कनेक्शन राज्य बोर्ड के सर्वर से नहीं पाया गया। जिससे धूलकण से होने वाले वायु प्रदूषण के प्रबंधन का जायजा आनलाइन लिया जा सके। इस लापरवाही पर जुर्माना लगाया गया। इसके बाद शालीमार वन वर्ल्ड गोमतीनगर एक्सटेन्शन का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि निर्माण इकाई के चारों तरफ भारी मात्रा में खुले में मिट्टी इक्ट्ठा की गयी है। ग्रीन नेट कवर की व्यवस्था नही की गयी है एवं धूलकण के रोकथाम के लिए जल छिड़काव की न तो कोई व्यवस्था की गयी है और न ही कोई जल छिड़काव किया हुआ पाया गया। निर्माणाधीन इकाई में धूलकण के जनित वायु प्रदूषण के रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था नही पायी गयी। भारी मात्रा में खुदी हुयी मिट्टी भण्डारित होने के कारण आस पास के वातावरण में धूलकण भारी मात्रा में पाया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उपस्थित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत डेवलपर्स पर 10,00,000 जुर्माना लगाने के आदेश दिये। साथ ही एलडीए ज़ोन 1 के जोनल अधिकारी को वायु प्रदूषण नियंत्रण में शिथिलता बरतने के कारण वेतन काटने का भी निर्देश दिए।

**पीटीजेड कैमरा नहीं मिला कनेक्ट:** जिलाधिकारी ने सुल्तानपुर रोड के ओमेक्स इंटीग्रेटेड टाउनशिप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्माणाधीन बिल्डिंग टावरों पर ग्रीन नेट कवर की व्यवस्था नहीं की गयी है और न ही धूलकण के रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था की गयी है। मौके पर टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्र में निर्माण सामग्री खुले में इकट्ठा पायी गयी। यहां भी वायु प्रदूषण के आनलाइन दृष्टि अनुश्रवण स्थापित पीटीजेड कैमरा राज्य बोर्ड के सर्वर से कनेक्ट नहीं पाया गया। मौके पर जिलाधिकारी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्माणाधीन इकाई के ऊपर वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के तहत कार्रवाई के आदेश दिये गये।

## सूबे में कोरोना संक्रमण से

# रिकवरी दर अन्य राज्यों से काफी बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** चिकित्सा शिक्षा, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण से रिकवरी दर अन्य राज्यों की तुलना में काफी बेहतर एवं मृत्यु दर कम है। प्रदेश में वर्तमान में कोरोना संक्रमण से रिकवरी दर 94 प्रतिशत से अधिक है। मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 1.48 प्रतिशत से कम है। परन्तु यह समय और अधिक सावधानी रखने का है।

बुधवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के मेडिकल कालेजों के प्रधानाचार्यों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेजों में चिकित्सक एवं स्टाफसेवाभाव को और मजबूत करते हुए संवेदनशीलता के साथ लोगों का इलाज करें। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए अपनेपन के साथ इलाज करें। उन्होंने सभी मेडिकल कालेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सभी मेडिकल कालेजों में एथिक्स के क्लास का आयोजन आवश्यक करायें। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रयास किया है कि किसी भी मेडिकल कालेज में संसाधनों की कमी न रहे और आगे भी आवश्यक सभी प्रकार के संसाधनों की व्यवस्था सरकार द्वारा की जायेगी। सुरेश खन्ना ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा तय कार्यों एवं लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मेडिकल कालेजों में आयुष्मान कार्डधारकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने हेतु अलग काउन्टर बनाये जाएं। एक जिम्मेदार सक्षम अधिकारी को इसका उत्तरदायित्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्यों की जिम्मेदारी होगी कि सभी आयुष्मान कार्डधारक मरीजों को उनका कार्ड एक्टीवेट कर इसका लाभ दिलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कालेजों में छोटे-छोटे मेन्टीनेंस की शिकायतों को दूर किया जाए। कालेजों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजरी अथारिटी नियमित राउण्ड लें और व्यवस्थाओं की जानकारी लें। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि सभी मेडिकल कालेजों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का माह अक्टूबर तक वेतन का भुगतान कर दीपावली से पहले रिपोर्ट शासन को भेज दें। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे ने सभी मेडिकल कालेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि एसजीपीजीआई लखनऊ द्वारा आयोजित वर्चुअल आईसीयू में अवश्य पार्टीसिपेट करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रधानाचार्य ईकोविड केयर सपोर्ट सिस्टम के तहत आवश्यक कन्सलटेशन अवश्य करें यह एक महत्वपूर्ण सुविधा है। डा दुबे ने निर्देश दिया कि सीनियर डाक्टर्स नियमित राउण्ड लें। प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय में तय लक्ष्य को पूरा कराते हुए आईसीयू वेड्स एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें।

## त्योहार को देखते हुए कोरोना की टारगेट टेस्टिंग की गई दोगुनी

**त्योहार** पर कोरोना वायरस के संक्रमण में प्रसार की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने टेस्टिंग की संख्या पूर्व की अपेक्षा दोगुनी कर दी है। विभाग का कहना है कि करवा चौथ, धनतेरस, दीवाली को देखते हुए बाजारों में भीड़ बढ़ी है। ऐसे में टारगेट टेस्टिंग की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। पहले जहाँ तीन से चार हजार टेस्टिंग हो रही थी वही अब छह से आठ हजार तक हो रही है।पर्व और जाड़े के मौसम में कोरोना वायरस के सेकेंड वेब आने की आशंका विशेषज्ञों की तरफसे जताए जाने को देखते हुए राज्य सरकार की तरफसे ग्रुप टेस्टिंग कराई जा रही है। इसके तहत फ्रंट लाइन वर्कर्स, दुकानदारों, वेंडर्स समेत पटाखा बाजार और ब्यूटी पार्लर में कार्यरत लोगों की जांच कराई जा रही है। ग्रुप टेस्टिंग के तहत हर जिले में 30 प्रतिशत आरटीपीसीआर और 50 प्रतिशत रोजाना एंटीजन टेस्ट इन ग्रुप से कलेक्ट करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कान्ट्रैक्ट ट्रेसिंग को गति देते हुए प्रत्येक पॉजिटिव केस के औसतन 25 संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाकर उनकी जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। एसीएमओ डॉ. एमके सिंह के मुताबिक कोरोना के टेस्ट 70 फीसद एंटीजेन किट व 30 फीसद आरटीपीसीआर कराने का आदेश हैं। मगर शहर में संक्रमण थामने के लिए आरटीपीसीआर के लिए कुल सैंपल के 48 फीसद लैब भेजे जा रहे हैं।

## परिवहन मंत्री अशोक कटारिया संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया कोविड पॉजिटिव पाए गए है। कोविड पॉजिटिव की रिपोर्ट आने के बाद अशोक कटारिया ने पीछे दस दिन के अंदर मिलने वालों को कोविड जांच कराने को कहा है। वहीं सूबे में बुधवार को कोरोना वायरस के 1911 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 294 केस सामने आए हैं। सूबे में 22562 केस एक्टिव हैं तो वहीं राजधानी में 3054 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7281 मरीजों की और राजधानी में 922 की मौत हो चुकी है।विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 495,878 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2112 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 473316 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 76, प्रयागराज में 83, गोरखपुर में 29, गाजियाबाद में 136, नोएडा में 80, वाराणसी में 83, मेरठ में 115, बरेली में 26, मुरादाबाद में 25, अलीगढ़ में 31, झांसी में 37, सहारनपुर में 20, आगरा में 64, अयोध्या में 11, बाराबंकी में 13, बलिया में 16, लखीमपुर खीरी में 17, शाहजहांपुर में 16, देवरिया में 10, मुजफ्फरनगर में 21, जौनपुर में 10, महाराजगंज में 7, आजमगढ़ में 16, कुशीनगर में 5 , मथुरा में 37, इटावा में 17, बुलंदशहर में 31, बस्ती में 20, प्रतापगढ़ में 14 , गोंडा में 11, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 12, उन्नाव में 10, सुल्तानपुर में 17, फर्रुखाबाद में 23, रायबरेली में 25, चंदौली में 17, सोनभद्र में 17, अमरोहा में 12, सिद्धार्थनगर में 5, पीलीभीत में 16, बहराइच में 9, बिजनौर में 17, हापुड़ में 27, बदायूं में 18, मैनपुरी में 12, कन्नौज में 16, फिरोजाबाद में 29, फतेहपुर में 31, अमेठी में 14, संत कबीर नगर में 4, जालौन में 30, मिर्जापुर में 13, ललितपुर में 5, शामली में 9, औरैया में 25, मऊ में 4, बांदा में 18, संभल में 16, एटा में 16, कौशांबी में 5, भदोही में 4, कानपुर देहात में 1, बलरामपुर में 8, चित्रकूट में 12, अंबेडकरनगर में 2, कासगंज में 15, बागपत में 15, हमीरपुर में 10, हाथरस में 3, श्रावस्ती में 3, महोबा में 6 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### राजधानी में 294, सूबे में मिले 1911 नए केस

## भ्रष्टाचार में गिरफ्तार इंसपेक्टर न्यायिक हिरासत में गया जेल

विधि संवाददाता। लखनऊ

**भ्रष्टाचार** निवारण अधिनियम के विशेष जज हरेंद्र बहादुर सिंह ने रिश्वत लेने के एक मामले में गिरफ्तार इसंपेक्टर इंद्रपाल सरोज को 23 नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। कन्नौज के थाना तालग्राम में तैनात इस इंसपेक्टर पर जमीन व मकान का कब्जा दिलाने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। इस पर कन्नौज के एसपी ने इस मामले की जांच क्षेत्राधिकारी शिवप्रताप सिंह को सौंपी। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया। 11 नवंबर को इस आदेश के अनुपालन में एसआई सुदेश कुमार ने इंसपेक्टर इंद्रपाल सरोज के खिलाफ थाना तालग्राम में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई।

## निलंबित डीआईजी की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 26 को होगी सुनवाई

**लखनऊ।** पशुपालन विभाग में हुए करोड़ों के घोटाला मामले में निलंबित डीआईजी अरविन्द सेन ने की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अब 26 नवंबर को सुनवाई होगी। बुधवार को पीठ के समक्ष सेन की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान सरकारी वकील ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए मोहलत की मांग की। पीठ ने इसे मंजूर कर लिया।

## राजधानी में खुलेगा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण का कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कोर्ट खुलने जा रहा है। इस कोर्ट की निगरानी परिवहन विभाग करेगा। ऐसे में कोर्ट पर तैनात होने वाले कर्मियों की भर्ती होगी। भर्ती में सेवानिवृत कर्मियों को संविदा पर रखने में वरीयता दी जाएगी। इस संबंध में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के सचिव व एआरटीओ प्रशासनद्ध की ओर से तीन पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने तीन पदों में आशुलिपिक, कनिष्ठ लिपिक व लेखाकार पद शामिल हैं। इन कर्मियों को वेतन आधार सरकार से मिलने वाली पेंशन धनराशि पर देय होगा। चयन में सेवानिवृत कर्मियों को पहले मौका मिलेगा। अधिकरण के सचिव ने बताया कि ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में 23 नवंबर तक सभी प्रपत्रों समेत आवेदन करने की अंतिम तारीख है। वहीं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिए एक टैक्सी का अनुबंध करेंगे। जिसका किराया प्रति माह 35 हजार रुपये होगा। टैक्सी मालिकों से कुछ शर्तो के साथ 23 नवंबर शाम चार बजे तक लिफाफा बंद प्रार्थना पत्र मांगा गया है।

# गलत आंसर की से चेक कर दीं कॉपियां

## एलयू पीजी प्रवेश परीक्षा में गलती

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक छात्रों पर एडमिशन सेल की गलती भारी दिख रही है। सेल की गलती का नतीजा रहा कि प्रवेश के इच्छुक छात्रों को बगावत का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। छात्रों की बगावत को देखते हुए विवि के कुलपति प्रो आलोक राय के निर्देश पर गठित फैक्ट फाइडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट विवि को सौंप दी हैं। रिपोर्ट में सेल की भूमिका पर कमेटी ने सवाल उठाए हैं।रिपोर्ट को लेकर विवि से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बुधवार को कमेटी में अपनी रिपोर्ट कुलपति को सौंपते हुए कहा है कि एडमिशन सेल से जुड़े अधिकारियों ने मूल्यांकन से लेकर मेरिट तैयार करने में भारी लापरवाही बरती हैं। कमेटी ने एक नही 7 से 8 विषयों की प्रवेश परीक्षा के नतीजों को अपनी जांच में शामिल किया। जांच के दौरान कमेटी ने पाया कि परीक्षा को लेकर चार सेट बनते हैं। हर सेट के अलग प्रश्न और उत्तर होते हैं। मगर मूल्यांकन के दौरान कम्प्यूटर प्रोसेसर में सेल ने मूल्यांकन की में बदलाव कर दिया। मसलन ए सेट के पेपर का मूल्यांकन बी सेट के उत्तर कुंजिका से की गई है। यह केवल एक पेपर में नही बल्कि कई पेपरों में किया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह 7 से लेकर 8 सब्जेक्ट में देखने को मिला है। कमेटी की सिफारिश के बाद एक बार से पीजी मूल्यांकन के प्रक्रिया के आसार बढ़ गए हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में नए सिरे से मूल्यांकन कराने के चलते एडमिशन के प्रक्रिया के लम्बा खींचने के आसार हैं। वही प्रवेश समन्वयक की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## दिसम्बर में बैक पेपर परीक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में जैसे जैसे शताब्दी समारोह की तिथि नजदीक आ रही है, उसी अनुपात में मूल्यांकन व्यवस्था से नाराज छात्रों का आक्रोश फूट रहा है। बुधवार को एक बार फिर से लॉ स्टूडेंट्स ने गेट नंबर एक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्र दिसम्बर माह में बैक पेपर परीक्षा कराने की मांग कर रहे थे। जिससे उनका एक साल बच जाय। विवि के गेट नम्बर एक पर प्रदर्शन कर रहे छात्र कुलपति प्रो आलोक राय से मुलाकात की मांग कर रहे थे। विवि से जुड़े कालेजों के करीब 1400 स्टूडेंट्स का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्हें पढ़ाई का एक साल खराब हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। लॉ फाइनल ईयर के एक विषय में खराब अंक आने से अधिकतर छात्रों का बैक पेपर आ गया है। इसमें से केवल केकेसी कॉलेज के ही 320 के लगभग छात्र शामिल हैं। दूसरी ओर लविवि की ओर से इन लोगों को आश्वासन दिया गया है कि स्थापना दिवस समारोह समाप्त होने के बाद उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। स्टूडेंट्स को डर है कि लगातार देरी से उनका साल न खराब हो जाए। छात्र चाहते हैं कि दिसंबर में ही उनके बैक पेपर परीक्षा का आयोजन कर के उनका साल बचा लिया जाए।

## दीपावली पर आज से अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** दीपावली पर यात्रियों की सुविधा के लिए गुरुवार से अतिरिक्त बसों की सेवाएं चलने जा रही हैं। यात्रियों को ये बसें राजधानी के आलमबाग, कैसरबाग, चारबाग व अवध बस स्टेशन पर मिलेंगी। बसों का संचालन सुबह छह बजे से रात बारह बजे तक होगा। इन दौरान यात्रियों को हर घंटे बसें उपलब्ध कराने का खाका तैयार किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस बताते है कि यात्रियों को अतिरिक्त बसों की सुविधा 12 से 21 नवंबर तक मिलेगी। इसके बाद रूटीन बसों का संचालन होगा। इस बार दीपावली पर दस रूट तय किए गए हैं। जहां त्यौहार के दौरान यात्रियों का सबसे ज्यादा आवागमन होगा। वहीं लंबी दूरी के लिए एसी लग्जरी बसों में खाली सीटें यात्रियों को राहत देंगी।लखनऊ से दस रूटों पर 229 अतिरिक्त बसों का बेड़ा लगाया गया है। इनमें गोरखपुर, दिल्ली, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, आजमगढ़, देहरादून, हरिद्वार, वाराणसी व प्रयागराज रूट पर यात्रियों का हर वक्त बसें उपलब्ध कराई जाएगी।

**रोडवेज कर्मियों को 5000 एडवांस भत्ता:** परिवहन निगम प्रशासन ने रोडवेज कर्मियों को पांच हजार रुपये एडवांस में दीपावली पर भत्ता दिया है। कर्मियों को ये भत्ता बकाया महंगाई भत्ते के मद में से दिया गया है। जोकि बाद में समोयोजित कर लिया जाएगा।

## साठ दिनों में आवंटित फ्लैट के भुगतान पर अब मिलेगी पांच प्रतिशत की छूट

**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद द्वारा आवास के सपने को पूरा किया गया है। अवध शिल्प ग्राम में 7 से 12 नवंबर तक फ्लैटों का आवंटन पत्र आवंटियों को सौंपा गया है। सरयू सहित दूसरी योजनाओं के फ्लैट के आवंटन के 60 दिनों के अंदर धनराशि जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बुधवार को अवध शिल्प ग्राम में कैंप के दौरान अलकनंदा, भागीरथी सहित दर्जन भर योजनाओं में फ्लैटों के आवंटन किए गए। संयुक्त आवास आयुक्त अनिल कुमार द्वारा आवंटियों को फ्लैटों का आवंटन पत्र सौंपा गया। 7 से 12 नवंबर तक फ्लैटों का आवंटन पत्र आवंटियों को सौंपा गया है। आवंटियों को आवास विकास परिषद द्वारा आवंटन के 60 दिनों के अंदर धनराशि जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वृंदावन योजना की मंदाकिनी, भागीरथी, अलकनंदा, गंगोत्री और नंदिनी एन्क्लेव के साथ राजाजीपुरम के मुन्नू खेड़ा के लैटों में छूट दी जा रही है, जिसका लाभ जनता उठा सकती है। 17 से 21 नवंबर तक फ्लैटों की बिक्री अवध शिल्प ग्राम की जाएगी। इस बार सरयू एन्क्लेव के 365 फ्लैट हैं, जिनका क्षेत्रफल 41.47 वर्ग मीटर हैं।

## डेंगू के 6 नए मरीज मिले, 21 को नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू का संक्रमण कायम है। लगातार एंटी लार्वा के छिड़काव के बावजूद मरीजों के मिलने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बुधवार को राजधानी लखनऊ में 6 मरीज सामने आए हैं। जबकि 21 लोगों को नोटिस जारी की गई। वहीं आज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केपी त्रिपाठी ने सेक्टर 19 इंदिरा नगर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्र मे खाली स्थानों पर जल भराव की स्थिति पायी गयी। जिसमें तत्काल एण्टी लार्वा का छिडकाव कराया गया। क्षेत्रवासियों के घर घर भ्रमण के दौरान गमलें, कूलर, टायर आदि का सघन निरीक्षण किया गया तथा एण्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

## दीपावली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट ने धनतेरस और दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये हैं। त्योहार के मौके पर किसी गड़बड़ी की आशंका के चलते पुलिस के साथ खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात पुलिस, पीएसी और एटीएस की स्पॉट को भी लगाया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था नवीन अरोरा के मुताबिक धनतेरस और दीपावली के अवसर पर पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस अवसर पर आठ कंपनी पीएसी, 9 डीसीपी, 7 एडीसीपी, 22 एसीपी, 40 एसएचओ, 40 अतिरिक्त एसएचओ, 10 टीआई, 75 एलआईयू, 75 फायर सर्विस स्टाफ, 150 पीआरपी व 125 पिंक शक्ति मोबाइल समेत अन्य पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

जनसामान्य सूचना

व्यापक रूपसे जनसामान्य को तथा विशेष रूप से बैंक के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि हमारी निम्नलिखित शाखा का समामेलन (मर्जर) दिनांक 14.12.2020 से निम्नानुसार किया जा रहा है: –

| क्र सं. | मर्ज की जाने वाली शाखा का नाम | आईबी जीए | शाखा जिसके साथ मर्ज की जाना है। | आईबी जीए |
|---|---|---|---|---|
| 01 | लखनऊ मुख्य (इंडियन बैंक) हजरतगंज, लखनऊ | L002 | लखनऊ मुख्य (भूतपूर्व इलाहाबाद बैंक) हजरतगंज, लखनऊ | H561 |
| 2. | राजाजीपुरम (आईबी) ई–2666, राजाजीपुरम, लखनऊ | R107 | आर्युवेदिक कालेज( भूतपूर्व इलाहाबाद बैंक) प्लाट सं. सीपी/2019, न्यू नेशनल काम्प्लेक्स, राजाजीपुरम, लखनऊ, उ.प्र. | L557 |
| 3. | विकास नगर (इंडियन बैंक) 529,जीए/सीसी–009, विकास नगर, जगरानी हास्पिटल के सामने, रिंग रोड, लखनऊ | V126 | विकास नगर(भूतपूर्व इलाहाबाद बैंक) एक्को प्लाजा, 8, सीपी/201, विकास नगर, लखनऊ, उ.प्र. | V535 |
| 4. | गोमती नगर (इंडियन बैंक) 2/139, विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। | G083 | उजरियावां (भूतपूर्व इलाहाबाद बैंक) बी–4/4, विवेक खण्ड, मेन थाना रोड, गोमती नगर, लखनऊ, उ.प्र. | U512 |

यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक के ग्राहकों को मर्जर की प्रक्रिया के दौरान तथा मर्जर के बाद किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया है । जिन शाखाओं में मर्जर किया जा रहा है उनके ग्राहकों के सभी खातें उसी शाखा के साथ जारी रहेगें। कृपया हमारे सभी ग्राहक उपर्युक्त परिवर्तन को नोट करें जो कि दिनांक 14.12.2020 से प्रभावी होगा। ग्राहकों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि मर्जर प्रभावी होने की उक्त तिथि से वे लेनदेन नई शाखा से ही करें । उक्त परिवर्तन की प्रक्रिया के दौरान आपको कोई हानि न हो इस हेतु यह उचित होगा कि यदि आवश्यकता हो तो, **आप दिनांक 11.12.2020** को या से पहले अपने लॉकर का परिचालन कर लें । इस संबंध में अधिक जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए या किसी प्रकार की कठिनाई होने पर कृपया शाखा

दिनांक 11.11.2020

अंचल प्रबन्धक
अंचल कार्यालय,लखनऊ

# त्योहारों पर भी कैदियों से मुलाकात रहेगी प्रतिबंधित

### भैया दूज पर बहने नहीं कर पाएंगी टीका, जेलों के मुख्य द्वार पर स्थापित की जाएगी हेल्पडेस्क,14 की शाम 4 बजे तक जमा होगा टीके का सामान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्तमान** में कोविड संक्रमण की दशा और शीतकाल में इसके प्रसार की आशंका को देखते हुए भैया दूज सहित अन्य आगामी त्योहारों में भी प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों से मुलाकात पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। जिसके चलते दूज पर भी जेल में बंद कैदियों को उनकी बहनें टीका नहीं कर पाएंगी। हालांकि रक्षाबंधन की भांति ही भैया दूज पर भी कारागार प्रशासन की ओर से जेल गेट पर पहुंचने वाले कैदियों के परिजनों माताओं व बहनों को पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।पुलिस महानिदेशक कारागार आनंद कुमार ने प्रदेश की जेलों में आगामी त्योहारों को कोविड19 प्रोटोकाल के अनुसार मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सभी जेल अधीक्षकों को जारी परिपत्र में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि कैदियों से मुलाकात व्यवस्था पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कारागारों के मुख्य द्वार पर एक हेल्पडेस्क स्थापित किया जाए एवं कोविड हेल्पडेस्क संबंधी शासनादेश के अनुसार काउंटर पर कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए। जहां पर लिक्विड सैनिटाइजर मास्क, फेस कवर, ग्लब्ज़ हैंड सैनिटाइजर, साबुन तथा आवश्यक स्टेशनरी लिफाफे आदि की व्यवस्था कारागार द्वारा सुनिश्चित की जाए। काउंटर पर आगंतुकों परिजनों के सामान की जांच की जाए। भैया दूज पर्व के लिए स्वीकृत सामग्री प्राप्त करके एक लिफाफे में रखकर बंदी का नाम एवं सामग्री देने वाले परिजन का नाम पता आदि अंकित किया जाए तथा पावती भी परिजनों को प्रदान की जाए। बन्दियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिजनों से खाद्य सामग्री, मिठाई इत्यादि को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया उक्त सामग्री 14 नवंबर की सायंकाल 4 बजे तक प्राप्त की जाएंगी तथा सैनिटाइज करने के पश्चात 16 नवंबर को भैया दूज के दिन बंदियों को वितरित किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महानिदेशक कारागार ने भैया दूज के दिन बंदियों को विशेष भोजन प्रदान करने की व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। महानिदेशक कारागार में सभी जेल अधीक्षकों व जेलरों को यह भी निर्देश दिए हैं विवाह कैदियों के रिश्तेदारों के ऑडियो संदेश उनके नाम के साथ रिकॉर्ड कर सकते हैं और उन्हें जेल रेडियो अथवा पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम पर प्रसारित कर सकते हैं। महानिदेशक का कहना है की इस पहल को कैदियों और उनके परिजनों द्वारा बहुत सराहा जाएगा।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालय- हजरतगंज, लखनऊ
{नियम 8(1)} कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरी, जोकि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया केन्द्रीय कार्यालय चन्द्रमुखी, नरीमन प्वांइट, मुम्बई 400021 एवं शाखा कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूतिकरण और वित्तीय अस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के सब सेक्शन 13(12) सपठित नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **ऋणी (1) मेसर्स कृति प्रिन्टर्स एण्ड पाब्लिशर्स प्रा0 लि. पंजीकृत कार्या बी–2019, इन्दिरा नगर, लखनऊ – 226016 एवं फैक्टरी –ग्राम देवरी, रोखरा, कमलपुर सिरसा लिंक रोड, बक्शी का तालाब, लखनऊ (2) श्री अरविन्द सिंह पुत्र भगवान बक्स सिंह (3) श्री हिमांशु सिंह पुत्र अरविन्द सिंह, दोनों निवासी बी–2019, इन्दिरा नगर, लखनऊ** को दिनांक 26.08.2020 को मांग नोटिस जारी कर 60 दिनों के अन्दर नोटिस में वार्णित राशि अदा करने की मांग की थी। हमारे शाखा कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ के ऋणी खाता नं. **C/C 3597507202 O/D 3597680368, T/L 3598077129 and 3630134049** द्वारा नोटिस में वार्णित राशि रू. 14,51,88,951/– (रूपये चौदह करोड़ इक्यावन लाख अठठासी हजार नौ सौ इक्यावन मात्र) + ब्याज सहित अदा करने में विफल रहने पर एतदद्वारा ऋणियों/जमानतकर्ता और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त अधिनियम (प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002) की धारा 13(4) एवं सपठित नियम 8 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंधक सम्पत्ति का तिथि **09 नवम्बर 2020** को सांकेतिक /भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है।

ऋणी/यों को विशेष रूप से व जन साधारण को सामान्तयः सावधान किया जाता है कि वह बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में लेनदेन न करें और सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का लेनदेन रू. 14,51,88,951/– +ब्याज दि. 26.08.2020 तक सहित तथा अन्य खर्चे दि. 27.08.2020 से प्रभावी के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ के प्रभारों के अधीन होगा।

बंधक परिसम्पत्ति का विवरण

1. बैंक के पास बंधक सम्पत्ति का विवरण – सम्पत्ति मेसर्स कृर्ति प्रिन्टर्स एण्ड पाब्लिशर्स प्रा0 लि. से सम्बन्धित हैं। परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व हिस्सों सहित गाटा नं. 29 (28 डीड के अनुसार), ग्राम देवरी, रोखरा, परगना–महोना, तहसील–बक्शी का तालाब, प्लाट क्षे. 0.455 हैक्टेयर। चौहददी– उत्तर– कमलपुर सिरसा लिंक रोड, दक्षिण– लाला जुगल किशोर के खेत, पूरब–मैकू के खेत, पश्चिम–रामस्वरूप यादव के खेत।
2. बैंक के पास बंधक सम्पत्ति का विवरण –सम्पत्ति श्री अरविन्द सिंह से सम्बन्धित हैं। परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व हिस्सों सहित गाटा नं. 30 एवं 31, ग्राम देवरी, रोखरा, परगना–महोना, तहसील–बक्शी का तालाब, प्लाट क्षे. 0.272 हैक्टेयर एवं 0.271 हैक्टेयर कुल क्षे. 0.543 हैक्टेयर। गाटा नं. 30 एवं 31 की संयुक्त चौहददी– उत्तर– कमलपुर सिरसा लिंक रोड, दक्षिण– राम प्रसाद एवं अन्य के खेत, पूरब–मेवालाल के खेत, पश्चिम–मालिक ( कृर्ति प्रिन्टर्स ) की भूमि/प्लाट।

दिनांक : 09.11.2020, स्थानः लखनऊ

प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, हजरतगंज शाखा, लखनऊ

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 12 नवंबर 2020



# निर्बाध आपूर्ति को वितरण नेटवर्क सुधारें

## ऊर्जा मंत्री ने की लखनऊ की आपूर्ति की समीक्षा, साइकिल से पहुंचे डिस्कॉम मुख्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बुधवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय पर राजधानी की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी गर्मियों के दृष्टिगत राजधानी व डिस्कॉम के अधीन आने वाले सभी महानगरों में ट्रिपिंग फ्री निर्बाध आपूर्ति के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने व अपने वितरण नेटवर्क को सुधार लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी चीफ इंजीनियर अपने अधीन उपकेंद्रों का ऑडिट कर लें, जहां भी कमियां हैं उनको दुरुस्त करने के सभी कार्य समय से पूरे हो जाएं। कहा कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है। दीपावली में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। उन्होंने निर्बाध आपूर्ति के लिए अतिरिक्त तैयारियों की समीक्षा के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मीटर जम्प करने या तेज चलने संबंधी समस्याओं की शिकायत आते ही तत्काल उपभोक्ता के परिसर में चेक मीटर लगाया जाए। यह चेक मीटर किसी अन्य कंपनी का हो यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि उपभोक्ता की संतुष्टि जरूरी है। इसके लिए ऊर्जा विभाग को प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने डोर नॉक अभियान की भी समीक्षा की। कहा कि अधिकारी उपभोक्ताओं की सुनें, उनकी समस्याओं का निराकरण करें। बकायेदार उपभोक्ताओं की बिजली काटने की बजाय उनके दरवाजे खटखटाएं, उन्हें जरूरी सहूलियत दें। डिस्कनेक्शन कोई विकल्प नहीं है। हमें उपभोक्ताओं से जुड़ना होगा। इसके लिए स्वयं से ईमानदार प्रयास करने की आवश्यकता है। ऊर्जा मंत्री अपने सरकारी आवास से साइकिल से मध्यांचल पहुंचे थे। शर्मा ने कहा कि वह स्वयं लखनऊ आवास से अपने शक्ति भवन कार्यालय जाने के लिये नियमित रूप से साइकिल का प्रयोग कर रहे हैं। विद्युत विभाग के कार्मिक व आमजन भी अपने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए 5 किलोमीटर की परिधि तक स्थित कार्यकाल या व्यावसायिक प्रतिष्ठान जाने के लिए साइकिल प्रयोग करें।

## जन्म-मृत्यु पंजीकरण के कार्य को गंभीरता से लें

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आलोक कुमार ने कहा कि संबंधित विभाग जन्म-मृत्यु पंजीकरण के कार्य को गंभीरता से लेकर परिणामदायी कार्य करें। उन्होंने कहा जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु का पंजीकरण आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक शिशु के जन्म पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित करें। प्रमुख सचिव बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन के भूतल स्थित सभाकक्ष में जन्म-मृत्यू पंजीकरण कार्य को एकीकृत किए जाने हेतु विविध सहयोगी विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में प्रमुख सचिव ने पूर्व में सम्पन्न बैठक के प्रस्तावों पर यथेष्ट प्रगति न होने तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यों की भौतिक प्रगति का विवरण न दे पाने पर गहरा असन्तोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह एक महत्वपूर्ण कार्य है और विभागों द्वारा रूचि न लेने से कार्य में भौतिक प्रगति नहीं हो रही है।

## गन्ना किसानों को अब नहीं सताएगा पर्ची की वैधता समाप्त होने का डर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● ईआरपी के माध्यम से स्वतः ही रिवैलिडेट होगी गन्ना किसानों की पर्ची**

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर.भूसरेड्डी ने बताया कि किसानों को हायल पर्ची (ओवर डेट) को जमा करने हेतु गन्ना समितियों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए ईआरपी में व्यवस्था की गई है कि किसान यदि उसकी जारी पर्ची को शादी-विवाह, खेत में पानी भरा होने या अन्य किसी कारण से निर्धारित अवधि के अंदर नहीं तुलवा पाता है तो किसान की वह पर्ची आगामी तिथियों के इंडेण्ट में स्वत: रीवैलिडेट होकर पुन: उसके पास एसएमएस पर्ची के रूप में पहुंच जाएगी।

श्री भूसरेड्डी ने बताया कि पूर्व में हायल पर्ची जमा कराने के लिए किसानों को समितियों के चक्कर लगाने पड़ते थे तथा उसकी हायल पर्ची समिति में जमा कराने के बाद केवल एक बार ही रिवैलिडेट होकर किसान को प्राप्त होती थी, परंतु इस वर्ष किसानों को सुविधा प्रदान करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि हायल पर्ची को तुलवाने हेतु किसान को दो बार मौका दिया जाएगा। किसी भी तरह से पर्ची हायल होने पर आगामी तिथियों के इंडेण्ट में ईआरपी के माध्यम से स्वत: ही पुन: पर्ची जारी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसान फिर भी गन्ना नहीं तुलवा पाता है तो पर्ची पुन: आगामी तिथियों के इंडेण्ट में दोबारा कृषक को जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जारी की जाने वाली पर्ची का क्रमांक वही होगा, जिस क्रमांक पर वह पर्ची प्रथम बार जारी की गई थी, जिससे पर्ची किसी भी दशा में दो बार न तौली जा सके। हायल पर्ची दोबारा जारी होने पर एसएमएस पर्ची में अन्तिम अक्षर के रूप में एच दर्ज होगा जिसमें किसान यह जान जायेंगे कि उनकी हायल पर्ची दोबारा जारी हो गयी है।

## डकैती की योजना बनाते नौ बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने डकैती व नकबजनी की योजना बनाते हुए 9 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तमंचा व कारतूस समेत नकदी व जेवर भी बरामद किया है। एसीपी विभूतिखंड स्वतंत्र सिंह ने बताया कि यह उत्तर परदेश व उत्तराखंड सक्रीय गिरोह है जो लखनऊ व आसपास के जिलों में रेलवे स्टेशन के आसपास रुकता है और फिर फेरी व भीख मांगने के उद्देश्य से निकलते हैं और घरों की रेकी कर वारदात को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने कई चोरी व डकैती की घटनाओं को करित किया है। इंस्पेक्टर चिनहट धनंजय पांडेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान काकोरी के दुबग्गा निवासी अली हुसैन, भोजपुर मुरादाबाद निवासी मुख्तार अली उर्फ मोटा, मुरादाबाद के ही जौहर अली इस्तकार, शमशाद अली निवासी रामपुर तालिब अली, जसीम अली, कमाल अली निवासी भोजपुर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूनियन** बैंक ऑफइंडिया का 102 वां स्थापना दिवस बुध वार को यूनियन बैंक भवन लखनऊ में मनाया गया, जिसमे सभी स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक राजीव मिश्रा ने बैंक की इस यात्रा पर प्रकाश डाला और देश के विकास में बैंक के योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा की।

कार्पोरेशन बैंक एवं आंध्रा बैंक के विलय उपरान्त लगभग 9590 शाखायें एवं 13287 एटीएम पूरे देश एवं विदेश में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर लखनऊ क्षेत्र प्रमुख संतोष कुमार शुक्ला एवं आंचलिक लेखा परीक्षा प्रमुख मारुती एच प्रसाद, स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र इंचार्ज राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक मुकुल श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, अमित कुमार, राजीव श्रीवास्तव अन्य स्टाफ एवं सभी सम्मानित ग्राहक मौजूद रहे।

## स्वदेशी प्रोद्योगिकी विकास की ओर अग्रसर

**लखनऊ।** देश में स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास और ज्ञान निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ साथ आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को ध्यान में रखते हुए आरडीएसओ ने सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ एक व्यवस्थित बातचीत शुरू की है। इस बातचीत का उद्देश्य भारतीय रेलवे के अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी अत्याधुनिक प्रणाली विकसित करने और ज्ञान विकसित करने के लिए इन प्रमुख संस्थानों के साथ उपलब्ध मुख्य दक्षताओं और तकनीकी ज्ञान का लाभ उठाना है। इस संबंध में 27 अक्टूबर से 10 नवंबर 2020 के बीच आईआईटी मुंबई, खड़गपुर, कानपुर, चेन्नई, रुड़की और वाराणसी के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं के साथ ऑनलाइन तकनीकी बातचीत की एक श्रृंखला आयोजित की गई। पच्चीस से अधिक रेलवे अनुसंधान परियोजनाओं में ऊर्जा दक्षता, संपत्ति की विश्वसनीयता, परिचालन क्षमता और रेल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इस दौरान चर्चा की गई।

## मोहनलालगंज में जमकर मारपीट, दस जख्मी

**मोहनलालगंज।** थाने पर शिकायत करने से नाराज दबंगों ने मंगलवार को शिवगुलाम खेड़ा में शिकायतकर्ता परिवार पर हमला बोलकर लहूलुहान कर दिया। जख्मियों को अस्पताल में एडमिट कराने के साथ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरु कर दी है। उधर रहीमनगर में दो पक्षों की मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। क्रास केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के शिवगुलाम खेड़ा निवासी वंशीलाल ने गांव के कुछ लोगों के विरुद्ध थाने पर शिकायत की। आरोप है जिसे लेकर नाराज महिपाल रावत ने अपनी पत्नी सुनीता और रामपाल व करन के साथ मिलकर लाठी डण्डा एवं कुल्हाड़ी लेकर वंशीलाल के घर पर गाली गलौज करते हुए हमला बोल दिया। मारपीट में वंशीलाल, उनकी पत्नी श्यामकली, बेटा सर्वेश और बहू बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

## तीन दिन में बतीसी लगाकर हासिल किया कॉपीराइट

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोस्थोडॉन्टिक विभाग के विशेषज्ञों ने एक बुजुर्ग मरीज की तीन दिन में बतीसी लगाने का कॉपीराइट भारत सरकार के कॉपीराइट डिपार्टमेंट से हासिल किया है। पूर्व में अमूमन बतीसी लगाने में कम से कम 10 से 15 दिन का समय लगता था। कई बार तो महीने- दो महीने भी लग जातें थे। प्रोस्थोडॉन्टिक विभाग के प्रो डॉ जितेंद्र राव ने बताया कि राजधानी निवासी 77 वर्षीय रघुवीर प्रसाद को बत्तीसी की आवश्यकता थी। उनका उपचार कोविड.19 के प्रोटोकॉल के अन्तर्गत केवल तीन ही दिन में किया गया। जबकि रूटीन प्रोटोकॉल में बत्तीसी बनवाने के लिए कम से कम 15 दिन में 6 से 7 प्रक्रियाओं के दौरान गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान मरीज पूरी तरह से संतुष्ट थे और डॉक्टरों के द्वारा मनोबल बढ़ाने पर उनका इलाज सम्भव हो सका। यह कार्य डॉ जितेन्द्र राव के मार्गदर्शन में डॉ मोहन चंद्रकांत महाजन ने संभव करके दिखाया है।

## कान्हा उपवन में मेयर ने तैयार दीपों का जायजा लिया

**लखनऊ।** मेयर द्वारा कान्हा उपवन का दौरा कर मिट्टी के बनाए गए दीपों को देखा। कान्हा उपवन के प्रभारी द्वारा एक लाख गोमय दीप तैयार होने की जानकारी दी। साथ ही मेयर ने दीपों की बिक्री संबंधी जानकारी भी की। नगर आयुक्त ने मेयर को 50 हजार दीप बिक्री की जानकारी दी। बुधवार को मेयर संयुक्ता भाटिया ने सरोजनी नगर स्थित कान्हा उपवन का दौरा किया। दौरे में कान्हा उपवन के प्रभारी व पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ एकेराव ने मेयर को ईको फ्रैंडली डेढ़ लाख दीप तैयार करने की जानकारी दी। रंग बिरंगे दीपों की जानकरी देते हुए बताया कि अभी विभिन्न चौराहे पर स्टाल के माध्यम से लगातार जनता को दीप बेचे जा रहे हैं। कुल मिलाकर अभी तक 50 हजार दीप की बिक्री की गयी है। मेयर के दौरे के दौरान नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे। वहीं 300 गोमय लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां का आर्डर मिल चुके हैं।

## सीएमएस छात्र को गोल्ड मैडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-4 के मेधावी छात्र अनंत श्रीवास्तव ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020 में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीएमएस के इस मेधावी छात्र ने मेंटल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मैडल, प्रशस्ति पत्र व अन्य आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत किया।

### चोरी की चार मोटरसाइकिलों के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की ठाकुरगंज पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है जबकि एक शातिर मौके से भागने में सफल रहा। उधर पीजीआई पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर ठाकुरगंज राजकुमार ने बताया कि बीती रात उनकी टीम इलाके में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना मिली की एक शातिर वाहन चोर चोरी की दो पहिया के साथ बंधा रोड पर मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और मौके पर पहुंच गई और दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम लखीमपुर खीरी निवासी आदर्श तिवारी बताया जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी कि तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं और फरार की तलाश में टीम गठित कर करवाई शुरू कर दी है। उधर पीजीआई पुलिस ने बीती रात दो शातिर वाहन चोर सूरज व शमशेर को गिरफ्तार के उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाकिल बरामद की है।

### पकड़ा गए 25000 का इनामी, दो अवैध असलहे बरामद

**लखनऊ।** अमीनाबाद पुलिस ने क्राइम ब्रांच की मदद से गैंगस्टर एक्ट के वांछित 25000 रुपये के इनामी शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से अवैध 315 बोर के दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक अमीनाबाद धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराधी अतीक अहमद निवासी सेक्टर क्यू सीतापुर रोड अलीगंज को मुखबिर की सूचना के आधार पर गोविंद चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया उन्नाव के हसनगंज थाने से इनामी बदमाश था। वहीं महानगर पुलिस ने जान से मारने के प्रयास में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि अभियुक्त सौरव सोनकर पुत्र रानी सोनकर व रवि सोनकर निवासी छठी गली निशातगंज को गिरफ्तार किया गया है।

### शिक्षकों से सम्पर्क कर मांगे वोट

**मोहनलालगंज।** शिक्षकों के हित के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का भरोसा देते हुए बुधवार को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अटेवा समर्पित निर्दलीय उम्मीदवार और लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय ने मोहनलालगंज में मालती नारायण इण्टर कालेज, नवजीवन इण्टर कालेज, काशीश्वर इण्टर कालेज और सत्यनारायण तिवारी इण्टर कालेज के शिक्षकों से सम्पर्क कर समर्थन और सहयोग मांगा। उन्होंने शिक्षकों की हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान कराने के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन देते हुए मतदाता शिक्षकों से उनके पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान शिक्षक विक्रम सिंह ,डॉ संतोष पाण्डेय, डॉ मोहसिन रजा, संजय शुक्ल, विनोद शुक्ल और ग्रामीण सफाईकर्मी संघ के प्रांतीय महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### पोस्टपेड मीटर से बाईपास कर की जा रही थी बिजली चोरी

**मोहनलालगंज।** पोस्टपेड मीटर से भी बाईपास कर बिजली चोरी की जाने लगी है। खास बात यह है कि मीटर में फिक्स एमाउण्ट का नियमित रिचार्ज कराए जाने से विद्युत विभाग को शक करने की गुंजाइश भी नहीं छोड़ी जा रही है। बुधवार को मार्निंग मास रेड के दौरान एसडीओ संजय त्रिवेदी और विशाल त्रिपाठी की अगुवाई में जेई राजेश कुमार व आशुतोष कुमार की संयुक्त टीम की छापेमारी में इसका खुलासा हुआ। अधिकारियों ने मामला पकड़ में आने के बाद उपभोक्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। यही नहीं घरेलू कनेक्शन से चक्की चलते पकड़कर कर टीम ने उपभोक्ता के विरुद्ध अर्थदण्ड लगाने की कार्रवाई की है। अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा ने बताया मोहनलालगंज के अतरौली, मीनापुर, कुंवरखेड़ा और टिकरा में मार्निंग मास रेड के दौरान बिजली चोरी करते मिले 8 लोगों के विरुद्ध एण्टी थेफ्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया बिजली चोरी के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### यात्री की तबीयत बिगड़ी, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बुधवार देरशाम दिल्ली से कोलकाता जा रहे विस्तारा एयरलाइंस विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताते हैं कि विमान में सवार एक यात्री की अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण यह लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक बुधवार देरशाम विस्तारा एयरलाइंस की उड़ान दिल्ली से कोलकाता जा रही थी। तभी विमान में सवार एक यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई। लखनऊ एयरपोर्ट नजदीक होने के चलते शाम 7.15 बजे विमान को आपातकालीन में उतारा गया। बाद में विमान में सवार यात्री को आनन फानन आलमबाग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उक्त विमान करीब आधे घंटे रुकने के बाद यहाँ से कोलकाता के लिए रवाना हो गया।

### एनएचएआई को सौंपी ओवरलोडिंग रोकने की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** ओवरलोडिंग के चल रहे गोरखधंधे पर परिवहन विभाग ने एनएचएआई को अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जहां एनएचएआई के द्वारा अब टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग की जांच कराई जाएगी। ट्रक में माल की ओवरलोडिंग पाए जाने पर पूरा ब्यौरा परिवहन विभाग के चेकिंग दलों के पास पहुंचेगा। परिवहन विभाग के इस प्रयास से चेकिंग दल कहीं से भी ओवरलोड वाहनों का ई चालान कर सकेंगे। यह व्यवस्था चेकिंग दलों की कमी की वजह से बनाई गई है। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारी टोल प्लाजा पर ट्रक में लोड माल का वजन कराएंगे। ट्रक की क्षमता से अधिक माल पाए जाने पर ई चालान होगा। जिसमें 20,000 का जुर्माना और प्रति टन 2000 का समन शुल्क भी वसूला जाएगा।

### बालकनी से गिरा मासूम, हालत गंभीर

**लखनऊ।** गोमतीनगर के नेहरू इनक्लेव निवासी राजकुमार अपने परिवार संग रहते है। राजकुमार पेशे से बिजली कर्मी है। उन्होंने बताया कि दिवाली पर्व के चलते वह बुधवार सुबह अपने काम पर चले गए थे। वहीं उनकी पत्नी घर का कुछ सामान खरीदने बाजार गई हुई थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान राजकुमार का का तीन वर्षीय बेटा अरुण अपनी बहनों के साथ घर की बालकनी में खेल रहा था। अचानक खेलते खेलते उसका पैर फिसल गया और अनियंत्रित होकर वह नीचे गिर गया। हादसे में अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर कोड़री वि0ख0 गिलौला जनपद-श्रावस्ती

पत्रांक/मेमो/निविदा 2020-21 दिनांकः-11.11.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर कोड़री में पंचायत भवन हेतु 15वां वित्त, राज्य वित्त आयोग एवं मनरेगा योजना के अन्तर्गत सभी निर्माण कार्यों हेतु बालू मोरंग ईंट सरिया सीमेन्ट गिट्टी आदि सामग्री की आपूर्ति की आवश्यकता है जिसके लिए राजकीय ठेकेदार रजिस्टर्ड फर्म स्पलायर से निविदा आमंत्रित की जाती है जो कि ग्राम पंचायत कार्यालय कार्य दिवस 12.11.2020 से 13.11.2020 को निविदा दोपहर 12:30 तक खरीद एवं मोहर बंद लिफाफे में जमा की जायेगी, तथा उसी दिन अपराह्न 03:30 पर निविदा दाताओं के समक्ष निविदा खोली जायेगी। सभी स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। यह निविदा ग्राम पंचायत वित्तीय वर्ष 2020-21 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**नोटः-** सभी नियम एवं शर्ते लागू होगी।

अध्यक्ष/प्रधान
ग्राम पंचायत-रामपुर कोड़री
वि०ख०- गिलौला
जनपद-श्रावस्ती

सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-रामपुर कोड़री
वि०ख०- गिलौला
जनपद-श्रावस्ती


## मेट्रो के नाम पर फर्जी भर्ती का खेल, पचास हजार की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में जालसाजों द्वारा ठगी का प्रयास का खुलासा हुआ है। जालसाज संस्था के नाम पर फर्जी भर्तियों के विज्ञापन देकर उम्मीदवारों से ठगी की कोशिश कर रहे हैं। पहले भी नियुक्ति से जुड़े ऐसे फर्जीवाड़े सामने आते रहे हैं जिनके बारे में यूपीएमआरसी ने लोगों को सावधान किया था। वहीं ई-मेल में फर्जी ऑफर लेटर के साथ 50000 की मांग की गई है। बुधवार को यूपीएमआरसी में फर्जी भर्ती के विज्ञापन की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। फर्जी ई मेल के माध्यम से उत्तर प्रदेश मेट्रो में सीनियर पोस्ट में कार्यरत होने का झूठा दावा कर ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी, सीनियर इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर जैसे पदों पर भर्ती दिलाने का लालच दे पैसों की ठगी का प्रयास किया जा रहा है। ईण्मेल में फर्जी ऑफर लेटर के साथ 50000 की मांग की गई है। यूपीएमआरसी की ओर से बताया गया कि कंपनी की सभी आधिकारिक भर्तियों या परीक्षा परिणामों की जानकारी कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

## कमालपुर बिचलिका में अयोध्या जैसा दीपोत्सव मनाने की तैयारी

संवाददाता। मोहनलालगंज



**आजीविका** मिशन की मदद से इस दीपावली मोहनलालगंज के कमालपुर बिचलिका गांव में अयोध्या जैसा दीपोत्सव मनाने की तैयारी है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं इसके लिए गांव में ही कुम्हारी कला के हुनर से मिट्टी के दीए और बच्चों के खिलौने बना रहीं हैं। जिनसे न केवल गांव की हर दहलीज रोशन होगी बल्कि इन्हें बेंचकर होने वाली कमाई से गरीबों के घर लक्ष्मी भी आएंगी। मोहनलालगंज के कमालपुर बिचलिका गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से मिली आर्थिक मदद के सहारे समूहों से जुड़े कुम्हार परिवार की महिलाएं बड़े पैमाने पर मिट्टी के दीए और लक्ष्मी पूजा के लिए कुल्हड़ व बच्चों के खिलौने तैयार कर रही हैं। आजीविका सखी रंगीता के मुताबिक समूह की महिलाएं अब तक लगभग पचास हजार का कुम्हारी कला का सामान तैयार कर लिया है। जिसे बेंचकर होने वाली कमाई से प्रत्येक परिवार की दीपावली हंसी-खुशी रोशन होने की पूरी उम्मीद है। ब्लाक मिशन मैनेजर दिवाकर वर्मा ने बताया समूह की महिलाएं कई कुन्तल मिट्टी के दीए और खिलौने बनाकर उसकी बिक्री से आमदनी कर आत्मनिर्भर बनने की राह पर चल पड़ी हैं। कमालपुर बिचलिका में समूह की महिलाएं परिवार के साथ मिलकर मिट्टी के दीए और बच्चों के खिलौने तैयार कर रही हैं। सुबह होते ही पुरुष कुम्हारी कला के इन उत्पादों की गांव.गांव और बाजार में बिक्री के लिए निकल जा रहे हैं। जबकि महिलाएं समूह संगठन की बैठकों में स्टाल लगाकर बिक्री कर रही हैं।


## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई मौलाना आजाद की जयंती

**लखनऊ।** आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आजाद की 133वीं जयन्ती बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर लल्लू ने समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजाद भारत व स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना आजाद के बहुमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनका एक एक कदम देश को आजाद कराने व राष्ट्र के निर्माण को समर्पित था। हम सभी लोगों को उनके समर्पण, बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से दिनेश सिंह, बृजेन्द्र कुमार सिंह, तारिक सिद्दीकी, शहनवाज खान, अख्तर मलिक, आलोक सिंह रैकवार, अंकित सक्सेना सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## गलियों में कूड़े-कचरे के ढेर, गंदगी से पटी नालियां

संवाददाता। मोहनलालगंज

**सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल**



**पंचायतों** में सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए ब्लाक अधिकारियों का निगरानी तंत्र फेल नजर आ रहा है। सफाईकर्मियों और सचिवों की लापरवाही से दीपावली के मौके पर भी मोहनलालगंज की सभी पंचायतों में व्यापक साफ-सफाई नहीं हो सकी है। लिहाजा कूड़े-कचरे के ढ़ेर और गन्दगी से पटी नालियों की सफाई के लिए ग्रामीण अफसरों से गुहार लगाने को विवश हो रहे हैं।

मोहनलालगंज ब्लाक की ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई के लिए साल भर में लाखों खर्च के बाद भी सफाई व्यवस्था बदहाल है। पंचायतों में जगह जगह लगे कूड़े कचरे के ढ़ेर और गन्दगी से पटी नालियां सफाई कर्मियों की मौजूदगी पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पंचायत निधि में साफ-सफाई के लिए धनराशि की व्यवस्था के बावजूद भी सचिवों को त्योहार से पहले अपनी तैनाती वाली पंचायत की गलियां घूमकर सफाई व्यवस्था की हकीकत देखने की फुरसत नही है। लिहाजा पंचायतों में पनप रही गन्दगी को लेकर परेशान ग्रामीण ब्लाक अधिकारियों को फोन कर शिकायत दर्ज करा रहे हैं। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया गांवों से मिल रही साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतों पर एडीओ पंचायत को टीम गठित कर सफाई कराने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। लापरवाह सफाईकर्मियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। सभी सचिव को पंचायतों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कहा गया है। इसमें लापरवाही पाए जाने पर उत्तरदायित्व तय कर कार्रवाई की जाएगी।

**कागजों में हो रहा सफाई कार्य का सत्यापनः** पंचायतों में तैनात सफाईकर्मियों के दैनिक कार्य का सत्यापन करने के लिए जिला प्रशासन ने सचिव और प्रधानों को दैनिक कार्य रजिस्टर तैयार कराकर सफाईकर्मियों द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे सफाई कार्य का विवरण रजिस्टर पर दर्ज कराने के आदेश दे रखे हैं। बावजूद इसके अधिकतर पंचायतों में अब तक रजिस्टर ही बन सका है। नतीजतन बिना कार्य सत्यापन के ही हर महीने प्रधान सफाईकर्मियों का पेरोल भेज दे रहे हैं।

**फोन से सफाई का जायजा ले रहे जिम्मेदारः** पंचायतों में तैनात अधिकतर सफाईकर्मियों के पास रिक्शा ट्राली ,झाड़ू ,पंजा, फावड़ा और साबुन तक मौजूद नहीं है। सचिव और एडीओ पंचायत के कंधों पर पंचायतों में सफाई व्यवस्था की निगरानी और सफाईकर्मियों को संसाधन मुहैया कराने की जिम्मेदारी है। लेकिन जिम्मेदारों को जमीनी हकीकत का जायजा लेकर सुधार कराने की फुरसत नहीं है। लिहाजा फोन से ही जायजा लेने की रस्मअदायगी की जा रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत सतरिख, बाराबंकी

पत्र संख्या-124/न0पं0सं0/नि0सू0/2020-21 दिनांक-10 नवम्बर, 2020

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा मान्यता प्राप्त फर्मों/अधिकृत डीलरों को सूचित किया जाता है कि शीतलहरी को दृष्टिगत रखते हुए अलाव जलवाये जाने हेतु जलने योग्य जलौनी लकड़ी की आपूर्ति हेतु दिनांक 19.11.2020 को समय 2:00 बजे अपरान्ह तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन समय 3:00 बजे अपरान्ह में नगर पंचायत सतरिख कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.11.2020 को समय 11:00 बजे से 2:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत सतरिख में निहित होगा। विवरण निम्नवत् हैं :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख रु0 में) | निविदा शुल्क (GST सहित) | आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | वर्ष 2020-21 में शीतऋतु से राहत हेतु अलाव के लिये 750 कुन्तल जलौनी लकड़ी की आपूर्ति | 4.73 (जी.एस.टी.अतिरिक्त) | 1180.00 | 15.02.2021 |

शर्ते :-
1. निविदा के साथ पैन व जी0एस0टी0 की स्वप्रमाणित प्रति लगाना अनिवार्य होगा।
2. सामग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
3. अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतरिख**
**बाराबंकी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतरिख**
**बाराबंकी**

## क्विक न्यूज

### खाद्य व सुरक्षा विभाग ने मारा छापा

**गोरखपुर।** दीपावली त्योहार के मद्देनजर खाद्य पदार्थों के दुकानों व गोदामों पर जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर गौरव सिंह सोगरवाल के नेतृत्व में शहर के प्रतिष्ठित दुकान रिद्धि-सिद्धि मिष्ठान बेतियाहाता हनुमान मंदिर रोड के दुकान व गोदाम पर एक साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व ब्लॉक विकास अधिकारी अनुराग जैन द्वारा औचक छापा मारा गया। इस दौरान अधिकारियों ने सैंपल भी लिया। बताया जाता है कि इस दौरान कोविड-19 के नियमों पालन नहीं किया जा रहा था। गोदामों पर मिठाई बनाने वाले कारीगरों को कोविड-19 के नियमों का पालन करने के लिए सख्त चेतावनी दी गई। खाद्य व सुरक्षा विभाग के टीम द्वारा खोवा, मेवा, लड्डू, पनीर, दही, लालमोहन सहित अन्य मिठाइयों का सैंपल लिया गया। सुरक्षा मानकों के अनुरूप गोदामों में मिठाई बनाने वाले कारीगर कार्य नहीं कर रहे थे। इस दौरान खाद्य व सुरक्षा विभाग से प्रतिमा त्रिपाठी, इंद्रेश प्रसाद, नरेंद्र कुमार, विनोद राय उपस्थित रहें।

### शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए मिलेंगे अवसर

**गोरखपुर।** वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2020-21 में पूर्व दशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के आनलाइन आवेदन पत्रों में आधार प्रमाणीकरण हेतु निर्धारित तीन बार से अधिक सुविधा प्रदान किये जाने एवं स्कॉलिंग सम्बंधित गलती को जनपद लागिन से सत्यापित किये जाने के सम्बंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये हैं। प्रत्येक संस्था उपरोक्त निर्देशों से स्वयं अवगत होते हुए इस सम्बंध में छात्र/छात्रा को भी अवगत करा दें कि आधार प्रमाणीकरण हेतु पूर्व से निर्धारित प्रथम 03 अवसरों के समाप्त होने के उपरान्त पुनः 72 घण्टे के पश्चात् 03 अतिरिक्त अवसर भी मिलेंगे। उक्त के क्रम में जनपद में स्थित समस्त शिक्षण संस्थाओं को सम्बंधित छात्र/छात्रा को अवगत कराया जाता है कि प्रश्नगत उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें तथा यदि किसी भी छात्र/छात्रा आवेदक का आधार से डाटा मिसमैच है तो साक्ष्य सहित जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में तत्काल अपना प्रत्यावेदन दें।

### गन्ना किसानों के खाते में भेजा गया 10 करोड़

**गोरखपुर।** जनपद अन्तर्गत पिपराइच एवं बस्ती जनपद के मुण्डेरवा चीनी मिल के वर्ष 2019-20 के बकाये गन्ना मूल्य का 5-5 करोड़ कुल 10 करोड़ की धनराशि किसानों के खाते में भेजने की कार्यवाही आज की गयी है तथा शेष गन्ना मूल्य के भुगतान को भी यथाशीघ्र कराये जाने का प्रयास है, इसके लिए चीनी मिलों को कड़े निर्देश दिये गये है कि वे शत प्रतिशत बकाये गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्पष्ट रूप से चीनी मिलों को निर्देश दिया गया है कि गन्ना किसानों के सभी बकाये का भुगतान अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इसी क्रम में मंत्री सुरेश राणा गन्ना एवं चीनी उद्योग उ.प्र. द्वारा अपर मुख्य सचिव, गन्ना एवं चीनी उद्योग को इसका सख्ती से अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिये गये है। यह जानकारी प्रबन्ध निदेशक ने देते हुए बताया कि पाँच करोड़ चीनी मिल मुण्डेरवा एवं पाँच करोड़ चीनी मिल पिपराइच के खाते में आज स्थानान्तरित की जा रही है, जो शीघ्र ही सम्बन्धित कृषकों के खाते में भेज दी जायेगी। यह जानकारी सम्भागीय विज्ञापन अधिकारी परिक्षेत्र गोरखपुर/देवरिया ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### 11000 दीपों से जगमग होगा भीम सरोवर

**गोरखपुर।** दीपावली के अवसर पर इस वर्ष भी गोरखनाथ मंदिर, स्थित भीम सरोवर परिसर पर 15 नवंबर को शाम 5:30 बजे देश के लिए शहीद हुए वीरों की स्मृति में एक कार्यक्रम 'एक दिया शहीदों के नाम' का आयोजन गोरखनाथ मंदिर एवं भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया 'भाई' के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक तथा 'भाई' के क्षेत्रीय निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सरकार द्वारा कोविड-19 बचाव संबंधी गाइडलाइन का पालन करते हुए इस कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों से शहीदों को नमन एवं उनके नाम पर 11000 दीये प्रज्वलित किये जाएंगे।

### आग से गृहस्थी राख

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अज्ञात कारणों से लगी आग में जहां एक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया वहीं आग बुझाते समय एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मालीपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर भटौली में मंगलवार की रात करीब 11:00 बजे रमेश कुमार के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई देखते ही देखते बगल में स्थित गुलाबी देवी के घर में भी आग लग गई गुलाबी देवी के घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया जबकि रमेश कुमार का एक बकरी की जलकर मौत हो गई तथा रखी मोटरसाइकिल भी जल गई आग बुझाते वक्त रमेश कुमार भी बुरी तरह झुलस गए सूचना पर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने किसी तरीके से आग पर काबू पाया तत्पश्चात झुलसे रमेश कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर इलाज चल रहा है।

# राम की अगवानी के लिए दुल्हन की तरह सजी अयोध्या

**संवाददाता।** अयोध्या

**दीपोत्सव** कार्यक्रम के लिए पूरी अयोध्या को दुल्हन जैसे सजाया गया है। 13 नवंबर को छोटी दिवाली के दिन राम की पैड़ी पर 5.51 लाख दिये जलाए जाएंगे, जो एक रिकॉर्ड होगा। वैसे तो योगी सरकार इस बार चौथी मर्तबा दीपोत्सव कार्यक्रम मना रही है। लेकिन इस बार खासियत यह है कि भगवान राम के भक्त आस्था व विश्वास के साथ अपने प्रभु के दरबार में वर्चुअल तरीके हाजिरी लगा पाएंगे। यह क्षण ऐसा होगा कि आप स्वयं दीपोत्सव में शामिल हैं। सीएम योगी के साथ सेल्फी भी लेने की व्यवस्था। 13 नवंबर को सीएम योगी रामलला के दरबार में घी का दीपक जलाएंगे। इसके बाद राम की पैड़ी पर दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस दौरान राज्य की गवर्नर आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहेंगी। पिछले साल चार लाख से अधिक दीपक जलाकर सरकार ने रिकार्ड बनाया था। इस बार यह रिकार्ड टूटेगा। रामकथा पार्क में प्रभु राम का राज्याभिषेक होगा। इस दौरान वे मां सीता व भाई लक्ष्मण के साथ हेलीकॉप्टर रूपी पुष्पक विमान हेलीकॉप्टर से आएंगे।







### दीपोत्सव को देखते हुए चाक-चौबंद हुई अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था

दीपोत्सव में सुरक्षा के कड़े इंतजामए सीमाएं होंगी सील खुफिया एजेंसियों ने दीपोत्सव कार्यक्रम पर अयोध्या जिला प्रशासन को अलर्ट किया गया है। आतंकी खतरे को देखते हुए दीपोत्सव में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। जिसको लेकर राम की पैड़ी की सुरक्षा के रिहर्सल मंगलवार को किया गया। ड्रोन कैमरे से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी भी की गई।डीआईजी दीपक कुमार ने बताया कि दीपोत्सव में सुरक्षा की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। दीपोत्सव पीएसी पैरामिलिट्री फोर्सए एटीएस कमांडोए खुफिया तंत्र की तैनाती के बीच होगा। सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य कार्यक्रम के दिन 13 नवम्बर को अयोध्या जिले की सीमाएं सील रहेंगी। कोविड 19 के प्रोटोकाल का पूरी तौर पर पालन होगा। निमंत्रण पत्र व पास होल्डर ही कार्यक्रम में प्रवेश पा सकेंगे। डीआईजी के मुताबिक दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में आम जनजीवन सामान्य रहेगा। हाइवे पर वाहनों का डाइवर्जन होगा। शहर में भी 13 जगहों पर डाइवर्जन किया जाएगा। डिजिटल माध्यम से लोग घरों में दीपोत्सव का आनंद लें सकेंगे।

### सभी मुख्य कार्यक्रम राम कथा पार्क में होंगेः डीएम

**अयोध्या।** डीएम अनुज कुमार झा ने बताया कि दीपोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में कोरोनावायरस के चलते थोड़ा फेरबदल किया गया है। अब 13 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम रामकथा पार्क में मुख्य मंच पर होंगे। जिसमें संस्कृति विभाग की तरफ से महिला राम लीला मंडली की राम लीलाए कवियत्री कविता तिवारी का काव्य पाठ और 11 झांकियों की शोभायात्राए 20 सांस्कृतिक दलों का लोक संगीत का प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम शामिल है। 12 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रिहर्सल की तैयारी शुरू हो जाएगी। 14 नवंबर को बड़ी दिवाली है। इस दिन पूरे अयोध्या में विशेष रुप से सजावट की व्यवस्था की गई है।

### स्वयंसेवकों का दीपोत्सव स्थल पर बिना पास के प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय दीपोत्सव.2020 को भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी अयोध्या में आज 11 नवम्बर 2020 को समन्वयकों की निगरानी में स्वयंसेवकों ने 24 घाटों पर दीए लगाने का कार्य शुरू कर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने दीपोत्सव पदाधिकारियों के साथ सभी घाटों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही स्वयंसेवकों एवं समन्वयकों को दिशा.निर्देश प्रदान किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रातः 11 बजे स्वयंसेवकों को अयोध्या भेजने से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में कोविड की जॉच कराई। लगभग 6 हजार स्वयंसेवकों में से 118 की रैंडम जॉच हुई। जिसमें सभी का रैपिड एंटीजन टेस्ट निगेटिव पाया गया। इसके साथ ही सभी के सैंपल आर0टी0पी0सी0आर0 के लिए भेजा गया है। अयोध्या राम की पैड़ी पर दीपोत्सव कार्य लगे स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। एक ही पैटर्न पर लगाये जाने वाले दीए का निर्धारित मानक तय किए गए है। दूर.दूर से प्रतिभाग करने आये स्वयंस्वेकों को कोविड.19 के मानकों के अनुरूप मास्क पहन कर दीपोत्सव स्थल पर आना अनिवार्य कर दिया गया है। दीपोत्सव स्थल पर सावधानी एवं बचाव के प्रति ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से दिशा.निर्देश प्रसारित किए जाते रहे। दीपोत्सव स्थल पर बिना प्रवेश पास के आगमन प्रतिबन्धित कर दिया गया है।

इस बार दीपोत्सव-2020 में 6 लाख दीए सजाने का लक्ष्य रखा गया है। 5 लाख 50 हजार से अधिक दीए स्वयंसेवकों द्वारा जलाये जायेंगे। इसके लिए राम की पैड़ी पर 24 घाटों का चयन किया गया है। जिसमें लक्ष्मण घाट 48 हजार, वैदेही घाट 22 हजार, श्रीराम घाट 30 हजार, दशरथ घाट 39 हजार, भरत घाट 17 हजार, शत्रुध्न घाट 17 हजार, माडण्वी नागेश्वर उमाघाट 52 हजार, श्रुति कीर्ति घाट 40 हजार, कैकेयी घाट 40 हजार, कौशल्या घाट 40 हजारए सुमित्रा घाट 40 हजार, उर्मिला घाट 40 हजार सहित अन्य घाटो पर इसी संख्या पर दीए जलाये जायेंगे। इसमें विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों, विभिन्न गैर संस्थानिक संस्थाओं में एनसीसीए एनएसएस के छात्रों की सहभागिता रहेगी। इस बार पुनः विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के नेतृत्व में एक नया रिकार्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज होगा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन के सहयोग से दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। 12 नवम्बर 2020 को स्वयंसेवक एवं समन्वयकों के दिशा.निर्देशन में दीए सजाने का अंतिम रूप दिया जायेगा। 13 नवम्बरए 2020 को स्वयंसेवकों द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर दीए जलाये जायेगे।

### ग्रहों के शुभ नक्षत्र में रामलला के सम्मुख दीप प्रज्वलित करेंगे योगी आदित्यनाथः कल्कि जी महाराज

**अयोध्या।** मां सरयू के पावन तट पर स्थित रामा दल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्कि राम जी महाराज ने बताया कि 499वर्ष बाद तीन बड़े ग्रह शुक्र अपने मित्र कन्या की राशि मे तो ब्रहस्पति शनि एक साथ अपनी ही राशि मे उपस्थित रहेंगे शनिवार को ही चतुर्दशी और अमावस्या का भी दिव्य संयोग 17 वर्षों बाद 14 नवम्बर को ही मिल रहा है। जो सर्वार्थ सिद्धि का योग बना रहा है जो समृद्धि के लिए महाशुभ है 13 नवम्बर को ही नक्षत्रों के महासंयोग का आरम्भ हो रहा है उसी समय उत्तर प्रदेश मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 499वर्षों बाद श्रीराम लला के सम्मुख दीप प्रज्जवलित का आयोजन है। जो सम्पूर्ण सृष्टि मे रह रहे सनातनियों के लिए अत्यन्त दुर्लभ और परम कल्याणकारी है। प्रदेश सरकार के प्रयासों को सार्थक और सफल बनाने हेतु दुनियाभर में मनाये जाने दीपावली महापर्व के केन्द्र श्री अयोध्याजी मे सरयू तट की राम पैडी स्थित रामादल मुख्यालय पर ष्लक्ष्मीनारायण महायज्ञष्का श्रीगणेश किया जायेगा। 16 दिन तक चलने वाले इस महायज्ञ में नित्य सरयूजी में 108 बत्तियों वाला घी का दीपक प्रवाहित करने के साथ अयोध्याजी के पांच प्रमुख शिवालयों पर दुग्धाभिषेक करते हुए घी का दीपक प्रज्ज्वलित किया जायेगा ।महायज्ञ में महालक्ष्मी के अमोघ एकाक्षरी महामन्त्र का जप और विष्णु सहस्रनाम के साथ.साथ श्रीसूक्त एवं अष्ट लक्ष्मी स्त्रोत का पाठ करते हुए आहुति दी जायेगी ।भगवती महालक्ष्मी की अनुकूलता के लिए पूजन अनुष्ठान करने वाले भाई बहन धनतेरस को ही हाथी पर सवार महालक्ष्मी के साथ ही गणेशजी की प्रतिमा और श्रीयन्त्र घर पर लाकर उसका पूजन करने से नक्षत्रों की अनुकूलता की दिव्यता का पूरे वर्ष तक नाना प्रकार से अनुभव प्राप्त होगा इसमे किंचित मात्र सन्देह नही है 30नवम्बर देव दीपावली पर 16दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञष्की पूर्णाहुति करते हुए प्रधानमन्त्री मोदीजी के प्रयासों की सफलता एवं समृद्धिशाली भारत की प्रार्थना की जायेगी

## कोविड-19 के चलते 13 नवंबर को होंगे सभी प्रमुख कार्यक्रम

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी रामकथा पार्क में भगवान का करेंगे राज्याभिषेक और अगवानी

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

**कोविड-19** के कारण चौथा दीपोत्सव भव्य रुप से 1 दिन में सिमट के रह गया। दिव्य दीपोत्सव प्रांतीय मेला होने के कारण 12 13 और 14 नवंबर तक भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या पूर्ण रूप से जगमगाती रहेगी। लेकिन पूरा कार्यक्रम वर्चुअल रूप से 13 नवंबर को ही होगा। दिन में 12: 00 बजे साकेत महाविद्यालय से भगवान श्री राम के जन्म से लेकर राजतिलक तक लकी 11 अनुपम झांकी निकाली जाएगी और लगभग 4 बजे भगवान श्री राम माता जानकी अनुज लक्ष्मण और हनुमान जी सहित हेलीकॉप्टर रूपी पुष्पक विमान से राम कथा पार्क में उतरेंगे जहां सूबे की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अयोध्या के प्रमुख संत भगवान की अगवानी करेंगे और राम राज्याभिषेक का कार्यक्रम होगा। चांद कालीन लगभग 6 बजे सरजू आरती और राम की पैड़ी पर जलेंगे 5.51 लाख दिये, पर्यावरण के लिहाज से अधिक दीपक गोबर से बनाए गए। कोरोनावायरस के चलते इस बार आयोजन वर्चुअल होगाए सिर्फ आमंत्रित लोग ही आ सकेंगे कार्यक्रम मेंए 13 को सील रहेगी अयोध्याप्रभु राम की नगरी अयोध्या में तीन दिवसीय दीपोत्सव कार्यक्रम में कोरोनावायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए थोड़ा फेरबदल किया गया है। दरअसलए तीन दिवसीय दीपोत्सव के सभी कार्यक्रम 11 नवंबर यानी आज से शुरू होने वाले थे। लेकिन कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए उन कार्यक्रमों में बदलाव किया गया हैए जिनमें भीड़ होने की संभावना है। अब 13 नवंबर को दीपोत्सव के मुख्य कार्यक्रम के दिन ही सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# वनटांगियों के साथ दिवाली मनायेंगे योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ हमेशा की तरह इस बार भी वनटांगियों के साथ दिवाली मनाएंगे। वनटांगियां गांव तिनकोनिया नंबर-3 में इसे लेकर दिवाली के दिन होने वाले आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। पूरा आयोजन कोविड प्रोटोकाल के तहत सम्पन्न होगा। आयोजन में फिजिकल डिस्टेंसिंग के साथ लोगों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री वनटांगियों के साथ दिवाली मनाने के लिए, अयोध्या से सीधे आयोजन स्थल पहुंचेंगे। हालांकि इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है लेकिन जिला प्रशासन आयोजन को रूपरेखा तैयार करने में जुट गया है।

### शामिल नहीं होंगे गोरखपुर से बाहर के वनटांगिया

इस आयोजन में वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नंबर-3, रजही कैंप, रामगढ़ खाले, आमबाग और चिलबिलिया के वनटांगियों की मौजूदगी रहेगी। कोविड को देखते हुए किस गांव का प्रतिनिधित्व कितने लोग करेंगे, यह भी तय किया जाएगा। इस बार गोरखपुर के बाहर के वनटांगिए आयोजन का हिस्सा नहीं बन सकेंगे। कोविड को देखते हुए उन्हें आयोजन की आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश महामंत्री ई. पीके मल्ल ने बताया है कि आयोजन में फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान दिया जाएगा। साथ ही इस बात को लेकर भी सतर्कता रहेगी कि इसमें शामिल होने वाले हर व्यक्ति के चेहरे पर मास्क हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हमेशा के तरह इस बार भी गांव में होने वाले विकास कार्य का निरीक्षण भी कर सकते हैं।

### 2009 से चल रहा सिलसिला

वनटांगियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रिश्ते का इतिहास डेढ़ दशक से भी अधिक पुराना है। मुख्यमंत्री अनवरत उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। हर वनटांगिए के घर दिवाली का दीप जले, इसके लिए वह 2009 से लगातार उनके साथ दिवाली मना रहे हैं। यह सिलसिला उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी रखा है। मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालते ही उन्होंने 2017 में वनटांगिया गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाया। इसका नतीजा है कि गांव में बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसने वाले वनटांगिए आज केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित हैं।

# सीडीओ के निरीक्षण में खुली धान क्रय केंद्रों पर मनमानी की पोल

- चार केन्द्रों में से तीन पर अनुपस्थित रहे प्रभारी
- बिचौलियों को प्रश्रय देने की बात आई सामने
- दो केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**मुख्य विकास** अधिकारी घनश्याम मीणा ने मंगलवार को जिले के चार धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में धान क्रय केन्द्रों पर बरती जा रही लापरवाही तथा क्रय केन्द्र प्रभारियों की मनमानी सामने आ गई। सीडीओ ने विपणन साधन सहकारी समिति लिमिटेड पूरा चौबे त्रिमुहानी का निरीक्षण किया जहां पर केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित पाये गये। अभी तक केवल दो किसानों से कुल 98.40 क्विंटल धान की खरीददारी ही की गई थी लेकिन कृषकों को भुगतान अभी तक नही किया गया है। मंगलवार को कोई भी खरीददारी नही की गई थी तथा अभिलेख अपूर्ण पाये गये। मौके पर उपस्थित वीडीओ टाण्डा ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा किये गये निरीक्षण में भी क्रय केन्द्र प्रभारी



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते सीडीओ घनश्याम मीणा

अनुपस्थित मिले थे। उक्त केन्द्र पर धान की खरीद अत्यन्त न्यून पाई गई। इसके बाद सीडीओ ने कृषि ऋण सहकारी समिति लिमिटेड मुण्डेरा का निरीक्षण किया। यहां पर भी क्रय केन्द्र प्रभारी गंगाराम गुप्ता गायब मिले। केन्द्र पर गंगाराम के भतीजे उपस्थित थे। पूर्व में वीडीओ के निरीक्षण में भी प्रभारी गायब पाये गये थे तथा उनके भतीजे ही केन्द्र पर मिले थे। यहां पर अभी तक केवल चार किसानों से 302 क्विंटल धान ही खरीदा गया है। उपस्थित किसान विनय कुमार द्वारा बताया गया कि उनके 70 क्विंटल धान की तौल हुई है लेकिन भुगतान नही हुआ है। रजिस्टर में 55.60 क्विंटल सामान्य धान तथा 38 क्विंटल हाईब्रिड धान का अंकन दर्शाया गया था। वहां मौजूद कृषक फूलचन्द द्वारा बताया गया कि उनका 65.60 क्विंटल सामान्य धान तथा 24 क्विंटल हाईब्रिड धान खरीदा गया है परन्तु अभी धान उनके घर पर ही रखा गया है। इससे यह स्पष्ट नही हो पा रहा था कि खरीद किस प्रकार से की गई है कि धान कृषक के घर पर ही रखा गया है। सीडीओ ने क्रय केन्द्र बसखारी (अशरफपुर किछौछा) का भी निरीक्षण किया। यहां पर भी क्रय केन्द्र प्रभारी विजय बहादुर सिंह अनुपस्थित रहे। वहां मौजूद कृषक मृत्युंजय द्विवेदी ने बताया कि धान खरीददारी में हीला हवाली बरती जा रही है तथा जो धान लाया जा रहा है उसे काला बताकर वापस कर दिया जाता है। इस केन्द्र पर अब तक चार कृषकों से 477 क्विंटल धान क्रय किया गया है। निरीक्षण में इस बात की पुष्टि हुई कि केन्द्र प्रभारी द्वारा बिचौलियों को प्रश्रय दिया जा रहा है। साधन सहकारी समिति बसखारी 1. क्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी सुरेन्द्र प्रसाद उपस्थित पाये गये । अब तक कुल 283 क्विंटल धान क्रय किया गया है। किसान हरिराम, रामदीन सिंह व रामदास ने बताया कि वे संतुष्ट हैं।इस केन्द्र पर कोई भी रजिस्टर नही बनाया गया है जिसमें धान खरीद का विवरण दर्ज हो। सीडीओ ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी थी जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर विपणन सहकारी समिति लिमिटेड पूरा चौबे त्रिमुहानी एवं कृषि ऋण सहकारी लिमिटेड मुण्डेरा के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

# भट्टे पर लूटपाट की सूचना, घटनास्थल का एसएसपी ने किया निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**गगहा थाना** अंतर्गत ग्राम सकरी रामकृपाल मिश्रा के ईंट भट्टे पर 20 से 25 लोग अपने परिवार व बच्चों के साथ रहते हैं जिनके साथ 10 से 12 लोग रात्रि में आकर लूटपाट व महिलाओं के साथ अभद्रता की। घटना घटित होने की गगहा थाना पर सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने घटना के अनावरण के लिए स्थानीय पुलिस को निर्देश्ज्ञ दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी विपुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी बांसगांव नितेश सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहें। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गगहा थाना अंतर्गत सकरी भट्टे के पास 20 से 25 लोग अपने परिवार के साथ रहते हैं। देर रात में 10 से 12 लोगों ने भट्टे के पास पहुंचकर लूटपाट व महिलाओं के साथ अभद्रता की, घटना को अंजाम दिया। जिसकी सूचना पर गगहा थाने पर 395 व 376 तथा पास्को एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दी गई है। जिन्हें बहुत ही जल्द पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रदेश में अराजकता का माहौलः हीरा लाल यादव

- जहांगीरगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**पूरे प्रदेश में** अराजकता का माहौल व्याप्त है। लूट हत्या बलात्कार की घटनाएं दिन पर दिन बढ़ती जा रही है । भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। उक्त बातें विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव ने आलापुर विधानसभा क्षेत्र के रामनगर व जहांगीरगंज मे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुए विधानसभा के उपचुनाव में शासन प्रशासन द्वारा सत्ता के बल पर चुनाव में जमकर धांधली करवाई है। वही बिहार विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र का गला घोटा गया है जिसका जवाब समय आने पर जनता देगी ।एमएलसी ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी व महंगाई बढ़ती जा रही है। लूट हत्या व बलात्कार की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है जिसको रोक पाने में भाजपा सरकार विफल साबित हो रही है । प्रदेश में सपा के बढ़ते जनाधार को देखकर विपक्षी दलों के नेता घबरा गए हैं ।उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के साथ-साथ 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ता जुट जाएं जिससे 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सके। एमएलसी हीरालाल यादव ने जहांगीरगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख चंदप्रकाश यादव की माता के निधन आनंद यादव फौजी के पिता के निधन शिक्षक सुरेंद्र उपाध्याय की माता के निधन व अशरफाबाद के प्रधान मिठाई लाल के निधन पर उनके घर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बनाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामनगर बलिराम राधेश्याम यादव मनोज यादव संदीप यादव बिट्टू मोहम्मद आसिफ हेमंत यादवप्रधान संघ के अध्यक्ष घनश्याम यादव आदि लोग मौजूद थे।

### समाजवादी पार्टी की परिवर्तन पद यात्रा का द्वितीय चरण जारी

**अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में हुए प्रदेश के ऐतिहासिक विकास कार्यों एवं उनकी नीतियों एवं विचारो को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी के नेता लोहिया से अखिलेश अभियान के संयोजक सिद्धार्थ मिश्रा के नेतृत्व में समाजवादी परिवर्तन पदयात्रा का द्वितीय चरण जलालपुर विधानसभा के विभिन्न गावों में प्रारंभ किया गया है।परिवर्तन पदयात्रा मे अपने समाजवादी युवा कार्यकर्ता एवं युवाओं के साथ आम जनमानस से अखिलेश यादव की नीतियों एवं विचारो के विषय मे लोगो से चर्चा एवं संवाद स्थापित किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस पदयात्रा मे आम जनता से 2022 मे अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए आह्वान किया जा रहा है जिससे उत्तर प्रदेश एक बार फिर से विकास एवं सद्भाव के मार्ग पर चल सके। पांच दिवसीय परिवर्तन पदयात्रा मे बडी संख्या मे नौजवानों ने हिस्सा लिया।पदयात्रा मे प्रतिदिन तीन से चार गाँव का पैदल भ्रमण एवं लोगो से संवाद स्थापित किया गया।पदयात्रा का बुधवार को समापन हुआ। बुधवार को नेवादा,बंदीपुर,जैतपुर गाँव का भ्रमण किया गया।यात्रा मे प्रमोद यादव,सूरज पान्डे,सर्वेश यादव,आयुष त्रिपाठी,प्रमोद राना,शुभम यादव आदि समाजवादी साथी सम्मिलित हुए।

# भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में जश्न



**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**देश व** प्रदेश सिर्फ भाजपा के हाथ में ही सुरक्षित हैं इसी से ही सभी का भला हो सकता है। उक्त बातें भियॉव ब्लॉक के भाजपा नेता दीपक शुक्ला ने प्रदेश मैं संपन्न हुई चुनाव में भाजपा को मिली जीत के मौके पर कहीं ।उन्होंने जलालपुर के यादव चौराहे पर भाजपा की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया और कहां कि भाजपा ही देश की विकल्प है जिससे सभी का विकास हो सकता है। भाजपा के अलावा सभी पार्टियों ने आज तक देश व लोगों के साथ छलावा किया है । उक्त मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ने कहा कि भाजपा ही ऐसी एक सरकार है जो सबका विकास वा साथ लेकर करने का कार्य कर रही है। सभी का भला भाजपा से ही होने वाला है इसलिए सभी लोगों को भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास है। उक्त मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा उर्फ मन्नू,उमाकांत तिवारी ,पंकज सिंह ,दीपक राजभर ,सर्वेश कुमार राजभर ,मानिकचंद समेत तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।

# बिहार विधानसभा चुनाव

## तेजस्वी ने दी कड़ी टक्कर

तेजस्वी को चाहे जो कुछ कहें, पर वे 'सबसे तेज' सिद्ध हुए हैं और उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय जनता दल–राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपने दम पर पूरी वीरता से भाजपा का मुकाबला किया तथा बिहार का राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया। राजद ने भाजपा को कड़ी चुनौती देते हुए कुछ सीटों पर जीत का अंतर हजार से भी कम पर समेट दिया। यदि तेजस्वी कांग्रेस को 70 सीटें देने के बजाय अकेले लड़ते तो क्या होता? यदि भाजपा–जनता दल युनाइटेड गठबंधन के खिलाफ सत्ता–विरोधी रुझान का लाभ छोटी समान सोच वाली पार्टियों द्वारा विभाजित न होता तो क्या होता? लेकिन लालू प्रसाद यादव के वारिस होने के नाते तेजस्वी पर उनके भ्रष्टाचार का भी भारी बोझ था। इसी कारण उन्होंने सामाजिक न्याय का कार्ड नीचे रखा था और वे जानते थे कि मुस्लिम और यादव लालू के खिलाफ नहीं जाएंगे। उन्होंने बेरोजगार नौजवानों को 10 लाख नौकरियों का वादा कर आर्थिक न्याय से 'जंगल राज' की विरासत से मुक्ति पाने का प्रयास किया। उन्होंने 'आर्थिक न्याय' को 'सामाजिक न्याय' के नवीन संस्करण की तरह पेश किया। उन्होंने नौजवानों को साथ लेने के लिए वामपंथी पार्टियों को भी सामने किया। लेकिन उनका मुकाबला अपने से सशक्त बलों के साथ था और जनता विश्वसनीयता के संकट वाले व्यक्ति के बजाय स्वच्छ छवि वाला नेता चाहती थी। भाजपा के लिए चुनाव परिणाम अच्छी खबर लाए हैं। बिहार में सरकार बनाने के साथ ही उसे अधिकांश उप–चुनावों में संतोषजनक विजय मिली है। हालांकि, मुख्यमंत्री उम्मीदवार नीतीश कुमार के खिलाफ तगड़ी सत्ता–विरोधी लहर ने इस बार भाजपा को चिन्ता में




डाल दिया था। पार्टी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में उभरे हैं जिन्होंने महामारी की चुनौतियों के बावजूद 2019 जैसा शानदार प्रदर्शन किया है। लाकडाउन के कारण होने वाले पलायन जैसे कष्टों तथा अधिकांश मतदाताओं को होने वाले कष्टों के बावजूद जनता ने उन पर विश्वास किया कि वे केन्द्रीय हस्तक्षेप व पैकेजों से प्रदेश को संकटों से उबार लेंगे। इसका अर्थ है कि आम मतदाता ने उनके द्वारा दी गई आर्थिक सहायता को स्वीकार किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक राष्ट्रीय नेता के रूप में जदयू और उसके नेता नीतीश कुमार की अपने ऊपर निर्भरता और बढ़ा दी है। इस प्रकार बिहार ने केन्द्र सरकार का विस्तार बन कर प्रसन्नता व्यक्त की है तथा भाजपा की मुहर लगे होने पर वह नीतीश कुमार को नेता के रूप में स्वीकार करने को तैयार है। चुनाव में छोटी पार्टियों ने 18 प्रतिशत वोट प्राप्त कर उल्लेखनीय भूमिका निभाई। लोक जनशक्ति पार्टी–लोजपा ने जदयू व राजद, दोनों का नुकसान किया। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने काफी मुस्लिम वोट अपने कब्जे में लेकर राजद को नुकसान पहुंचाया। पूरे मामले में सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ तथा वामपंथ उससे बेहतर स्थिति में रहा। महिलाओं की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता है जिन्होंने नीतीश कुमार की शराबबंदी योजना के साथ केन्द्र की योजनाओं का समर्थन करते हुए भाजपा नीत गठबंधन का समर्थन किया। क्या इस फैसले का अर्थ बिहार में सामाजिक न्याय युग की समाप्ति है और भाजपा ने सभी वर्गों की आंकाक्षाओं में परिवर्तन कर मतदाताओं को खांचों से बाहर निकाल कर स्थायित्व प्रदान किया है? जाति अब भी महत्वपूर्ण है, पर उसे आर्थिक सशक्तीकरण के अगले चरण तक ले जाना जरूरी हो गया है। तेजस्वी ने इसी कारण 10 लाख नौकरियों का वादा किया था। लेकिन भाजपा ने पूरे विमर्श को नीतीश के कामकाज से अलग हटाने में सफलता पाई। इस प्रकार उसने खामोशी से अपने लिए महत्वपूर्ण स्थान बनाया। उसने पश्चिम चंपारण व सीमांचल में अपनी स्थिति मजबूत की तथा कोसी, मिथिला व तिरहुत में मतदाता ध्रुवीकरण का लाभ उठाया। भाजपा अपना मुख्यमंत्री चाहती है, पर वह इस मामले में जल्दबाजी नहीं करेगी।


# बाइडेन की भारत नीति

**बाइडेन का दृढ़ विश्वास है कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझीदार हैं तथा उन्होंने 2008 में भारत–अमेरिका सिविल नाभिकीय समझौता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**



अनिल गुप्ता
(लेखक, रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)

**निर्वाचित अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमेशा अपने देश में भारत का साथ दिया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में उन्होंने हमेशा भारतीय हितों को आगे बढ़ाया है। यदि सब कुछ ठीक रहा और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मतगणना में हस्तक्षेप का अवसर न मिला तो 20 जनवरी, 2021 को व्हाइट हाउस में नए राष्ट्रपति का स्वागत होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति–पोटस के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति व डेमोक्रेट जो बाइडेन के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्थान खाली करेंगे। इस बार वैश्विक भू–राजनीति पर राष्ट्रपति ट्रंप की खास शैली के कारण अमेरिकी चुनाव पर सारी दुनिया का ध्यान था। हालांकि, बाइडेन ने उनको काफी अंतर से हराया है, पर ट्रंप नाराज हैं तथा चुनावी धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए उन्होंने अदालतों का दरवाजा खटखटाया है। ईमानदारी से कहा जाए तो बाइडेन सत्ता में आएंगे तथा ट्रंप को पीछे हटना पड़ेगा। इस प्रक्रिया में ट्रंप को ऐसे पहले पोटस के रूप में जाना जाएगा जो अपने अनेक विवादास्पद फैसलों के कारण दूसरा कार्यकाल नहीं पा सके। बाइडेन को अत्यधिक विभाजित अमेरिका विरासत में मिला है जो ट्रंप की 'अमेरिका पहले' की नीति के कारण है। निवर्तमान प्रशासन द्वारा बाइडेन की टीम को शक्ति प्रदान करने के साथ हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नए पोटस द्वारा अपनी टीम के सदस्यों के चयन से उनकी घरेलू व वैश्विक नीतियों पर प्राथमिकता स्पष्ट होती है। 77 वर्ष के अनुभवी बाइडेन न केवल अमेरिकी नागरिकों का भविष्य निर्धारित करेंगे, बल्कि अपनी क्षमता, अधिकार व जिम्मेदारियों से दुनिया का भविष्य भी तय करेंगे। आश्चर्य नहीं कि भारत में भी अमेरिकी चुनाव पर बहुत ध्यान दिया गया क्योंकि इससे अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होते हैं। हालांकि, अतीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी नीतियों में ज्यादा परिवर्तन नहीं किए हैं, पर इस बार स्थिति अलग है जिसका कारण विस्तारवादी व आक्रामक चीन तथा ध्रुवीकरण के कारण अमेरिका में पैदा कुछ विवाद हैं। सिनेटर कमला हैरिस के बाइडेन का उप–राष्ट्रपति उम्मीदवार चुने जाने के बाद



से भारत में सत्ता के गलियारों में चिन्ता थी क्योंकि उन्होंने अनुच्छेद 370 समाप्त करने व नागरिकता संशोधन कानून–सीएए पर आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया था। संयोग से बाइडेन व हैरिस, दोनों का भारत से संबंध रहा है, पर इससे उनके द्वारा हमारे प्रति अपनाई नीतियों पर कोई अंतर आने की संभावना नहीं है।

हालांकि, यह निश्चित है कि बाइडेन भारत के मित्र हैं और सिनेटर के रूप में शुरुआती दिनों से बराक ओबामा के उप–राष्ट्रपति कार्यकाल तक उनका कामकाज इसकी पुष्टि करता है। ट्रंप ने नई सरकार के लिए अनेक समस्यायें छोड़ी हैं और बाइडेन उनसे निपटने में अपनी प्राथमिकतायें तय करेंगे। चुनाव घोषणापत्र की तरह डेमोक्रेटिक पार्टी प्लेटफार्म के रूप में भारत पार्टी की प्राथमिकता सूची में नहीं है। इसमें चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, मध्य–पूर्व व एशिया–प्रशांत का उल्लेख था, पर भारत का विशेष उल्लेख नहीं था। लेकिन जल्द ही डेमोक्रेटों ने समझ लिया कि भारत को अनदेखा करने से महत्वपूर्ण भारतीय–अमेरिकन मतदाताओं के वोटों का नुकसान हो सकता है, अत: बाइडेन के अभियान ने भारत–अमेरिका संबंधों पर अलग से नीतिगत दस्तावेज जारी किया। हिंद महासागर में भारत की रणनीतिक स्थिति, उसका आकार और अर्थव्यवस्था को देखते हुए कोई सरकार उसे अनदेखा नहीं कर सकती है। बाइडेन ने हमेशा अमेरिका में भारतीय हितों को मजबूत किया है तथा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में वे इसके प्रशंसक रहे हैं। उन्होंने भारत से मजबूत रणनीतिक संबंधों की पैरोकारी की है, नई दिल्ली की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहायता की है तथा व्यापार संबंध मजबूत किए हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझीदार हैं तथा उन्होंने 2008 में भारत–अमेरिका सिविल नाभिकीय समझौता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका में ओबामा–बाइडेन प्रशासन के समय पहली बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्यता देने का समर्थन किया गया था। इसके साथ ही भारत को 'प्रमुख रक्षा साझीदार' घोषित कर उसे निकटतम अमेरिकी सहयोगी का स्थान दिया गया था। इससे उत्कृष्ट व संवेदनशील तकनीक मिलने से हमारी सेनायें मजबूत हुईं। आशंका है कि 80 प्रतिशत से अधिक अमेरिकन–मुस्लिमों द्वारा पक्ष में वोट देने के कारण बाइडेन की नीतियां मुस्लिम–समर्थक हो सकती हैं। लेकिन कश्मीर में अमेरिका के हस्तक्षेप की आशंका निर्मूल है क्योंकि मानवाधिकार उल्लंघनों की बात करने के बावजूद बाइडेन व हैरिस हमेशा कश्मीर मुद्दे पर भारत के साथ रहे हैं। हालांकि, मुस्लिम–अमेरिकन समुदायों के लिए एजेंडा बनाते समय बाइडेन ने नए नागरिकता कानून के कारण मोदी सरकार की आलोचना की तथा कहा है कि अलग जनसंख्या रजिस्टर बनाने से भविष्य में बड़ी संख्या में लक्षित विदेशियों को बाहर निकाला जा सकता है, लेकिन इसके साथ ही भारत–अमेरिका संबंध मजबूत करने पर भी जोर है। बाइडेन ने अक्टूबर में एक भारतीय–अमेरिकन अखबार के ओपएड में लिखा था, 'अमेरिका व भारत सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफएकसाथ खड़े होंगे तथा शांति व स्थायित्व का क्षेत्र बनाने का काम करेंगे। इससे चीन या किसी अन्य पड़ोसी देश को कोई खतरा नहीं पैदा होगा।' बाइडेन अलकायदा, आईएसआईएस व अन्य कट्टर जिहादी संगठनों के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं करेंगे। मोदी सरकार द्वारा अनेक विदेशी–प्रायोजित एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई तथा एमनेस्टी इंटरनेशनल पर प्रतिबंध को भी बहुत से डेमोक्रेटों ने पसंद नहीं किया है। टंप प्रशासन के दौरान भी अनेक मुद्दों पर मतभेद थे, पर परस्पर चर्चा से सुनिश्चित हुआ कि वे दोनों देशों के बीच परस्पर हित के अनेक मुद्दों पर सहयोग में बाधा न बनें। चीन की विस्तारवादी नीतियां, व्यापार तथा आतंकवाद व जलवायु परिवर्तन जैसी कुछ वैश्विक समस्यायें भारतीय चिन्ता के मुद्दे हैं। निसंदेह इन मुद्दों पर भारत व बाइडेन प्रशासन में वैचारिक समानता है। इसकी संभावना नहीं है कि बाइडेन चीन पर ट्रंप प्रशासन द्वारा बनाया दबाव कम करेंगे। लेकिन वे टंप की टकराव वाली नीतियों के बजाय बीजिंग के साथ सहमति–आधारित दृष्टिकोण अपना सकते हैं। बाइडेन क्वाड व हिंद–प्रशांत नीति को मजबूत करने तथा ताइवान व हांगकांग के समर्थन के पक्ष में हैं। वे अमेरिकी सहयोगियों से भी संबंध मजबूत करना चाहते हैं जिनमें नाटो तथा आस्टेंलिया, जापान, फिलीपीन्स व दक्षिण कोरिया जैसे देश हैं। वे व्यापक हिंद–प्रशांत गठबंधन के समर्थक हैं। वे अमेरिका व भारत के बीच सैनिक सहयोग मजबूत करने के पक्षधर हैं। दोनों देशों ने टंप के शासनकाल में चीन के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए तीन सैनिक सहयोग समझौते किए हैं। बाइडेन का जलवायु परिवर्तन पर दृष्टिकोण एकदम अलग है जिसका लाभ भारत को पर्यावरण–फंडिंग में मिलेगा। व्यापार के मामले में बाइडेन टंप की तुलना में बेहतर हैं। भारत अमेरिका के साथ व्यापार के मामले में लाभ की स्थिति में है। वह पूरी दुनिया में पांच प्रतिशत अमेरिकी सेवाओं का आयातक है। अमेरिका भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश–एफडीआई का पांचवां सबसे बड़ा स्रोत है और भारतीय शेयर बाजार वाल स्ट्रीट की तरह सकारात्मक नतीजे दिखा रहा है। एच 1–बी वीसा व्यवस्था में ज्यादा परिवर्तन की संभावना नहीं है, पर तकनीक उद्योग को लाभ होगा। टंप व मोदी के बीच अच्छे व्यक्तिगत संबंधों के बावजूद दोनों देशों के बीच बहु–प्रतीक्षित व्यापार समझौता नहीं हो पाया।

अमेरिका में कोविड से ध्वस्त अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के बाइडेन के संभावित प्रयासों को देखते हुए भारत को रियायतें मिलने की संभावना कम है। लेकिन बाइडेन व्यापार संबंध मजबूत करने के पक्षधर रहे हैं और भारत उम्मीद कर सकता है कि उसे जनरलाइज्ड सिस्टम आफप्रेफरेंसेज़–जीएसपी का लाभ पुन: मिल सकता है। देखना होगा कि क्या नया प्रशासन मोदी सरकार के साथ पुराने मतभेद बनाए रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्वाचित राष्ट्रपति को भेजे शुभकामना संदेश में कुछ उम्मीद जगाई है। उन्होंने ट्वीट किया है कि 'उप–राष्ट्रपति के रूप में भारत–अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में आपका योगदान महत्वपूर्ण और अमूल्य रहा है। मुझे विश्वास है कि हम एक बार फिर निकट सहयोग कर भारत–अमेरिकी संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।' भारत कोविड–पश्चात समय में 'आत्मनिर्भर भारत' बनने के रास्ते पर है। अनेक प्रलोभनों व उकसावों के बावजूद हमारा देश अब तक किसी शिविर में नहीं शामिल हुआ है और उसने अपने राष्ट्रीय हितों को देखते हुए ही द्विपक्षीय या बहुपक्षीय समझौते किए हैं। हमें इसी रास्ते पर चलते रहना चाहिए।

# इथियोपिया में गहराता संकट

> इथियोपिया में शासन चलाना आसान नहीं है। दो साल पहले अबी अहमद प्रधानमंत्री बने जो सत्तारूढ़ गठबंधन इथियोपियन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी डेमोक्रेटिक फ्रंट-ईपीआरडीएफ के नेतृत्व में शासन करने वाले पहले ओरमो थे।



गुईन डायर
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

**पिछले साल अबी अहमद को इरीटिंया के साथ इथियोपिया का 22 साल चला युद्ध समाप्त करवाने के कारण नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। लेकिन यह पुरस्कार हेनरी कीसिंजर को मिले पुरस्कार की तरह निरर्थक होने जा रहा है।**

**एक सप्ताह** में ही स्थानीय टकरावों का नतीजा हवाई हमलों में बदल गया है। इसने तुलनात्मक रूप से अमेरिकी राजनीतिक उथलपुथल को भी पीछे छोड़ दिया है। अमेरिकनों को स्वयं को धन्यवाद देना चाहिए। उनकी चुनाव व्यवस्था निश्चित रूप से इथियोपिया से अच्छी है। वास्तव में यह इतनी अच्छी है कि दूसरे अमेरिकन सिविल वार की आशंका नहीं है।

संघीय देश अमेरिका में जटिल व जर्जर मतदान व्यवस्था है, पर इसके बावजूद कोविड–19 के कारण लगभग चौथाई मिलियन लोगों की मौतें होने पर भी राष्ट्रीय चुनाव हुए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही अपनी हार न स्वीकार रहे हों, पर व्यवस्था ने महामारी के बावजूद शानदार काम किया है। अमेरिका की जनसंख्या के एक तिहाई जनसंख्या वाले एक और संघीय देश इथियोपिया में अमेरिका की तुलना में कोविड से मरने वालों की संख्या केवल सौवां हिस्सा है। ऐसे में उसे अपने निर्धारित चुनाव करवा लेने चाहिए, पर प्रधानमंत्री अबी अहमद ने 'कोरोनावायरस महामारी के कारण' इनको स्थगित कर दिया। यह बहुत गंभीर गलती थी। इथियोपिया में टिगरे क्षेत्र की सरकार ने आरोप लगाया कि आबी अनावश्यक विलंब कर रहे हैं। जब आबी ने उसकी बात नहीं मानी तो टिगरे ने चुनाव करवाने का फैसला किया। आबी ने कहा कि टिगरे की पुन: निर्वाचित सरकार अवैध है क्योंकि उन्होंने चुनाव स्थगित कर दिए थे। इस पर टिगरे ने कहा कि संघीय सरकार अवैध है क्योंकि उसने जानबूझ कर चुनाव करवाने के बजाय अपना जनादेश बढ़ा दिया। इस पर दोनों में युद्ध शुरू हो गया। एक सप्ताह में ही स्थानीय झगड़ों से बात हवाई हमलों तक पहुंच गई। यह इतनी मूर्खतापूर्ण और उत्तेजक गतिविधि थी कि उसने तुलनात्मक रूप से अमेरिकी राजनीति को पीछे छोड़ दिया। इथियोपिया अभी हाल ही में 45 साल चली क्रांति, श्वेत एवं लाल आतंक, बार–बार तानाशाही, बार–बार क्रांतियों तथा लगभग निरंतर जारी सिविल व अंतरराष्ट्रीय युद्ध से उबरा है। इथियोपिया में शासन चलाना आसान नहीं है। दो साल पहले अबी अहमद प्रधानमंत्री बने जो सत्तारूढ़ गठबंधन इथियोपियन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी डेमोक्रेटिक फ्रंट–ईपीआरडीएफ के नेतृत्व में शासन करने वाले पहले ओरमो थे। ओरमो इथियोपिया का सबसे बड़ा नस्ली समूह है और देश की जनसंख्या में वह एक तिहाई है। लेकिन इसके बावजूद वे लंबे समय से असंतुष्ट थे।

दो तिहाई ईसाई व एक तिहाई मुस्लिम जनसंख्या वाले देश में वे ईसाई–मुस्लिम विवाह से पैदा संतान हैं। अबी का इरादा अच्छा था। उन्होंने फौरन विभिन्न नस्ली मिलिशियाओं को समाप्त करना शुरू किया तथा पुरानी कम्युनिस्ट तानाशाही–डर्ग के खिलाफ लंबी लड़ाई में विजय पाई। इन मिलिशियाओं में सबसे शक्तिशाली टिग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट–टीपीएलएफ थी। देश के उत्तरी प्रांत टिगरे की जनसंख्या केवल 6 मिलियन है जो इथियोपियाई जनसंख्या का केवल 5 प्रतिशत है। लेकिन टिगरे के सैनिकों और राजनेताओं का ईपीआरडीएफ गठबंधन और सरकार ने पिछले 30 साल में वर्चस्व रहा है। इसका कारण डर्ग के खिलाफ युद्ध में उनकी ऐतिहासिक भूमिका है। टिगरे के राजनेताओं ने विशेषाधिकार छीने जाने का भारी विरोध किया। पिछले साल अबी ने सभी नस्ली मिलिशिया–आधारित पार्टियों को मिला कर एक अकेली प्रोसपैरिटी पार्टी बनाने का प्रयास किया, लेकिन टीपीएलएफ नेताओं ने इसे स्वीकार नहीं किया। वे अपनी दुनिया में रहना चाहते थे और कोई भी उनको आम लोगों की तरह रहने को मजबूर नहीं कर सकता था।

सिविलियन राजनेताओं को ज्यादा कैबिनेट पद, राजदूत बनाने, आजीवन पेंशन देने, आदि के प्रस्ताव किए गए ताकि कुछ टिगरे नेताओं को मनाया जा सके, लेकिन भारी रिश्वतों ने उनको और लालची बना दिया। कुछ घातक 'दुर्घटनाओं' के कारण उनकी जिद और पक्की हो गई। हालांकि, बौद्धिक काम की पृष्ठभूमि के कारण अबी अहमद के पास अच्छा राजनीतिक कौशल होना चाहिए था, पर वे कट्टर और लड़ाकू हैं। उनके व टिगरे नेताओं के बीच धमकियों व जवाबी धमकियों के बाद अब अंतत: टीपीएलएफ नेतृत्व टिगरे अलगाववादी युद्ध का सामना कर रहा है। यह लड़ाई लंबी हो सकती है क्योंकि टिगरे का सशस्त्र बलों में भारी प्रतिनिधित्व है और सेना के अधिकांश भारी हथियारों व उपकरणों पर उनका कब्जा है। इरीटिंया सीमा पर युद्ध के कारण वे टिगरे में थे और अब टीपीएलएफके हाथ लग गए हैं। टीपीएलएफ के पास वायुसेना नहीं है, लेकिन मेकेनाइज्ड डिवीजनों समेत बाकी मामलों में वह संघीय सेना का मुकाबला कर सकती है। इथियोपिया अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा देश है। यह बहुत गरीब है, पर इसकी अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। ऐसे में उसे सिविल युद्ध से बचना चाहिए क्योंकि वर्तमान स्थिति में इसके कारण अन्य क्षेत्र भी अलग होने का प्रयास कर सकते हैं। यदि टीपीएलएफ युद्ध भड़काने का प्रयास कर रही थी तो भी अबी अहमद का पहला काम हर कीमत पर इससे बचना था। पिछले साल अबी अहमद को इरीटिंया के साथ इथियोपिया का 22 साल चला युद्ध समाप्त करवाने के कारण नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। लेकिन यह पुरस्कार हेनरी कीसिंजर को मिले पुरस्कार की तरह निरर्थक होने जा रहा है। म्यांमार की नेता आंग सान सूकी को भी नोबेल शांति पुरस्कार मिला था, पर अब उन पर नरसंहार को समर्थन देने का आरोप है। ऐसे में नोबेल शांति पुरस्कार पर ही संदेह पैदा हो गया है।

## आप की बात

### कार्रवाई जारी रहे

**बॉलीवुड** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की जांच में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की छापेमारी जारी है। जांच एजेंसी ने मुंबई में बड़ी कार्रवाई करते हुए बॉलीवुड के कुछ बड़े निर्देशकों और प्रोड्यूसरों के घर पर छापा मारा और छापेमारी में कुछ नगद ड्रग्स भी बरामद हुआ। साथ ही गिरफ्तारिया भी हुईं। अब समझ से परे ये लगता है कि जिस तरह एन सी बी वर्तमान दौर में इतनी सक्रिय हुई, शायद बहुत पहले इतनी सक्रिय होती तो बहुत सी परतें जनमानस के सामने खुलतीं। खैर देर आये दुरस्त आये। परन्तु बालीवुड के कलाकारों, निर्माता , निर्देशकों से कभी ऐसी उम्मीद नही थी कि इस फिल्म जगत में ड्रग्स का इतना बोल बाला है। बालीवुड के लोग समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? ऐसा लगता है कि पूरे कुएं में भांग मिली है। आज दर्शकों की मनोभावना, इन कलाकारों के करीब होती है। परन्तु ऐसे कारनामे दर्शकोंकी भावनाओं को कितना कुठाराघात पहुचाते हैं, शायद इन लोगों को नहीं मालूम। जबकि फिल्म जगत के लोगों को तो समाज मे उत्कृष्ट संदेश देना चाहिए। दर्शकों के बीच अपनी छवि का बालीवुड के लोगों को ध्यान रखना चाहिए। कोई ऐसा काम न करें जिससे शर्मिंदगी महसूस हो।

**योगेश जोशी,** मध्य प्रदेश

### ट्रंप को अति आत्मविश्वास ले डूबा

**अमेरिकी** चुनाव आखिरकार कशमकश स्थितियों में पहुंचकर विवादास्पद तो हुए ही, ट्रंप खेमा कोर्ट भी जा पहुंचा जो सत्ता से बनती दूरी के प्रति ट्रंप की खिसियाहट है। जनता ने अपना फैसला दे दिया है, उसे बाइडेन सहित सभी को मानना चाहिए। चुनावों के बाद उभरने वाली परिस्थितियों ने जता दिया है कि राजनीति में लोग केवल अपना स्वार्थ ही देखते हैं भले ही उसकी आड़ में वास्तविकता नजरअंदाज हो जाए। पिछले महीने भर से अमेरिका में चल रही राजनीतिक सरगर्मी परिणामों के आते ही छंट गई है। पूर्व सर्वेक्षणों के हिसाब से ट्रंप की सत्ता से बिदाई सही साबित हुई। इसके साथ ही परिणाम आते ही राजनीतिक विवाद शुरू हो गए जो अमूमन होते ही हैं। मगर परिणामों को लेकर ट्रंप का रवैया कुछ ठीक नहीं रहा। ट्रंप ने पहले भी कहा था कि वे उलट परिणाम आने पर उसे चुनौती देंगे जो कदापि ठीक नहीं कहा जा सकता। पूरा प्रशासन और मशीनरी ट्रंप के हाथों में रहने के बाद भी यदि बाइडेन जीतते हैं तो उससे जनता का ट्रंप के प्रति अविश्वास ही कहा जाएगा। कोरोना वायरस से संक्रमण और लाखों की मौत भी इसी चुनाव में ट्रंप की हार की वजह बनी हैं।

**अमृतलाल मारू,** धार, मध्य प्रदेश


### विरोधाभास ठीक नहीं

**एक** तरफ राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण यानी एनजीटी द्वारा और ज्यादा हवा को जहरीली बनने से बचाने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगा रहा है, तो दूसरी तरफ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कह रहे हैं कि खूब पटाखे फोड़ें। मेरे विचार में यह विरोधाभास ठीक नहीं है। चाहे देश के प्रधानमंत्री हों या प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उनकी जिम्मेदारी होती है कि देश व प्रदेश में वातावरण को लगातार बेहतर बनाया जाए। चाहे इसके लिए सख्त व कठोर कदम क्यों न उठाना पड़ें। भले ही लोगों में नाराजगी हो, लेकिन अच्छे व भले काम के लिए जनता की नाराज़गी भी सहना पड़े तो नाराजगी का सामना भी करना चाहिए। मगर ऐसे माहौल में खूब पटाखे फोड़ें कहना ज्यादा घातक है। इस प्रकार के दोहरे मापदंड किसी प्रकार से ठीक नहीं हैं। यह भी सत्य है कि दिवाली के ऐन मौके पर पटाखे पर प्रतिबंध लगाने की बजाए दूरदृष्टि रखते हुए 4 माह पहले ही ऐसे फैसले ले लेना चाहिए ताकि किसी का आर्थिक नुकसान भी ना हो।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



बिहार के मतदाताओं ने साफ कर दिया है कि विकास ही उनकी एकमात्र आकांक्षा और प्राथमिकता है

**–नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



नीतीश कुमार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का साथ छोड़कर राजद नेता तेजस्वी यादव को आशीर्वाद देना चाहिए

**–दिग्विजय सिंह**
**कांग्रेस नेता**



लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना भरोसा फिर से जताया है। यह उनकी जीत है

**–चिराग पासवान**
**लोजपा अध्यक्ष**

# राज्यों के चुनाव में जीत की खुशी पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

## ● ढोल नगाड़े और धूम धड़ाके के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर झूमे भाजपाई

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**बिहार**, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के विधानसभा के चुनाव में भाजपा को मिली जीत से उत्साहित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज में जश्न मनाया। महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लाल गिरजाघर के पास जीजीआईसी परिसर सिविल लाइन में बिहार एवं अन्य प्रदेश में हुए विधानसभा के उप चुनाव में मिली जीत से उत्साहित होकर ढोल नगाड़े एवं धूम धड़ाके के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दिवाली जैसा जश्न मनाया। महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की पार्टी की नीतियों की कार्यकर्ताओं की मेहनत की जनता की आशा और आकांक्षाओं की एवं विकास एवं राष्ट्रवाद की जीत है। इस जीत से विपक्षियों के हौसले पस्त हुए और एग्जिट पोल के नतीजे ध्वस्त हो गए। कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद को परास्त करके राष्ट्रवाद एवं विकास को जीता कर पूरे देश को संदेश देने का काम किया है। जिसके प्रति भारतीय जनता पार्टी आभार व्यक्त करती है। जश्न मनाने वालों में शशि वार्ष्णेय मुरारी लाल अग्रवाल अवधेश चंद्र गुप्ता राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक रमेश पासी राघवेंद्र सिंह सचिन जायसवाल राजन शुक्ला सुभाष वैश्य श्याम प्रकाश पांडेय नरसिंह अजय सिंह विजय श्रीवास्तव ज्ञानेंद्र मिश्रा अनिल भट्ट कौशिकी सिंह दीनानाथ कुशवाहा राजेश पाठक विश्वास श्रीवास्तव प्रभात मोहन श्रीवास्तव शिव शंकर वाली विवेक गौड़ पवन मिश्रा हिमांशु पांडे मयंक यादव अमित केसरवानी संस्कार सिन्हा अभिषेक सोनकर महेंद्र तिवारी अमर सिंह शिव मोहन गुप्ता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

वहीं भाजपा की बिहार और उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में हुई भारी जीत पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र संयोजक देवेन्द्र नाथ मिश्र ने जनता का पूर्ण विश्वास पार्टी के प्रति बताया। श्री मिश्र ने कहा कि भाजपा ही देश को सही दिशा देने मे सक्षम है। सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सामर्थ्यवान बनाने की ओर लगातार कदम बढ़ा रही है। जिसका परिणाम आज सभी के सामने है।

बधाई देने वालों में रणजीत सिंह जय वर्धन त्रिपाठी अरविंद सिंह मृत्युंजय तिवारी आशुतोष पाण्डे अमित श्रीवास्तव अमित गोस्वामी आँचल ओझा पंकज त्रिपाठी राजेश मिश्र अप्पू सूबेदार मिश्र नमित शर्मा ज्ञान नारायण कनौजिया नंदलाल पटेल पुरुषोत्तम मौर्या शानू भट्ट ओपी द्विवेदी धीरेंद्र ओझा ज्ञानेंद्र द्विवेदी शिवम द्विवेदी आशीष शुक्ला नवीन शुक्ला आदि लोग रहे।

# धनतेरस पर मॉ अन्न पूर्णेश्वरी के दरबार में बंटेगा आज धन-धान्य

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**त्रयोदशी** यानि धनतेरस के दिन मॉ अन्नपूर्णा मंदिर में चार दिवसीय स्वर्णमयी अन्नपूर्णेश्वरी का दर्शन-पूजन शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तथा कोविड-19 का पालन करना दो गज की दूरी, मास्क जरूरी है, इसका पालन करते हुए श्रद्धालुओं को एक साथ पांच लोगों को दर्शन-पूजन करने की अनुमति दी गई। मंदिर के गेट से श्रद्धालु गोलाकार में खड़े होकर लाइन से होकर स्वर्णमयी मॉ अन्नपूर्णेश्वर का दर्शन-पूजन करेगें। इसके साथ ही 12 नवम्बर से 15 नवम्बर 2020 तक होगा स्वर्णमयी अन्नपूर्णा जी का दर्शन-पूजन।कप्तान ने इस बाबत अन्नपूर्णा मंदिर में पहुॅचकर मंदिर के महंत स्वामी रामेश्वर पुरी जी महराज एवं उपमहंत शंकरपुरी जी महराज से भेंट कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंदिर के स्वामी रामेश्वरपुरी जी महराज ने कप्तान को विश्वास दिलाया की कोविड-19 का पालन करते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन कराया जाएगा। मंदिर प्रबंधन एवं प्रशासन के सहयोग से मॉ अन्नपूर्णेश्वरी का दर्शन करेगें श्रद्धालु।एसएसपी अमित पाठक के साथ एडीएम सिटी गुलाबचंद, एसपी सिटी विकास चन्द्र तिवारी, सीओ दशाश्वमेध अवधेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**उन्नाव।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा चैकी प्रभारी अखिलेश यादव ने बुधवार को छेड़खानी के मामले में वांछित चल रहे दुर्जनटोला मसवासी निवासी अनिल स्याहा पुत्र रामखिलावन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### जालसाजी व धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार

**उन्नाव।** गंगाघाट में तैनात एसआई हुकुम सिंह ने बुधवार को जालसाजी व धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने वाले हरिश्चन्द्र पुत्र डोरीलालए हरीलाल पुत्र डोरीलाल निवासी पिरथीपुर मजरा लक्ष्मीखेड़ा को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपितो को कोर्ट में पेश किया गया है।

### कच्ची शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**उन्नाव।** बेहटामुजावर पुलिस ने बुधवार को दो महिलाओ को 60 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर गिरफ्तार किया है। आबकारी निरीक्षक प्रमिला रावत व एसआई राजेश कुमार ने प्रेमावती पत्नी बुद्धिराम निवासी कासिमखेड़ा मजरा कांटागुजारपुरए रन्नो पत्नी शिवनाथ अवैक के पास से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किया है। दो महिलाओ को कोर्ट में पेश किया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** बेहटामुजावर थाने में तैनात एसआई राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अरविन्द पुत्र मंगली प्रसाद निवासी ग्राम भैनामऊ थाना माधौगंज हरदोई को गिरफ्तार किया है। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### जिला मलेरिया अधिकारी ने गंगाघाट में किया निरीक्षण

**उन्नाव।** जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चन्द्र यादव द्वारा बुधवार को नगर पालिका परिषद गंगाघाट क्षेत्र में औचक निरीक्षण करते हुए संक्रामक बिमारियों डेंगू आदि से बचाव के लिए पालिका द्वारा साफसफाईए एण्टीलार्वल स्प्रेए फागिंग की कार्यवाही के स्थलीय फीडबैक लेने हेतु गोताखोरए मिश्रा कालोनीए मनोहर नगरए सीताराम कालोनीए अम्बिकापुरम् व डाकतार कालोनी का भ्रमण किया गया। मलेरिया अधिकारी द्वारा मोहल्ला गोताखोर में पप्पूए फुरकानए सोनीए फारुख ए मिश्रा कालोनी में रामचन्द्र पेण्टरए रविशंकरए मनोहर नगर में मोण् रजाए शादाब व अन्यए डाकतार कालोनी में पप्पूए राजेशए अम्बिकापुरम् में ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रए वीरेन्द्रए गोवर्धनए सीताराम कालोनी में रोशनीए पूजाए रामदेवीए रानी व अन्य से बृहद जानकारी ली गई और डेंगू से बचाव के लिए सतर्क किया गया। नगर पालिका परिषद गंगाघाट के अनूप कुमार शुक्ल को विशेष रुप से मलिन बस्तियों में एण्टीलार्वल छिड़काव फागिंग की अतिरिक्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के नरायनदासखेड़ा गांव निवासी चालीस वर्षीय कैलाश दीक्षित की मंगलवार शाम हालत बिगड़ने पर परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मामले की जानकारी बारा सगवर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के दूरदराज इलाकों में जाएगी मूविंग वैन

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण के दौरान दीपावली पर्व को लेकर टेक?नो ने आज फेस्टिव सीजन के दौरान दूरदराज के क्षेत्रों में अपनी ऐस्पिरेशनल भारत कनेक्ट को बढ़ाने के प्रयास में अनोखी मूविंग रिटेल शॉप पहल को लॉन्च करने की घोषणा की है। मूविंग वैन से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में यह पहल सबसे पहले की जाएगी। मूविंग रिटेल शॉप दोनों राज्यों में पंद्रह हजार से ज्यादा किमी के दायरे में एक सौ पचास से ज्यादा मार्केट को कवर करेगी। रास्ते में आने वाले सभी लोकप्रिय साप्ताहिक हाट और स्थानीय बाजारों में अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करेगी। कैंपेन का लक्ष्य दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले अपने संभावित लोगों के वर्ग को स्मार्टफोन का अनुभव प्रदान करना है। ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने नई इनोवेटिव गतिविधि पर कहा कि भारत के विस्तृत क्षेत्रों में अपनी सुदृढ़ मौजूदगी दर्ज कराई है। भीड़ पर नियंत्रण रखने और सोशल डिस्टेंसिंग कायम रखने के लिए साफसफाई की जरूरी व्यवस्था का पालन कर रहे हैं। इसकी ओर से इसके नए फोन की लॉन्चिंग उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा फीचर्स वाले फोन कम से कम कीमत पर मुहैया कराने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसके नतीजे के रूप में काफी ठोस विकास दर्ज किया गया है।

### पालिका कर्मी ने फांसी लगा दी जान

**उन्नाव।** शहर के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी बी ब्लॉक निवासी युवक ने बुधवार की सुबह फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर चले गए। आवास विकास कॉलोनी बी ब्लॉक निवासी सुरेन्द्र उर्फबब्लू मिश्र के पच्चीस वर्षीय अर्थ मिश्र नगर पालिका परिषद में कम्प्यूटर के पद पर तैनात था। सुबह घर में फंदे से शव लटकता मिलने पर परिजनों के होश उड़ गए। शव को उतार परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों से मौत का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा सका। मृतक विवाहित हैं।

### युवती का फांसी पर लटकता मिला शव

उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र के कमराजानापुर मजरा नयाखेड़ा गांव निवासी राम खेलावन की बाइस वर्षीय बेटी शिवानी बुधवार की सुबह घर पर अकेली थी। मृतका के भाई महिपाल के मुताबिक परिजन खेत पर पानी लगाने के लिए गए हुए थे। दोपहर खाना खाने के लिए घर पहुंचने पर बहन का शव लटकता देख होश उड़ गए। आनन फानन शव को फंदे से उतारा गयाए मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने प्रधान को सूचना दी। प्रधान ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।

### विद्यापीठ प्रशासन के खिलाफ शिक्षकों का धरना

**वाराणसी** । काशी विद्यापीठ प्रशासन के खिलाफगांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कर रहे संविदा शिक्षकों का धरना जारी है। संविदा शिक्षकों के मुताबि विश्वविद्यालय प्रशासन जोड़-तोड़ की षडयंत्र में लगा है लेकिन शिक्षकों की समस्या का समाधान नहीं कर रहा। वेतन की मांग को लेकर काशी विद्यापीठ के संविदा शिक्षक पंत प्रशासनिक भवन के समीप महात्मा गांधी प्रतीमा के समक्ष धरने पर बैठे हैं। शिक्षकों के मुताबिक महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन कार्यसमिति के आदेश को भी लागु नहीं कर रहा। सत्याग्रह में शत्रुघ्न शुक्ल, डॉ रीता, डॉ आलोक शुक्ला, डॉ अरुण श्रीवास्तव, डॉ रमेश कुमार मिश्र, डॉ राजेश कुमार, डॉ आनंद सिंह, डॉ बालरूप, डॉ दिनेश कुमार, डॉ महेन्द्र डिसूजा, डॉ प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार डॉ शशिकांत नाग, डॉ निर्मला, डॉ अनुपमा आदि लोग शामिल रहे।

# पीएम के संसदीय क्षेत्र के तीन सड़कें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व अमर शहीद के नाम से हुईं

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

## ● मुख्यमंत्री योगी ने इन मार्गो के नाम पर लगाई मुहर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में की तीन सड़कों का नाम बदल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राजनेताओं और अमर शहीदों के नाम पर जनपद वाराणसी के तीन मार्गों का नामकरण करने का निर्णय लिया है। मार्गकिया गया है। जबकि मोहनसराय अकेलवां लहरतारा वाया गंगापुर मार्ग का नाम राजनारायण सिंह मार्ग होगा। इसी तरहए खनांव टिकरी मार्ग से कुरहुआए काशीपुर होते हुए तारापुर मार्ग का नाम शहीद सार्जेंट विशाल कुमार पांडेय मार्ग रखा गया है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल

वल्लभभाई झावेरभाई पटेल, जो सरदार पटेल के नाम से लोकप्रिय थे, एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारत के पहले उप.प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वे एक भारतीय अधिवक्ता और राजनेता थेए जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और भारतीय गणराज्य के संस्थापक पिता थे जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एक एकीकृतए स्वतंत्र राष्ट्र में अपने एकीकरण का मार्गदर्शन किया। भारत और अन्य जगहों परए उन्हें अक्सर हिंदीए उर्दू और फारसी में सरदार कहा जाता थाए जिसका अर्थ है ष्प्रमुखष्। उन्होंने भारत के राजनीतिक एकीकरण और 1947 के भारत.पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री के रूप में कार्य किया।

### राजनेता राजनारायण

राजनेता राजनारायण का जन्म 1977 को वाराणसी जिले के मोतीकोट गंगापुर नामक गांव के एक धनी भूमिहार ब्राह्मण परिवार में हुआ था। अनन्त प्रताप सिंह उनके पिता थे। उन्होने अपनी उच्च शिक्षा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्राप्त की। राजनारायण फक्कड़ नेता थे। जिंदगी में 80 बार जेल गए। जेल में कुल 17 साल बिताएए जिसमें तीन साल आजादी से पहले और 14 साल आजादी के बाद थे। ये कहा जाता है कि लौह महिला इंदिरा गांधी को किसी ने अगर डराया था तो वो राजनारायण ही थे।

# दिवाली बाद पीडीए आवंटित करेगा पीएम आवास योजना के फ्लैट:अंकित अग्रवाल

## ● बची हुई संपत्तियों फ्लैटए प्लॉट और व्यवसायिक भूखण्ड को भी नीलाम करेगा पीडीए

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**प्रयागराज** विकास प्राधिकरण (पीडीए) अपनी बची हुई तमाम संपत्तियों को निकालने की योजना बना रहा है। पीडीए शेष बची संपत्तियों को ऑनलाइन पंजीकरण के तहत नियम और शर्तों के आधार पर बेचेगा। पीडीए जिन संपत्तियों की नीलामी करेगा इसमें व्यवसायिक भूखंड और दुकान आदि शामिल है। जबकि आवासीय भूखंड और भवन तथा फ्लैट को ऑनलाइन आवेदन के तहत बेचने की योजना है। बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस अंकित कुमार अग्रवाल और पीडीए के सचिव दयानन्द प्रसाद ने संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि विकास प्राधिकरण सभी संपत्तियों का ऑनलाइन आवेदन लेकर उनकी नीलामी करेगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के साथ ही अभ्यर्थी को एक प्रति अभिलेखों के साथ कार्यालय में भी जमा करनी होगी। आवंटन की शर्तें व नियम प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह वेबसाइट 12 नवम्बर से खुलेगी। जो एक माह तक रहेगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 700 फ्लैट का आवंटन दीपावली के बाद किया जायेगा। उपाध्यक्ष अंकित कुमार अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि रिक्त आवासीय भूखंडों में कसारी मसारी आवास योजना फेज टू में एमआईजी के 04 प्लाट और 23 एलआईजी के प्लाट हैं। साथ ही शान्तिपुरम आवास योजना फाफामऊ में आवासीय 22 प्लाट हैं। वहीं रिक्त भवनों और फ्लैटों में मानस विहार आवास योजना नैनीए कालिंदीपुरम आवास योजना कालिंदीपुरम मौसम विहार योजना कालिंदीपुरम यमुना विहार आवास योजना नैनी वसुधा विहार योजना कालिंदीपुरम सुगम विहार आवास योजना और जागृति विहार आवास योजना में सैकड़ों की संख्या में फ्लैट खाली हैं। इसी तरह व्यवसायिक भूखंड और दुकान भी खाली पड़ी हैं। जिन्हें निकाला जाएगा। प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी आलोक पाण्डेय ने बताया कि सभी सम्पत्तियों का ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट जनहित डॉटयूपीडीएडॉटइन के माध्यम से निर्धारित अवधि में स्वीकार किये जायेंगे। कहा कि सारी सम्पत्तियों का सही ढंग से निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 700 फ्लैट उन्हीं लोगों को मिलेगें। जिन्होंने पूर्व में ही आवेदन किया है। इस मौके पर जोनल अधिकारी सत शुक्ला जोनल अधिकारी शिवानी सिंह आदि मौजूद रहे।

# एमएलसी चुनाव के लिए शिक्षक नेता चेतनारायाण ने किया नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**एमएलसी** चुनाव को लेकर गहमा-गहमी बढ़ती जा रही है। बुधवार को शिक्षक कोटे की सीट से भाग्य आजमाने के लिए शिक्षक नेता निवर्तमान विधायक चेतनारायण सिंह ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया। बुधवार को चेतनारायाण सिंह के अलावा रमेश सिंह, डा. राजेंद्र प्रताप सिंह, संतोष सिंह ने नामांकन किया। शिक्षक नेता के समर्थन में सैकड़ों शिक्षक नामांकन जुलुस में शामिल हुए। चेतनारायण सिंह के नामांकन में चारुदत्त त्रिपाठी, व्हीदुल्लाह शहीदी, नर सिंह, बहादुर सिंह समेत दस प्रस्तावक रहे। नामांकन के दौरान एआरओ डीएम कक्ष में मौजूद रहे। एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन 3 बजे तक चला।

पर्चा दाखिले की अंतिम तारीख 12 नवंबर सुनिश्चित की गई है। मंगलवार को विधान परिषद वाराणसी खंड स्नातक कोटे की सीट से छह व शिक्षक से चार नामांकन हुए है। खंड स्नातक सीट से पर्चा दाखिल करने वालों में साकेत नगर के निवर्तमान विधायक भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी केदार नाथ सिंह के अलावा समाजवादी पार्टी की ओर से सिद्धगिरी बाग निवासी आशुतोष सिन्हा, भारतीय जनजन पार्टी की ओर से सरकारीपुरा के लोकेश कुमार, निर्दल प्रत्याशी के रूप में रोहित नगर निवासी राहुल कुमार, सोनभद्र के गोपाल सिंह व बलिया की शशकिला मौर्या शामिल रहीं। इसी प्रकार शिक्षक कोटे की सीट से नामांकन करने वालों में खजुरी-वाराणसी की निर्दल प्रत्याशी रजनी द्विवेदी, ग्राम भाऊपुर जौनपुर के धर्मेंद्र कुमार, नई बस्ती फुलवरिया बृजेश व ग्राम सरैया गाजीपुर के फरीद अंसारी शामिल रहे। इस तरह शिक्षक के लिए चार व स्नातक सीट के लिए छह नामांकन हुए। सोमवार को स्नातक कोटे से दो व शिक्षक सीट से सिर्फ एक नामांकन हुआ था। इससे पूर्व स्नातक सीट से एक नामांकन हुआ था। इस प्रकार अब तक शिक्षक कोटे की सीट से पांच व स्नातक सीट से नौ नामांकन हो चुके हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 12 नवम्बर तय है। पर्चा दाखिला के दौरान समर्थकों ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में नारे लगाए। नामांकन करने के लिए पार्टी प्रत्याशी जुलूस की शक्ल में कमिश्नरी पहुंच रहे थे। नामांकन को लेकर मुकम्मल सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। जांच के बाद ही किसी को अंदर जाने की अनुमति है। अपर आयुक्त के न्यायालय को नामांकल स्थल बनाया गया है। एक तरफ स्नातक तो दूसरी तरफ शिक्षक एमएलसी के नामांकन की व्यवस्था की गई है। नामांकन स्थल के चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई है।

# ईओ ने नगर पंचायत के वार्डों में स्वच्छता की हकीकत परखी

## ● साफ-सफाई व कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव की ईओ ने ली जानकारी



**सफीपुर, उन्नाव।** ईओ ने नगर पंचायत के वार्डो में बुधवार को स्वच्छता की हकीकत परखी। साफ सफाई व कीटनाशक दवाइयों के नियमित छिड़काव की जानकारी जुटाते हुए सफाई कर्मचारियों को नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के वार्डो में स्वच्छता की हकीकत जानने के लिए ईओ डाण् अनुपम सिंह ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन अभिषेक राय के साथ औचक निरिक्षण कर वार्ड के लोगो से साफ सफाई व कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव की जानकारी ली। सराय सूबेदार पूर्वी में कूड़ा पड़ा देख ईओ ने सफाई कर्मियों को फटकार लगाते हुए नियमित साफ सफाई के निर्देश दिया। उन्होनें बताया कि मौसम परिवर्तन होने पर अनेक बीमारियां फैलने लगती है। जिनकी रोकथाम के लिए नियमित साफ सफाई होना आवश्यक है। नगर के किसी भी वार्ड में अगर गंदगी पाई गई तो सम्वन्धित सफाई कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन अभिषेक राय लिपिक होरीलालए सलमान मौजूद रहे।

# बिहार विस चुनाव में एनडीए को जीत पर मना जश्न



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बिहार** विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली जीत का जश्न बुधवार अपराह्न बीएचयू सिंह द्वार के अलावा सिगरा बीजेपी क्षेत्रीय कायालर्य पर मनाया गया। जोश से लबरेज बीएचयू सिंह द्वार पर एकत्रित जेडीयू व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जश्न मनाया। नगाड़े की थाप और गुलाल उड़ाकर एनडीए समर्थकों ने आसमान भगवामय कर दिया। एनडीए सरकार समर्थक कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाई और एक-दूसरे को फूल माला से ला दिया कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे दिलमोहन तिवारी ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ने पिछले 15 सालों में विकास किया है इसी वजह से बिहार की जनता ने चौथी बार नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार को बीहार में सत्ता की कमान सौंपी है। गोपालगंज जिले के कुचायकोट विधानसभा सीट पर अमरेंद्र पाण्डेय को पांचवीं बार सफलता मिली है। अमरेंद्र पाण्डेय की जीत पर खुशी का इजहार करते हुए दिलमोहन तिवारी ने कहा कि अमरेंद्र पाण्डेय उर्फपप्पू पांडे पिछले 20 वर्षों से लगातार जनता की सेवा कर रहे हैं। वे नेता नहीं जनता के सेवक हैं। उन्हे जनता के हर सुख दुख में साथ रहने के चलते यह सफलता मिली हैं। यह सफलता पिछले विधानसभा में चुनाव से बड़ी सफलता है क्योंकि इस बार जंगलराज के हिमायती आरजेडी और कांग्रेस के अलावा अन्य ने महागठबंधन बनाकर उनके विजय रथ रोकने की नाकाम कोशिश की थी। अमरेंद्र पाण्डेय ने जिले में विकास के कार्य किए हैं जिसकी वजह से गोपालगंज की जनता ने पांचवीं बार अमरेंद्र पांडे पप्पू को जीत दिलाई है। बिहार में एनडीए की सरकार ने विकास किया है। एनडीए सरकार ने शिक्षा से लेकर चिकित्सा और रोजगार के क्षेत्र में काम किया है। कार्यक्रम में भाजपा महामना मण्डल अध्यक्ष जगरनाथ ओझा, संजय द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, नन्दा दुबे, अच्युत कृष्ण त्रिपाठी, अरुण कुमार, विशाल जायसवाल, रामरेश, भावेश, विवेक सिंह, राहुल, रविशंकर आदि मौजूद रहे।

# सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस ने नगर में निकाला पैदल मार्च



**उन्नाव**। दीपावली त्योहार को देखते हुए बुधवार की दोपहर सीओ सिटी के नेतृत्व में कोतवाली व महिला थाना थाने की फोर्स ने नगर में पैदल मार्च निकाला। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

सीओ सिटी गौरव त्रिपाठी ने दोपहर बाद पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला। मार्च शहर के बड़ा चैराहा से गांधी नगर तिराहा तक निकाला गया। जहां पुलिस ने लोगों से आगामी त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मास्क पहनने और शारीरिक दूरी बनाने का भी आग्रह किया। जिससे कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

वहीं चेतावनी देते हुए कहा कि शांति भंग करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र, महिला थाना प्रभारी इन्द्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# जीएम एनसीआर ने की संरक्षा, गति बढ़ाने और माल लदान की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

## ● कोहरे की तैयारी से संबंधित कार्यों की सख्त निगरानी पर दिया बल

**महाप्रबंधक** राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और प्रयागराज झांसी और आगरा के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा विशेष रूप से कोहरे की तैयारी गति बढ़ाने के काम आय और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। जीएम ने प्रयागराज मंडल में नव नियुक्त एडीआरएम अमित मिश्रा और अतुल गुप्ता को बधाई दी। संरक्षा के मुद्दों के बारे में चर्चा करते हुए महाप्रबंधक ने आने वाले कोहरे के मौसम के लिए पहले से तैयारी पूरी करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोहरा सेफ डिवाईस संरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है। ऐसे सभी डिवाईस को नवीनतम सिग्नल और गेट स्थानों के अनुसार अपडेट किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि कोहरे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से सम्बंधित एक बहुविकल्पी प्रश्न बैंक को ज्ञान को ताज़ा करने के लिए चालक दल के लॉबी में प्रदान किया जाना चाहिए और पायलट से हर साइन इन के पहले कुछ प्रश्न पूछे जाने चाहिए। नवीनतम स्टॉप सिग्नल स्थानों के अनुसार ओएचई मास्टों पर सिग्मा बोर्ड के समयबद्ध प्रावधान बूम पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव पेंटिंग और लेवल क्रासिंग गेटों पर स्टॉप बोर्ड का प्रावधान लेवल क्रासिंग गेटों के स्पीड ब्रेकरों की पेंटिंग और उपयुक्त स्टाफ द्वारा ट्रैक और ओएचई के रात्रि के दौरान गश्त अतिरिक्त बैटरी सहित वाकी टॉकी की समुचित व्यवस्था विशेष रूप से रनिंग स्टाफ के लिये कैब के हीटरों की जांच करना और सभी लोकोमोटिव में कैब की खिड़कियों और दरवाजों को सील करना सभी वातानुकूलित लोको में वेन रिले और थर्मो स्टेट की स्थिती की जांच कोचिंग ट्रेनों के सभी एसएलआर में टेल लैम्प्स की उपलब्धता आदि कोहरे और विंटर सेफ्टी से संबंधित चल रही तैयारियाँ हैं। जीएम राजीव चौधरी ने बेहतर माल लदान प्रदर्शन के लिए टीम एनसीआर के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों को जारी रखने की जरूरत है और नई ट्रफिक्र स्ट्रीम प्राप्त करने के लिये प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान भूमि से आय के सम्बंध में भी चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सक्रिय प्रयास के निर्देश दिए। नई दिल्ली हावड़ा सहित कानपुर लखनऊ सेक्शन और नई दिल्ली.मुंबई सेक्शन में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड बढ़ाने के कार्यों सहित अवसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# लोजपा ने राजग को धोखा दिया, मोदी बिहार में जीत की सबसे बड़ी वजह : भूपेंद्र यादव

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार विधानसभा** चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के एक दिन बाद भाजपा के महासचिव और प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि चुनाव में चिराग पासवान की लोजपा ने राजग को धोखा दिया और उनके द्वारा फैलाए गए भ्रम के कारण कुछ नुकसान हुआ। यादव ने कहा कि चुनाव में राजग की जीत की सबसे बड़ी वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वसनीयता रही। वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा की मौजूदगी ने भी पार्टी की सफलता में अहम योगदान दिया।

लोजपा के बारे में यादव ने कहा कि पार्टी ने अपनी साख गंवा दी और उसकी राजनीति पर सवालिया निशान लगे हैं। उन्होंने कहा, लोजपा ने खुद अपना रास्ता चुना और एक तरीके से उसने राजग को धोखा दिया। बिहार के लोगों ने राज्य की राजनीति में उनकी महत्ता को बता दिया। यादव ने कहा कि तमाम भ्रम के बावजूद बिहार के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी विश्वसनीयता के प्रति आस्था प्रकट की और यह बड़ी उपलब्धि है कि राजग को राज्य में चौथी बार सफलता मिली है। उन्होंने कहा, राज्य में राजग की जीत की सबसे बड़ी वजह मोदीजी का नेतृत्व और उनकी विश्वसनीयता रही।



राजग बिहार विधानसभा चुनाव में लोकसभा के अपने प्रदर्शन को दोहरा क्यों नहीं पाया, इस पर यादव ने कहा कि हर चुनाव अलग होता है और राज्य तथा केंद्र के चुनाव अलग–अलग मुद्दों पर लड़े जाते हैं। इसके अलावा कुछ स्थानीय कारण भी थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की अलग प्राथमिकता होती है और वहां स्थानीय मुद्दे होते हैं जबकि राज्य की राजनीति के आयाम भी राष्ट्रीय राजनीति से अलग होते हैं। उन्होंने कहा, सामाजिक समीकरणों के हिसाब से हमारा गठबंधन मजबूत स्थिति में था और राजग सरकार ने समूचे राज्य में विकास कार्य किए थे। लेकिन लगातार झूठ बोलकर लोजपा ने भ्रम फैलाया और इससे पहले चरण में भाजपा–जद(यू) को नुकसान हुआ।

यादव ने कहा कि राज्य में कुछ स्थानीय मुद्दे भी थे जिसके कारण राजग को कुछ कम सीटें मिलीं, लेकिन गठबंधन राज्य में स्पष्ट बहुमत पाने में सफल रहा। जद(यू) के अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के क्या कारण हो सकते हैं, इस सवाल पर यादव ने कहा कि बिहार में तीन बार राजग की सरकार रही और विकास के आधार पर चौथे कार्यकाल के लिए जनादेश मांगा गया। यादव ने कहा, जद(यू) ने अच्छे से चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें लोजपा द्वारा फैलाए गए भ्रम की कीमत चुकानी पड़ी। लोजपा ने माहौल खराब किया, जो कि उन्हें नहीं करना चाहिए था। वे राजग का हिस्सा रहे थे। उनकी पार्टी के मंत्री भी थे और लोकसभा चुनाव में गठबंधन से उन्हें फायदा भी हुआ था। राज्य में कमान में बदलाव की संभावनाओं को तवज्जो नहीं देते हुए यादव ने कहा, राजग को पूर्ण बहुमत मिला है और हम गठबंधन धर्म का सम्मान करते हैं ... गठबंधन में हम सब समान हैं।



रांची में झारखण्ड सरकार द्वारा सरना धार्मिक संहिता के लिए पास प्रस्ताव पारित करने के बाद आदिवासी समुदाय के लोग ढोल बजाकर जश्न मनाते हुए।

## भाजपा-संघ का साथ छोड़ तेजस्वी को आशीर्वाद दें नीतीश: दिग्विजय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का साथ छोड़कर राजद नेता तेजस्वी यादव को आशीर्वाद देना चाहिए। नीतीश से यह भी कहा कि वह समाजवादी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों को एकजुट करने में मदद करें क्योंकि ऐसा करना ही महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, भाजपाासंघ अमरबेल के समान हैं, जिस पेड़ पर लिपट जाती हैं वह पेड़ सूख जाता है लेकिन वे खुद पनपती जाती हैं। नीतीश जी, लालू जी ने आपके साथ संघर्ष किया है, आंदोलनों मे जेल गए है। भाजपाासंघ की विचारधारा को छोड़ कर तेजस्वी को आशीर्वाद दे दीजिए। इस अमरबेल रूपी भाजपाासंघ को बिहार में मत पनपाओ। बिहार के



मुख्यमंत्री से यह अपील भी की, नितीश, बिहार आपके लिए छोटा हो गया है, आप भारत की राजनीति में आ जाएं। सभी समाजवादी धर्मनिरपेक्ष विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों को एकमत करने में मदद करते हुए, संघ द्वारा अंग्रेजों की पनपाई फूट डालो और राज करो की नीति ना पनपने दें। विचार ज़रूर करें। सिंह ने कहा, यही महात्मा गांधी जी व जयप्रकाश नारायण जी के प्रति सही श्रद्धांजलि होगी। आप उन्हीं की विरासत से निकले राजनेता हैं, वहीं आ जाइए। आपको याद दिलाना चाहूंग, जनता पार्टी संघ की दोहरी सदस्यता के आधार पर ही टूटी थी।

## एआईएमआईएम का प्रदर्शन पार्टी को भाजपा की बी-टीम कहने वालों के मुँह पर कड़ा तमाचा: पार्टी सांसद

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव में पांच मुस्लिम बहुल सीटों पर जीत दर्ज करने वाली एआईएमआईएम के औरंगाबाद से लोकसभा सांसद इम्तियाज जलील ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी का प्रदर्शन उन लोगों के मुँह पर कड़ा तमाचा है जिन्होंने पार्टी पर भाजपा की ‘बी–टीमै होने का आरोप लगाया था। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने मंगलवार को बिहार के सीमांचल क्षेत्र की पांच मुस्लिम बहुल सीटों पर जीत दर्ज की है। तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस ने एआईएमआईएम को भाजपा की बी–टीमै कहा था और पार्टी पर भगवा पार्टी के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया था। चुनाव के परिणामों के बाद, जलील की अगुवाई में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात को औरंगाबाद में आज़ाद चौक क्षेत्र से रैली निकाली और बिहार में अपने प्रदर्शन का जश्न मनाया।

## जद(यू) को नुकसान पहुंचाना चाहते थे, नीतीश का समर्थन नहीं करेंगे: चिराग पासवान

**पटना।** लोजपा नेता चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू के खिलाफ उम्मीदवारों को उतारने के अपने निर्णय का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि वह भाजपा को लाभ और नीतीश कुमार की जद(यू) को नुकसान पहुंचाना चाहते थे और इसमें वे सफ्ल रहे। चिराग ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर जदयू को कम सीटें आने के बावजूद भी राजग नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय पर कायम रहता है तब वह बिहार में उस सरकार का समर्थन नहीं करेंगे। लोजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा, हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि न तो महागठबंधन और न ही नीतीश कुमार हमें स्वीकार होंगे। लोजपा के कारण चुनाव में जद(यू) को नुकसान होने के बारे में एक सवाल के जवाब में चिराग पासवान ने कहा आंकड़े बताते हैं कि कितनी ही ऐसी सीटें हैं जिस पर लोजपा के कारण जद(यू) को नुकसान हुआ है। हमने शुरू से ही कहा है कि भाजपा को



लाभ पहुंचाना और जदयू को नुकसान पहुंचाना हमारा उद्देश्य है और यह बात किसी से छिपी नहीं थी।

चिराग ने कहा इसके साथ ही हम चाहते थे कि लोजपा का प्रदर्शन बेहतर रहे और सीटों के हिसाब से हम ऐसा नहीं कर पाए। लेकिन इस चुनाव में पार्टी का आधार मजबूत हुआ है और हम 2025 में मजबूती के साथ उतरेंगे। बिहार चुनाव में एक सीट जीतने वाली पार्टी लोजपा के नेता चिराग ने कहा हमें 25 लाख लोगों के वोट मिले हैं। इस तरह बिहार के लोगों ने हमें अपना प्यार दिया है और बिहार फर्स्ट्, बिहारी फर्स्ट् को समर्थन दिया। चुनाव में अकेले लड़ते हुए हमने 6 फीसदी वोट हासिल किए। उन्होंने कहा, हमें पिछलग्गू पार्टी कहा जाता था जो केवल दूसरे के समर्थन से कुछ कर सकती है, लेकिन हमने साहस दिखाया।

चिराग ने कहा कि उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि भाजपा ने चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है और काफी मजबूत होकर उभरी है। वैचारिक मतभेद का हवाला देते हुए महागठबंधन से किसी तरह के समझौते की संभावना से इंकार किया। चिराग पासवान ने उम्मीद जताई कि भाजपा के साथ केंद्र में उनके संबंधों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, बिहार में राजग की जीत के लिए अगर कोई बधाई का पात्र है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके आत्मनिर्भर भारत की सोच में विश्वास व्यक्त किया है।

### क्विक न्यूज

#### संगठन को मजबूत करने से कर्नाटक में विस उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा अध्यक्ष एन. रविकुमार ने कहा कि सिरा में जमीनी स्तर पर काम और राजराजेश्वरी (आरआर) नगर में मजबूत उम्मीदवार को उतारकर पार्टी ने दोनो विस क्षेत्रो मे जीत सुनिश्चित की। दोनो विस क्षेत्रो मे तीन नवंबर को हुए उपचुनाव केलिए मुख्य रणनीतिकार रहे रविकुमार ने कहा कि सिरा निर्वाचन क्षेत्र मे पार्टी को जमीन से ऊपर उठना था जबकि आर आर नगर मे चीजे थोड़ी आसान थी क्योंकि वहां लोग उम्मीदवार द्वारा किए गए काम से अवगत थे। सिरा मे पार्टी ने पहली बार जीत हासिल की। बेंगलुरु शहरी जिले के अंतर्गत आने वाले आर आर नगर मे एन मुनीरत्न ने 58,000 से ज्यादा मतो से तीसरी बार जीत हासिल की जबकि सिरा मे पार्टी को पहली बार जीत मिली। सिरा मे डॉ. सी. एम. राजेश गौडा ने 13,400 से मतो से अपने प्रतिद्वंद्वी को हराया। रविकुमार ने कहा, मै (सिरा मे) प्रभारी था, हमने जमीनी स्तर से शुरुआत की। मै एक सितंबर से चुनाव तक वहां गया। हमने कई बैठकें की और हर बूथ पर 50-500 कार्यकर्ताओं को जमा किया। सिरा मे भाजपा की जीत की वजह को स्पष्ट करते हुए रविकुमार ने कहा कि कांग्रेस और जद (एस) ने निर्वाचन क्षेत्र का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व किया और जिस प्रकार का काम वहां होना चाहिए था वैसा नही हुआ।

#### प्रधानमंत्री के करिश्माई नेतृत्व और राजग के सुशासन की वजह से मिली बिहार चुनाव में जीत: सोनोवाल

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और केंद्र व राज्य सरकार के सुशासन का परिणाम है। उन्होने कहा कि चुनाव परिणाम से एक बार फिर यह सिद्ध हो गया है कि विपक्ष द्वारा चलाए जा रहे नकारात्मक अभियान के बावजूद भारत के लोगो को राजग के विकास कार्यों पर पूरा भरोसा है। सोनोवाल ने एक वक्तव्य मे कहा, बिहार के लोगो ने राजग के प्रति पुनः अपना भरोसा प्रकट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और केंद्र तथा राज्य सरकारो के सुशासन के कारण बेहतरीन नतीजे प्राप्त हुए। सोनोवाल ने कहा कि बिहार चुनाव के अच्छे नतीजो यह बताते है कि सुशासन और प्रगति लोगो की पसंद है।

#### लश्कर-ए-तैयबा का सोशल मीडिया समूहों का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित आकाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सोशल मीडिया समूहो के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ निवासी सैयद एम इदरीस (28) को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने कहा कि इस संबंध मे 18 मार्च को पश्चिम बंगाल मे प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमे कहा गया था कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तान मे मौजूद आका भारत मे गैरकानूनी गतिविधियो को अंजाम देने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मो के जरिए युवाओं को अपने स्लीपर सेल में भर्ती कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इदरीस, लश्कर के स्लीपर सेल के लिए युवाओ की भर्ती और आतंकवादी गतिविधियो को बढ़ावा देने के वास्ते एलईटी के पाकिस्तान स्थित आकाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सोशल मीडिया समूहों का सदस्य था। अधिकारी ने कहा कि उसे अदालत मे पेश किया जाएगा और कोलकाता मे विशेष एनआईए के समक्ष पेशी के लिए उसकी ट्रांजिट रिमांड मांगी जाएगी। इस मामले मे कोलकाता के निवासी तानिया परवीन के खिलाफ 10 सितंबर को आरोप पत्र दायर किया जा चुका है।

#### दस लाख रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**इम्फाल ।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले मे एक व्यक्ति के पास से पुलिस ने 10 लाख रुपए मूल्य का मादक पदार्थ बरामद करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी कृष्णातोम्बी सिंह ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने एक कार रोकी और 279 ग्राम ब्राउन शुगर और 202 याबा गोलियां बरामद की। कार चालक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। तेंगनौपाल पुलिस थाने मे मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

#### भाजपा ने कांग्रेस की कीमत पर सभी आठ सीटों पर जीत दर्ज की

**अहमदाबाद।** गुजरात मे विधानसभा उपचुनाव मे आठ सीटो पर भाजपा की जीत कांग्रेस की कीमत पर हुई है और उसका जनाधार सिकुड़ता नजर आ रहा है। कांग्रेस ने दिसंबर, 2017 के विधानसभा चुनाव मे 77 सीटें जीती थी। मंगलवार की जीत के बाद 182 सदस्ईय विधानसभा मे अब भाजपा के सदस्यो की संख्या बढ़कर 111 हो गई है जबकि कांग्रेस के विधायक घटकर 65 रह गए। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस ने 77 और भाजपा ने 99 सीटें जीती थी। तब से भाजपा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाती आ रही है। दिसंबर, 2018 के उपचुनाव मे कांग्रेस के दिग्गज रहे कुंवरजी बावलिया ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी।



कोलकाता में कोरोना वायरस महामारी के बीच प्रतिबंधों के साथ आज से चलायी गयीं स्थानीय ट्रेन में सवार होने से पहले अपने टिकट दिखाती हुईं महिला यात्री

## सीमांचल में पांच सीटें जीत एआईएमआईएम ने महागठबंधन की उम्मीदों को पहुंचाई चोट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीत कर सीमांचल में गहरा प्रभाव छोड़ा है। साथ ही मिथिला एवं कोसी इलाके में भी उसका असर देखा गया है। एआईएमआईएम के ऐसे प्रदर्शन के कारण ही सीमांचल क्षेत्र में महागठबंधन के 2015 के चुनाव की तुलना में इस बार अपना प्रदर्शन बेहतर करने की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। एआईएमआईएम ने सीमांचल क्षेत्र में अपने को राजद और कांग्रेस के विकल्प के तौर पर पेश करते हुए 16 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे। पार्टी ने राजग और महागठबंधन को कड़ी टक्कर देते हुए सीमांचल क्षेत्र में पांच सीटें जीती जिसमें अमौर, कोचाधाम, जोकीहाट, बायसी और बहादुरगंज सीट शामिल है। एआईएमआईएम हालांकि किशनगंज सीट जीतने में विफल रही लेकिन उसके उम्मीदवार मोहम्मद कमरूल होदा को 41,727 वोट प्राप्त हुए। इस सीट पर एआईएमआईएम तीसरे स्थान पर रही और यहां कांग्रेस ने जीत दर्ज की। इसी तरह एआईएमआईएम ने सीमांचल, कोसी और मिथिला की कई सीटों पर प्रभावी प्रदर्शन किया।

सीमांचल क्षेत्र में 24 सीटों में निवर्तमान विधानसभा में राजद, कांग्रेस सहित महागठबंधन के पास 14 सीट, राजग के पास 9 सीट और एआईएमआईएम के खाते में एक सीट थी। बिहार चुनाव 2020 में सीमांचल में एआईएमआईएम के बेहतर प्रदर्शन के कारण महागठबंधन की उम्मीदों को झटका लगा है। इस बारे में पूछे जाने पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, सीमांचल की जनता जानती है कि कौन उनकी लड़ाई लड़ सकता है, उसी हिसाब से वहाँ की जनता ने हमें चुना है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के विस्तार के लिए चुनाव लड़ेंगे और अब अगर कोई कुछ बोलता है तो बोले लेकिन वे अपना काम जारी रखेंगे।

## भाजपा प. बंगाल विस चुनाव के लिए अपनी रणनीति को दे रही अंतिम रूप

**कोलकाता।** भाजपा बिहार चुनाव में सफलता मिलने के बाद अगले साल अप्रैल–मई में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे रही है। पार्टी के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बिहार विधानसभा चुनाव के मंगलवार को घोषित नतीजों के मुताबिक राजग को 243 सदस्ईय सदन में 125 सीटों पर जीत मिली है जिनमें से 74 सीटों के साथ भाजपा राज्य में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है जबकि सहयोगी जदयू ने 43 सीटों पर जीत दर्ज की है।

भगवा पार्टी ने पश्चिम बंगाल की 294 सदस्ई विधानसभा में 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है और बिहार चुनाव होने के बाद अब उसका पूरा ध्यान राजनीतिक रूप से अहम पश्चिम बंगाल पर होगा जो 42 सदस्यों को लोकसभा भेजता है, यह संख्या बिहार से दो अधिक है। पिछले लोकसभा चुनाव में 42 में से 18 सीटों को जीतकर भाजपा ने पश्चिम बंगाल में गहरी पैठ बना ली है (जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से महज चार कम है) और राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर आखिरी दौर का हमला शुरू करने के लिए बिहार चुनावों के संपन्न होने का इंतजार कर रही थी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पश्चिम बंगाल के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत बड़ी होगी और वह चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करेगी। पश्चिम बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से उब चुकी है और अब वे बदलाव चाहते हैं। राज्य इकाई के भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने उनका समर्थन करते हुए कहा, बिहार के बाद भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल होगा। पड़ोसी राज्य बिहार में भगवा की लहर थी और यह तृणमूल की पश्चिम बंगाल सरकार का भी सफाया कर देगी। दोनों राज्यों में बस इतना अंतर होगा कि बिहार में हम करीब 15 साल से सत्ता में है जबकि पश्चिम बंगाल में हम चुनौती दे रहे हैं।

## अगर नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बनते है तो श्रेय शिवसेना को जाएगा : सामना

**मुंबई।** शिवसेना ने बिहार विधान सभा चुनाव में राजद नेता तेजस्वी यादव के लड़ने के जज्बे की प्रशंसा करते हुए और भाजपा पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि जदयू के कम सीटों के बावजूद अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद पर कायम रहते हैं तो इसका श्रेय शिवसेना को दिया जाना चाहिए। पार्टी ने कहा कि भाजपा ने नीतीश कुमार से वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में कम सीटें भी लाती है तो भी वही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा कि भाजपा ने इसी तरह का वादा वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना से किया था लेकिन वह अपने वादे को कायम नहीं रख सकी जिसकी वजह से राज्य में राजनीतिक तमाशा हुआ। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में लिखा कि जदयू बिहार चुनाव में 50 सीटे भी नहीं जीतेगी जबकि भाजपा ने 70 सीटें अपनी झोली में डाल ली है।

सामना ने लिखा, भाजपा नेता अमित शाह ने घोषणा की कि नीतीश कुमार बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे, भले उनकी पार्टी को कम सीटें मिलें, लेकिन इसी तरह का भरोसा शिवसेना को वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दिया गया था जिसका सम्मान नहीं किया गया और राज्य को राजनीतिक महाभारत का गवाह बनना पड़ा। संपादकीय में लिखा गया, अगर नीतीश कम सीटों के बावजूद मुख्यमंत्री बनते हैं तो इसका श्रेय शिवसेना को जाना चाहिए।

भाजपा और शिवसेना ने वर्ष 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव गठबंधन में लड़ा था लेकिन नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर पैदा हुए मतभेद के बाद दोनों अलग हो गए थे। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद उम्मीदवार तेजस्वी यादव की बिहार चुनाव में दिखाए जुझारू जज्बे की प्रशंसा की। सामना ने लिखा, बिहार ने तेजस्वी युग के उदय को देखा। वह अकेले सत्ता में बैठे लोगों से लड़े। यह कहना तेजस्वी के साथ अन्याय होगा कि बिहार में मोदी का जादू चला है। बिहार चुनाव जो शुरुआत में एकतरफा दिख रहा था, तेजस्वी की वजह से मुकाबला करीबी रहा। पार्टी ने कहा कि कंग्रेस के खराब प्रदर्शन की वजह से तेजस्वी की सरकार बनाने की संभावना धूमिल हुई। संपादकीय के मुताबिक, तेजस्वी हारे नहीं हैं। चुनाव में हार का मतलब हार नहीं होता। उनकी लड़ाई, बड़ा संघर्ष है– न केवल परिवार में बल्कि पटना और दिल्ली में बैठे शक्तिशाली लोगों के खिलाफ। शिवसेना ने कहा, नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री) ने उन्हें जंगलराज का युवराज कहा जबकि नीतीश कुमार ने मतदाताओं से भावनात्मक अपील की कि यह उनका आखिरी चुनाव है, लेकिन तेजस्वी ने चुनाव प्रचार में अपना ध्यान विकास, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा के मुद्दों पर केंद्रित किया।



बेंगलुरू में निर्भया योजना के तहत मानव तस्करी रोकने के लिए पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाली।

# विहिप ने लव जेहाद, धर्मांतरण के मामलों पर जताई चिंता

भाषा। नई दिल्ली



**विश्व** हिन्दू परिषद (विहिप) ने बुधवार को लव जिहाद, धर्मांतरण के मामले और पश्चिम बंगाल और केरल में हिन्दुओं की हत्या के कथित मामलों पर चिंता जताई और महाराष्ट्र के पालघर में अप्रैल महीने में दो साधुओं समेत तीन लोगों की हत्या किए जाने के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। इन मुद्दों को विहिप की केन्द्रीय मार्गदर्शक मण्डल की दो दिवसीय बैठक में पारित एक प्रस्ताव में भी शामिल किया गया है। बैठक के समापन के बाद विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार और जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

एक अन्य प्रस्ताव के जरिए अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह का भी आह्वान किया गया। केंद्र की भाजपा-नीत सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और नागरिकता संशोधन विधेयक लाए जाने की भी विहिप ने सराहना की। प्रस्ताव में कहा गया, सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति के हितार्थ किए जा रहे कार्यों के प्रतिक्रिया स्वरूप राष्ट्र विरोधी तत्त्व भी बहुत तीव्रगति से सक्रिय हुए हैं।

एक तरफ मजहबी आतंकवाद से प्रेरित लव जेहाद तो दूसरी तरफ ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित धर्मान्तरण एवं शहरी नक्सलियों का राष्ट्र विरोधी अभियान भी तीव्र हुआ है। हरियाण के बल्लभगढ़ और देश के अन्य राज्यों में कथित लव जेहाद के मामलों का उल्लेख करते हुए प्रस्ताव में इसे सुनियोजित षड्यंत्र बताया गया और सभी राज्य सरकारों से इसके खिलाफ कानून बनाए जाने की मांग की गई। पालघर की घटना को महाराष्ट्र में सक्रिय चर्च, गैर सरकारी संगठनों के राजनैतिक गठजोड़ का वीभत्स स्वरूप करार देते हुए विहिप ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले पर पर्दा डालने का प्रयास किया और इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज कुचलने का प्रयास किया गया। प्रस्ताव में कहा गया, महाराष्ट्र सरकार द्वारा सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं करना तथा जांच के पूर्व ही मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री द्वारा घटना को भ्रम-जनित करार देना किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। विहिप पालघर घटना की निष्पक्ष सीबीआई जांच की मांग करता है। विहिप की ओर से कहा गया कि पश्चिम बंगाल एवं केरल में निरन्तर हिन्दुओं की हत्या और प्रताड़ित करने के कार्य हो रहे हैं।

प्रस्ताव में कहा गया, इन घटनाओं पर वामपंथी लेखक और विचारकों का मौन स्वीकृति तथा हिन्दू समाज की छोटी-छोटी घटना को बढ़ा-चढ़ा कर असत्य रूप में प्रस्तुत कर समाज में तनाव पैदा करना, इनका राष्ट्र-घातक उद्देश्य है। हमारी परम्परा, रीति- रिवाज, मठ-मन्दिर एवं साधु-सन्तों को बदनाम करना, इन वामपंथी बुद्धिजीवियों के सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है। हिन्दू समाज को इनके विरुद्ध न केवल जागृत रहने अपितु प्रबल विरोध करने की भी आवश्यकता है।



मथुरा जिले के वृंदावन में बुधवार को मिट्टी के दीये रखकर दिवाली मनाती विधवाएं

# तेलंगाना उपचुनाव में जीत से बढ़ा भाजपा का मनोबल

भाषा। हैदराबाद

**तेलंगाना** की दुब्बक विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली विजय से पार्टी का मनोबल बढ़ा है और सत्ताधारी दल तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के लिए यह नींद से जागने का मौका है। मंगलवार को घोषित किए गए उपचुनाव के नतीजों में, भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन राव ने टीआरएस की अपनी निकटम प्रतिद्वंद्वी एस सुजाता को 1,079 मतों से पराजित किया।

सुजाता के पति एस रामलिंगा रेड्डी की स्वास्थ्य कारणों से अगस्त में हुई मौत के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी जिसके चलते उपचुनाव कराना पड़ा। उपचुनाव के परिणाम से टीआरएस सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि 119 सदस्ईय विधानसभा में पार्टी के 100 विधायक हैं। हालांकि एक सीट पर भाजपा की जीत से राज्य की राजनीतिक स्थिति प्रभावित नहीं होगी लेकिन

## ● टीआरएस के लिए नींद से जागने का मौका

दुब्बक की सीट टीआरएस का गढ़ रही है और यह मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के गृह जिले सिद्दिपेट का एक हिस्सा है। रामलिंगा ने 2018 विधानसभा चुनाव में टीआरएस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और 62,000 मतों से जीत हासिल की थी। उस समय भाजपा के रघुनंदन राव को 22,595 मत मिले थे। राव को अब 63,352 मत मिले हैं और उन्होंने जीत हासिल की है। दुब्बक सीट पर भाजपा की जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि वर्तमान में राज्य की राजनीति पर टीआरएस का शिकंजा काफी मजबूत है। पार्टी ने 2018 के विधानसभा और पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव तथा स्थानीय निकाय चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। भाजपा द्वारा दुब्बक सीट पर विजय प्राप्त करना सत्ताधारी दल के किले में सेंध लगाने जैसा है, विशेषकर सिद्दिपेट जिले में जो मुख्यमंत्री का गृह जिला है। राजनीतिक विश्लेषक और पत्रकारिता के प्रोफेसर के नागेश्वर का मानना है कि एक उपचुनाव के नतीजे से राज्य की राजनीति नहीं पलटने वाली। उन्होंने कहा कि दुब्बक पर भाजपा की जीत को न तो नकारा जा सकता है न ही उसे आवश्कयता से अधिक महत्व देने की जरूरत है।


उन्होंने यहां कहा कि यदि ऐसा ही होता तो भाजपा ने 2012 में महबूबनगर की सीट जीती थी। इसका 2014 के चुनाव पर क्या प्रभाव पड़ा? (जब तेलंगाना बनने के बाद टीआरएस सत्ता में आई थी।) क्या भाजपा ने महबूबनगर की सीट पुन: जीती? महबूबनगर सीट जीतने की बात तो छोड़िए, वह तीसरे स्थान पर आ गई। नागेश्वर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र एक ऐसे पड़ाव पर पहुंच चुका है जहां हर चुनाव विशेष है। उन्होंने कहा कि एक उपचुनाव से राज्य की राजनीति नहीं बदलेगी लेकिन इसे हल्के में भी नहीं लिया जा सकता क्योंकि भाजपा ने अपने मतों की संख्या तीन गुना तक बढ़ा ली है।

## बिहार में करीब दो तिहाई विधायकों पर आपराधिक मामले: एडीआर

**नई दिल्ली।** बिहार में करीब दो तिहाई नवनिर्वाचित विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 81 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। चुनाव अधिकार समूह एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में विजई हुए 241 उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि 163 (68 फीसदी) प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। 123 (51 प्रतिशत) विधायकों ने बताया है कि उनके खिलाफ कत्ल, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध समेत संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में जीते 243 विधायकों में से 142 (58 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नवनिर्वाचित नौ विधायकों ने घोषित किया है कि उनके विरुद्ध हत्या (भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत) का मामला दर्ज है।

# बिहार विधानसभा चुनाव: लालू के दोनों बेटे जीते शरद की बेटी और शत्रुघ्न के बेटे को मिली हार

भाषा। पटना



**बिहार** विधानसभा चुनाव में अपने पिता की राजनीतिक विरासत बचाने उतरे उम्मीदवारों में से राजद प्रमुख लालू प्रसाद के दोनों बेटे जहां जीतने में कामयाब रहे वहीं दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव की पुत्री और अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र को हार का सामना करना पड़ा।

बिहार विधानसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे दिग्गज राजनीतिक घरानों में से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव क्रमशः राघोपुर और हसनपुर से एक बार फिर विजई हुए। लेकिन शरद यादव की 30 वर्षीय बेटी सुभाषिनी राज राव, जो कांग्रेस के टिकट पर बिहारीगंज सीट से चुनाव लड़ी थीं, उन्हें मधेपुरा में अपने पिता की कर्मभूमि (कार्यस्थल) की सेवा करने का मौका नही मिल पाया। सुभाषिनी 19,000 से अधिक मतों से मंझे हुए राजनीतिज्ञ और नीतीश कुमार के जद (यू) के मौजूदा विधायक नीरंजन मेहता से हार गईं। अभिनेता से राजनेता बने शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र लव सिन्हा, जो पटना के बांकीपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे, 27,000 मतों से भाजपा के निवर्तमान विधायक नितिन नबीन से हार गए।

राजनीतिक विरासत को आगे भी कायम रखने के लिए इस बार के चुनावी मैदान में उतरे विजई उम्मीदवारों में राष्टमंडल खेल में पदक विजेता निशानेबाज और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की बेटी श्रेयसी सिंह (जमुई सीट), सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद के पुत्र संजीव चौरसिया (दीघा), राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी (शाहपुर) और इसी दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र सुधाकर सिंह (रामगढ़) शामिल हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा झंझारपुर सीट से भाजपा के टिकट पर विजई हुए और राजद के वरिष्ठ नेता तुलसी दास मेहता के पुत्र आलोक मेहता राजद के टिकट पर उजियारपुर सीट से विजई रहे।

गौरतलब है कि चुनावी मैदान में उतरे राजनीतिक घरानों के उम्मीदवारों में हारने वालों की फेहरिस्त लंबी है। वयोवृद्ध कांग्रेस नेता सदानंद सिंह के पुत्र सुभानंद मुकेश, जो अपने पिता के स्थान पर चुनाव लड़े थे, कहलगांव सीट पर भाजपा के पवन यादव से 44,000 से अधिक मतों से हार गए। सदानंद सिंह ने अपने बेटे को चुनाव मैदान में उतारने से पहले आठ बार सीट का प्रतिनिधित्व किया था। छपरा में, राजद के वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ सिंह के बेटे रणधीर कुमार सिंह को मौजूदा विधायक सी एन गुप्ता (भाजपा) ने हराया।



मुंबई में बुधवार को दिवाली से पहले सड़क के किनारे दुकान पर लालटेन की खरीदारी करते लोग

# ओवैसी की उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी चुनाव लड़ने की योजना

भाषा। हैदराबाद



**बिहार** विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांच सीटें जीतने के बाद उत्साहित एआईएमआईएम अब उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी अपने पांव पसारने के लिए उत्सुक है। मंगलवार की रात संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एमआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पार्टी पूर्वी राज्य के सीमांचल क्षेत्र में न्याय की लड़ाई लड़ेगी।

भाजपा का विरोध करने वाली पार्टियों के वोट बांटने के आरोप पर ओवैसी ने कहा कि वह एक राजनीतिक पार्टी चला रहे हैं और पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी अन्य राज्यों में भी चुनाव लड़ेगी तो उन्होंने कहा, आपका मतलब है कि हमें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। आप (कांग्रेस) महाराष्ट्र में शिवसेना की गोद में जा बैठे। क्या किसी ने पूछा कि आप चुनाव क्यों लड़ते हैं, मैं पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और देश में हर चुनाव लड़ूंगा। मुझे क्या चुनाव लड़ने के लिए किसी से मंजूरी लेने की जरूरत है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या इन स्थानों पर पार्टी अकेले या अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। ओवैसी ने कहा कि एआईएमआईएम 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेगी। यह तो समय ही बताएगा कि हम किसके सहयोगी होंगे।

बिहार चुनाव में एआईएमआईएम को पश्चिम बंगाल के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा कथित तौर पर वोट कटवा पार्टी बोलने पर हमला करते हुए ओवैसी ने कहा कि वह जानना चाहते हैं कि उन्होंने (चौधरी ने) अपने विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिमों के लिए क्या कल्याणकारी काम किए हैं। उन्होंने कहा, एआईएमआईएम पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ेगी, एआईएमआईएम बंगाल आ रही है। कांग्रेस और अन्य पार्टियां एआईएमआईएम को भाजपा की बी टीम बताती है और भाजपा विरोधी पार्टियों का वोट बांटने के लिए ओवैसी की आलोचना करती रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार ओवैसी की एआईएमआईएम ने बिहार विधानसभा के तीसरे चरण के चुनाव में सीमांचल क्षेत्र में राजद नीत महागठबंधन के वोटों को भारी संख्या में प्रभावित किया।

ओवैसी की पार्टी बिहार में 20 सीटों पर चुनाव लड़ी, इनमें से ज्यादातर पर तीसरे चरण में सात नवंबर को मतदान हुआ था। एआईएमआईएम ग्रैंड डेमोक्रेटिक सेक्युलर फ्रंट का हिस्सा है। इस गठबंधन का हिस्सा उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी भी हैं।

# लोजपा ने दो दर्जन सीटों पर जदयू वीआईपी को नुकसान पहुंचाया

भाषा। पटना

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन के साथ मिलकर बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ने के मैदान में अकेले उतरी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) को करारी हार मिली है और उसे सिर्फ एक सीट से ही संतोष करना पड़ा है, लेकिन उसने करीब दो दर्जन सीटों पर जदयू, वीआईपी पार्टी को नुकसान पहुंचाया।

चिराग पासवान की पार्टी ने 135 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे लेकिन सिर्फ बेगूसराय की मटिहानी सीट से राजकुमार सिंह चुनाव जीतने में सफल रहे जहां उन्होंने जदयू के बाहुबली उम्मीदवार बोगो सिंह को हराया। बिहार विधानसभा चुनाव के मतगणना के आंकड़ों के अनुसार, लोजपा मटिहानी सीट जीती है, जहां उसने जदयू को ही हराया है। वहीं एकमा सीट से जदयू की सीता देवी राजद के श्रीकांत यादव से करीब 14 हजार वोट से हारीं। यहां पर लोजपा उम्मीदवार कामेश्वर सिंह मुन्ना को करीब 30 हजार वोट मिले। दिनारा से लोजपा उम्मीदवार राजेंद्र सिंह दूसरे स्थान पर रहे और राजद को जीत मिली और जदयू उम्मीदवार तीसरे नंबर पर चला गया। रघुनाथपुर सीट पर लोजपा और जदयू के मतों की कुल संख्या राजद से नौ हजार अधिक हो जाती है, लेकिन यह सीट राजद के खाते में गई है। वहीं, इस्लामपुर से जदयू प्रत्याशी करीब साढ़े तीन हजार वोटों से हारा और वहां लोजपा उम्मीदवार को साढ़े आठ हजार से अधिक मत मिले हैं। अलौली सीट से जदयू को 2773 वोट से राजद से मात मिली और वहां लोजपा को 26 हजार वोट मिले हैं। महाराजगंज सीट पर कांग्रेस ने जदयू को 1976 वोट से हराया जबकि यहां लोजपा को 18 हजार से अधिक वोट मिले। राजापाकड़ सीट से जदयू की 1500 वोटों से हार हुई और यहां लोजपा को 24 हजार वोट मिले। इसी प्रकार खगड़िया, ओबरा, गायघाट, महनार, चेनारी, जमालपुर, जगदीशपुर, महुआ, दरभंगा ग्रामीण, साहेबपुर कमाल सीटों पर लोजपा को मिले वोट से कम वोट से जदयू की हार हुई है।

# पेज 1 का शेष

## विकास ही...

ईमानदारी से काम करेगा। उन्होंने कहा, हर राजनीतिक दल से देश के लोगों की यही अपेक्षा है कि देश के लिए काम करो, देश के काम से मतलब रखो। भारत माता की जय के नारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मोदी ने कोरोना संक्रमण काल में भारी संख्या में मतदान के लिए और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग का आभार जताया।

## रोजगार अवसर...

जाति, जनजाति एवं महिला उद्यमियों को लाभ मिलेगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 14 मई 2020 के बाद अब तक प्रदेश की 6.24 लाख नई एमएसएमई इकाइयों को बैंकों द्वारा 18330 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अन्तर्गत इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारण्टी स्कीम के माध्यम से पूर्व संचालित 4.37 लाख एमएसएमई इकाइयों को कुल 10847 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया जा चुका है। इस प्रकार बैंकों के माध्यम से विभिन्न श्रेणी की एमएसएमई इकाइयों को 29000 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। प्रवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारण्टी स्कीम एक ऑप्ट आउट योजना है। इस योजना का दृष्टिकोण सार्वभौमिक है। सभी संस्थाएं योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए पात्र हैं, बशर्ते वे निर्धारित पात्रता मानदण्डों को पूरा करती हों।

## दो दर्जन...

गायत्री देवी ने राजद को रितू कुमारी को 1596 वोटों से हराया। मुंगेर में भाजपा के प्रणव कुमार ने राजद के अविनाश विद्यार्थी को 1244 मतों के अंतर से मात दी। महाराजगंज में जीत का अंतर 1976 था जबकि महिशी में यह मात्र 1630 रहा। किशनगंज में जीत का अंतर 1381 रहा जहां कांग्रेस के उम्मीदवार ने भाजपा की स्वीटी सिंह को हराया। झाझा मे जीत का अंतर 1679 वोट था। कल्याणपुर में 1193 तथा भागलपुर में 1113 रहा।

## चुनाव परिणाम...

रहेगी। जदयू नेता ने कहा, ' नीतीश कुमार जैसे किसी व्यक्ति के लिए यह कोई बहुत स्वागत योग्य स्थिति नहीं है। हमारे लिए जश्न मनाने के लिए क्या है।' जदयू के कार्यकर्ता और नेता इस बात से भी बेहद खफा है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने चिराग पासवान को राष्ट्रीय स्तर पर राजग में तब भी बने रहने दिया जब वे चुनावों में नीतीश कुमार की संभावनाओं को खत्म करने के उद्देश्य से उतरे थे और भ्रष्टाचार के मामलों में उन्हें जेल भेजने की धमकी दी थी। जो लोग नीतीश कुमार को जानते है वे इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि वे चिराग को माफ नहीं करेंगे तथा उन्हें राजग से बाहर करने के लिए भाजपा पर दबाव बनाएंगे। उनकी पार्टी 43 सीट पर सिमट गई जो भाजपा से 30 सीटें कम हैं-ऐसा लगता है कि वे क्या सोच रहे हैं इस बात को प्रकट करने में वे जल्दबाजी में नहीं हैं। हालांकि पिछले दो दिनों में भाजपा के कई शीर्ष नेता उनसे मिल चुके हैं। बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने जोर देकर कहा कि नीतीश कुमार बिहार में राजग सरकार के प्रमुख बने रहेंगे और भाजपा और जदयू के बीच सीटों का अंतर सत्तारूढ़ गठबंधन के समीकरण पर कोई असर नहीं डालेगा। यह पूछने पर कुमार मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे, जायसवाल ने प्रेट्र से कहा, ' निश्चित रूप से, 100 फीसदी।' उन्होंने कहा 'हम सहयोगी हैं और बराबर हैं। हमें मिलकर बिहार को चलाना है।' जायसवाल ने कहा, 'चौथी बार जीतना किसी के भी लिए हमेशा से एक बड़ा काम रहा है। हम जीते। यह साबित करता है कि सब कुछ ठीकठाक है। यह बहुत कम होता है कि लगातार चौथी बार भी जीते। हमने ऐसा किया और सब कुछ ठीक है।' इस बात को दोहराते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा, 'नीतीशजी मुख्यमंत्री बने रहेंगे क्योंकि यह हमारा वादा है। इसमें कोई दुविधा नहीं है।' सुशील मोदी ने कहा 'सभी पार्टियां इतनी संख्या में सीट नहीं जीत पातीं। किसने कितनी सीट जीती इस बात का कोई मतलब नहीं है, लोगों ने राजग को वोट दिया। भाजपा ने जदयू की जीत में भूमिका निभाई और जदयू ने भाजपा की जीत में योगदान दिया। जदयू, भाजपा, वीआईपी और एचएएम मिलकर काम किया उसके बाद हम यह जीत दर्ज कर सकें।' यदि नीतीश मुख्यमंत्री पद पर बरकरार रहते हैं तो वे सातवीं बार इस पद के लिए शपथ लेंगे। लेकिन भाजपा और जदयू के बीच रिश्ते अलग होगे क्योंकि इस बार गठबंधन में भाजपा वरिष्ठ सहयोगी होगी। नीतीश को यदि मुख्यमंत्री पद पर रहने दिया गया तो भाजपा निश्चित ही भाजपा अपनी हिस्सेदारी लेने की कोशिश करेगी। वह नीतियां बनाने में मुख्य रूप में भूमिका निभाने चाहेगी तथा हालात का फायदा उठाकर अपनी जमीन को विस्तार देना चाहेगी जहां बिहार की जंग में उसे असली विजेता के रूप में देखा जा रहा है। इस बीच चिराग पासवान की लोजपा द्वारा राजग, खासतौर पर जदयू की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाए जाने के सवाल पर जायसवाल ने कहा कि लोजपा ने भाजपा को भी कई सीटों पर नुकसान पहुंचाया। उन्होंने दावा किया कि यदि लोजपा नहीं होती तो भाजपा राजद नेता तेजस्वी यादव को राघोपुर विधानसभा सीट पर हरा देती। यह पूछने पर कि क्या लोजपा का सत्तारूढ़ गठबंधन में कोई स्थान है, उन्होंने कहा कि यह भाजपा संसदीय बोर्ड का मसला है। हालांकि उन्होंने जोड़ा कि बिहार में राजग का आशय भाजपा, जदयू, विकासशील इंसान पार्टी और जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले एचएएम (एस) से है।

## फिलहाल महंगी...

में कमी के प्रस्ताव पर आयोग ने अपने आदेश में यह फैसला सुरक्षित रखा है। आयोग ने अपने आदेश में स्मार्ट मीटर पर आने वाले सभी खर्च को उपभोक्ताओं पर नहीं पास होगा का आदेश भी सुना दिया गया है। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता परिषद की मांग को मानते हुये स्मार्ट मीटर के मामले में 5 किलोवाट तक आरसीडीसी फीस मात्र 50 प्रति जाब व 5 किलोवाट के ऊपर के लिए 100 प्रति जाब अनुमोदित किया गया है जो अभी तक बिजली कम्पनियां आरसीडीसी फीस 600 वसूल कर रही थीं। वहीं प्रीपेड उपभोक्तओं से अब आरसीडीसी फीस नहीं वसूल की जाएगी। आयोग ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कम्पनियों पर निकल रहे 13337 करोड़ पर बिजली कम्पनियों को जब तक इसका लाभ उपभोक्ताओं को न दिया जाये तब तक उस पर कैरिंग कास्ट यानि 13 से 14 प्रतिशत ब्याज भी जोड़ा जाएगा और इसका लाभ आगे उपभोक्ताओं को मिलेगा।

## बदमाशों ने...

श्रीवास्तव का कहना है कि बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगाई गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने लूटपाट की घटना से इनकार किया है।

## गतिरोध सुलझाने...

को एलएसी के पास गतिरोध वाले स्थानों से पीछे के बेस में ले जाएंगे। दूसरे के कदम के तौर पर पीएलए के सैनिक पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर फिंगर चार के अपने मौजूदा स्थान से फिंगर आठ क्षेत्र में चले जाएंगे जबकि भारतीय सैनिक धान सिंह थापा चौकी के करीब तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि सेनाओं के बीच बनी सहमति के तहत व्यापक रूप से तीन दिनों में हर दिन करीब 30 प्रतिशत सैनिकों की वापसी होगी। तीसरे चरण में पैंगोग झील के दक्षिणी किनारे पर रेजांग ला, मुखपारी और मगर पहाड़ी जैसे क्षेत्रों से सैनिक पीछे हटेंगे। भारतीय सैनिकों ने पैंगोग झील के दक्षिणी किनारे के आसपास रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण मुखपारी, रेजांग ला और मगर पहाड़ी जैसे क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने बताया, ये सब प्रस्ताव है। समझौते पर अभी दस्तखत नहीं हुआ है। सूत्र ने कहा कि सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में दोनों पक्ष विस्तृत सत्यापन करेंगे जिसके बाद सामान्य गश्त बहाल होने की उम्मीद है। पीएलए के साथ कोर कमांडर स्तर पर आठवें दौर की वार्ता के पहले शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने सैनिकों के पीछे हटने और पूर्वी लद्दाख में तनाव घटाने के लिए प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया था।

# परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का फायदा मिला

## खिताबी जीत के बाद मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने कहा

### मुंबई विश्व की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीमः पोलार्ड

भाषा। दुबई

**मुंबई** इंडियन्स के खिलाड़ियों ने इंडियन प्रीमियर लीग में पांचवीं बार खिताब जीतने का श्रेय टीम प्रयास को दिया और कहा कि एक महीने पहले आकर यूएई की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का भी टीम को फायदा मिला। मुंबई ने गत मंगलवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर अपने खिताब का भी बचाव किया। वह आईपीएल की सबसे सफल टीम भी बन गई है और हरफनमौला पोलार्ड ने उसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम बताया। पोलार्ड ने कहा कि यह बहुत अच्छा अहसास है कि मैं पिछले 11 वर्षों से इस टीम से जुड़ा हूं और यह पांचवीं ट्राफी है। मुंबई के पास जितनी ट्राफी हैं, जैसा कौशल है, आप यह कह सकते हो कि मुंबई सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम है। टीम के आलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा कि बहुत कुछ श्रेय हमारी तैयारियों को जाता है।

हम एक महीने पहले यहां आ गए थे और हर कोई अपनी भूमिका जानता था। हर कोई खेलने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में था। हार्दिक पंड्या पीठ दर्द के कारण इस सत्र में गेंदबाजी नहीं कर पाए लेकिन उन्होंने जो भूमिका निभाई, उससे वह खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैं इससे परेशान नहीं हूं। मैंने जो किया उसका लुत्फ उठाया। मेरे यह मौका मिलने से जुड़ा है। यह सब कुछ तैयारियों से जुड़ा है। हमने अच्छे प्रदर्शन करने और लगातार सुधार करने पर ध्यान दिया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह शुरू से ही लय में थे भले ही शुरुआती मैचों में उन्हें जूझना पड़ा था। उन्होंने कहा पहले मैच से मुझे लग रहा था कि मेरी लय अच्छी रही। जब मैंने एबी डिविलियर्स और विराट कोहली के खिलाफ सुपर ओवर किया तो उसके बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। मैंने चीजों को सरल बनाए रखा और हर समय बेसिक्स पर ध्यान दिया। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि तैयारियां, प्रक्रिया और स्टीन महत्वपूर्ण होता है। आपको अपने कौशल का प्रदर्शन करना होता है।

रोहित के सामने अपना विकेट गंवाने के बारे में तब अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। वह पारी संवार रहा था इसलिए मुझे अपना विकेट गंवाने का दुख नहीं है। इशान किशन ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं इस सत्र से पहले बहुत अच्छी स्थिति में नहीं दिख रहा था। मैंने क्रुणाल और हार्दिक पंड्या से बात की तथा अपनी फिटनेस और ऑफ साइड के खेल पर काम किया। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन कूल्टर नाइल ने कहा कि पहली बार चैंपियन टीम का हिस्सा बनकर अच्छा महसूस हो रहा है। कूल्टर नाइल ने कहा, पैटिनसन बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा था इसलिए मैं अपने लिए मौके का इंतजार करके खुश था जो कि मुझे मिला। टूर्नामेंट के आखिर में अच्छा प्रदर्शन करना शानदार रहा। दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि कोविड-19 के समय में परिवार से दूर रहना मुश्किल था लेकिन विजयी टीम का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है। डिकॉक ने कहा कि परिवार से दूर रहना मुश्किल था लेकिन यह शानदार अहसास है। इसको लेकर सवाल उठाए जा रहे थे कि क्या मुंबई इंडियन्स खिताब का बचाव कर सकता है।

सहयोगी स्टाफ हर किसी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। उनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। टूर्नामेंट में फाइनल सहित केवल दो मैचों में खेलने वाले जयंत यादव ने कहा, लगातार दो साल चैंपियन टीम का हिस्सा बना शानदार अहसास है। इससे हमारी टीम की मजबूती का पता चलता है। यह पूरे सत्र में किए गए प्रयासों का परिणाम है। फाइनल में अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाने वाले राहुल चाहर ने कहा, मेरा नहीं खेलना महत्वपूर्ण नहीं है, खिताब जीतना महत्वपूर्ण है। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मैंने टीम को खिताब दिलाने में अपनी भूमिका निभाई।

### जीत की आदत बनाए रखना महत्वपूर्ण था: रोहित

**दुबई।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने पांचवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जीत की आदत बनाए रखना महत्वपूर्ण था जिसमें उनकी टीम सफल रही। रोहित ने कहा कि जिस तरह से पूरे सत्र में हमारी टीम ने प्रदर्शन किया उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने टूर्नामेंट के शुरू में कहा था कि हमें जीत की आदत बनाए रखने की जरूरत है। हम इससे अधिक की उम्मीद नहीं कर सकते थे। हमने पहली गेंद से अपने प्रयास शुरू किए और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। सहयोगी स्टाफ को भी बहुत श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए उचित संतुलन तलाशना था। मैं उन कप्तानों में नहीं हूं जो खिलाड़ियों के पीछे पड़ा रहे। उनमें आत्मविश्वास भरना महत्वपूर्ण है। क्रुणाल, हार्दिक और पोलार्ड लंबे समय से अपनी भूमिका निभा रहे हैं और वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। मुंबई इंडियन्स ने फाइनल में राहुल चाहर को अंतिम एकादश में नहीं रखा और रोहित ने इसे रणनीतिक फैसला बताया। उन्होंने कहा कि राहुल नहीं खेल पाया और ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी था कि वह यह समझे कि उसने कुछ गलत नहीं किया और यह रणनीतिक चाल थी। हमने यह भी सुनिश्चित किया कि सूर्यकुमार यादव और इशान किशन पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलें।

### फाइनल में पहुंचना छोटी उपलब्धि नहीं: अय्यर

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद कहा कि उन्हें अपनी टीम के खिलाड़ियों पर गर्व है क्योंकि फाइनल में पहुंचना छोटी उपलब्धि नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची और अय्यर ने कहा कि हम अब और मजबूत होकर वापसी करेंगे और कोशिश करेंगे कि हम ट्राफी जीत जाएं। अय्यर ने दूसरे स्थान पर रही टीम का 12 करोड़ 50 लाख रुपये का चेक लेने के बाद कहा कि आईपीएल हमेशा आपको हैरान करती है। यह लीग शायद सबसे कठिन लीग में से एक है। इस लीग में खेलने का अहसास अद्भुत है। यह शानदार सफर रहा। मुझे अपने खिलाड़ियों पर गर्व है, फाइनल में पहुंचना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह शानदार उपलब्धि है। आईपीएल जीतना और ज्यादा बड़ा है। यह इससे एक कदम आगे है। उन्होंने अपनी टीम के प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने पूरे सत्र में टीम का समर्थन किया।

# रोहित को टी-20 क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया जाएः गंभीर

### रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब जीते है

भाषा। नई दिल्ली



**क्रिकेटर** से राजनेता बने गौतम गंभीर और इंग्लैंड के माइकल वॉन ने रोहित शर्मा को भारतीय टी-20 टीम का कप्तान बनाए जाने का समर्थन किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गंभीर ने तो यहां तक कहा कि अगर इस स्टार बल्लेबाज को यह भूमिका नहीं सौंपी गई तो यह शर्मनाक होगा। रोहित की अगुआई में मुंबई इंडियन्स ने पांचवां इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में अर्धशतक जड़ने के अलावा अपनी चतुराई भरी कप्तानी से भी काफी प्रभावित किया। वह फिलहाल सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान हैं। गंभीर ने कहा कि अगर रोहित शर्मा भारतीय कप्तान नहीं बनते तो यह उनका नुकसान है, रोहित का नहीं। उन्होंने कहा कि हां, कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं लेकिन कप्तान को परखने का पैमाना क्या है कि कौन अच्छा है और कौन नहीं? पैमाना और मापदंड समान होने चाहिए। रोहित की अगुआई में मुंबई इंडियन्स ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियन्स ने मंगलवार को दुबई में दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर पांचवां बार आईपीएल खिताब अपने नाम किया। गंभीर ने कहा कि हम कहते रहते हैं कि महेंद्र सिंह धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान हैं। क्यों? क्योंकि उनकी अगुआई वाली टीम ने दो विश्व कप और तीन आईपीएल खिताब जीते हैं। उन्होंने कहा कि रोहित ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं, वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल कप्तान हैं। भविष्य में अगर उसे भारत की सीमित ओवरों या टी-20 टीम की कप्तानी नहीं मिलती तो यह शर्मनाक होगा। गंभीर ने कहा कि क्योंकि वह इससे अधिक कुछ नहीं कर सकता। वह सिर्फ उन टीमों को जीत दिलाने में मदद कर सकता है जिनकी वह कप्तानी कर रहा है। इसलिए अगर वह सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत का नियमित कप्तान नहीं बनता है तो यह भारत का नुकसान होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के आईपीएल खिताब जीतने के नाकाम रहने के लिए विराट कोहली को जवाबदेह बनाने की मांग कर चुके गंभीर ने कहा कि उनके कहने का मतलब यह नहीं था कि कोहली की कप्तानी खराब है लेकिन उन्होंने बस सुझाव दिया था कि कप्तानी बांटने का मॉडल समय की जरूरत है। गंभीर ने कहा कि वह कप्तानी बांटने पर विचार कर सकते हैं। कोई भी बुरा नहीं है। रोहित ने सीमित ओवरों के प्रारूप में दिखाया है कि उसकी और विराट की कप्तानी में कितना बड़ा अंतर है। एक खिलाड़ी की अगुआई में उसकी टीम ने पांच खिताब जीते, दूसरे ने अब तक नहीं जीता। उन्होंने कहा कि मैं यह इसलिए नहीं कह रहा क्योंकि कोहली बुरा कप्तान है लेकिन उसे भी वहीं मंच मिला है तो रोहित को मिला है, इसलिए आपको दोनों को समान पैमाने पर मापना होगा। टी-20 में नेतृत्व के लिए रोहित का समर्थन करते हुए कहा वॉन ने ट्विटर पर लिखा कि दोनों बराबर समय से आईपीएल में कप्तान हैं। मुझे लगता है कि रोहित नेतृत्वकर्ता के रूप में सबसे आगे है।

# सौरव गांगुली ने आईपीएल की सफलता के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया

### बायो बबल मानसिक रूप से बेहद कठिन

भाषा। दुबई



**बीसीसीआई** अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए बुधवार को कहा कि लीग के दौरान जैव सुरक्षित माहौल में रहना मानसिक रूप से कठिन था। गांगुली ने ट्वीट किया कि बीसीसीआई और तमाम पदाधिकारियों के साथ मैं निजी तौर पर आईपीएल टीम के सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बायो बबल में रहकर इस टूर्नामेंट को सफल बनाया। यह मानसिक रूप से कठिन था और आपकी प्रतिबद्धता ने ही भारतीय क्रिकेट को यहां तक पहुंचाया। कोरोना वायरस महामारी के कारण आईपीएल अप्रैल मई की बजाय अक्टूबर नवंबर में यूएई में खेला गया। बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने कहा कि सौरव गांगुली और जय शाह के मार्गदर्शन में आईपीएल के सफल आयोजन के लिसे बधाई। इस तरह के चुनौतीपूर्ण समय में सबसे सफल आईपीएल का आयोजन हुआ। सभी फ्रेंचाइजियों को धन्यवाद। हमें आपकी कमी खली। उम्मीद है कि आपका शोर आईपीएल 2021 में मैदान में फिर सुनाई देगा।

### टी-20 में देशज जर्सी पहनेगी आस्ट्रेलियाई टीम

**मेलबर्न।** क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के देशज निवासियों के योगदान को सम्मान देने के लिए आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला में खास तौर पर डिजाइन की गई देशज जर्सी पहनेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने डिजाइन का अनावरण किया जो निर्माता एसिक्स और दो देशज महिलाओं आंटी फियोना क्लार्क और कर्टनी हाजेन ने तैयार किया है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने कहा कि क्लार्क दिवंगत क्रिकेटर मास्किटो कजेंस की वंशज है जो 1868 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली टीम में देशज खिलाड़ी थे। यह डिजाइन देशज मूल के पूर्व, वर्तमान और भविष्य के खिलाड़ियों को समर्पित है। आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने भी इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच में ऐसी जर्सी पहनी थी। मिशेल स्टार्क ने कहा कि इस तरह की जर्सी पहनने का मौका मिलने को लेकर काफी रोमांचित हूं।

# खुद को साबित करना चाहते हैं उदीयमान सुमित राठी

भाषा। पणजी

**भारतीय** फुटबॉल टीम के युवा डिफेंडर सुमित राठी इंडियन सुपर लीग में पिछले सत्र में उदीयमान खिलाड़ी बने थे लेकिन आगामी सत्र में अनुभवी खिलाड़ियों से सजी एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) की टीम में इस 19 साल के खिलाड़ी के लिए जगह बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। पिछले साल की चैम्पियन एटीके और मोहन बागान के करार से बनी टीम एटीके मोहन बागान से संदेश झींगन, सुभाशीष बोस, तिरि जैसे रक्षापंक्ति के अनुभवी खिलाड़ी जुड़े है। ऐसे में राठी के लिए शुरुआती 11 में जगह बनाना मुश्किल होगा। राठी हालांकि इस साल पांच खिलाड़ियों के स्थानापन्न की सुविधा के कारण मौका मिलने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि कोच सर ने कहा है कि पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मैं तैयार हूं। एटीकेएमबी से पांच साल का करार हासिल करने वाले इस युवा खिलाड़ी ने कहा, इस बार पांच खिलाड़ियों को स्थानापन्न के तौर पर खेलने को मिलेगा। अगर मौका मिला तो मैं खुद को साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। राठी 2019-20 सत्र में पदार्पण करते हुए 14 मैचों में एटीके के लिए मैदान में उतरे और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत के लिए अंडर-14 और अंडर-18 स्तर पर खेल चुके राठी कोलकाता फुटबॉल लीग में दमदार खेल के बाद टीम से जुड़े थे। उन्होंने कोच एंटोनियो लोपेज हबास की टीम से जुड़ने के लम्हे को याद करते हुए कहा, जब मुझे टीम से बुलावा आया था तब मैं पूरी रात सो नहीं पाया था, चैम्पियन बनने के बाद भी ऐसा ही हुआ था। मुजफ्फरनगर के इस खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए भी हुआ था लेकिन कोविड-19 के कारण उसे रद्द कर दिया गया था।

### पहले सऊदी लेडीज इंटरनेशनल गोल्फ में हिस्सा लेंगी अदिति

**केइक।** अदिति अशोक और त्वेसा मलिक सहित भारत की चार गोल्फर गुरुवार से यहां शुरू हो रहे पहले अरेमको सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। दुबई में पिछले हफ्ते अदिति ने एक दौर में आठ अंडर 64 का शानदार प्रदर्शन किया था और संयुक्त छठे स्थान पर रही थी।

त्वेसा ने संयुक्त 27वां स्थान हासिल किया था। इस 10 लाख यूरो इनामी टूर्नामेंट में अदिति और त्वेसा के अलावा दीक्षा डागर और आस्था मदान भी हिस्सा लेंगी। मोरक्को की पेशेवर गोल्फर माहा हादिओई इस प्रतियोगिता के दौरान सऊदी अरब में प्रतिस्पर्धा पेश करने वाली अरब देशों की पहली महिला बनेंगी। भारतीय खिलाड़ियों में अदिति सबसे पहले कोर्स पर उतरेंगी। वह नूरिया इटुरियोज और ओलीविया कोवान के साथ शुरुआत करेंगी।

## शोएब मलिक और आमिर न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम में नहीं

**कराची।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आगामी न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुनी गई 35 सदस्यीय टीम में अनुभवी आलराउंडर शोएब मलिक और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को जगह नहीं दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने संयुक्त टीम का चयन किया है। इसमें सीनियर टीम और पाकिस्तान ए टीम के खिलाड़ी शामिल हैं।

पीसीबी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया है कि कौन सा खिलाड़ी किस प्रारूप में खेलेगा। पाकिस्तान को 18, 20 और 22 दिसंबर को न्यूजीलैंड से तीन टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। इसके बाद 26 से 30 दिसंबर के बीच माउंटी मौनगानुई और तीन से सात जनवरी के बीच क्राइस्टचर्च में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत टेस्ट श्रृंखला खेली जाएगी। पाकिस्तान की टीम 23 नवंबर को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। बाबर आजम को पहले ही तीनों प्रारूपों में पाकिस्तान का कप्तान नियुक्त किया गया है। टेस्ट मैचों में मोहम्मद रिजवान उनके साथ उप कप्तान होंगे।

**टीम:** सलामी बल्लेबाज: आबिद अली, इमाम उल हक, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद, फखर जमां और जीशान मलिक। मध्यक्रम के बल्लेबाज: बाबर आजम (कप्तान), अजहर अली, फवाद आलम, हुसैन तलत, हैदर अली, इमरान बट, हारिस सोहेल, इफ्तिखार अहमद, मुहम्मद हफीज, खुशदिल शाह और दानिश अजीज। विकेटकीपर: मोहम्मद रिजवान, सरफराज अहमद और रोहेल नजीर। स्पिनर: इमाद वसीम, शादाब खान, उस्मान कादिर, यासिर शाह और जफर गोहर। तेज गेंदबाज: अमद बट, फहीम अशरफ, हारिस रफफ, मोहम्मद मूसा, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद अब्बास, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, सोहेल खान और वहाब रियाज।

# भारतीय क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना, चार टेस्ट खेलेगी

भाषा। दुबई

**भारतीय** क्रिकेट टीम बुधवार को आस्ट्रेलिया के दो महीने के दौरे पर रवाना हो गई जहां वह दो साल पहले ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला की जीत को सफलता को दोहराना चाहेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की एक तस्वीर ट्वीट की जिसमें खिलाड़ी पीपीई किट पहने हुए हैं। यह दौरा कोविड-19 महामारी के बीच हो रहा है। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा है, भारतीय टीम की वापसी। चलो नए तौर तरीकों को अपनाएं। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे हैं। अपनी टीमों का अभियान समाप्त होने के बाद वे राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार किए गए जैव सुरक्षित वातावरण में चले गए। टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा और अन्य सहयोगी स्टाफ पिछले महीने यहां पहुंचने के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार किए जैव सुरक्षित वातावरण में चले गए थे। मुंबई इंडियन्स को रिकार्ड पांचवां खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा और बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में चोट से उबर रहे इशांत शर्मा बाद में टीम से जुड़ेंगे।

दोनों केवल टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। रोहित को पिछले महीने मांसपेशियों में खिंचाव आने के कारण किसी भी टीम में नहीं चुना गया था लेकिन बाद में उन्हें टेस्ट टीम में रखा गया। रोहित ने अंतिम लीग मैच में वापसी करके सभी को चौंका दिया था और इसके बाद क्वालीफायर और फाइनल में भी खेले थे। भारत के नंबर एक टेस्ट विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा भी टीम के दौरे पर जा रहे हैं। वह आईपीएल की अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए तीन नवंबर को चोटिल हो गए थे। बीसीसीआई ने नौ नवंबर को संशोधित टीम घोषित करते हुए, कहा था, साहा की उपलब्धता पर बाद में फैसला किया जाएगा। भारतीय टीम 27 नवंबर से तीन वनडे, तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय और चार टेस्ट मैच खेलेगी।

वनडे और टी-20 श्रृंखला 27 नवंबर से आठ दिसंबर के बीच सिडनी और कैनबरा में खेली जाएगी। बहु प्रतीक्षित टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत एडीलेड में 17 दिसंबर से दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगी। कप्तान विराट कोहली को पहले टेस्ट मैच के बाद पितृत्व अवकाश की अनुमति दे दी गई है। उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा जनवरी के पहले सप्ताह में मां बनने वाली हैं। भारतीय टीम सिडनी पहुंचेगी जहां वह 14 दिन तक पृथकवास पर रहेगी। इस दौरान हालांकि उन्हें अभ्यास करने की अनुमति दी गई है।

## भारत स्थगित मैचों को मार्च और जून में खेलेगा

### फुटबालः क्वालीफाइंग मुकाबले

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित 2022 फीफा विश्व कप और 2023 एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों को अगले साल मार्च और जून में खेलेगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की महाद्वीपीय प्रतियोगिता समिति ने बुधवार को इस मामले पर फैसला लिया। समिति ने हालांकि इसकी तारीखों की घोषणा नहीं की। फीफा अंतराष्ट्रीय मैच कैलेंडर के अनुसार 2021 के लिए पहली विंडो 22 से 30 मार्च के बीच है जबकि दूसरी विंडो 31 मई से 15 जून तक है। एएफसी ने समिति की ऑनलाइन बैठक के बाद कहा, एशियाई क्वालीफायर के दूसरे चरण के सभी मैच 15 जून 2021 तक हो जाएंगे। मैच दिवस सात एवं आठ का आयोजन मार्च 2021 और मैच दिवस नौ एवं 10 का आयोजन जून 2021 में होगा। सितंबर 2021 में एशियाई क्वालीफायर के फाइनल चरण का आयोजन होगा। भारत फीफा विश्व कप 2022 के लिए क्वालीफाई की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन दूसरे चरण में अभी उसे तीन मुकाबले खेलने हैं। इसमें कतर और अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान जबकि बांग्लादेश के खिलाफ उनकी सरजमीं पर खेलना है। भारतीय टीम ग्रुप ई में पांच मैचों में तीन अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

### 10 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिली

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के इरादे से बुधवार को 10 और क्षेत्रों के लिए दो लाख करोड़ रुपये मूल्य की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना का लाभ रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन जैसे उत्पाद, औषधि, विशेष प्रकार के इस्पात, वाहन, दूरसंचार, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, सौर फोटोवोल्टिक और मोबाइल फोन बैटरी जैसे उद्योगों में निवेशकों को मिलेगा।

# सेंसेक्स 316 अंक उछलकर नई ऊंचाई पर हुआ बंद

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में बुधवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 316.02 अंक की बढ़त के साथ रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। मुख्य रूप से वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और मजबूत पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 43,708.47 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर तक चला गया था। अंत में यह 316.02 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,593.67 अंक पर बंद हुआ जो बंद की ऊंचाई का इसका नया रिकार्ड है। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी कारोबार के दौरान 12,769.75 अंक तक चला गया था। अंत में यह 118.05 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,749.15 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में टाटा स्टील रही। इसमें करीब 8 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, इन्फोसिस, सन फार्मा, कोटक बैंक, ओएनजीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी अच्छी बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहे। रिलायंस सिक्योरिटीज के संस्थागत कारोबार प्रमुख यश महाजन ने कहा कि घरेलू बाजारों में उत्साह बना हुआ है और लगातार आठवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण बीओ एनटेक और फाइजर के संयुक्त रूप से विकसित कोरोना वायरस टीके को लेकर चीजें स्पष्ट होने से निवेशक उत्साहित हैं। इसके अलावा दूसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर परिणाम से भी धारणा पर अच्छा प्रभाव पड़ा है।

### पोत परिवहन मंत्रालय का नाम बदला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पोत परिवहन मंत्रालय का नाम बदलकर बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय कर दिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय की अधिसूचना के मुताबिक इस मंत्रालय के तहत पोत परिवहन और नौवहन, समुद्री व्यापार के लिए शिक्षण एवं प्रशिक्षण, प्रकाशस्तंभ और प्रकाशपोत, बंदरगाहों, पोत परिवहन और नौवहन का प्रशासन काम करेगा। इसमें राष्ट्रीय जलमार्गों के जरिए यात्रियों एवं माल की आवाजाही भी शामिल है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 77 के खंड (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके और भारत सरकार (कार्य का आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन करके लिया गया था।

# सरकारी कर्मचारी को एलटीसी कैश वाउचर योजना के तहत खरीदारी की मिली छूट

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के कर्मचारी एलटीसी कैश वाउचर योजना के तहत पत्नी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से वस्तुओं या सेवाओं की खरीदारी कर सकते हैं। हालांकि सदस्य एलटीसी किराया पाने के योग्य होने चाहिए। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने इस योजना के संबंध में अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) के जवाब में स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी ने औपचारिक रूप से इस योजना में शामिल होने का विकल्प नहीं चुना है, तो भी वह 12 अक्टूबर या इसके बाद 12 प्रतिशत से अधिक जीएसटी वाली वस्तुओं या सेवाओं की खरीद पर धनराशि पाने का दावा कर सकता है। व्यय विभाग ने कहा कि योजना के तहत खरीदे गए सामान और सेवाओं के चालान पति या पत्नी या किसी अन्य पारिवारिक सदस्य के नाम पर हो सकता है, जो एलटीसी के लिए पात्र हैं। सरकार ने अर्थव्यवस्था में मांग को बढ़ावा देने के लिए इस साल अपने कर्मचारियों को अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) के एवज में नकद वाउचर देने की घोषणा की है। इन वाउचर का इस्तेमाल सिर्फ ऐसे गैर-खाद्य सामान खरीदने के लिए किया जा सकता है जिनपर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगता है।

### भारत में यात्री गाड़ियों की थोक बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ीः सियाम

**नई दिल्ली।** ऑटो उद्योग की संस्था सियाम ने बुधवार को कहा कि भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अक्टूबर में 14.19 प्रतिशत बढ़कर 3,10,294 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 2,71,737 इकाई थी। सियाम ने कहा कि त्यौहारी सीजन में बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए डीलरों ने अधिक संख्या में गाड़ियां मंगाई। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के अनुसार इस दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री 16.88 प्रतिशत बढ़कर 20,53,814 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 17,57,180 इकाई थी। इस दौरान मोटरसाइकल की बिक्री 23.8 और स्कूटर की बिक्री में 1.79 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

# दो करोड़ निर्माण श्रमिकों को दी गई 5,000 करोड़ की राहतः गंगवार

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित करीब दो करोड़ निर्माण श्रमिकों के बैंक खाते में कुल 5,000 करोड़ रुपये जमा कराए गए। वह श्रम मंत्रालय के मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) कार्यालय (सीएलसी), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के कोरोना योद्धाओं को सम्मानित करने के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महामारी के दौरान कर्मचारियों और श्रमिकों की दिक्कतें दूर करने में इन निकायों के कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आधिकारिक बयान के मुताबिक गंगवार ने कहा कि श्रमिकों और उद्योग की बेहतरी के लिए श्रम मंत्रालय ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। करीब दो करोड़ निर्माण श्रमिकों के बैंक खातों में 5,000 करोड़ रुपये जमा कराए गए। श्रम मंत्री ने कहा कि सीएलसी (केंद्रीय) ने श्रमिकों के खाते में आसान तरीके से पैसे जमा कराने के लिए 80 अधिकारियों को लगाया था। वहीं ईएसआईसी और ईपीएफओ के नोडल अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यालयों ने कर्मचारियों की मुश्किलों के निवारण के लिए रात-दिन काम किया।

# बाइडन से फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं ने की बात

**● जीत की शुभकामनाएं दी और इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय मुद्दों तथा कोविड-19 जैसी वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने को लेकर साझा प्रयासों पर भी चर्चा की**

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** चुनाव के विजेता जो बाइडन को फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड और ब्रिटेन के नेताओं ने मंगलवार को फोन पर जीत की शुभकामनाएं दी और इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय मुद्दों तथा कोविड-19 जैसी वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने को लेकर साझा प्रयासों पर भी चर्चा की। अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति से फोन पर सबसे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बात की। वर्ष 2016 में उस समय चुने गए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करने वाले पहले पांच विश्व नेताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल थे।

मोदी के अलावा कुछ अन्य विश्व नेताओं ने हालांकि बाइडन और नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को ट्विटर पर जीत की शुभकामनाएं दी हैं। बाइडन ने हालांकि इन शुभकामनाओं पर ट्विटर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। फोन पर बातचीत के दौरान बाइडन ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों का बधाई के लिए शुक्रिया अदा किया और फ्रांस-अमेरिका के बीच रिश्ते मजबूत करने की इच्छा जाहिर की।

बाइडन-हैरिस सत्ता हस्तांतरण दल की ओर से जारी जानकारी के अनुसार बाइडन ने नाटो और यूरोपीय संघ सहित ट्रांस-अटलांटिक तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को की इच्छा जताई।

जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल से फोन पर बातचीत के दौरान बाइडन ने उनके नेतृत्व की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि वह अमेरिका और जर्मनी के बीच संबंधों को मजबूत करने और नाटो तथा यूरोपीय संघ सहित ट्रांस-अटलांटिक को एक बार फिर मजबूत करने को उत्साहित हैं।

बाइडन ने जीत की शुभकामनाओं के लिए मर्केल का शुक्रिया भी अदा किया।बाइडन ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया अदा किया और विशेष संबंध को मजबूत करने तथा साझा चिंता के विषयों पर सहयोग की इच्छा व्यक्त की। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन वर्ष 2021 में जी-7 और संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी26) की मेजबानी करने के लिए तैयार है और इसके मद्देनजर वह विशेष रूप से वैश्विक चुनौतियों पर एक साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।दल के अनुसार बाइडन ने आयरलैंड के नेता टी. माइकल मार्टिन से भी बात की और उनका भी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद किया और अमेरिका तथा आयरलैंड के बीच स्थाई व्यक्तिगत, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की इच्छा जाहिर की।

## ट्रंप का हार स्वीकार ना करना शर्मिंदगी भरा है: बाइडन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि देश के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हाल में सम्पन्न हुए चुनाव में हार स्वीकार ना करना शर्मिंदगी भरा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के हार स्वीकार नहीं करने से सत्ता के हस्तांतरण की उनकी योजना पर कोई असर नहीं पड़ेगा और उन्होंने विश्व नेताओं से बात करनी शुरू कर दी है।डेलावेयर के विलमिंगटन में बाइडन ने पत्रकारों से कहा, सच कहूं, तो मुझे लगता है कि यह एक शर्मिंदगी भरी हरकत है....इससे राष्ट्रपति की विरासत को कोई मदद नहीं मिलेगी....विश्व के नेताओं के साथ अपनी बातचीत के बाद मुझे इतना पता है कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका के लोकतांत्रिक संस्थानों को एक बार फिर मजबूत होता देखा जाएगा। पत्रकारों के ट्रंप पर किए एक सवाल के जवाब में बाइडन ने 20 जनवरी को सब सही होने की उम्मीद जताई। अमेरिका में प्रमुख मीडिया नेटवर्क जो बाइडन को तीन नवम्बर को हुए राष्ट्रपति चुनाव का विजेता घोषित कर चुके हैं।

## जो बाइडन ने चुनाव में स्पष्ट जीत दर्ज की है : कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी की अगली उप राष्ट्रपति चुनी गईं कमला हैरिस ने कहा कि अमेरिकी स्पष्ट तौर पर जो बाइडन के पक्ष में हैं और उन्होंने (बाइडन)मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर देश के इतिहास में सबसे अधिक मत हासिल कर स्पष्ट जीत दर्ज की है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक बाइडन को अब तक 7.64 करोड़ मत मिले हैं और राष्ट्रपति निर्वाचन मंडल के 538 सदस्यों में से 279 का समर्थन हासिल हुआ है।इसके उलट निवर्तमान राष्ट्रपति ट्रंप को 7.17 करोड़ मत हासिल हुए हैं और निर्वाचन मंडल के 214 सदस्यों का समर्थन हासिल हुआ है। निर्वाचन मंडल के 45 सदस्यों के लिए मतगणना अब भी जारी है। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए निर्वाचल मंडल के कम से कम 270 सदस्यों का समर्थन हासिल करना जरूरी है। ट्रंप ने नतीजों को मानने से इनकार कर दिया है लेकिन मुख्य धारा की मीडिया ने 77 वर्षीय बाइडन को विजेता घोषित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी निर्वाचन प्रणाली में पारंपरिक रूप से मीडिया नतीजों को पहले घोषित करती है और हफ्तों बाद प्रमाणिक नतीजें आते हैं। हैरिस ने मंगलवार को ट्वीट किया, हमारे यहां चुनाव हुआ और हमारे देश ने अपनी पसंद स्पष्ट तौर पर बता दी। जो बाइडन के पक्ष में पड़ा प्रत्एक मत यह बयान है कि स्वास्थ्य बीमा अधिकार है न कि विशेषाधिकार और हमने अमेरिकी इतिहास में सबसे अधिक मतों के साथ स्पष्ट जीत दर्ज की है। हैरिस ने कहा, इन आवाजों की संख्या करीब 7.5 करोड़ है। उच्चतम न्यायालय द्वारा मामले की सुनवाई करना कुछ और नहीं लोगों की इच्छा और चुने गए राष्ट्रपति के फैसले को बदलने की कोशिश है जो कभी होने नहीं दिया जाएगा।



टोरंटो में रिमेम्बर्स डे की पूर्व संध्या पर सनीब्रूक वेटरन्स सेंटर में कनाडा के झंडे लगाती हुई महिला

# पाक की नेशनल असेंबली में बिलावल भुट्टो सहित 12 सदस्य अरबपति

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** नेशनल असेंबली के सदस्यों में से 12 अरबपति हैं जिनमें पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो भी शामिल हैं। मीडिया में बुधवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी सामने आई।



खबर के अनुसार अरबपति सांसदों के अलावा ज्यादातर सदस्य बेहद अमीर हैं जिन्होंने शेयर बाजार में निवेश करने के साथ ही देश और विदेश में ढेर सारी संपत्ति अर्जित की है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार अमीर सांसदों में मुख्यधारा की सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 2019 में सांसदों की संपत्ति के ब्यौरे का हवाला देते हुए खबर में कहा गया कि पाकिस्तान की 342 सीटों वाली नेशनल असेंबली में जमींदार और पूंजीपतियों की भरमार है। खबर के अनुसार, ज्यादातर पाकिस्तानी सांसदों के पास कई एकड़ जमीन होने साथ उन्होंने प्रतिभूति, शेयर और औद्योगिक इकाइयों में निवेश कर रखा है। नेशनल असेंबली के 342 में से 12 सदस्यों ने बताया है कि उनके पास एक अरब रुपए से अधिक की संपत्ति है। खबर के अनुसार अरबपति सांसदों में से पांच पंजाब के हैं, पांच खैबर पख्तूनख्वा के और दो सिंध के हैं। अरबपतियों सांसदों में सत्ताधारी दल पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के सदस्य हैं जो कि प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

इसके अलावा दो अरबपति पाकिस्तान मुस्लिम लीग- कायदे के हैं, तीन अरबपति सांसद पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज के हैं तथा पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अवामी नेशनल पार्टी का एक-एक सदस्य अरबपति है। प्रधानमंत्री खान के पास आठ करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है, हालांकि इसमें बानी गाला का तीन सौ कनाल का विला शामिल नहीं है जिसे वह उपहार में मिला हुआ बताते हैं। लाहौर के जमन पार्क के घर समेत लगभग छह सौ एकड़ की कृषि और गैर कृषि भूमि को खान पुश्तैनी जायदाद बताते हैं। खान के पास दो लाख रुपए मूल्य की चार बकरियां हैं और उनके पास कोई वाहन नहीं है। उनके पास 7.753 करोड़ रुपए नकद और बैंक खाते में हैं। खान के पास 518 पाउंड विदेशी मुद्रा के रूप में जमा है तथा दो अन्य खातों में 3,31,230 अमेरिकी डॉलर जमा है। पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी 12 अरबपतियों की सूची में शामिल हैं और उनके पास पाकिस्तान से अधिक संपत्ति संयुक्त अरब अमीरात में है। उनके पास दुबई स्थित दो विला में हिस्सेदारी है लेकिन उनकी कीमत नहीं बताई गई है। जरदारी की कुल संपत्ति डेढ़ अरब रुपए से कुछ ज्यादा है।

# चीन में कोरोना वायरस जांच संबंधी पर्याप्त जानकारी साझा नहीं कर रहा है डब्ल्यूएचओ : अमेरिका

**● अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने यह बयान संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी की एक बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए दिया**

**एपी।** जिनेवा

**अमेरिकी सरकार** के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पर आरोप लगाया कि वह कोरोना वायरस की जानवर से उत्पत्ति के संबंध में चीन में अपनी जांच से जुड़ी जानकारी साझा नहीं कर रहा है। अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के अधिकारी गैरेट ग्रिस्बी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ अपने चीन मिशन में जांच को लेकर तय मानदंड को अन्य देशों से साझा नहीं कर रहा है। उन्होंने यह बयान संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी की एक बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए दिया। यह बैठक एक हफ्ते तक चलेगी।डब्ल्यूएचओ के चीन मिशन के मानदंडों के संदर्भ में ग्रिस्बी ने कहा, मिशन के उद्देश्यों और जांच बिंदुओं के बारे में पारदर्शी तरीके से डब्ल्यूएचओ के सभी सदस्यों के साथ चर्चा नहीं की। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ की चीन में कोरोना वायरस का प्रसार किस जानवर से हुआ इसका पता लगाने की योजना अटकी पड़ी है।वहीं कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि चीन अब भी इस मामले में चल रहे अनुसंधान की अहम जानकारी छिपा रहा है। दुनिया भर में अभी तक कोरोना वायरस के पांच करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं और 12. 6 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।



मेंज मे दो कलाकार डायनासोर की ड्रेस में सड़क पार करते हुए, जर्मनी में कार्निवाल सीजन शुरू हो गया है लेकिन कोविड के कारण कई जगह मेले को स्थगित कर दिया गया है

## क्विक न्यूज

### भारतीय-अमेरिकी कश पटेल को अमेरिका का कार्यवाहक रक्षा मंत्री का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया

**वाशिंगटन ।** भारतीय-अमेरिकी कश पटेल को अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री क्रिस मिलर का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है।पेंटागन ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा मार्क एस्पर को रक्षा मंत्री के पद से हटाने और राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी केंद्र के निदेशक क्रिस मिलर को कार्यवाहक रक्षा मंत्री बनाने के एक दिन बाद पेंटागन ने यह नियुक्ति की है। पेंटागन की ओर से मंगलवार को कहा गया कि मिलर ने सोमवार को नया पदभार ग्रहण किया। अमेरिका के रक्षा प्रतिष्ठान पेंटागन ने मंगलवार को कहा, वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में कार्यरत कश पटेल को कार्यवाहक (रक्षा) मंत्री मिलर का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। पटेल, जेन स्टीवर्ट का स्थान लेंगे जो इस्तीफा दे चुके है। कश का पूरा नाम कश्यप प्रमोद पटेल है और वह इससे पहले हाउस परमानेंट सेलेक्ट कमेटी मे काम कर चुके है। पटेल (39) को जून 2019 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के आतंकवाद रोधी निदेशालय में वरिष्ठ निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। उनका जन्म न्यूयार्क मे हुआ था लेकिन उनका मूल गुजरात में है। हालांकि पटेल के पिता युगांडा से थे और मां तंजानिया की थी।

### ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के लिए शांतिपूर्ण तरीके से होगा सत्ता का हस्तांतरण



**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि देश मे डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के लिए शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता का हस्तांतरण किया जाएगा।इसके साथ ही उन्होंने इस बात का संकेत दे दिया कि उन्होने राष्ट्रपति पद के चुनाव मे जो बाइडन की जीत और निवर्तमान राष्ट्रपति ट्रंप की हार स्वीकार नही की है। पोम्पिओ ने कहा, ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के लिए शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता का हस्तांतरण किया जाएगा। हम तैयार है। दुनिया देख रही है कि यहां क्या हो रहा है। हम हरेक वोट की गिनती करने वाले है। विदेश मंत्रालय के मुख्यालय फॉगी बॉटम मे पत्रकारो ने उनसे सवाल किया था कि क्या उनका विभाग (निर्वाचित राष्ट्रपति जो) बाइडन को सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण करने की तैयारी कर रहा है और अगर नही तो, इसमे देरी क्यो हो रही है या फिर शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता का हस्तांतरण नही किया जाएगा?अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन को चुनाव मे विजेता घोषित किया जा चुका है। पोम्पिओ ने एक सवाल के जवाब मे मतदान के दौरान धोखाधड़ी का आरोप भी लगाया और कहा कि इस संबंध में उन्हें दुनिया भर से फोन आ रहे है।

### यूरोप और एशिया के सात देशों की यात्रा पर जाएंगे पोम्पिओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे राष्ट्रपति पद के लिए हुए विवादास्पद चुनाव के बाद घरेलू स्तर पर राजनीतिक उथल-पुथल के बीच देश के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने घोषणा की कि वह शुक्रवार को फ्रांस, तुर्की, जॉर्जिया, इज़राइल, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब की यात्रा के लिए रवाना होंगे।पोम्पिओ ने एक संवाददाता सम्मेलन मे यहां मंगलवार को कहा, हर देश मे अलग-अलग मामलो पर चर्चा होगी, लेकिन मुझे भरोसा है कि इनमे से कई देशो के साथ पश्चिम एशिया मे शांति स्थापित करने तथा सहयोग के इस प्रशासन के ऐतिहासिक प्रयासो पर वार्ता होगी। पोम्पिओ 13 से 23 नवंबर तक इन देशो की यात्रा करेंगे। वह सबसे पहले फ्रांस जाकर राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। फ्रांस के बाद वह तुर्की और जॉर्जिया जाएंगे। इसके बाद वह इज़राइल में वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। पोम्पिओ इज़राइल से संयुक्त अरब अमीरात, कतर और फिर सऊदी अरब जाएंगे।

### बहरीन के लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे प्रिंस खलीफा का निधन

**दुबई।** बहरीन के प्रिंस खलीफा बिन सलमान अल खलीफा का बुधवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। खलीफा, विश्व मे सबसे ज्यादा समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियो में से एक थे जिन्होंने अपने राष्ट्र की सरकार का कई दशको तक नेतृत्व किया। साल 2011 की अरब क्रांति के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपो के चलते उन्हें हटाने की मांग भी उठी थी। बहरीन की सरकारी समाचार एजेसी ने उनके निधन की घोषणा की और कहा कि अमेरिका के मेयो क्लिनिक मे खलीफा का इलाज चल रहा था। प्रिंस खलीफा की ताकत और संपत्ति की झलक इस छोटे से देश मे चहुंओर दिखाई पड़ती है। देश के शासक के साथ उनका चित्र कई दशको तक सरकारी दीवारो की शोभा बढ़ाता रहा। खलीफा का अपना एक निजी द्वीप था जहां वह विदेशी आगंतुको से मुलाकात करते थे। प्रिंस, खाड़ी देशो में नेतृत्व करने की पुरानी परंपरा का प्रतिनिधित्व करते थे जिसमें सुन्नी अल खलीफा परिवार के प्रति समर्थन जताने वालो को पुरस्कृत किया जाता था। हालांकि उनके तौर तरीको को 2011 के विरोध प्रदर्शन के दौरान चुनौती मिली थी।

# डब्ल्यूएचओ की बैठकों की रिकॉर्डिंग से पता चलता है कि सुधार को लेकर दबाव में है एजेंसी

**एपी।** जिनेवा

**कोरोना वायरस** का संक्रमण फिर से फैलने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दबाव में है। उस पर अपने अंदर सुधार करने का दबाव है, हालांकि साथ ही उम्मीद भी है कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन स्वास्थ्य एजेंसी छोड़ने के वॉशिंगटन के निर्णय को वापस ले लेंगे।इस हफ्ते चल रही वार्षिक बैठक में डब्ल्यूएचओ की महामारी से निपटने में ज्यादा मजबूत और स्पष्ट भूमिका नहीं होने को लेकर आलोचना की गई। उदाहरण के लिए वायरस के शुरुआती दिनों की निजी अंदरूनी बैठकों में शीर्ष वैज्ञानिकों ने कुछ देशों के रूख को दुर्भाग्यपूर्ण प्रयोगशाला करार दिया जो वायरस का अध्ययन कर रहे हैं और क्या होता है यह देखने का बड़ा अवसर बताया गया। यह जानकारी एसोसिएटेड प्रेस को हासिल रिकॉर्डिंग से पता चलती है। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने सार्वजनिक तौर पर सरकारों की उनकी प्रतिक्रिया के लिए सराहना की।बाइडन ने जून में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिए गए निर्णय को पलटने का वादा किया है, जिन्होंने डब्ल्यूएचओ के कोष में कटौती कर दी और अमेरिका एजेंसी से अलग हो गया। डब्ल्यूएचओ सदस्य देशों की इस मांग के समक्ष भी झुक गया है कि महामारी से निपटने में इसके प्रबंधन की समीक्षा स्वतंत्र समिति करेगी। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने सोमवार को कहा कि एजेंसी ने इसे मजबूत बनाने के हर प्रयास का स्वागत किया है।डब्ल्यूएचओ के समक्ष एक ऊहापोह की स्थिति यह भी है कि उसके पास कोई बाध्यकारी शक्तियां नहीं है या अधिकार नहीं है कि वह देशों के अंदर स्वतंत्र रूप से जांच करे। इसके बजाय स्वास्थ्य एजेंसी पर्दे के पीछे वार्ता और सदस्य देशों के सहयोग पर निर्भर है।डब्ल्यूएचओ की अंदरूनी बैठकों की दर्जनों लीक रिकॉर्डिंग और द एसोसिएटेड प्रेस को जनवरी से अप्रैल के बीच हासिल दस्तावेजों के मुताबिक, आलोचकों का कहना है कि अपने सदस्य देशों से जिरह करने से बचने के कारण डब्ल्यूएचओ को कीमत चुकानी पड़ रही है। कोविड-19 के फैलने के बाद डब्ल्यूएचओ जापान, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे दान देने वाले बड़े देशों से बात करने से बचता रहा है।कुछ स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डब्ल्यूएचओ द्वारा दबाव बनाने में विफल रहने के कारण देशों ने महामारी के प्रति खतरे वाली नीतियां बनाईं जिससे वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयासों में संभवत: कमजोर रूख अपनाया गया।लंदन में क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति की प्रोफेसर सोफी हर्मन ने कहा, हम चाहते हैं कि डब्ल्यूएचओ ज्यादा मजबूत हो और अपनी राजनीतिक शक्ति का उपयोग खुलेआम आलोचना करने में करे क्योंकि परिणाम बड़े घातक होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह उनका स्पेनिश फ्लू जैसा समय है...देश जब संदिग्ध काम कर रहे हैं तो उनके खिलाफ नहीं बोलकर डब्ल्यूएचओ अपने प्राधिकार को कमतर कर रहा है और दुनिया में कोहराम मचा हुआ है। अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के लिए तब तक खुलकर बोलना राजनीतिक रूप से सही नहीं है जब तक देश एजेंसी को और ताकत नहीं देते तथा देशों की निंदा करने का अधिकार नहीं देते। यह विकल्प हाल में जर्मनी और फ्रांस ने प्रस्तावित किया है।ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ जिनेवा में वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र की सह निदेशक सूरी मून ने कहा, अगर टेड्रोस सदस्य देशों के प्रति काफी आक्रमक रूख अपनाते हैं तो इसके दुष्परिणाम होंगे।

# हांगकांग ने लोकतंत्र समर्थक चार सांसदों को अयोग्य करार दिया

**एपी।** हांगकांग

**हांगकांग में** लोकतंत्र समर्थक चार सांसदों को अयोग्य करार दे दिया गया है। दरअसल बीजिंग ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें स्थानीय सरकार को इसकी अनुमति दी गई थी कि अगर सांसद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार दिए जाते हैं तो उन्हें पद से हटाया जा सकता है।चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार नेशनल पिपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति की मंगलवार और बुधवार को हुई बैठक के बाद ए सांसद अयोग्य करार दिए गए हैं। इस बैठक में उन लोगों को अयोग्य ठहराने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया जो शहर की स्वतंत्रता की बात करते हैं या शहर के ऊपर चीनी संप्रभुता को स्वीकारने से इनकार करते हैं तथा ऐसे काम करते हैं जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा होता है या फिर शहर के मामलों में बाहरी ताकतों से हस्तक्षेप की मांग करते हैं।चारों सासंदों ने एक संवाददाता सम्मलेन में इसकी पुष्टि की है कि उन्हें अयोग्य करार दिया गया है। इनमें से एक सांसद क्वॉक का-की ने कहा कि उन्हें अयोग्य करार देना सार्वजनिक मामलों में हिस्सा लेने के उनके अधिकार और मौलिक कानून का उल्लंघन है।गौरतलब है कि सोमवार को हांगकांग के 19 लोकतंत्र समर्थक सांसदों ने कहा था कि अगर बीजिंग उनमें से किसी एक को भी अयोग्य करार देता है तो वे शहर की विधायिका परिषद से बड़ी संख्या में इस्तीफा देंगे।

## यूएई के शारजाह में 21 वर्षीय भारतीय छात्र ने की आत्महत्या

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में 21 वर्षीय एक भारतीय छात्र अपने अपार्टमेंट में मृत पाया गया। मीडिया में प्रकाशित एक खबर में यह जानकारी सामने आई। खबर के अनुसार, छात्र द्वारा आत्महत्या करने का संदेह जताया जा रहा है। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विषय के चौथे वर्ष के छात्र ज्योत को शारजाह के अल रोला क्षेत्र में स्थित उसके घर में दो नवंबर को पंखे से लटका हुआ पाया गया।

# ‘असामान्य परिस्थितियों को सामान्य बनाता है संगीत’



**अमीरा गिल** गायक और गीतकार होने के साथ ही म्यूज़िक थेरेपिस्ट भी हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अपने नवीनतम गाने, जैसन सिबि ओकूमू के साथ सहयोग तथा उन्होंने म्यूज़िक थेरेपिस्ट को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने के बारे में किस आधार पर सोचा, आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश....

**■ आपका गाना ‘ब्लैक कॉफी’ किस बारे में है?**

ये गाना कोविड-19 महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान बनाया गया था। विश्व भर में सभी लोगों के लिए ये साल बहुत बुरा गया है। कई लोगों की नौकरी चली गई और उन्हें कुछ ऐसे निर्णय लेने पड़े जिनसे उनका जीवन पूरी तरह से बदल गया। ये गाना लोगो को ये स्मरण कराने के लिए लिखा गया था ताकि उन्हें ऐसे समय में श्वांस लेने, संगीत सुनने तथा अपने जीवन की छोटी गतिविधियों को बनाए रखने के लिए प्रेरणा मिलती रहे। इसका वीडियो भी इसके गाने की ही भांति हृदय को ऊष्मा प्रदान करता है। इसमें दुनिया भर के मित्रों को दिन भर की गतिविधियों को करते और उनका आनंद लेते दिखाया गया है। इसमें छोटी-छोटी बातों में जीवन की प्रसन्नता को अनुभव करने की प्रेरणा दी गई है।

**■ आपका गाना ‘चोरी चोरी’ किस बारे में है?**

मैं समृद्ध पंजाबी संस्कृति की हूं। मैं अपनी जड़ों का स्मरण करना चाहती थी और इसे करने का एकमात्र ढंग अविभाजित भारत के संगीत को सामने लाने का प्रयास ही हो सकता है। हमारी संस्कृति की कहानियां तथा भावनाएं उस युग के कवियों तथा गायकों की रचनाओं में साफ झलकती हैं। चोरी चोरी एक ऐसा ही गाना है जिसे रेशमा ने गाया है। मैं ये गाना कई वर्षों से गाती आ रही हूं लेकिन अब मैंने इसे दिग्गज निर्माता और गिटारिस्ट करन पांडव के साथ एक नए रूप में बनाने के बारे में सोचा है। इसमें वास्तव में इलेक्ट्रॉनिक के प्रयोग से समकालीन ढंग से गाने की प्रस्तुति की गई है लेकिन इसके लोकगीत की टोन को बनाए रखा गया है। इस गाने के मध्य में सारंगी की मधुर ध्वनि सुनाई पड़ती है जिसे उस्ताद सुहेल युसुफखान ने बजाया है।

**■ आपने म्यूज़िक थेरेपी के बारे में किस आधार पर पहल की?**

समय बीतने के साथ ही संगीत में मेरी रुचि तथा प्राथमिकताओं में विकास और परिवर्तन हुआ है। मुझे लगा कि मुझे केवल परफॉर्म करने के अतिरिक्त भी कुछ करना चाहिये। मैं बर्कले कॉलेज ऑफ म्यूज़िक, बॉस्टन में मैं बैंड का ड्रमर हुआ करता था। उन्होंने मुझे एक बार म्यूज़िक थेरेपी के बारे में बताया। मुझे इसी बात की प्रतीक्षा थी। मुझे बर्कले में छात्रवृत्ति के साथ स्वीकृति मिल गई और मैं म्यूज़िक थेरेपी का अध्ययन करने लगा। इसके बाद मैंने कई ग्राहकों पर इसका प्रयोग किया है।

**■ इस थेरेपी का उपयोग किन परिस्थितियों में सहायक हो सकता है?**

कई स्थितियां ऐसी हो सकती हैं जिनमें आपकी मदद म्यूज़िक थेरेपिस्ट कर सकता है। इसका क्षेत्र बहुत ही विस्तृत है। मेरा व्यक्तिगत अनुभव अस्पताल की परिस्थितियों का है जिसमें न्यूरोलॉजिकल क्षेत्र में इसका उपयोग किया जा सकता है। अस्पताल में मैंने पुराने और असाध्य रोगियों पर इसका प्रयोग किया। उन्हें अस्पताल में इसके लिए थोड़े अधिक समय तक के लिए रहना होता हे। कई बार तो उन्हें पूरा जीवन ही अस्पताल में काटना पड़ जाता है। अब इन रोगियों को दर्द, सामाजिक प्रथकीकरण, चिकित्सकीय घबराहट, वित्तीय बोझ आदि समस्याएं होती हैं। इन परिस्थितियों का कई बार अवश्यंभावी मृत्यु के रूप में सामने आता है। संगीत के प्रयोग से हम उनके असामान्य जीवन में सामान्यता लाने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा कई दूसरे प्रोसीजरों में भी संगीत को साथ में उपयोग किया जाता है। इससे दर्द तथा तनाव नियंत्रित रखा जा सकता है। इसके अंतर्गत रोगी तथा उसके परिवारी जनों द्वारा लिखित गानों को रिकॉर्ड कर लिया जाता है। अब ये गाने उस व्यक्ति की स्मृति के रूप में परिवार के साथ रहते हैं। लेकिन कोविड के कारण अब इस काम को ऑनलाइन कर दिया गया है और अब इसे भिन्न प्रकार से किया जा रहा है।



# प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों पर वृत्तचित्र का अब डिस्कवरी पर हो रहा प्रसारण


**भाषा। मुंबई**

**प्रथम विश्व** युद्ध में भारतीय सैनिकों की भूमिका को प्रदर्शित करने वाले एक वृत्तचित्र इंडिया: द फॉरगॉटेन आर्मी का प्रसारण डिस्कवरी प्लस पर शुरू हो गया है। डिस्कवरी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। राणा टी एस छिना की पुस्तक वर्ल्ड वार सिख: मेमोयर्स ऑफ एन इंडियन कैवेलरीमैन 1913-45 पर आधारित फिल्म में उन भारतीय सैनिकों के साहस का चित्रण है जिन्हें प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सुदूर क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों में रहने और लड़ने के लिए भेजा जाता था। डिस्कवरी की ओर से जारी किए गए एक वक्तव्य के अनुसार इस वृत्तचित्र में नेता और लेखक शशि थरूर, इंग्लैंड के सैन्य इतिहासकार टोनी मकक्लेनघन और किंग्स कालेज लंदन में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर डॉ शांतनु दास जैसे विशेषज्ञ अपनी राय से दर्शकों को अवगत कराएंगे। वृत्तचित्र में उन भारतीय सैनिकों के पत्रों का भी उल्लेख किया जाएगा जो उन्होंने सौ वर्ष से भी पहले अपने परिजनों को लिखे थे। इन पत्रों में उन परिस्थितियों का विवरण है जिनसे गुजर कर भारतीय सैनिकों ने दुश्मन से लोहा लिया था। थरूर ने कहा कि प्रथम विश्व युद्ध की कहानियों में भारतीय सैनिकों की भूमिका को कम कर के दिखाया जाता है या उनका कोई उल्लेख ही नहीं किया जाता। थरूर ने कहा, वह सैनिक हीरो थे। अज्ञात स्थानों पर रणभूमि में भेजे गए थे और वहां का मौसम ऐसा होता था जो उन्होंने कभी नहीं देखा था और न ही वह उसके लिए तैयार थे। वह उन दुश्मनों से लड़ते थे जिनके बारे में उन्हें कुछ पता नहीं होता था। वह प्रतिदिन अपने जीवन को दांव पर लगाते थे। उन्होंने कहा, युद्ध समाप्त होने के बाद उन्हें भुला दिया जाना ही उनकी नियति थी। जिन ब्रिटिश के लिए वह लड़े उन्होंने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। उन्हें अपने देश द्वारा ही भुला दिया गया क्योंकि वे एक औपनिवेशिक युद्ध लड़ रहे थे। इतिहास ने उन्हें अनाथ छोड़ दिया। यह फिल्म उनके स मान में एक मूल्यवान कृति है। डिस्कवरी में डिजिटल (दक्षिण एशिया) के बिजनेस प्रमुख आइजेक जॉन ने कहा कि इंडिया: द फॉरगॉटेन आर्मी साहस और भारतीय सैनिकों के बलिदान पर प्रकाश डालेगी।

# दिवाली पर ताश खेलने की परंपरा को भुनाने में जुटे ऑनलाइन गेम्स

**भाषा। नई दिल्ली**

**कोरोना वायरस** महामारी की वजह से करीब एक साल से जहां परीक्षाएं, सम्मेलन समेत कई जरूरी गतिविधियां ऑनलाइन सिमट आई हैं। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक दूरी के नियम के पालन पर जोर दिया जा रहा है। इसे देखते हुए ऑनलाइन गे स वाले ऐप और वेबसाइट दिवाली पर कई लोगों द्वारा खेले जाने वाले ताश और पत्ती की परंपरा को शामिल करा इसे भुनाने में जुट गई हैं। कोविड-19 ने लोगों के पारंपरिक रूप से मिलने जुलने, पार्टी करने के अवसर को छीन लिया है। संक्रमण के खतरे के चलते इस बार दिवाली पर ताश-पत्ती के साथ दोस्तों-मित्रों और परिवार के साथ टेबल पर बैठकर सांकेतिक जुआ खेलना और दांव लगाना संभव नहीं होगा। हालांकि, ऐसे लोगों को बाजी गेम्स, स्टिकपूल और पॉकेट-52 जैसे ऐप और वेबसाइट ने ऑनलाइन खेलने का विकल्प दिया है जिसमें लोग पोकर और दिवाली पर पारंपरिक रूप से तीन पत्ती खेल सकते हैं। ये ऐप लोगों को पोकर या अन्य ताश के खेल परिवार और दोस्तों और यहां तक पेशेवरों के साथ खेलने का विकल्प दे रहे हैं। पिछली दिवाली दो लाख हार चुके 29 वर्षीय व्यक्ति ने कहा कि ताश खेलने के लिए इस बार न्योता नहीं मिला बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, पिछली दिवाली से मैं खुद को समझा रहा हूं कि अगली दिवाली इस नुकसान की भरपाई कर लूंगा लेकिन कोरोना वायरस की वजह से मेरे पहचान वाला कोई भी ताश पार्टी की मेजबानी नहीं कर रहा है। मैंने कई लोगों को संपर्क किया यहां तक खुद ताश पार्टी करने की सोची लेकिन कहीं से सकारात्मक जवाब नहीं आया। हर कोई भयभीत है। वहीं, ऐप हर किसी को उसकी जेब और पंसद के अनुसार पेशकश कर रहे हैं जिनमें मुफ्त में प्रवेश हासिल होने वाले टूर्नामेंट से लेकर पांच रुपए से 100 रुपए की शुरुआती कीमत पर खेल के टेबल पर बैठने का मौका, तीन लाख रुपए की दिवाली प्रतियोगिता पुरस्कार योजना में पंजीकृत कराने पर 50 रुपए का बोनस शामिल है।




समाज में जुए को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता है लेकिन दिवाली पर इसके बारे में राय दूसरी है। हिंदू पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन देवी पार्वती ने चौसर के खेल में भगवान शिव से जीता था और कहा था कि जो भी दिवाली की रात जुआ खेलेगा उसके यहां पूरे साल समृद्धि बनी रहेगी। बाजी गे स के सीईओ नवकिरण सिहं ने पीटीआई-भाषा से कहा, कोविड-19 महामारी की वजह से लोग घरों में रहने को मजबूर हुए हैं और इससे मनोरंजन के तरीके प्रभावित हुए हैं और लोग विकल्प तलाश रहे हैं। इससे इस क्षेत्र में वृद्धि देखने को मिली है और हमारा मानना है कि यह अब और बढ़ेगा... हम उम्मीद करते हैं और प्रोत्साहित करते हैं कि इस त्योहार लोग सामाजिक दूरी का अनुपालन करने हुए ऑनलाइन खेलों का आनंद लें। पॉकेट52 के सीईओ नीतेश साल्वी ने कहा जो भी पोकर खेलना जानता है वह हमारा लक्षित ग्राहक है।

# मुखड़े को चिरयुवा रखने के लिए करें ये व्यायाम

शरीर के शेष भागों की ही भांति आपके मुखड़े को भी किसी न किसी प्रकार के व्यायाम की आवश्यकता होती है। **डॉ. ब्लासम कोचर** हमें कुछ सरल और व्यावहारिक व्यायाम बता रहे हैं जिन्हें करके हम घर बैठे अपनी त्वचा को चमकदार बना सकते हैं।

**हम सभी** को अपनी फिटनेस की चिंता रहती है। हम ज़िम जाने, योग करने से लेकर शरीर को स्वस्थ व सही आकार में रखने के लिए कुछ न कुछ प्रयास अवश्य करते रहते हैं। लेकिन कई बार हम अपने शरीर की अधिक चिंता करते हुए उसके एक अनन्य भाग को विस्मृत कर बैठते हैं जिसे शरीर के साथ ही व्यायाम की उतनी ही आवश्यकता होती है। हमारे मुखड़े पर 42 विभिन्न प्रकार की मांसपेशियां होती हैं और इन्हीं के कारण हम अपने चेहरे पर विभिन्न अभिव्यक्तियों- मुस्कुराहट से लेकर हम कैसे लगते हैं इन्हीं मांसपेशियों कारण ये संभव होता है। अत: इन मांसपेशियों को सही स्थिति में बनाए रखने के लिए हमें कुछ व्यायाम करते रहने की आवश्यकता है अन्यथा हम समय से पूर्व वृद्ध लगने लगेंगे।

अब फेषियल योगा नया रुझान है जिसे अधिक से अधिक लोग अपना रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी इसके बारे में विमर्ष चलने लगा है। कई लोगों का तो कहना है कि फेषियल योग सही ढंग तथा नियमित रूप से किया जाए तो इससे बोटॉक्स जैसे परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं। फेशियल योग का सबसे बड़ा लाभ ये है कि इसे आप कहीं और किसी भी समय कर सकते हैं। इसके लिए हम यहां कुछ व्यायाम सुझा रहे हैं जिन्हें करने से आप अपने मुखड़े की मांसपेषियों को टोनअप कर सकते हैं।

प्रारंभ में आप अंग्रेजी भाषा के वॉवेल अक्षर- ए ई आई ओ यू, बोलने का प्रयास करें और ये प्रयास थोड़ा तेज किया जाना चाहिये। इससे आपके मुंह और गर्दन की नसों में खिंचाव पैदा होता है। आप प्रारंभ में इन पांच वॉवेल्स को दिन में 10 बार और कुछ ही दिनों में इसे 20 से 30 बार तक ले जा सकते हैं। आपके चेहरे के लिए ये एक संपूर्ण व्यायाम है।

दूसरी एक्सरसाइज़ या व्यायाम के अंतर्गत आपको अपनी मुट्ठी बंद करके मुंह के नीचे रखना होता है। इससे आपको डबल चिन की समस्या कभी नहीं हो सकती। अब आप धीरे धीरे अपनी मुट्ठी से मुंह बंद करने का प्रयास करते हुए मुंह को खोलें। आपको इससे अपने जबड़ों पर पड़ने वाले खिंचाव का अनुभव होने लगेगा। इससे आपके जबड़े भी सही आकार में बने रह सकंगे।

आंख के नीचे तथा माथे की झुर्रियों को दूर रखने के लिए आपको अपने माथे पर दोनों हाथ रखना होता है ताकि किसी भी मांसपेषी को हिलने का अवसर न मिले। अब आपको अपनी पलकों को तेजी से खोलना और बंद करना होता है। इस व्यायाम को दसर बार तक किया जा सकता है। आंखें खोलने और बंद करने अर्थात पलक झपकाने से आपकी आंखों की मसल्स सषक्त बनाई जा सकती हैं।

एक और व्यायाम है जिससे आप अपनी आंखों की मसल्स को सषक्त बना सकते हैं और वो इस प्रकार है-आप अपनी तर्जनी और मध्यमा उंगलियों को आंखों के दोनों ओर लगाएं एक अंदरूनी कोने पर और एक बाहरी कोने पर, अब आप पलक झपकाने का प्रयास करें। इसे आप दिन में 10 बार तक कर सकते हैं। हमारे गाल हमारे बचपन में बहुत सुंदर लगते थे लेकिन बड़े होने पर इसमें भी कठिनाई उत्पन्न होने लगती है। लटके हुए गालों को ऊपर उठाने के लिए आपको पूरा चेहरा घुमाकर दूसरी ओर ले जाना होता है। इसे आप साइड वाले किस की तरह से कर सकते हैं। इससे आपके गालों में खिंचाव उत्पन्न होता है जो खालों को स्थिर बनाए रखता है।

हम सभी अपने हंसने की रेखाओं को लेकर चिंतित रहते हैं और आयु बढ़ने के साथ ही इसमें और अधिक स्पष्टता दिखाई देने लगती है। इसे कम करने के लिए आपको अपनी उंगलियों को इन रेखाओं पर रखें। इसके बाद आप अपनी मुस्कान को चौड़ान प्रदान करते हुए मुस्कुराने का प्रयास करें। लेकिन आपके होंठ अलग होने चाहिये। इसे आप पांच से लेकर दस सेकेंड तक बनाए रखें और 20-25 बार तक इसे व्यायाप को किया जा सकता हैं इससे गालों के आस पास रेखाएं बनने से रोका जा सकता है और साथ ही लटकते गाल भी अपने स्थान पर आ सकते हैं।

अपना दैनिक मॉष्चराइज़र लगाने से पहले एक मुख्य बात ये है कि इसे हाथ ऊपर की ओर ले जाते हुए लगाना चाहिये। विशेष रूप से गालों के चारों ओर तथा गद्रन पर भी। यदि आप इसे ऐसे नहीं करेंगे तो आपके गाल और भी अधिक लटक सकते हैं। यदि आप इन व्यायामों को नियमित रूप से करते हैं तो इनसे आपके मुंह की मांसपेषियों में तनाव आएगा और आपके चेहरे को एक प्रकार की उठान मिल सकेगी। लेकिन आयु का कुछ प्रभाव तो स्वाभाविक ही है, इसे पूरी तरह से पलटा नहीं जा सकता।

**-लेखक ब्लॉसम कोचर ग्रुप ऑफ कंपनीज़ की चेयरपर्सन हैं।**




# इस दिवाली ज़ी टीवी के सबसे पॉपुलर चेहरे सेलिब्रेट करेंगे अभि और प्रज्ञा का रीयूनियन

## ● कुमकुम भाग्य के तीन घंटे के स्पेशल एपिसोड में टीवी जगत के सबसे बड़े नाम एक साथ आएंगे और दर्शकों का मनोरंजन करेंगे

**एजेंसी। वाराणसी**

**ये साल** का वो समय है, जब हर कोई रोशनी के पर्व का जश्न मनाता है। इस साल महामारी ने भले ही हमारे सामने बहुत सी चुनौतियां खड़ी की हों, लेकिन दिवाली उम्मीद की एक किरण बनकर आई है। ज़ी टीवी भी अपने दर्शकों के बीच खुशियां बिखेरने के लिए कुमकुम भाग्य के 3 घंटे के स्पेशल एपिसोड जशन मिलन का दिवाली सरप्राइज़ लेकर आया है, जिसका प्रसारण 14 नवंबर 2020 को दोपहर 12 बजे और रात 9 बजे किया जाएगा।

जिस तरह दिवाली राम और सीता की अयोध्या वापसी के उत्सव के रूप में मनाई जाती हैए उसी तरह कुमकुम भाग्य के फैंस भी दिल थामकर अभि के घर में प्रज्ञा की वापसी का इंतजार कर रहे हैं। इस त्यौहार पर दर्शकों की फेवरेट जोड़ी की नई शुरुआत होगी, जहां दादी प्रज्ञा का बहू की तरह स्वागत करेगी। इसके बाद अभि और प्रज्ञा अपने दिलों में उम्मीद लिए दिवाली की रस्में पूरी करेंगे। इस शो में उस वक्त मस्ती और मनोरंजन दोगुना हो जाएगा, जब अभि अपने घर पर दिवाली उत्सव का जश्न मनाएंगे और उनके साथ शामिल होंगे ज़ी टीवी के पॉपुलर चेहरे जैसे करण-प्रीता, रणवीर-प्राची, छोटी गुड्डन-अगस्त्य और ऋषभ-सृष्टि। इसमें बहुत से उतार-चढ़ाव भी होंगे जिसमें आलिया रेहना पंडित इस नई शुरुआत में खलल डालने की कोशिश करेगी। इसके अलावा टेलीविजन इंडस्ट्री के इन जगमगाते सितारों की शानदार परफार्मेंस भी देखने को मिलेगी। त्यौहार के जश्नए ड्रामा और रोमांस से भरे इस एपिसोड में शबीर अहलूवालिया, सृति झा, धीरज धूपर, श्रद्धा आर्य, कृष्णा कौल, मुग्धा चापेकर, सवि ठाकुर,



कनिका मान, मनित जौरा और अंजुम फकीह अपनी जोरदार परफॉर्मेंस से मंच पर धूम मचा देंगे। उनके साथ अविनाश मिश्रा, वृषिका मेहता, क्रिस्टल डिसूज़ा, दीपिका सिंह और सुरभि ज्योति जैसे टेलीविजन एक्टर्स और दीपाली बोरकर और वीण् अनबीटेबल जैसे डांसिंग सुपरस्टार्स भी शामिल होंगे। दीयों की रोशनी से भरे एक मनमोहक ओपनिंग एक्ट के साथ अभि के घर में सुरभि ज्योति इन परफॉर्मेंसेस की शुरुआत करेंगी। इसी तरह धीरज-श्रद्धा, शबीर-सृति और कृष्णा-मुग्धा के रोमांटिक एक्ट्स आपके दिलों की धड़कनें तेज कर देंगे। इस स्पेशल एपिसोड के बारे में बताते हुए कुमकुम भाग्य में प्रज्ञा का रोल निभा रहीं सृति झा कहती हैं, कुमकुम भाग्य की इस स्पेशल शूटिंग को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं, जिसमें प्रज्ञा अभि के घर वापस आती है और फिर हम एक बड़ा जश्न मनाते हैं। मैं लंबे समय बाद कुमकुम भाग्य और पूरे ज़ी टीवी परिवार के साथ शूटिंग करूंगी। मुझे यह घर वापसी जैसा महसूस हो रहा है।

अभि और प्रज्ञा की इस नई शुरुआत को सेलिब्रेट करने के लिए हमारे पास दर्शकों के लिए भी ढेर सारे सरप्राइजेज़ हैं। इस एपिसोड का ओपनिंग एक्ट परफॉर्म करने जा रहीं सुरभि ज्योति ने कहा- अभि के घर में प्रज्ञा की वापसी के बाद मैं इस उत्सव की शुरुआत करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे लिए दिवाली साल का वो समय होता है, जब हम नई शुरुआत करते हैं। कुमकुम भाग्य की स्थिति भी बिल्कुल वैसी ही है। यह शूट मेरे लिए पारिवारिक आयोजन की तरह था। मैंने इसे बहुत एंजॉय किया और मुझे उम्मीद है कि मेरे फैंस भी मुझे यह मोहक एक्ट करते देखकर काफी एंजॉय करेंगे। तो इस 14 नवंबर को दर्शक प्यार, रोमांस और मनोरंजन से भरी एक शाम का मजा ले सकते हैं। असल में कुमकुम भाग्य स्पेशल एपिसोड में दर्शकों के लिए भी ढेर सारे सरप्राइज़ हैं खासतौर से दीपिका सिंह की लक्ष्मी पूजा परफार्मेंस और क्रिस्टल डिसूज़ा की मनमोहक प्रस्तुति के साथ साथ वी अनबीटेबल और दीपाली बोरकर का गुड वर्सेज़ ईवल एक्ट देखने लायक होगा। इस सारे ड्रामा और एक से बढ़कर एक ड्रीमी परफार्मेंस के लिए देखना ना भूलें, कुमकुम भाग्य का दिवाली स्पेशल एपिसोड जशन मिलन का, शनिवार 14 नवंबर 2020 को दोपहर 12 बजे और रात 8 बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर।



25 दिसंबर को खत्म होगा पंचायतों का कार्यकाल

# अब कौन खर्च करेगा सवा अरब!

**संवाददाता।** सीतापुर




**गंवई सरकार** के कार्यकाल को खत्म होने को महज चंद रोज बचे है। नए पंच वर्षीय गठन के लिए प्रधानी के दावेदारों को जनादेश लेने को जनता की अदालत में पहुंचना है, मगर ताजुब वाली बात यह है कि मौजूदा वक्त के जिम्मेदार अभी तक शासन से आवंटित पैसे को ही सौ फीसदी विकास कार्यों पर खर्च नहीं कर पाएं हैं। सरकारी खजाने में आज भी सवा अरब से ज्यादा बजट पड़ा है, ये पैसा केंद्रीय व राज्य वित्त का है। जिसे उन्हें अपने कार्यकाल में खर्चना है। अब सवाल यह है कि बचे बजट को कौन खर्च करेगा, क्योंकि कार्यकाल खत्म होने पर योगी सरकार ग्राम पंचायतों में प्रशासकों को बिठाने की तैयारी है।

सीतापुर जिले की ग्राम पंचायतों पर नजर डाले तो सीतापुर जिले की 19 विकास खंड की 1601 ग्राम पंचायतें हैं। पर अभी हाल में विकास खंड बेहटा ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत अहमदाबाद को नगर पंचायत अहमदाबाद-तम्बौर में शामिल कर दी गई। सभी पंचायतों में विकास कार्य के लिए शासन स्तर से केंद्र और राज्य वित्त मद में हर बरस भारी-भरकम बजट जारी किया जाता है, जिसे उन्हें मुकर्रर समय में खर्च करना पड़ता है। इस कार्यकाल में भी भारी बजट जिलों को रिलीज किया गया। लेकिन जिम्मेदार आवंटित बजट को विकास कार्यों पर सौ फीसदी खर्च नहीं कर पाए। जबकि 25 दिसंबर 2020 को इनका कार्यकाल खत्म हो रहा है। पंचायती राज विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो सीतापुर जिले में केंद्रीय व राज्य वित्त मद में एक अरब तीन करोड़ बजट सरकारी खजाने में पड़ा हैं, इनमें राज्य मद में करीब 80 करोड़ व केंद्रीय वित्त में 49 करोड से ज्यादा बजट शामिल है। सबसे ज्यादा करीब सवा नौ करोड़ रामपुर मथुरा ब्लॉक को खर्च करना है। जबकि सबसे कम बजट छह करोड़ कसमंडा ब्लॉक को खर्चने हैं। सरकारी खजाने में भारी-भरकम पैसा होने पर प्रधान संघ के कई संगठन जिला प्रशासन को मांगपत्र भी दिए जा चुके हैं। उनका कहना है कि उन्हें बचा बजट खर्च करने का मौका दिया जाए, हालांकि कार्यकाल खत्म होने पर सरकारी ग्राम पंचायतों में प्रशासक बिठाने की फिराक में है। उधर, पंचायती राज के अफसर का दावा है कि ग्राम पंचायतों को आवंटित बजट कार्यकाल समाप्ति से खर्च कर लिया जाएगा।

# धनतेरस से पहले सजा सोना-चांदी बाजार, ग्राहकों के आने का इंतजार


सीतापुर-सोने चांदी की दुकान पर खरीद

**संवाददाता।** सीतापुर

## ● सोने-चांदी के भाव बढ़ने से कारोबारी खुश, अच्छी बिक्री होने की उम्मीद

**कोरोना संकट** काल के बाद सर्राफा बाजार में सोने-चांदी के भाव में उछाल दिखा, सोने-चांदी के रेट में वृद्धि से व्यापारी खुश हैं। शायद यही वजह है कि वो नई वैराइटियों के गणेश-लक्ष्मी, पूजा बर्तन समेत अन्य डायमंड के ज्वैलरी अपने प्रतिष्ठानों पर सजाकर बैठ गए हैं और उन्हें ग्राहकों के आने का इंतजार भी कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि धनतेरस और दिवाली त्योहार में ग्राहक अपने घरों से बाहर निकलेंगे और कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन कर वो सोने-चांदी की खरीदारी करेंगे। सभी को इस बार धनतेरस पर अच्छी बिक्री होने की उम्मीद पाले हुए हैं। आई इंडिया की टीम ने धनतेरस से पहले सर्राफा बाजार में व्यापारियों से बातचीत कर वहां का हाल जाना।

सहगल ज्वैलर्स के संचालक गौतम सहगल कहते हैं कि कोरोना के बाद सर्राफा बाजार में कुछ उछाल आया है। धनतेरस से दिवाली त्योहार को लेकर गणेश-लक्ष्मी मूर्ति, चांदी के सिक्का, डालर समेत जेवरात की नई वैराइटियां आई हैं। ग्राहकों के आने इंतजार है। उम्मीद है, कि वो कोरोना दौर में सावधानी पूर्वक घरों से निकलकर त्योहार पर खरीदारी करेंगे। रामा ज्वैलर्स के संचालक मोनू रस्तोगी कहते हैं कि पिछले बरस की तुलना में इस बार त्योहार में रौनक नहीं है। कोरोना संकट के चलते बाजार में मंदी है। दो- तीन दिन से अब ग्राहक आने शुरू हुए हैं। शुगन के तौर कुछ न कुछ खरीद सामान खरीद रहे हैं। सोने के बजाय चांदी के आइटम लोग खरीद रहे हैं। बाइट- मोनू रस्तोगी, रामा ज्वैलर्स। सर्राफा कारोबारी मनोज कुमार कहते हैं कि कोरोना संकट के चलते में पिछले काफी समय से सर्राफा बाजार में मंदी छाई थी। लेकिन त्योहार को देखकर कुछ उछाल देखने को मिल रहा है। चांदी के गणेश-लक्ष्मी को खरीदने में लोग तबज्जो दे रहे हैं। सर्राफा कारोबारी राकेश कुमार कहते हैं कि त्योहार के चलते बाजार में सर्राफा बाजार में रौनक लौट रही है। धनतेरस पर गणेश लक्ष्मी, पूजा के बर्तन समेत, चांदी के सिक्का समेत अन्य आइटम बाजार में आए हैं। इस बार उन्हें अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

# बिजवार के समीप निर्माणाधीन ओवरब्रिज को मिल गया बजट, अब मिलेगी रफ्तार

## ● तत्कालीन सीएम अखिलेश के कार्यकाल में दी गई थी मंजूरी

**संवाददाता।** सीतापुर


फ्लाईओवर पर काम करते मजदूर

**यह खबर** उन मुसाफिरों के लिए अच्छी है, जो रोजाना लखीमपुर वाया सीतापुर-लखनऊ तक सड़क मार्ग से सफर करते हैं। उन्हें अब रेलवे क्रॉसिंगों पर जाम की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। वो नॉन स्टॉप सफर कर सकेंगे। बशर्तें, उन्हें थोड़ा वक्त का इंतजार करना होगा। ये संभव होगा लखीमपुर-सीतापुर-लखनऊ मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग पर लाई ओवर बनने से। निर्माणाधीन लाईओवर के लिए शासन ने 1028 लाख बजट अवमुक्त कर दिया है। इससे पहले 5363.74 लाख पहले से धनराशि मिल चुकी है। ऐसे में अब बजट की कमी से सुस्त कार्य को रतार मिलेगी। लखनऊ-सीतापुर-लखीमपुर तक टू-लेन(एनएच-21 ) हाईवे हैं। इस हाइवे पर पूर्वोतर रेलवे की तीन रेल क्रॉसिंगें पड़ती हैं। ये क्रॉसिंगें दिन में कई-कई बार बंद होती हैं। इससे इस पर लंबा जाम लगता है। जिस लखीमपुर वाया सीतापुर-लखनऊ तक सफर करने वाले मुसाफिर घंटों जाम में फंसकर हलकान रहते हैं। जाम की समस्या से निजात दिलाने को तत्कालीन अखिलेश सरकार ने सीतापुर-लखीमपुर खीरी-लखनऊ टू-लेन हाईवे को फोरलेन में बदलने के साथ ही उस पर पडने वाले रेल क्रॉसिंगों पर लाई ओवर बनाने का फैसला लिया। बाद में इस प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए शासन को भेजा था। स्वी.त 6258.62 लाख के सापेक्ष 5363.74 लाख बजट रिलीज किया गया था। बजट की कमी से इस कार्य की रतार धीमी पड़ गई थी, लेकिन अब इस कार्य के लिए 1028 लाख रुपये अवमुक्त किए हैं। बजट मिलने के बाद अब निर्माणाधीन लाईओवर के कार्य में तेजी आएगी और मुसाफिर इस लाईओवर के जरिए लखीमपुर से वाया सीतापुर होते हुए लखनऊ तक नॉन स्टॉफसफर कर सकेंगे, हालांकि उन्हें बस थोड़ा सा इंतजार जरूर करना होगा।

# त्यौहारों में बढ़ा शराब का चलन, 670 लीटर कच्ची शराब हुई जब्त

**संवाददाता।** सीतापुर

**अवैध शराब** कारोबारियों के खिलाफ सीतापुर पुलिस का अभियान बुधवार को भी चलता नजर आया। इस बाबत अलग-अलग थानों की पुलिस ने 40 अभियुक्तों को गिरतार कर उनके पास से 670 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। इस दौरान थाना सदरपुर पुलिस ने सर्वाधिक 75 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली बिसवा, सकरन, महोली पुलिस ने 60-60 लीटर, शहर कोतवाली , तालगांव व मिश्रिख पुलिस ने 45-45 लीटर, थाना हरगांव, कमलापुर पुलिस ने 40-40 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। इसके अलावा थाना संदना में 35, लहरपुर व रामकोट में 30-30, सिधौली में 20 व इमलिया सुल्तानपुर में 5 लीटर कच्ची शराब पकड़ी गई है।

## आबकारी टीम ने पकड़ी कच्ची शराब

**त्योहारों** के दौरान कच्ची शराब का सेवन कर कोई दुर्घटना ना होने पाए इसके चलते आबकारी अधिकारी सुनील द्विवेदी के नेतृत्व में आबकारी व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना रामपुर मथुरा के गांव भागीपुर, बंगाली पुरवा, स्वाति पुरवा, अंगरौरा, अर्जुन पुरवा, देसी लौकियां व कोतवाली बिसवां इलाके के गांव पुरैनी, नसीरपुर, अन्दूपुर व कमरिया में छापेमारी की। इस दौरान 65 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई व 600 लीटर से अधिक लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस दौरान सात अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की गई।

# शातिर अपराधियों पर गिरी गाज, 15 पर लगा गैंगेस्टर

**सीतापुर।** शातिर अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस मुखिया आरपी सिंह ने अवैध शस्त्र निर्माण, चोरी व गोकशी में लिप्त 15 अपराधियों के विरुद्ध यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। जारी की गई अभियुक्तों की सूची में थाना थानगांव के सरैया छतौना निवासी बंगाली, मेवड़ी सेल्हवा निवासी राम सागर, पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी अंतर्गत थाना मैगलगंज के शिवपुरी निवासी कासिम, कमलेश, अशरफ व शहादत, थाना रामपुर मथुरा इलाके के गांव चांदपुर निवासी इस्माइल, अनस, फिरोज, लड्डन, तैफुल, भूतई, भंडारी व रमेश शामिल हैं। एसपी के अनुसार अपराधियों की संपत्ति का पता लगा कर अपराध से अर्जित संपत्ति जप्त की जाएगी।

# मिले कोरोना के 17 नए मरीज

**सीतापुर।** एक दिनी उछाल के बाद जिले में कोरोना का ग्राफ एक बार राहत का आंकड़ा लेकर आया है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 17 नए मरीज मिले हैं। शहर के आर्यनगर में 1, रेउसा में 5, बेहटा में 3, परसेंडी में 2 और सकरन व बिसवां में 1-1 मरीज मिला है। 4 केस अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ जनपद में कुल पॉजिटिव केस 4,419 हो गए हैं।

# इंडियन बैंक ने लाभार्थियों को बांटा ऋण


सीतापुर-लाभार्थी को चेक देते बैंक अधिकारी

**सीतापुर।** इडिंयन बैंक के अंचल कार्यालय में लोन शिविर लगाया गया। इसमें एमएसएमई एवं खुदरा श्रण के लाभार्थियों को लोन दिया गया। मुख्य प्रबंधक ऋण एके पोद्दार ने बताया कि षिविर में एमएसएमई के लाभार्थियों को 12.47 करोड़ रूपए के साथ ही अन्य योजनाओं के लभार्थियों को भी लोन दिया गया है। इस मौके पर अंजनी कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार सिंह, अमित कुमार, आलोक पाण्डेय, संजय मिश्रा आदि मौजूद थे।

## 2013 से अपहर्ता नाबालिग को पहुंचाया घर, एसपी ने किया पुरस्कृत

**सीतापुर।** अपर्हत व गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। फिर बाबत जानकारी देते हुए एएसपी नॉर्थ डॉ राजीव दीक्षित ने बताया कि मुंशीगंज निवासी नाबालिग अपहर्ता की गुमशुदगी 2013 में शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। टीमों के संयुक्त प्रयासों ने उसे शाहजहांपुर से बरामद कर घरवालों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मुखिया आरपी सिंह ने टीमों को 5 हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। इस दौरान टीम में एसआई प्रदीप दुबे, महिला आरक्षी रूबी व सर्विलांस टीम में एसआई मनीष व उमेश शामिल रहे।

# धनतेरस पर चमकेगा बर्तन बाजार

## ● बाजार में ग्राहकों के आने का इंतजार

**संवाददाता।** सीतापुर


सीतापुर-सजी गई बर्तन की दुकान

**त्योहार नजदीक** देख बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर हो या गांव सभी जगह दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है। बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है। धनतेरस को लेकर बर्तन बाजार भी सज गया है। हालांकि धनतेरस के एक दिन पहले बर्तन बाजार में रौनक नहीं थी। कारोबारियों का मानना है कि लोग बर्तनों की खरीदारी धनतेरस के दिन ही करते हैं। गुरुवार को बाजार में लोगों के आने की उम्मीद है। आई इंडिया की टीम ने त्योहारी सीजन पर बर्तन बाजार का जायजा लेकर उनसे हाल जाना। जानिए क्या कहते हैं बर्तन कारोबारी। बर्तन कारोबारी राहुल टंडन कहते हैं कि कोरोना के चलते बर्तन कारोबार में काफी मंदी आई है। पिछले बरस की तुलना में इस बार के त्योहारी सीजन में बर्तन बाजार में सन्नाटा पसरा है। अबकी पचास फीसदी कारोबार होने की उम्मीद है। बर्तन व्यापारी अमर जीत सिंह कहते हैं कि त्योहार का सीजन है, पर बाजार में ग्राहक नहीं आ रहे हैं। बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा है। कोरोना के दौर में लोगों के पास पैसा भी नहीं है। गन्ना पेमेंट न होने से किसानों की जेब खाली है। बर्तन व्यापारी कृष्ण चंद्र सिंह का कहना है कि वैश्विक कोरोना महामारी ने कमर तोड़ दी है। पैसा है नहीं, इसलिए बर्तन कारोबार मंदा है। उन्हें आशा है कि त्योहार पर लोग घर से बाहर निकलकर कुछ न कुछ खरीदारी जरूर करेंगे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने चलाया अभियान

# बिना मास्क घूम रहे लोगों का किया गया चालान


सीतापुर-बाजार का जायजा लेते सिटी मजि. शिशिर कुमार, सीओ सिटी पीयूष सिंह व अन्य

**संवाददाता।** सीतापुर

**त्योहार के** चलते बाजारों में कोविड प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ती नजर आई। दुकानों पर भीड़ तो दिखी, लोग मास्क भी नहीं लगाए थे। जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ. राजीव दीक्षित एवं सीओ सिटी के नेतृत्व में टीम ने बाजार का निरीक्षण किया। टीम ने लालबाग चौराहे से घण्टाघर, सर्राफा मार्केट आदि स्थानों पर निरीक्षण कर कोविड प्रोटोकाल का जायजा लिया। दुकानों पर भीड़ और मास्क को लेकर चेतावनी दी गई। सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। कोविड प्रोटोकाल तोड़ने पर 23 लोगों का चालान कर 27 सौ रुपये जुर्माना भी वसूलने की कार्रवाई की गई।

76 राज्यों का कर चुके हैं भ्रमण

# साइकिल से कर रहे अब विदेश की सैर

## ● छह बरस पहले अर्जेंटीना से थे निकले फावियो एम जार्ज

**संवाददाता।** सीतापुर


फावियो एम जार्ज

**हरगांव के** गुलरी-गुलरा के विंटेज विलेज जा रहे थे। हाईटेक साइकिल से विदेशों का भ्रमण करते हुए अर्जेंटीना के विदेशी पर्यटक फावियों एम जार्ज सीतापुर पहुंचे। गुरुवार को परसेंडी के हरिहरपुर गांव के साइकिल से सवार विदेशी पर्यटक को देख जिज्ञासावश लोगों ने उनका रोककर स्वागत किया। आत्मीय स्वागत पाकर वो काफी गदगद दिखे। 'पायनियर' की टीम ने विदेशी पर्यटक फाविया एम जार्ज से विशेष बातचीत की। 54 वर्षीय फावियो एम जार्ज क्रिश्चियन वर्ग से आते हैं। वो कहते हैं कि विदेशों का भ्रमण करने के लिए वह छह बरस पहले अर्जेंटीना से निकले थे और साइकिल से अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप आदि देशों का अब तक उनके द्वारा भ्रमण किया जा चुका है। इसके अलावा वो 76 राज्यों में भी घूम चुके हैं। उनका कहना है कि भ्रमण के दौरान गुगल मैप का सहारा लिया जा रहा है। जार्ज कहते हैं कि विदेश भ्रमण में वो वहां की सांस्:तिक विरासत को समझने का प्रयास कर रहे हैँ। वह कहते हैं कि साइकिल भ्रमण के दौरान हरगांव के गुलरी-गुलरा के विंटेज विलेज के अमर ने उन्हें गांव आने का न्यौता दिया। उनके आग्रह पर वो गुलरी-गुलरा विंटेज विलेज जा रहे है। वो वहां पर कई माह तक ठहराव करेंगे और वहां पर भ्रमण पर निकलने वाले पर्यटकों को गाइडेंस देंगे।

प्रा.शिक्षक संघ का चुनाव

# अश्वनी सिंह चौथी बार बने अध्यक्ष


ऐलिया में अश्वनी का स्वागत करते शिक्षकगण


हरगांव में विजयी शिक्षक देवेन्द्र का स्वागत करते शिक्षकगण

**संवाददाता।** ऐलिया/हरगांव सीतापुर

**अश्वनी सिंह** प्राथमिक शिक्षक संघ एलिया के चौथी बार अध्यक्ष बन गए हैं। बीआरसी पर आयोजित त्रैवार्षिक अधिवेशन उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोशित किया गया। पर्यवेक्षण षिक्षक नेता दिनेश कुमार मिश्र अ, चन्द्रशेखर, पवन सिंह व राजेश गुप्ता ने किया। अपूर्व श्रीवास्तव, रजनीश कुमार, आदर्श सिंह, ललित सिंह, परवीन विश्वकर्मा, अतुल शर्मा, अभय मिश्रा, मो. वाइज, अनुपम मिश्रा,मयंक सिंह, बेबी शबाना, उमा मेहरोत्रा, प्रीती शर्मा, सुधा रानी आदि ने अष्वनी को बधाई दी है। उधर देवेन्द्र कुमार सिंह को हरगांव शिक्षक संघ के दोबारा अध्यक्ष चुन लिया गया है। बीआरसी पर आयोजित त्रैवार्षिक अधिवेशन में 238 मत पाकर वह विजयी हुए। रामशरण तिवारी को 131 और आलोक श्रीवास्तव को 36 मत मिले। इस तरह देवेन्द्र कुमार सिंह 117 मतों से विजयी हुए। इसके बाद उन्होंने सूर्य कुंड तीर्थ स्थित गौरीशंकर बाबा मंदिर पर माथा टेका। इस मौके पर मंत्री विनय गिहार कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह आशुतोष कुमार, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, बृजेश शर्मा, सुशील चंद्र भारती, सौरभ चौहान, विनीत बाजपेई, बदर अखलाक खान, तनुज मिश्र, आशीष कुमार श्रीवास्तव, आमोद राम, अशोक मौर्य ओम प्रकाश धर्मपाल सिंह राम लोटन सिंह आशुतोष शुक्ला उत्तम कुमार जयसवाल अनुराग सिंह मोहम्मद आसिफ अली मनोज कुमार अरुण मिश्र चितरंजन वर्मा मनीष शर्मा राजाराम देवेश प्रकाश सगीर अंसारी राकेश आनंद दुर्गा प्रसाद महाजन पंकज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## ● हरगांव के देवेन्द्र सिंह बने दोबारा अध्यक्ष

# समिति बनाकर वोटरों से करें सम्पर्कः शशांक यादव

**स्नातक व एमएलसी चुनाव को लेकर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी




**विधानसभा** समाजवादी पार्टी की एक बैठक स्थानीय एक मैरिज हाल में स्नातक चुनाव और शिक्षक एमएलसी चुनाव के संदर्भ में आयोजित की गई जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने पर बल दिया गया। इसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष दिलीप यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें संगठन के लोग वोटों की छटनी, चुनाव संचालन समिति बनाकर वोटरों तक जाना तथा पूरे विधानसभा को सेक्टर में बांटकर सभी पदाधिकारियों को घर-घर जाकर संपर्क कर जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। सभी अंकों नौजवान बेरोजगार, किसानों की बदहाल के बारे में अवगत करा माहौल बनाए। वहीं जिला महामंत्री नरेश उत्तम सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि नई ऊर्जा के साथ सभी इस चुनाव में जी-जान से लगकर चुनाव में जुटे। वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह ने कहा कि लखनऊ मंडल में लगभग सवा तीन लाख वोटर हैं। इस विधानसभा में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने काफी संख्या में वोट बनवाने का काम किया है। सभी लोग एकजुट होकर अपनी जिम्मेदारी समझ कर चुनाव लड़े। इस बैठक में प्रमुख रूप से लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रजी उल्ला खान, रामप्रकाश सिंह, मोहम्मद मुबीन खान, डा. जुबैर खान, नगर अध्यक्ष इकरार खां, मुईज खां, अकरम सिद्दीकी, पूर्व प्रमुख जयकरन बाजपेई, अकरम सिद्दीकी, राम सागर यादव, अरविंद यादव, तहसील सिद्दीकी राजन बाल्मीकि, संतोष दीक्षित, योगेश श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष सगीर आलम सिद्दीकी, उमेश श्रीवास्तव, उमेश भार्गव, अनीश खान, अनुभव यादव, वकी उल्ला सिद्दीकी, मोनिस अंसारी, राजेश यादव व सिराज अली सहित काफी संख्या में समाजवादी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की मनाई जयंती



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सपा के नगर अध्यक्ष ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता वारिस अली अंसारी के आवास पर मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। मौलाना अबुल कलाम आजाद एक भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। एक कवि लेखक पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। भारत की आजादी के बाद भी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पद पर रहे। वे महात्मा गांधी के सिद्धांतों का समर्थन करते थे। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए कार्य किया था। वह अलग मुस्लिम राष्ट्र के सिद्धांत का विरोध करने वाले मुस्लिम नेताओं के साथ थे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सन 1923 में राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के प्रेसिडेंट बनें। 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के प्रेसिडेंट आजादी के बाद भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए। भारत के सबसे पहले शिक्षा मंत्री बने सन 1992 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष देशभर में 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का अतुलनीय योगदान रहा है। इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ विधानसभा अध्यक्ष सोमचंद प्रजापति, लियाकत हुसैन, जलीस अंसारी, सर्वेश गौतम, लाल मोहम्मद अंसारी, अनीस अहमद अंसारी, शमीम अंसारी, वारिस अली मंसूरी, किशोरी लाल राठौर, मोहम्मद नईम खान व गोविंद वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एस्कॉर्ट्स ट्रैक्टर के शोरूम का किया गया उद्घाटन



**लखीमपुर खीरी।** जिला मुख्यालय पर एस्कार्ट ट्रैक्टर शो रूम का आज नगर से सटी बहराइच रोड पर भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि सेल्स चीफ प्रकाश बोरा ने बताया कि एस्कार्ट ने एक वर्ष में एक लाख ट्रैक्टर बेंचे है। पावर ट्रैक ट्रैक्टर की खूबी प्रत्येक किसान जानता है। डीजल की न्यूनतम खपत है। आज ट्रैक्टर के बिना कृषि की कल्पना नही की जा सकती। रीजनल मैनेजर दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि कम्पनी के कार्यकर्ताओं के कॉलर पर जय किसान लिखा है जो इस बात का प्रमाण की कम्पनी किसान को ही सर्वाधिक इज्जत देती है। एरिया मैनेजर आलोक जायसवाल ने आज बिके 25 ट्रैक्टर की चाभी मालिकों को सौंपी। प्रतिष्ठान के मालिक विमल शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रसिद्ध ब्यापारी व ट्रैक्टर तथा टू व्हीलर विक्रेता भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद मिश्र ने पूरी व्यवस्था का सफल संचालन किया। कम्पनी के अधिकारियों के आने पर बैंड बाजा के साथ साफा पहना कर किसानों ने स्वागत किया।

# लखीमपुर में आबकारी विभाग ने बड़े पैमाने पर चलाया छापेमारी अभियान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**बुधवार को** डीएम के निर्देश पर जिले के आबकारी महकमे ने बड़े पैमाने पर संदिग्ध घरों एवं स्थलों पर छापेमारी की।जिलाधिकारी और उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार लखनऊ के दिशा-निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार छापेमारी की गई। इसमें आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक द्वारा ग्राम नकहा पिपरी कालोनी थाना फरधान, आबकारी निरीक्षक रूद्र कान्त मिश्र द्वारा थाना बरखेरा चोरिया पिपरी थाना मोहम्मदी, आबकारी निरीक्षक गिरीश कुमार द्वारा ग्राम सिंगाही के खैरीगढ़ जंगल नदी के किनारे थाना सिंगाही, आबकारी निरीक्षक रामपुर थाना गोला व ग्राम गंगापुर थाना मैलानी में दबिश दी। दबिश में कुल 281 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई। 10850 किग्रा लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कर दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिलों में आबकारी टीमों को वृहद स्तर पर प्रवर्तन अभियान चलाए जाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके दृष्टिगत जिले भर में आबकारी टीमों द्वारा संदिग्ध स्थलों एवं घरों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की जा रही है। आबकारी की टीमें निरंतर भ्रमण सील रहकर अवैध कच्ची शराब बरामद करने समेत बड़ी मात्रा में लहन को नष्ट कराया जा रहा है।

# बाइक चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे




**बेहजम-खीरी।** त्यौहारों में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के तहत अपराध पर पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी के दिशा-निर्देशों में नीमगांव कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने अपने थाना क्षेत्र के चौकी प्रभारियों के साथ सख्त चेकिंग अभियान चलाया। गश्त के दौरान चौकी प्रभारी सिकंद्राबाद हनुमंत लाल तिवारी ने लखनियापुर गांव से एक चोरी की मोटर साइकिल चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर एक अदद मोटर साइकिल हीरो एचएफडिलेक्स बरामद कर अभियुक्त हरिओम मिश्रा पुत्र राम अवतार निवासी लखनियापुर थाना नीमगांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं चौकी प्रभारी बेहजम अनिल पांडे ने अपने हमराही सुरेंद्र दुबे के साथ पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त वीरभान सिंह उर्फ वीरु पुत्र हरीश सिंह निवासी बनतलिया थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। त्यौहार के मद्देनजर पुलिस उपाधीक्षक मितौली शिंताशु कुमार के दिशा-निर्देश में इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में बेहजम नीमगांव सिकंद्राबाद चौकी प्रभारी अनिल पांडे के साथ कस्बों का भ्रमण कर समस्त स्टाफ के साथ आने वाले समस्त त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश देते सर्राफा व बर्तन व्यापारियों से दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने व चौराहे पर घूमते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की।

# विधायक ने ग्रहण कराई सदस्यता



**मोहम्मदी-खीरी।** सपा तथा बसपा के अनेको कार्यकर्ताओं ने भाजपा में आस्था जताते हुए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के आवास ग्राम राजापुर बेनी पहुंचकर आज सपा व बसपा के कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से प्रमोद मिश्रा पतवन, जनार्दन मिश्रा मुल्लापुर, विजयपाल राज पूर्व प्रधान मड़ैया, कमलेश अर्कवंशी पूर्व प्रधान जमुका, अम्बिका प्रसाद मड़ैया, जयराम कश्यप व बालक राम कश्यप सेमरा जानीपुर आदि रहे। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सभी को भाजपा के चुनाव चिन्ह की पट्टिकाएं ओढ़ाकर सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेने वाले इन लोगों का भाजपा में हमेशा सम्मान रहेगा। उन्होंने कहा कि यह लोग अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने का कार्य करें। इस अवसर पर तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रोन्नत प्रधानाध्यापको को नही मिल रहा पूरा वेतनमान, शिकायत

**बरेली।** प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नत होने के बाद भी लगभग 150 शिक्षको को प्रधानाध्यापक का वेतनमान नही मिल रहा है। शिक्षक लाल बहादुर गंगवार इसकी लड़ाई लड़ रहे है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार को भी पत्र दिया था। संतोष गंगवार ने जेडी डॉ प्रदीप कुमार को पत्र लिखकर शिक्षक हित मे आदेश करने की बात कही। मंगलवार को लाल बहादुर गंगवार ने जेडी को एक ज्ञापन भी दिया। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक तो वेतनमान मिलने का इंतजार करते हुए रिटायर भी हो गए इससे उनकी पेंशन मे भी हानि हो रही है इस प्रकरण मे जल्द फैसला लेने की जरूरत है। जेडी ने इस बारे मे बीएसए से बात की। उन्होंने बीएसए को जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

### कांग्रेस से एमएलसी प्रत्याशी डॉ मेहंदी हसन ने कराया नामांकन



**बरेली।** मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार डॉ मेहंदी हसन ने अपना नामांकन कराया है। इस मौके पर डॉ मेहंदी हसन ने कहा कि उनका मकसद है कि शिक्षकों की समस्याओं का निदान हो शिक्षकों को पेंशन दिलवाएंगे , अगर वह जीतते है तो सरकार के सामने शिक्षकों की लड़ाई लड़ेंगे और समस्याओं को रखेंगे। शिक्षकों का रुका हुआ वेतन दिलाएंगे कांग्रेस की टक्कर पर कोई नही है साथ मे प्रदेश महासचिव ब्रह्मस्वरूप सागर , प्रदेश सचिव चौधरी असलम मिया , जितेंद्र कश्यप , जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी , महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला , रामदेव पांडेय ,, एवरण कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।

### राजकीय आयुर्वेदिक कालेज बरेली' ने मनाया आयुर्वेद सप्ताह

**बरेली।** वर्तमान में 'एस0आर0एम0 राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं चिकित्सालय बरेली' में आयुर्वेद सप्ताह मनाया जा रहा है। आयुर्वेद सप्ताह के पाँचवें दिन कल प्राचार्य एवं अधीक्षक 'प्रो0 डी0 के0 मौर्य जी' के द्वारा नामित समिति ने 'ऑन-लाइन पोस्टर प्रतियोगिता' का आयोजन किया। प्रतियोगिता में संस्था के लगभग सभी छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। समिति के सदस्यों 'प्रो0 प्रीति शर्मा, डॉ0 सुनीति चौधरी, डॉ0 मनोज कुरील, डॉ0 अविनाश वर्मा' व 'डॉ0 पूर्णिमा राव' के निर्णय के अनुसार प्रथम व्यवसायिक की 'हर्षिता उपाध्याय प्रथम स्थान' पर व प्रथम व्यवसायिक की ही 'बुलबुल चौधरी द्वितीय स्थान' पर रहीं।

### पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बिंदकी (फतेहपुर)।** जनपद पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में वांछितवारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज प्रभारी निरीक्षक ने मय हमराह द्वारा मु0अ0स0 479/2020 धारा 306/506/34 भादवि में वांछित अभियुक्त बाबू सिंह पुत्र कालीचरण, गंगाराम पुत्र कालीचरण निवासीगण ग्राम रसूलपुर थाना बिन्दकी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

### जीत पर भाजपाइयों ने मुंह मीठा कर मनाया जश्न

**फतेहपुर।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर और पूरे देश में भाजपा के जीत पर आज नगर कार्यालय में सभी पदाधिकारियों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इसमें अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह फौजी, नगर महामंत्री दिनेश कुमार गुप्ता, नगर महामंत्री राम सिंह पाल, नगर उपाध्यक्ष रितेश कुमार गुप्ता सोल्डी, नगर उपाध्यक्ष पाल सिंह, महिला मोर्चा जिला मंत्री रेखा पासवान, नगर मंत्री रीना दीक्षित, संत ज्ञाना पासवान आदि लोग मौजूद थे।

### चारा काटने की मशीन से अधेड़ का कटा हाथ

**बिंदकी (फतेहपुर)।** चारा काटने की मशीन में अचानक अधेड़ का एक हाथ कट गया। जिसके चलते खून से लथपथ अवस्था में गंभीर रूप से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लखना खेड़ा गांव के जयनारायण सिंह उम्र 47 वर्ष चारा काटने की मशीन में चारा काट रहे थे। तभी उनका एक हाथ चारा काटने की मशीन के अंदर चला गया। जिससे उनका एक हाथ कट गया। गंभीर हालत में खून से लथपथ अवस्था में उन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। काफी देर चले उपचार के बाद जब हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घर के अंदर महिला को सर्प ने डसा

# दीपोत्सव को लेकर मिठाई वितरित

संवाददाता। फतेहपुर



**भोजन** जन सेवा समिति के माध्यम से सुबह चयनित किए महर्षि काशीराम कॉलोनी में जहां बेसहारा, अतिनिर्धन एकल वृद्ध, महिला, पुरुष, विकलांग, जरूरतमंद, आधा सैकड़ा लोगों को दीपोत्सव के पूर्व उन सभी को लैया, गट्टा, पट्टी, मोमबत्ती मिठाई का वितरण कर उन्हें दीपावली की खुशियां बांटी गई। समिति के कुमार शेखर ने दीपोत्सव के अवसर पर कहा कि यह सिखाती है कि जीवन का हर दिन कैसे जीना चाहिए। एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मौज मस्ती करते हुए एक दूसरे को खुशियाँ बाँटते हुए और आज हम साल भर त्यौहार का इंतजार करते हैं। जीवन जीने के लिए, एक दूसरे से मिलने के लिए, खुशियाँ बाँटने के लिए लेकिन इस बार ऐसी दीवाली मनाएँ कि यह एक दिन पूरे साल को महका जाए और रोशनी का यह त्यौहार केवल हमारे घरों को नहीं बल्कि हमारे और हमारे अपनों के जीवन को भी रोशन कर जाए। हमारी छोटी सी पहल से अगर हमारे आसपास कोई न हो निराश, तो समझो दीवाली है, हमारे छोटे से प्रयास से जब दिल दिल से मिलके दिलों के दीप जलें और उसी रोशनी से, हर घर में हो प्रकाश तो समझो दीवाली है इसलिए प्रयास करें कि आसपास अगर ऐसे जरूरतमंद बेसहारा अति निर्धन गरीब लोग हैं तो उनसे जो हो सके दिवाली संबंधित त्योहार सामग्री देने का कार्य करें ताकि हमारे साथ साथ उनकी भी दिवाली अच्छी हो। उनका भी घर रोशन हो। समिति के माध्यम से दिवाली आने तक ऐसे सभी चयनित किए हुए शहर में गरीब, जरूरतमंद, निर्धन, विकलांग, बेसहारा, वृद्ध, महिला, पुरुषों तक सामग्री पहुंचाने का कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर नरेश गुप्ता, राजू राईन, अंकित वर्मा रीगन, संतोष साहू, मनीष केसरवानी, रानू केसरवानी, राकेश गुप्ता, यतीश रायजादा, दिलीप यादव, कमल गुप्ता आदि रहे।

# बहुजन मुक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

संवाददाता। फतेहपुर

**बहुजन** मुक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ0 फूल सिंह लोधी के नेतृत्व में शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देते हुए बताया कि ग्रामीण आवासों में ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत मित्र की मिलीभगत से अपात्र व्यक्तियों से रुपए पैसा लेकर नई सूची तैयार कर ग्रामीण आवास दिए जाने तथा उन्हें सक्षम अधिकारी से जांच कराकर नई सूची को निरस्त किए जाने के बारे में जानकारी दी।

जिलाधिकारी से मांग किया कि ग्राम कसरावां ब्लॉक बहुआ तथा तहसील फतेहपुर के मूल निवासी हैं। प्रार्थीगणों के गांव में ग्रामीण आवास में ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत मित्र रुपए लेकर आपात व्यक्तियों को सूची में नाम कर के पात्र व्यक्तियों को नई सूची में ग्रामीण आवास पाने से वंचित कर दिया है। अत आपसे निवेदन है कि किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराकर वर्तमान सूची को निरस्त कर नई सूची पात्रता के आधार पर तैयार की जाए तथा ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत नेत्र के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए अगर ऐसा ना हुआ तो हम प्रार्थी गण धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे इस मौके पर शैलेंद्र कोरी राजमती अजय सिंह लोधी सविता देवी राम सिंह लोधी भानमती देवी दिनेश कुमार राकेश राम लखन कोरी शिव बरन कोरी रामविशाल कोरी रूप नारायण महाराज दिन धर्मेंद्र कुमार काली दिन कोरी दिनेश कुमार रंगीलाल दरोगा लोधी अनिल सिंह मनोज कुमार लोधी शैलेंद्र कुमार सब सुनीता देवी धर्मो जय नारायण राजेंद्र सिंह शिव गोपाल संतोष कुमार विजय राकेश मेवा लाल पासी शांति देवी राम सिंह गोवर्धन लाल रीना देवी विद्या देवी सोनू आदि गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिंदकी में सिरकटी लाश मिलने से मची सनसनी

**बिंदकी (फतेहपुर)।** भोर पहर लोगों ने सिर कटी लाश देखी तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पूरे दिन तक शव का कोई पता नहीं चल सका। अधीर के सिर को हावड़ा से काटा गया था। मौके पर एक कंबल एक जोड़ी चप्पल तथा एक छोटी तकिया मौके पर पड़ी मिली। भोर पहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जनता गांव के समीप बाईपास में एक अधेड़ का शव पड़ा मिला तो शव का सिर अलग कटा हुआ पड़ा मिला। मॉर्निंग वॉक में निकले लोगों ने रोड किनारे खून देखा तो वह लोग रुक गए इधर-उधर देखा तो पाया कि खंदक में एक बिना सिर के लाश पड़ी है तथा सिर थोड़ी दूर में पड़ा है, पास में ही एक हावड़ा था। वहीं मौके पर एक कंबल, एक जोड़ी चप्पल और एक छोटी तकिया भी पड़ी हुई दिखाई दी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# नौजवान सभा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



संवाददाता। फतेहपुर

**समाजवादी** नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने खागा बाईपास में समाजवादी नौजवान सभा के राष्ट्रीय सचिव चौधरी राजेश यादव से मुलाकात की। बनारस से सैफई वापस जाते हुए बाईपास चौराहा खागा पार्टी कार्यालय में प्रदेश सचिव प्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष मनीष यादव, भूप सिंह यादव, यादव महासभा नगर अध्यक्ष खागा फूल सिंह यादव, प्रधान जिला उपाध्यक्ष नौजवान सभा मो0 सैफ परीक्षित यादव, नरसिंह यादव, सुरेश यादव, कुल्लू यादव, अमन यादव, पिंटू यादव, सौरभ यादव, प्रमोद यादव, हरिओम राजपूत, मो0 कामरान, जिला सचिव मो0 अदनान और आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सचिव ने कहा है जिस तरह जनपद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी नौजवान सभा का संगठन मजबूत हो रहा है। दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। बताया कि वहीं बहुत जल्द जनपद में समाजवादी नौजवान सभा का एक मीटिंग की जाएगी।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने विकास भवन में किया जोरदार प्रदर्शन

**फतेहपुर।** गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में संगठन की महिलाएं विकास भवन पहुंची। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए आवाज बुलंद की। मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित करके समस्या के अतिशीघ्र निवारण किये जाने हेतु पुरजोर मांग की। अध्यक्ष नें बताया की ग्राम पंचायत सुजानपुर विकास खण्ड बहुआ में निवर्तमान ग्राम विकास अधिकारी मनमोहन सिंह द्वारा अपात्रो को शौचालय, आवास, पेंशन व विकास कार्य में भ्रष्टाचार व कुष्ठ रोगी को एवं पात्रों को शौचालय व आवास के लाभ से वंचित कर देने से सम्बंधित शिकायत पर सीडीओ द्वारा 3 अक्टूबर को बीडीओ बहुआ को जाँच सौंपी गई। जिस पर जेई, आरईइस, एडीओ. व लिपिक की संयुक्त टीम बनाकर जांच हेतु आदेशित किया गया लेकिन अब तक जाँच एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी। जिससे भ्रष्टाचारी के हौसले बुलंद हैं। संगठन की महिलाओं की मांग रही कि ग्राम विकास अधिकारी की निष्पक्ष जाँच करायी जाये एवं पात्रों को अतिशीघ्र योजनाओं लाभ दिलाया जाये। अध्यक्ष नें बताया की सीडीओ नें पूर्णतः आश्वस्त किया है कि ग्राम विकास अधिकारी की निष्पक्ष जाँच करायी जाएगी एवं सभी पात्र ब्यक्तियों को शीघ्र अति शीघ्र योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। इस दौरान रामश्री, राजरानी, प्रीती देवी, मदीना, चेतरानी, सुमन, रामा, केशकली आदि मौजूद रहीं।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

संवाददाता। हथगाम (फतेहपुर)



**शिक्षा** क्षेत्र हथगाम के प्राथमिक विद्यालय चयमालपुर के प्रांगण में इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का पूर्व अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा समारोह में स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि विजय शंकर मिश्रा प्रबन्धक बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा किया गया। समारोह में ब्लाक में इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षक रमेश प्रसाद गुप्त, सन्तोष कुमार यादव, गुलाब सिंह, कुलदीप द्विवेदी, सुल्ताना खातून को शॉल, पेन व डायरी भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सिद्धनाथ सविता ने किया। मुख्य अतिथि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह गौरवमयी क्षण है। शिक्षक और शिक्षा एक दूसरे के पहलू हैं और शिक्षक समाज की रीढ़ है। शिक्षक के विषय मे जितनी भी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने गुरुकुल का उदाहरण देते हुए बताया कि आज शिक्षा का पतन हो रहा है। संस्कारयुक्त शिक्षा देने की आवश्यकता है। सेवानिवृत्त शिक्षकों की लंबी उम्र और स्वस्थ रहने की कामना की। विशिष्ट अतिथि पूर्व बीआरसी/ मंत्री कमरुल इस्लाम जीलानी ने कहा कि शिक्षक कभी भी रिटायर नहीं होता। परिवार में रहकर बच्चों का ध्यान रखें और उन्हें संस्कारित करें। सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश प्रसाद गुप्त, विमलेश सिंह यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किये। समारोह का संचालन प्रेम कौशलेन्द्र पटेल ने किया।

# एआईएमआईएम इकाई ने जीत पर बांटी मिठाई

**फतेहपुर।** यूथ जिलाध्यक्ष मेराज अंसारी ने बताया बिहार विधानसभा चुनाव में पाँच प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर पार्टी ने बिहार में इतिहास रच दिया है। साथ ही यह भी बताया कि ओवैसी को भाजपा का एजेंट कहने वाले लोगों के मुँह में यह जोरदार करारा तमाचा है। पार्टी ने काफी शानदार प्रदर्शन किया है। जिसकी वजह से आज दूसरे नम्बर पर है। इस मौके पर खुशी का इजहार करते हुए पूरे नगर में मिठाई भी बांटी।

# डीएलएड पेपर आउट, रंगे हाथ पकड़े गए तीन युवक, हड़कंप

संवाददाता। इटावा

**डीएलएड** पेपर आउट रंगे हाथ तीन युवक पकड़े कैमरे में कैद डीएलएड 2018 प्रशिक्षु परीक्षा का पेपर हुआ लीक आउटए परीक्षा केंद्र के सामने तीन परीक्षार्थियों को रंगे हाथ जिला विद्यालय निरीक्षक ने पकड़ाए डीआईओएस ने तीन युवकों पर करवाया मुकदमा दर्जए थाना कोतवाली के गेट पर पेपर लीक आउट करने वाले युवकों को किया गया गिरफ्तार अन्य युवक भागने में सफलए डीएलएड की प्रथम पाली परीक्षा का पेपर हुआ आउट। बुधवार को हुई डी एल ऐड प्रवेश परीक्षा के पहली पारी में शहर में कोतवाली के ठीक सामने सनातन धर्म इंटर कॉलेज के बाहर मोबाइल पर लीक हुई पेपर को सॉल्व करते तीन परीक्षार्थियों को जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा एवं उनकी टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। दरअसल प्रथम पाली में जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा एस डी इंटर कॉलेज में निरीक्षण के लिए जा रहे थे तभी कॉलेज के बाहर थोड़ी ही दूर पर भीड़ लगी देख राजू राणा गाड़ी से उतरते है जिन्हें देख कर कुछ लोग भागने लगते हैं। तभी मौके पर तीन लोगों को पकड़ लिया जाता है। यह लोग मोबाइल व्हाट्सएप पर डी एल ऐड का लीक हुआ पेपर के प्रश्न देखकर उनको साल्व कर रहे थे। इस बात की जानकारी खुद ज़िला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा ने दी कि उन्हें जानकारी मिली थी कि प्रदेश के किसी अन्य ज़िले में प्रथम पाली का पेपर लीक हुआ है और यह वही लीक पेपर था जिसे सॉल्व किया जा रहा है। हैरानी की बात थी कि यह सारा काम सेंटर के ठीक सामने कोतवाली के पास हो रहा था। पकड़े गए लोग खुद पेपर देने आए थे इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।



## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला नगला विशुन में एक 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त गांव निवासी भगवान सिंह की 17 वर्षीय पुत्री राखी मंगलवार को घर पर अकेली थी उसका पूरा परिवार खेत पर कार्य करने गया था। जब देर शाम मृतका का भाई खेत से वापस लौटा तो मृतका राखी कुंदे में दुप्पट्टे का फंद्दा डालकर फांसी लगा चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया लगभग 1 सप्ताह पूर्व भी मरने के उद्देश्य कोई जहरीला पदार्थ पीलिया था जिससे हालत खराब हो जाने के कारण परिजनों ने आनन.फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां पर इलाज के दौरान ठीक हो गई थी लेकिन पुलिस ने बताया मृतिका घर पर कोई काम नहीं करती थी इसलिए परिजनों ने उसे डांट दिया था शायद उसी के चलते उसने फांसी लगाई हो मौके पर पहुंचे बलरई थानाध्यक्ष सतीश राठौर उप निरीक्षक महेंद्र गौतम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बेटी की मौत पर न्याय के लिए पानी की टंकी पर चढ़ा पीड़ित पिता

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**ग्राम किसरौली निवासी आकांक्षा सक्सेना पुत्री शिवकुमार का शव रेलवे ट्रैक पर 14 अक्टूबर को पड़ा मिला था, घटना के बाद परिजनों ने लगाया था हत्या का आरोप परिजनों नें 18 अक्टूबर को पुलिस लाइन का घेराव कर तत्कालीन एडीजी प्रेम प्रकाश से पुलिस लाइन में की थी मुलाकात**

**बेटी** की मौत पर न्याय ना मिलने से आहत पीड़ित पिता पानी की टंकी पर चढ़ गया। जिससे जिला प्रशासन के हाथ पैर फूल गये। जिला प्रशासन और अफसर उन्हें मनाने में लगे रहे। तकरीबन चार घंटे बाद दोनों को नीचे उतारा गया।थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम किसरौली निवासी आकांक्षा सक्सेना पुत्री शिवकुमार का शव रेलवे ट्रेक पर 14 अक्टूबर को पड़ा मिला था। घटना के बाद परिजनों ने हत्या होनें का आरोप लगाया। परिजनों नें 18 अक्टूबर को पुलिस लाइन का घेराव कर तत्कालीन एडीजी प्रेम प्रकाश से पुलिस लाइन में भेट की। जिसके बाद लापरवाही दिखाने में तत्कालीन थानाध्यक्ष रामबाबू को निलंबित किया गया था। एडीजी की सख्ती के बाद आरोपियों के खिलाफपुलिस नें मुकदमा भी दर्ज किया। लेकिन आरोपियों का आज तक बाल बांका ना होनें से परिजन आहत थे। एबीवीपी सहित कई संगठन कार्यवाही की मांगके साथ ही धरना प्रदर्शन कर चुके थे। लेकिन न्याय ना मिलने से आहत परिजन आखिर वह करने पर अमादा हो गये जिसका किसी नें कभी अंदाजा भी नही लगाया होगा।बुधवार को मृतका का पिता शिव कुमार सक्सेना अपने भतीजे सचिन के साथ कलेक्ट्रेट में निर्वाचन कार्यालय के पास पानी की टंकी पर चढ़ गया। खबर लगते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। एडीएम विवेक श्रीवास्तव, सीओ राजवीर सिंह, शहर कोतवाल वेदप्रकाश पाण्डेय, फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल आदि मौके पर आ गये। पीड़ित पिता नें आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार को पुलिस सुरक्षा, बेटी के हत्यारों को फांसी देनें की मांग की है।प्रशासन उन्हें किसी तरह नीचे उतारने का प्रयास करता रहा। जिसके बाद जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह और एसपी डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा से फोन पर वार्ता के चार घंटे बाद परिजन नीचे उतरे। उन्हें जिला प्रशासन नें मांगों पर जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया।

## कई बोरे पुराने अभिलेख गंगा में फेंके विरोध करने पर गोली मारने की धमकी

**फर्रुखाबाद।** बड़ी संख्या में पुराने बिल और चेकों के साथ ही अन्य हिसाब–किताब के कागज गंगा में फेंके जाने से हड़कंप मच गया। गंगा नहा रहे श्रद्धालुओं नें तीन बोरी अभिलेख (बिल) आदि बाहर निकाल लिये और पुलिस को सूचना दी। पुलिस नें मौके पर आकर तीन बोरी हिसाब–किताब के कागजात आदि बरामद किये। अभिलेखों पर शहर के बड़े–बड़े व्यापारियों की फर्मो के नाम लिखे थे।बुधवार सुबह तड़के दुर्वासा आश्रम के निकट तीन युवक ई–रिक्शा भरकर पुराने बिल आदि कागजात लेकर पंहुचे। उन्होंने कागजात गंगा की धार में फेंक दिये। मौके पर गंगा नहा रहे ओमेन्द्र सिंह वर्मा नें इसका विरोध किया तो अभिलेख फेंक रहे लोगों नें गोली मारने की धमकी दी। आरोपी धमकी देकर फरार हो गये। स्नान कर रहे लोगों नें लगभग तीन बोरी अभिलेख गंगा से बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पांचाल घाट चौकी पुलिस मौके पर आ गयी। इसके साथ ही नमामि गंगे के भी कार्यकर्ता आ गये। पुलिस नें तीन बोरी अभिलेख कब्जे में ले लिये।पुलिस जाँच कर रही है।

### त्यौहार पर अराजकता करने वालों पर पुलिस कसेगी शिकंजा

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** दीपावली, धनतेरस व भैया दूज के त्योहार को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में थानाध्यक्ष ने लोगों से त्योहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील की।थानाध्यक्ष अजय नारायण सिंह नें कहा कि आगामी त्योहार को सभी लोगों आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान दें। अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है तो सबसे पहले इसकी जानकारी पुलिस को दें। ऐसे लोगों पर पुलिस शक्ति से कार्रवाई करेगी।

## हादसे की तीन घटनाओ में दो मरे चार गम्भीर

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र में हादसे की तीन घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी तथा 4 लोग घायल हो गये जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रिफर कर दिया गया है। हादसे की पहली धटना हमीरपुर रोड पर शांम को हुई जहाँ अज्ञात वाहन की चपेअ में आने से वाइक सवार युवक की मौत हो गयी मतृक की पहचान नही हो सकी। उधर शांम को ही कोरिया मोड पर हुई जहाँ ट्रैक्टर की चपेट में आने से वाइक सवार दो लोग घायल हो गये जिनहे प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रिफर किया गया घायल में बृद्व की कानपुर जाते समय रास्ते में मोत हो गयी देर शांम परास चौराहे पर भी ट्रैक्टर व मोटर साइकिल की सीधी टक्कर में वाइक सवार घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने बताया कि दोनों की हालत गम्भीर होने के चलते कानपुर रिफर कर दिया गया है।

# औचक निरीक्षण से धान क्रय केंद्रों के संचालकों में हड़कम्प

## भरथना विधायक ने देखीं व्यवस्थाएं, खरीद केन्द्रों पर मिलीं अनगिनत अनियमिताएं

- **किसानों की समस्याएं सुन विधायक हुई केन्द्रों के संचालकों से नाराज, एसडीएम को दिए केन्द्र संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश**
- **विधायक ने कहा-केन्द्रों पर नहीं खरीदा जा रहा किसानों का धान, किसान अपनी फसल खुले बाजार में मिट्टी के मोल बेचने को हैं मजबूर**



संवाददाता। इटावा

**भरथना** कृषि उत्पादन मंडी समिति में मंगलवार की शाम मंडी में संचालित सरकारी धान खरीद केन्द्रों के संचालकों में उस समय हड़कम्प मच गया जब दो दर्जन से अधिक गरीब शरीफ कृषकों ने भरथना भाजपा विधायक साबित्री कठेरिया से भरथना कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित सरकारी चार.चार धान खरीद केन्द्र होने के बाबजूद उनका धान नही खरीदा जा रहा की उनके आवास पर पहुँच कर शिकायत दर्ज की गई थी। जिसपर विधायक श्रीमती कठेरिया ने जिलाधिकारी और भरथना उपजिलाधिकारी से दोपहर में फोन पर शिकायत करते हुए खरीद केन्दों की जांच करने के निर्देश दिए थे। साथ ही उन्होंने इसी दिन शाम को स्वम ही भरथना कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित सरकारी धान खरीद केन्द्रों के औचक निरीक्षण करने पहुँच गई। जिसपर धान खरीद केन्द्रों के संचालकों में हड़कम्प मच गया। विधायक श्रीमती कठेरिया को निरीक्षण में सरकारी चार खरीद केन्द्रों में दो केन्दों पर धान नही खरीदा जा रहा था जिसको देख विधायक का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को मौके की स्थिति से अवगत कराते हुए उपरोक्त धान खरीद केन्द्रों की जांच पड़ताल कर दोषी संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के शख्त निर्देश दिए है। वहीं विधायक श्रीमती कठेरिया ने मौजूद किसानों की धान खरीद को लेकर शिकायतें सुनी और निस्तारण का भरोसा दिलाया है। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता डॉक्टर रामस्वरूप यादवएनामित सभासद हरिओम दुबेएमौना चौबेए सोनू कठेरियाएपंकज दुबे के अलावा मंडी कर्मचारी प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित विधायक पहुंचे मां कुष्मांडा के दरबार





संवाददाता घाटमपुर

**उप चुनाव** में भारी मतों से बिजयी होने के बाद आज बुद्यवार को नव निर्वाचित बिधायक उपेंन्द्र नाथ घाटमपुर के कानपुर रोड पर स्थित माँ कुष्माण्डा देवी मंदिर पंहुचे और पूजा अर्चना के साथ मत्था टेका तथा माँ से आर्शीवाद माँगा, इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्य कर्ता मौजूद थे। जिनमें उप चुनाव के मीडिया प्रभारी एंव नगर पालिका परिषद के सभासद बिबेक शुक्ला, कमलेश त्रिवेदी, बीरेंन्द्र शुक्ला, ओम जी तिवारी, सचिन शुक्ला, अंकुर दीक्षित, रण बिजय सिंह, प्रिंन्स शुक्ला, रामजी शुक्ला, पूर्ब सभासद हनुमान शर्मा और अरुण कुमार आदि प्रमुख थे, इसके बाद बिधायक उपेंन्द्र नाथ पासवान कस्बे के आशानगर मुहल्ला में स्थित संध कार्यालय गये और वहाँ मौजूद लोगों का चुनाव में भारी मतों बिजयी बनाने के लिये अभार ब्यक्त किया। दोपहर बाद बिधायक पुखरॉया पंहुचे और स्व0 अरबिन्द सचान की तेहरवीं कार्यक्रम में भाग लिया।

### उपेंन्द्र नाथ पासवान की जीत पर पत्र बितरकों का मुंह मीठा कराया

**घाटमपुर।** समाचार पत्र बितरक सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी ने भाजपा प्रत्याशी उपेंन्द्र नाथ पासवान की जीत पर आज सबेरे कस्बे के अलावा ग्रामीण अंचल से आये समाचार पत्र बितरको को लड्डु बांट कर उनका मुह मीठा कराया इस मौके पर समाचार पत्र अभिकर्ता अशोक दीक्षित, यादव सरदारपुर, राजेश शुक्ला, मदनगोपाल गुप्ता के अलावा भाजपा नेता कमलेश त्रिवेदी भी मौजूद रहे। उधर बरीपाल मंण्डल के अध्यक्ष आशीष सिंह परमार और महामंत्री पुष्पेंन्द्र सिंह ने भी उपेंन्द्र नाथ पासवान की जीत पर खुशी जाहिर की है।

## तमंचे के बल पर मारपीट कर लूटपाट

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र से निकलने वाली इटावा मनाई रोड पर गांव रिटोली के बाजार में बाइक सवार सुशील पुत्र कमलेश कुमार निवासी खरगपुरा थाना बसरेहर के साथ तमंचे के बल पर मंगलवार की देर शाम मारपीट कर दस हजार रूपये लूट लिए। घटना की जानकारी देते हुए सुशील ने बताया घर पर लेंटर डलवाने के लिए शटरिंग वाले को दस हजार रुपए एडवांस देने के लिए जा रहा था कि तभी रिटोली गांव में राजीव उर्फभूरा पुत्र गेंदा लाल निवासी नगला डबा और उसके दो साथियों ने मिलकर तमंचे की नोक पर मेरे साथ मारपीट की और मेरी जेब मे पड़े दस हजार रुपये छीनकर भाग गए। वही घटना की जानकारी देते हुए कार्यवाहक थाना प्रभारी जेपी सिंह ने बताया कि मामला सिर्फमारपीट का है और जो यह लूट की घटना बता रहे हैं इन्होंने ही बाजार में सब्जी खरीद रहे विपक्षी के साथ मारपीट की और वहां से भाग खडे निकले।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



संवाददाता। जसवंतनगर

**क्षेत्र** के ग्राम जगसौरा समीप रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गईए मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम को भेजा बही उसके भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या की गई है। बुधवार सुबह उक्त ग्राम समीप अप लाइन पर पोल संख्या 1169 के 14 व 15 के मध्य 56 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की तो जेब से मिले आधारकार्ड से हुई शिनाख्त में 56 वर्षीय म्रतक कप्तान सिंह पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी सुर्खियान जायमई सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है। म्रतक साइकिल पर हरमोनियम लेकर उक्त स्थान पर रेलवे ट्रेक पार कर रहा था उसी समय वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हुई है। पुलिस द्वारा म्रतक के स्वजनों को सूचना दी गई है। बही उसके सगे भाई किशन ने बताया कि उसका भाई गांव के समीप ही दूसरे गांव के एक आदमी के साथ आया था उसके साथ जमीनी बिबाद चल रहा था इस कारण उसकी हत्या कर दी गई है पुलिस अव दोनो बिन्दुओं पर जांच कर रही कि यह हत्या है या रेलवे ट्रेक पार करते समय घटना तो घटित नहीं हुई।

# खाद्य विभाग की टीम ने लिए नमूने



संवाददाता। कानपुर देहात

**अगामी** दीपावली पर्व में आम लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये खाद्य विभाग की टीम ने मिलावटी व रॅगीन खाद्य पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफकार्यवाही कर 10 नमूने संग्रहीत किये। रॅगीन मिठाइयों को इस दौरान नष्ट भी किया गया। रसूलाबाद तहसील में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित, नायब तहसीलदार व एफएसओ सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम ने मॅगलवार की देर रात्रि नन्द किशोर उर्फ भूरा के खोया, मिल्क पाउडर व सफेद पाउडर अपमिश्रित की जॉच की गयी 19 हजार आठ सौ रूपये मूल्य का खोया को नष्ट किया गया व अपमिश्रित सफेद पाउडर को सील किया गया। मैथा तहसील में तहसीलदार व एफएसओ की टीम ने विमल कुमार की दुकान से खोया, अशोक कुमार की दुकान से दूध बर्फी, मैथा बाजार की शम्भू दुकान से बूॅदी लडडू, प्रेमकुमार गुप्ता की दुकान से पेडा का नमूना लिया गया। डेरापुर तहसील में नायब तहसीलदार व एफएसओ विनीता यादव की टीम ने मुॅगीसापुर बाजार में इमरा की दुकान से खोया, डेरापुर के राजेश कुमार की दुकान से पनीर चिलौली के केशव दीक्षित की दुकान से बेसन का नमूना संग्रहीत कर जॉच के लिये भेजा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित ने बताया कि संग्रहीत किये गये 10 नमूनों को जॉच के लिये प्रयोगशाला भेजा जा रहा है जॉच रिर्पोट आने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

## दुकानदार की संदिग्ध हालात में मौत

**फर्रुखाबाद।** दुकान का सामान लेनें निकले दुकानदार का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजनों नें हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम कुरार निवासी 22 वर्षीय दिलीप उर्फ दीपू पुत्र श्रीनिवास अपनी किराने की दुकान का सामान लेनें कायमगंज गये थे। उसी उसका शव कायमगंज से अचरा मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा देखा गया। ग्रामीणों नें उसके मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन मौके पर आ गये। परिजन उसे सीएचसी लेकर गये लेकिन चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया।दीपू की मौत पर उसकी पत्नी नेहा, माँ विमला देवी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। जानकारी होनें पर मृतक के ससुर प्रेमबाबू गुप्ता अल्लागंज शाहजहाँपुर ने जहर देकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार आदि फोर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने बताया कि मौत का कारण बीमारी लग रही है।

# सीडीओ ने की समीक्षा



संवाददाता। कानपुर देहात

**मिशन** शक्ति अभियान के द्वितीय चरण के तहत मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने विकास भवन कार्यालय में सम्बन्धित विभाग जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि जीआईसी इन्टर कालेज के प्रधानाध्यापक रती वर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला प्रोबेशन कार्यालय से जिला बाल संक्षरण अधिकारी धमेन्द्र कुमार ओझा, डीसी बालिका, डीसी सत्यनारायण कटियार आदि के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण जनपद में दो विभागों द्वारा दिनांक 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक चलाया जायेगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रम किये जायेगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम जनपद में विभिन्न प्रकार समन्वय स्थापित करते हुए संचालित करायें तथा जो कार्यक्रमों की गतिविधियों की रिपोर्ट शासन आदि को भेजी जानी है उसे सही व समय से भेजे। इस मौके पर अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर डीओ केके पाण्डेय, डीडीओ प्रद्युम कुमार आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नर्सरी व्यापारी के साथ लूट की वारदात

**कायमगंज फर्रुखाबाद** ।कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव पपड़ी मिलिकिया निवासी प्यारे मियां पुत्र फकीरे ने बताया कि वह नर्सरी पौध की सप्लाई करता है। उसका कहना है कि मेरे साथ मिलकर साहिल पुत्र पप्पू निवासी कमालगंज भी काम करता था। किंतु अब वह लकड़ी का धंधा करने लगा है। नर्सरी व्यवसायी प्यारे मियां ने बताया कि 10 नवंबर को मैएक लाख रुपए लेकर जनपद कन्नौज के ब्लॉक हसेरन अधिकारियों से मिलने गया था। किंतु अधिकारी नहीं मिले। तब मैं वहां से अपने गांव वापस लौटने के लिए चल दिया। कुछ ही दूर तक आ पाया था एकि उसी समय मेरे पूर्व पार्टनर साहिल पुत्र पप्पू तथा उसके कुछ अज्ञात साथियों ने सड़क पर बोलेरो कार लगाकर मुझे रोक लिया। और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मेरे पास से वह सब रुपए छीन लिए जो मैं लेकर ब्लॉक गया था। इस संबंध में नर्सरी व्यापारी ने कार्यवाही हेतु अपने निवास क्षेत्र से संबंधित कोतवाली कायमगंज में लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### टप्पेबाज ने उड़ाए दस हजार रुपए

**जसवंतनगर।** एक जालसाज युवक ने एक महिला से यह कहा कि तुम्हारे खाते में 40 हजार रुपए भेजे गए हैं। 10 हजार रुपए बैंक में लेकर चलो। टप्पेबाज युवक महिला से एक मोबाईल व 10 हजार रुपए लेकर फरार हो गया।ग्राम फुलरई व हाल निवासी फक्कड़पुरा पीड़ित महिला प्रीति पत्नी किशन वीर ने थाना में तहरीर देकर बताया है कि उसके घर पर पहुंचा एक युवक ने बताया कि प्रीति के खाते में 40 हजार रुपये भेजे गए हैं। वह रुपये तुन्हें चाहिए तो आधारकार्ड व 10 हजार रुपये के साथ फोटो खिंचवाओ और बैंक चलो। महिला ने अपने मोबाईल से युवक के कहे अनुसार फ़ोटो खिचाई और अपने 10 वर्षीय पुत्र को साथ लेकर युवक की बाइक पर सवार होकर चले लेकिन हाइवे पर स्थित बैंक समीप रुककर युवक ने महिला से बोला बैंक में अधिकारियों को फोटो और रुपए दिखा दे तुम यही बैठो तो महिला वही रुक गई युवक महिला के साथ आये बच्चे को लेकर बैंक की ओर चला आया बाद में युवक ने बच्चे से कहा रुपये और मोबाईल हमे देदो तुम्हारी मम्मी को बुला लाये बच्चे ने रुपये मोबाईल युवक को दे दिए।

# एसआईटी से कराएंगे छिबौली कांड की जांच: गंगाचरण


ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत

**सरीला ( हमीरपुर )।** भाजपा के पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने बुधवार को छिबौली गांव जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा मृतक अधेड़ के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। सांसद ने कहा कि जहरीली शराब बनाने वालों व उनको संरक्षण देने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाएगी। छिबौली गांव में पिछले हफ्ते करन सिंह (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद हुआ बवाल थमता नजर नहीं आ रहा है। बुधवार को पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ गांव आकर ग्रामीणों से घटना की पूरी जानकारी ली तथा करन सिंह के परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि जहरीली शराब के कारोबारी व उनको संरक्षण देने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाएगी। कानून को खाने वाली वर्दी का सम्मान नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र में जनता से बड़ा ताकतवर कोई नहीं है। आगे कहा कि सोशल मीडिया पर लंबी लंबी बातें करने वाले अब दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि निर्दोष ग्रामीणों पर दर्ज मामला वापस होंगे और पूरे मामले से मुख्यमंत्री सहित आला अफसरों को भी अवगत कराया जाएगा तथा इस प्रकरण की एसआईटी जांच कराई जाएगी। इसके लिए आर-पार की लड़ाई की जरूरत पड़ी तो लड़ी जाएगी। विधायक प्रतिनिधि भरत कुमार अनुरागी ने कहा कि पुलिस की मनमानी सहन नहीं की जाएगी। महेंद्र राजपूत ने कहा कि ग्रामीणों की लड़ाई में वह उनके साथ हैं। इसके बाद मृतक की पत्नी को पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत, ब्लाक प्रमुख गोहांड अरविंद मुखिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सरीला दृगपाल सिंह राजपूत ने आर्थिक सहायता भी दी। भाजपा के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

प्रधानाचार्य के अश्लीलता वीडियो का मामला

# पत्रकार के खिलाफ मुकदमे निरस्त कराने की मांग

● एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**कस्बे के** एक इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य का वायरल वीडियो को संज्ञान होने खबर प्रकाशित करने पर प्रधानाचार्य ने एक पत्रकार के ऊपर मुकदमा दर्ज करवाने के मामले में आज जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जन अधिकार पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुशवाहा व मदन कुशवाहा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कस्बे के एक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य का अश्लील दिखने वाला वीडियो उसके ही एक टीचर के साथ वायरल हुआ था। जिसको एक पत्रकार ने प्रकाशित किया था। जिस पर उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पत्रकार के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया था और उसके परिवार के ऊपर दबाव बनाने के लिए घर में घुस पत्रकार के पिता के साथ दबंगई करते हुए अन्य परिजनों के साथ अभद्रता की थी।

पार्टी के लोगों ने मांग की है की पत्रकार के ऊपर लिखे मुकदमे को खारिज कर मानवता को शर्मसार करने वाले ऐसे प्रधानाचार्य को विद्यालय से निष्कासित करते हुए पत्रकार के परिजनों के साथ अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज की जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष गिरजेश कुमार, प्रेम यादव, राजू बाल्मीकि, राहुल राजपूत, दयाशंकर पाल, कुलदीप अनुरागी, हाशिम खान, जितेंद्र विद्यार्थी मवई सहिज दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## हत्यारोपी प्रेमिका को पुलिस ने भेजा जेल

**राठ( हमीरपुर )।** बीती रात प्रेमी व प्रेमिका के मध्य हुये मामूली विवाद के बाद प्रेमिका द्वारा सिलबट्टे से हत्या करने के आरोप मे आज पुलिस ने आरोपी प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रेमिका घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गई थी। मप्र के हरपालपुर थाने के सरसेड़ गांव निवासी सरस्वती पत्नी मूलचंद्र अनुरागी ने पुलिस को बताया कि वह राठ कस्बे के एलआईसी के पास भटियाना मोहल्ले में किराये के मकान में रहती है। साथ में उसके दो पुत्र बीरेंद्र 21 और अनिल भी रहते थे। वह कस्बे के नवोदय विद्यालय में साफसफाई का कार्य करती है। मंगलवार को वह नवोदय विद्यालय में काम करने के लिये गई थी। घर पर उसका बड़ा पुत्र बीरेंद्र और उसकी बहू वर्षा थी। उसका छोटा पुत्र अनिल दुकान में गया था। शाम करीब 5 बजे जब वह घर आईं तो उसका पुत्र खून से लतपथ मृत अवस्था में पड़ा देखा। बहू पुत्र की हत्याकर मौके से फरार हो गई थी और बाहर से गेट का ताला लगा दिया था। पुत्र को मृत अवस्था में देख मां की चीख निकल पड़ी।

## क्विक न्यूज

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर महिला की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के सैदपुर गांव निवासी राजकुमारी (55) पत्नी धीरेंद्र की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। कल रात महिला खेत पर बने मकान की साफसफाई कर रही थी। लोहे की सरिया उठाते समय सरिया हाईटेंशन लाइन में टच हो गया। हाईटेंशन लाइन में लोहे की सरिया टच होने पर महिला करंट लगने गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने झांसी रिफर कर दिया। गोहांड के पास महिला ने दम तोड़ दिया। लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### बाजार बंदी के आदेश का अवहेलना

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में कोविड-19 को देखते हुए सप्ताह में एक दिन बाजार बंद रखने के निर्देश जारी किए गए थे दो बुधवार से कस्बा की सभी दुकानें खुली रहती है बंदी का असर दिखाई नहीं दे रहा है। प्रशासन द्वारा साप्ताहिक बंदी का दिन बुधवार को निर्धारित किया था 2 सप्ताह से साप्ताहिक बंदी बेअसर साबित हो रही है कस्बा के कुछ दुकान संचालक बंदी के दिन भी प्रतिष्ठान खुला रखते हैं बाहर से आने वाले दुकान संचालक अपनी दुकानें बंद रखते हैं इस तरह कस्बा कुरारा में साप्ताहिक बंदी बेअसर साबित हो रही है तथा इसका पालन नहीं हो रहा है।

### कोविड-19 टीका आने पर पहले हेल्थ वर्कर होंगे लाभान्वित

**उरई (जालौन)।** सीएमओ जालौन स्थान उरई डॉ. अल्पना बरतारिया ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि कोविड-19 की रोकथाम सम्बन्धित टीकाकरण के लिये अग्रिम तैयारिया प्रारम्भ हो गई है कोविड-19 बैक्सीनेशन कार्य योजना के अनुसार (टीका) बैक्सीन आने के बाद सबसे पहले सरकारी और निजी अस्पतालों में कार्यरत तकनीकी, गैर तकनीकी, स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वास्थ्य कार्य में कार्यरत सहयोगी कर्मचारियों को लगाया जायेगा। समस्त निजी चिकित्सक, चिकित्सालय, पैथलॉजी, एक्सरें, अल्ट्रा साउण्ड संचालक प्रोफार्मा एवं दिशा निर्देश सीएमओ कार्यालय से प्राप्त कर डाटा अति शीघ्र उपलब्ध कराये संकलित की गई समस्त सूचियों को (सीवीवीएमएस) पर अपलोड किया जायेगा एवं बैक्सीन उपलब्ध हो जाने पर सूची के अनुसार टीकाकरण किया जायेगा। सहयोग एवं निगरानी यूएनडीपी संस्था करेंगी। जिला स्तर पर डाटा संकलन में आने वाली कठिनाईयों के लिये अजय महतेले जिला बैक्सीन कोल्ड चैन प्रबंधक मोबाइल नंबर 9415064340 एवं 8115117237 से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

### पुलिस ने फिर पकड़े आठ जुआरी

**जालौन (उरई)।** पुलिस दीपावली के त्योहार पर जुआ रोकने का लगातार प्रयास कर रही है। प्रतिदिन छापामारी कर जुआ खेलने वालों के खिलाफकार्रवाई भी कर रही है। इसके बाद भी नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जुआ रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं। मंगलवार को चौकी पुलिस ने चुर्खी रोड पर जुआ के फड़ पर छापेमारी की तथा 8 लोगों को पकड़ लिया जिनके खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा को सूचना मिली की चुर्खी रोड पर स्थित गेस्ट हाउस के पास जुआ खेला जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक देशराज यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा छापामारी कर 8 लोगों को पकड़ लिया जिसमें 2 लोगों को चौकी से छोड़ दिया गया। जबकि जितेन्द्र सिंह, आनंद बाथम, बारिश, नईम निवासीगण जोशियाना तथा सचिन, मुकेश निवासीगण चौधरयाना के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है जिनके पास से 3200 रुपए माल फड़ तथा 800 रूपए जामा तलाशी के दौरान बरामद हुए हैं।

### लिफ्ट लेकर बैठे युवक का मोबाइल लेकर चालक भागा

**जालौन (उरई)।** बाइक पर लिफ्ट लेकर बैठे युवक का मोबाइल लेकर बाइक चालक भाग गया। पीड़ित ने आरोपित का पीछा। आरोपित भागने में रहा सफल। गोहन थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी शिवमोहन सिंह ने बताया कि वह उरई से लौटा था। गांव जाने के लिए देवनगर चौराहे पर किसी वाहन का इंतजार कर रहा था। वहां कोई वाहन न मिलने पर उसने कोंच चौराहे पर जाने के लिए बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। बाइक पर बैठने के बाद कुछ दूर चलने पर बाइक चालक ने बात करने के लिए उससे फोन मंगा जिस पर उसने अपना एंड्रॉयड मोबाइल फोन उसे दे दिया। इसके बाद उसने बाइक रोक ली और कहा कि वह बात कर रहा है तो वह बाइक से उतर जाए। जैसे ही वह बाइक से उतरा तो वह मोबाइल और बाइक लेकर वहां से भाग गया। पीड़ित ने पुलिस से उसका मोबाइल बरामद कराने की गुहार लगाई है।

### आबकारी टीम ने कबूतरा डेरे पर मारा छापा

**कोंच(जालौन)।** दीपावली पर्व पर अबैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर के बाहरी छोर पर महेशपुरा रोड स्थित गिरवर नगर में डेरा जमाये कबूतरा समुदाय के अड्डे पर मंगलवार को देर शाम आबकारी निरीक्षक पीपी टंडन व इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने विभागीय टीम के साथ मिलकर छापा मारते हुए मौके से करीब 700 लीटर लहन व 15 लीटर अबैध निर्मित कच्ची शराब बरामद कर शराब बेंच रही एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने शराब बनाने के तमाम उपकरण बरामद कर भट्टियां आदि भी नष्ट कर दीं। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार की गयी महिला के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हिंगुटा में आधा दर्जन जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कोंच(जालौन)।** थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम हिंगुटा में एक स्थान पर सजे जुए के फड़ पर मंगलवार की शाम मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक राकेश कुमार ने कांस्टेबल ज्ञानेंद्र सिंह, हरवीर सिंह व अनुज कुमार के साथ मिलकर छापा मारते हुए मौके से आधा दर्जन जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस ने मालफड़ से 3100 व जामातलाशी में 1100 रुपये बरामद कर सभी जुआरियों के खिलाफजुआ अधिनियम एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने नशीले पाउडर सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कोतवाली के तेजतर्रार कस्बा चौकी प्रभारी द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक युवक को नशीले पाउडर सहित हिरासत में लिया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बुधवार को शांति व्यवस्था में गस्त कर रहे कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत ने मुखबिर की सूचना पर नगर के मोहल्ला रामगंज तिराहा पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया। जामा तलाशी में युवक के पास से 115 ग्राम अवैध नशीला पाउडर बरामद किया गया। पुलिस रात में आरोपी युवक ने अपना नाम इमरान उर्फपुती पुत्र अनवार अहमद निवासी मोहल्ला किदवई नगर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

### मस्जिद की बाउण्ड्री वाल के निर्माण पर विवाद

**जालौन (उरई)।** मस्जिद के चारों ओर बाउंड्रीबाल बनवाने में मोहल्ले के लोग विवाद पैदा कर रहे हैं। मस्जिद सदर ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवरोध पैदा करने वालों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला दबगरान निवासी नूरहसन ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह मस्जिद दबगरान के सदर हैं। मस्जिद के चारों ओर खाली मैदान पड़ा है। जिसमें आवारा जानवर घुसकर गंदगी फैला देते हैं। जिससे नमाजियों को दिक्कत होती है। ऐसे मस्जिद के चारों ओर बाउंडरी वाल बनवाने की जरूरत है।

# एनसीसी जूनियर डिवीजन में चयनित हुए 45 कैडेट

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में एनसीसी जूनियर डिवीजन में कैडेटों की भर्ती 17 यूपी बटालियन के प्रयागराज कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आरके सिंह की देखरेख में 45 कैडेट चयनित किए गए। एनसीसी चीफ ऑफिसर ऋषि ने बताया कि सीआईसी कर्वी में 100 कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण देने की सुविधा है। 55 कैडेट पुराने है। 45 कैडेटों की भर्ती आज है। सर्वप्रथम 800 मीटर की दौड में 150 छात्रों ने भाग लिया। 105 छात्रों ने निर्धारित समय पर दौड़ पूरी की। कर्नल ने कैडेटों से कहा कि सीआईसी में जल्द ही सीनियर डिवीजन एनसीसी की भर्ती कराने की भी तैयारी चल रही है।

सूबेदार मेजर अनिल सिंह ने कहा कि चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में एनसीसी की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। यहां सीनियर डिवीजन एनसीसी स्थापित होने पर बच्चों को और अधिक लाभ मिलेगा। जिन छात्रों का सपना फौज में अफसर या जवान बनकर देश की सेवा करना है, उनका सपना पूरा होगा।

प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि देश के युवाओं में चरित्र साहचर्य, अनुशासन, नेतृत्व, धर्म निरपेक्षता, रोमांच तथा निस्वार्थ सेवा भाव का संचार करना राष्ट्रीय कैडेट कोर का उद्देश्य है। संगठित प्रशिक्षित व प्रेरित युवाओं का एक मानव संसाधन तैयार करना जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करना व देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना, सशस्त्र सेना में जीविका बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने को लिए वातावरण प्रदान करना एनसीसी का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। एनसीसी सहायक शंकर प्रसाद यादव, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर व सीनियर कैडेट कुलदीप कुशवाहा, ओमकेस प्रजापति, कौशल सोनी, सत्यम सिंह, अनूप सिंह आदित्य कुमार यादव आदि ने सहयोग किया।

## दीपावली पर रात्रि दस बजे के बाद न छुड़ाएं पटाखे:एसडीएम

**कोंच( जालौन )।** दीपावली सहित अन्य पर्वों को लेकर बुधवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक इमरान खान की उपस्थिति में पीस कमिटी की बैठक आयोजित की गयी नगर के गणमान्य नागरिकों के बीच एसडीएम ने शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत ही पर्व मनाने की अपील नगरवासियों से की। एसडीएम ने कहा कि दीपावली पर ग्रीन पटाखे ही छुड़ाएं और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी सूरत में पटाखे ना छुड़ाए। आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनायें और कोरोना से स्वयं का बचाव करते हुए मास्क, सोशल डिस्टेन्स का पालन हर हाल में करें। साफ सफाई व्यस्था दुरुस्त रखे जाने और बिजली-पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी किये जाने की मांग की जिसको लेकर एसडीएम ने विद्युत, जल संस्थान व पालिका के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# लघु सिंचाई: मनरेगा से हो रहा खेल

● चेकडैमों में सिल्ट सफाई में 45 लाख खर्च मगर आठ माह में तेरह फीसदी मानव दिवस सृजित ●कोरोना काल में इधर उधर काम के लिए इधर उधर भटक रहे है मजदूर पहली मर्तवा सिल्ट सफाई कर की जा रही है खानापूरी

**हमीरपुर।** लघु सिचाई विभाग ने मनरेगा कनवरजेंस में पैसठ चेकडैमों की सिल्ट सफाई में अभी तक 45 लाख से अधिक की धनराशि खर्च कर डाली है। वही लक्ष्य के विरुद्ध मात्र तेरह फीसदी मानव दिवस सृजित किये है। आसपास मजदूरों को कोई लाभ नही मिल पा रहा है। बजट के मामले में भ्रष्टाचार का पर्याय कहा जाने वाले लघु सिचाई विभाग ने मनरेगा कनवरजेंस मे 109 कार्यों का प्रस्ताव रखा था। विभाग को 2,67,773 मानव दिवस सृजित करने थे मगर सात माहमें विभाग ने केवल 33,641 मानव दिवस सृजित किये है यानी कि केवल तेरह फीसदी मजदूरों को काम मिला है जब कि कोरोना काल में मजदूर काम के लिये दर दर भटक रहा है मगर विभागीय अभियंता इस ओर लापरवाह बने हुये है। लघु सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंत एसपी राम ने बताया कि चेकडैमों की सिल्ट सफाई के लिये 109 चेकडैमों में सिल्ट सफाई के लिये काम का अनुमोदन किया गया था मगर अभी तक 65 चेकडैमों में काम कराया जा रहा है। शेष चेकडैमो मे पानी भरा होने के कारण उनमे काम नही कराया जा रहा है।

विभागीय अभियंताओं का कहना है कि चेकडैमों की सिल्ट सफाई जिले में पहली मर्तवा हो रही है इसके पहले कभी भी सिल्ट सफाई का काम नही हुआ है। विभागीय कर्मियों का कहना है कि कई चेकडैमों में पानी भरा है मगर उसमे भी सिल्ट सफाई की जा रही है। जिससे काम का कोई अंदाजा नही है कि कितनी सफाई हुई है। 45.41 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी नाम मात्र मजदूरों को काम मिल पाया है जिससे विभागीय कार्यप्रणाली में प्रश्नचिंह लगता जा रहा है। अपनी त्रुटि छिपाने व शासन को गुमराह करने के लिये समय समय पर सभी अवर अभियंताओं से जवाब तलब कर लिया जाता है ताकि यह दर्शाया जा सके कि विभाग के अधिशासी अभियंता कनवरजेंस में काफी सक्रिय है। अभी तक 739 मस्टररोल निर्गत किये गये है। बताया जाता है कि छह विभाग मनरेगा के तहत काम करा रहे है जिसमें सबसे ज्यादा खराब हालत लघु सिचाई विभाग की बतायी जाती है। जो काम कराये जा रहे है समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है मगर हकीकत कुछ और है जांच में खानापूरी करके कर्मियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। चेकडैम में जांच में करोडो की धांधली हुयी थी मगर उसमे कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे विभागीय अभियंताओं के हौसले बुलंद बताये जाते है।

# मंदाकिनी के रामघाट तट पर डीएम ने परखी दीपावली मेला की व्यवस्था


मेला क्षेत्र का भ्रमण करते डीएम-एसपी।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने जिले में वर्ष में एक बार लगने वाले दीपावली के विशाल मेला के मद्देनजर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थायें देखी। बुधवार को डीएम-एसपी ने तीर्थक्षेत्र में दीपावली मेला पर आने वाले 25 लाख तीर्थयात्रियों की सुविधा के मद्देनजर मेला क्षेत्र के बेडीपुलिया, रामघाट व परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम कर्वी व सीओ सिटी को निर्देश दिये कि पूरे मेला का भ्रमण कर पार्किंग स्थल, विद्युत, पेयजल, सड़क आदि विभिन्न व्यवस्थाओं को देखकर जहां जो कमियां हैं, उन्हें दूर करा दें।

यातायात प्रभारी को निर्देश दिये कि टैम्पो-टैक्सी पर निर्धारित किराया चस्पा करा दें। डीपीआरओ व ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि पूरे मेला क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था दवाओं का छिडकाव, अन्ना गौवंश, शौचालय, मोबाइल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। पार्किंग स्थल की साफ-सफाई, पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था करायें। अधिशाषी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि मन्दाकिनी नदी की सफाई कराकर दस नाव व बीस गोताखोर लगायें। मन्दाकिनी पर बैरीकेटिंग करा दें। जहां पत्थर टूटे हों बदलवा दें। 12 से 16 नवम्बर तक मन्दाकिनी के ऊपर फुटओवरब्रिज को बन्द करा दिया जाये। प्रधान खोही प्रतिनिधि अरुण त्रिपाठी, एएसपी प्रकाश स्वरुप पाण्डेय, एसडीएम रामप्रकाश, सीओ सिटी रजनीश यादव, एक्सईएन सिंचाई आशुतोष कुमार, डीपीआरओ संजय पाण्डेय, एक्सईएन लोनिवि अरविन्द कुमार, विद्युत एक्सईएन पीके मित्तल, ईओ नरेन्द्र मोहन मिश्र, ट्राफिक इंचार्ज घनश्याम पाण्डेय, योगेश यादव व सीतापुर चौकी प्रभारी रामवीर सिंह मौजूद रहे।

# प्रेमजाल में फंसाकर महिला व बच्चों का अपहरण करने वाले तीन गिरफ्तार

● लखनऊ बुलाकर किया था अपहरण, मांगी थी बीस लाख की फिरौती

**उरई ( जालौन )।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने फिरौती मांगने के बाद महज 12 घंटे में एक युवक द्वारा महिला को विगो एप के जरिये बातचीत के बाद प्रेमजाल में फंसाकर लखनऊ बुलाया जहां से महिला व उसके दोनों बच्चों को अपहरण कर 20 लाख की फिरौती मांगने वाले तीनों अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर महिला व उसके दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया।

मामले का खुलासा करते एसपी ने बताया कि वादी सुखदेवी पत्नी जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम जससिंगपुर थाना सिरसा कलार द्वारा अपनी पुत्री रेखा व उसके दो बच्चों के साथ 1 नवंबर को सिरसा कलार थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। इसके बाद 9 नवंबर को मोबाइल नंबर 9009344904 पर मोबाइल नंबर 7042236964 से करीब 11.15 बजे फोन करके 20 रुपये की फिरौती लेकर उन्नाव में मिलने की बात की गयी थी। इसके बाद अनुराग कुशवाहा की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 111/20 धारा 364 ए भादवि मोबाइल नंबर 7042236964 के धारक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

उक्त मामले में मेरे द्वारा क्षेत्राधिकारी जालौन के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सिरसा कलार व एसओजी, सर्विलांस टीम को संयुक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। पुलिस टीम ने शुभम पुत्र रामविजय निवासी ग्राम गोदाहा थाना रामपुरा जनपद सीतापुर, गोविंद बहेलिया पुत्र कल्लू अर्जुन निवासी ग्राम मटियारी थाना थनगांव जिला सीतापुर के साथ ही हरिओम मिश्रा उर्फदिवाकर मिश्रा पुत्र देवेंद्र मिश्रा ग्राम पारा रामनगरा थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर को ग्राम गौदाहा थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर से गिरफ्तार कर अपहर्ता रेखा पत्नी अनुराग कुशवाहा, दिव्य व आशू निवासीगण ग्राम सरावन थाना गोहन को बरामद किया। जब पुलिस ने शुभम से पूंछतांछ की तो उसने बताया कि उसकी रेखा से विगो एप के जरिये बातचीत शुरू हुई थी फिर मैंने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसे 1 नवंबर को लखनऊ स्थित चारबाग बस अड्डे पर बुलाकर जहां से उसे अपहरण कर अपने गांव ले गये थे। फिरौती मांगने के 12 घंटे के अंतराल में अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी के साथ महिला व उसके दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी द्वारा 50 हजार रुपये देने की घोषणा की गयी।

## शिक्षकों की समस्याओं का निदान न होने पर होगा आन्दोलन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार मिश्र की अगुवाई में शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाये। बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार मिश्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने दो नवम्बर को वर्ष 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों के एनपीएस खाते में वर्ष 2018 से कटौती कर समायोजन न करने की बात कही थी। चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी, सेठ राधा-कृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर, पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ, तुलसी इंटर कालेज राजापुर, कृषक इंटर कालेज भौंरी, आर्दश इंटर कालेज मानिकपुर के शिक्षकों के चयन वेतनमान के अंतर के बकाया भुगतान में लाभ के आधार पर उसी विद्यालय के कुछ शिक्षकों का भुगतान कर दिया गया।

# यातायात जागरूकता: चालान बचाने के फेर में हो सकता बड़ा हादसा: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

**डीएम शेषमणि पाण्डेय** व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की मौजूदगी में यातायात जागरूकता स्वरुप फिलिंग स्टेशन बेडीपुलिया में हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात के प्रति जागरूकता बढाने का कार्यक्रम सराहनीय है। थोडी सी सावधानी बरतने से दूसरे की जान बचा सकते हैं। बुधवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस की टीमें लगातार दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाये, के प्रति जागरूक कर रही हैं। हेलमेट व सीटबेल्ट पहनना बहुत जरूरी है। जान है तो जहान है। छोटी-छोटी बातों को अपने बच्चों को बतायें और उन्हें जागरूक करें। सौ रुपये के चालान से बचकर निकले तो आगे घटना में आपकी जान भी जा सकती है। सभी लोगों को संकल्प दिलाया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर यातायात नियमों का पालन करें।


यातायात जागरूकता गोष्ठी में बोलते एसपी अंकित मित्तल।

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में जागरूकता कार्यक्रम में यातायात का पालन पुलिस पर ही निर्भर नहीं है। सभी लोगों को जागरूक होना पडेगा तभी हादसे कम होंगे। हत्या की अपेक्षा हादसों में ज्यादा लोगों की मृत्यु हो रही है। बड़े वाहनों के मालिकों से कहा कि अपने चालकों को यातायात के नियमों का पालन कराने के निर्देश दें। रिफ्लेक्टेड टेप सभी वाहनों में लगवायें। कोहरे के मौसम में रिफ्लेक्टर अच्छी व्यवस्था है।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरुप पाण्डेय, स्वरुप फिलिंग स्टेशन के संजय अग्रवाल, सजल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल ने अतिथियों का आभार जताते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में एसडीएम सदर रामप्रकाश, सीओ सिटी राजनीश यादव, यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय, योगेश कुमार यादव, चौकी प्रभारी सीतापुर रामवीर सिंह समेत व्यापार मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, राहुल गुप्ता, गुलाबचन्द्र गुप्ता, गोलू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## समय रहते रैन बसेरों की व्यवस्थाएं की जाए दुरुस्त

**उरई ( जालौन )।** अपर मुख्य सचिव, उप्र शासन रेणुका कुमार ने अपने शासकीय पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि वर्ष 2020-21 में ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था किया जाना हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शीत ऋतु का आरम्भ संन्निकट हैं। वैश्विक महामारी कोविड-19 से उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के कारण निराश्रित असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाने हेतु रैन बसेरों की व्यवस्था किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने बताया कि आश्रयहीन व्यक्तियों हेतु रैन बसेरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, कोई भी व्यक्ति रात में सड़क अथवा फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हों। इन रैन बसेरों, शेल्टर होम में रूकने वाले कमजोर वर्ग के लोगो को ठण्ड से बचाने के लिए आवश्यक समस्त उपाय जैसे- गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि का प्रबन्ध नि:शुल्क किया जाये।

# किसानों से सुविधा शुल्क के नाम पर की जा रही धनउगाही: धर्मेन्द्र


कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति तय करते किसान नेता धर्मेंद्र सिंह।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** किसानों का विभागों में बैठे अधिकारी व कर्मचारी उत्पीड़न कर रहे हैं। विकास खंड गुगरापुर के किसानों से सुविधा शुल्क के नाम पर धन उगाही की जा रही है। जिस पर संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों का उत्पीड़न न रुका तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

बुधवार को भाकियू जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू ठाकुर ने उक्त बात कार्यकर्ताओं की बैठक में किसानों की समस्याएं सुनने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसानों के समक्ष बिजली, पानी, खाद, बीज की समस्याएं है। किसान खेतों में कड़ी मेहनत कर अनाज पैदा करता है। किसानों को अपनी फसल का मूल्य तय करने का अधिकार भी नहीं दिया जाता है। विभागों में बैठे बाबू काम के बदले में किसानों से खुली लूट कर रहे हैं।

बैंकों में केसीसी के नाम पर तो विद्युत विद्युत विभाग में बिजली का बिल सुधारने के नाम पर हर जगह भोले भाले किसानों को लूटा जा रहा है। सरकार भी किसानों की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वह अपने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व से वार्ता कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## ट्रांसफार्मर फुंकने से गुगरापुर की तीन दिन से बिजली आपूर्ति बाधित

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के गुगरापुर स्थित विद्युत उपखंड में लगा ट्रांसफार्मर फुंकने से एक दर्जन से अधिक गांव की बत्ती तीन दिन से गुल हो गई। जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों में विभाग की लापरवाही पर भारी रोष व्याप्त है। बुधवार को गुगरापुर क्षेत्र के दर्जनों ग्राम मधवापुर, चियासर, बढ़ौरा, धर्मवासपुर, जलेसर सराय, लालपुर आदि सहित तमाम ग्रामों में तीन दिनों से विद्युत की आपूर्ति नहीं हो रही है। जिससे ग्रामीणों प्रेम नारायण त्रिपाठी, मुन्नू बाबू, डॉक्टर नवीन, दीपक शुक्ला, अजय द्विवेदी, अनुराग दुबे, सर्वेश पाल, विमलेश दुबे, सर्वेश बाथम, अशोक त्रिपाठी आदि सहित तमाम लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि इस समय आलू की मुख्य फसल खेतों में खड़ी है। जिसमें पानी लगाने के लिए महती आवश्यकता है। विभाग की लापरवाही से तीन दिनों से बिजली गुल है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति बिना किसी देरी के बहाल कराई जाए।

## कोचिंग जा रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौत

**सुलतानपुर।** कोचिंग पढ़ने जा रही एक छात्रा को अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए ट्रक की खोजबीन में जुटी है। यह दर्दनाक घटना बुधवार की सुबह बस स्टेशन के पास हुआ।

धनपतगंज के मायंग जज्जौर गांव निवासी शेर बहादुर सिंह की (15) वर्षीय पुत्री अनन्या सिंह शहर स्थित पवन कोचिंग सेंटर पर साइकिल से पढ़ने जा रही थी,अभी वह बस स्टेशन के पास पहुंची थी,तभी अज्ञात अनियंत्रित ट्रक ने अनन्या को कुचल दिया, हादसे में छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद ट्रक चालक मौके की नजाकत भाप वाहन सहित फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए ट्रक व चालक की खोजबीन की जा रही है, उधर इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक छात्रा के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## जीत के जश्न में डूबे भाजपाई

**संवाददाता।** सुलतानपुर



**उत्तर प्रदेश** सहित 11राज्यों में हुए उप चुनावों व बिहार विधान सभा के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली अभूतपूर्व जीत से गदगद भाजपाइयों ने आज सुपर मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में आतिशबाजी व मिष्ठान्न खिलाकर ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया।

सुपर मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा की अगुवाई व नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्त्ताओं ने गर्मजोशी के साथ आतिशबाजी कर व एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य प्रदेशों में हुए उपचुनावों सहित बिहार में एनडीए को मिली जीत अभूतपूर्व है और देश की जनता द्वारा भाजपा को दिया गया दीपावली का तोहफा है ।बिहार के हर वर्ग ने फिर एक बार विपक्ष के खोखले वादे, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को सिरे से खारिज कर एनडीए के विकासवाद व सुशासन पर मोहर लगाई है। जिला अध्यक्ष डॉ वर्मा यूपी में हुए उपचुनावों में 7 सीटों में से 6 सीटों पर जीत मिलने पर कहा 2022 में भी शानदार जीत हासिल करेंगे। उन्होंने आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, एमएलसी चुनाव व यूपी के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत का परचम फहराने के लिए कार्यकर्ता से अभी से जुटने का आह्वान किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी एवं नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल ने भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर सभी को बधाई दी ।संचालन नगर महामंत्री प्रवीण मिश्रा ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुशील त्रिपाठी, भाजपा नेता रूपेश सिंह, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, इन्द्रदेव मिश्रा, चन्दन नारायण सिंह, गोविन्द तिवारी, दिनेश चौरसिया, डॉ अनुराग पांडे, रामेन्द्र प्रताप सिंह, शिवमूर्ति पांडेय, ब्रह्मदेव सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, मुन्ना सोनी, मंगरू प्रजापति, संदीप गुप्ता, सौरभ पाण्डेय,प्रिंस सिंह, मनीष सिंह, राजकुमार सोनी, राहुल भान मिश्रा, अंकित अग्रहरि, मोहित साहू, आशीष सोनी, नरेन्द्र बहादुर सिंह, रामचन्द्र पांडे सहित पूरे जिले में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जीत का जश्न मनाया।

## ओवरटेकिंग को लेकर मारपीट

### चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है मामला

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**जिला** पंचायत सदस्य बबिता तिवारी के पति अखिलेश तिवारी व अनिल मिश्रा के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। दोनों पक्षों की तरफसे पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामला चुनावी रंजिश से जोड़कर बताया जा रहा है।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य बबिता तिवारी के पति अखिलेश तिवारी व अनिल मिश्रा के बीच कुड़वार थाना क्षेत्र के बहुबरा गांव के पास वाहन के ओवरटेक को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा की नौबत मारपीट तक आ पहुंची। देखते ही देखते दोनों तरफसे मारपीट होने लगी। जिसमें दोनों तरफके लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफक्रास केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। अनिल मिश्रा ने बताया कि इस बार मैं जिला पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी हूं, इसी रंजिश की वजह से अखिलेश तिवारी व उनके समर्थकों ने वाहन को ओवरटेक कर हम लोगों के साथ मारपीट की है। उधर अखिलेश तिवारी का कहना है कि अनिल मिश्रा ने हम लोगों के वाहन को ओवरटेक किया था। फिलहाल पुलिस ने दोनों तरफसे क्रास एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला पर हमला कर की लूटपाट

**सुल्तानपुर।** बीती रात चोरों ने आटा चक्की को निशाना बनाया और जब चोरी करने पहुंचे तो आहट सुनकर वृद्धा बोली तो चोरों ने वृद्धा को मारकर लहूलुहान कर दिया। चोट लगने से वृद्धा अर्ध मूर्छित हो गई है और वहीं गिर पड़ी। इसके बाद चोरों ने आटा चक्की के काउंटर को तोड़कर पैसा नकदी और अन्य सामान उठा ले गए। सुबह जब पुत्र चक्की चलाने पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। मामला मोतिगरपुर थाने के बेलवारी गाँव का है। जहां आटा-चक्की के सामने बरामदे सो रही 75 वर्षीय वृद्धा को गंभीर रूप से घायल कर अज्ञात बदमाशों ने आटा-चक्की को बनाया निशाना। सुबह चार बजे के करीब आटा-चक्की खोलने पहुँचे पुत्र ने घायल माँ को देख शोर मचाया। गंभीर हालत में माँ को ले कर जिला अस्पताल पहुंचा। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष शिवकुमार ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का किया निरीक्षण। बदमाशों ने आटा-चक्की के अंदर की तिजोरी तोड़कर उसमें रखा बॉक्स व अन्य सामान उड़ाया। नुकसान की जानकारी अभी नहीं हो पाई है। घटना से गांव के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## जिलाधिकारी ने बैठक में त्यौहार को लेकर शांति व्यवस्था पर की मंत्रणा



**संवाददाता।** श्रवस्ती

**भिनगा**-पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में जिलाधिकारी टी0के0 शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने जिला के सभी पुलिस व प्रशासन के अधिकारीयो व कर्मचारियों के साथ आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बैठक की। जनपद में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ.साथ कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को पुलिस बल के साथ क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखने व माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहार धनतेरसए दीपावली आदि के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण कर सतर्क दृष्टि बनाये रखें तथा पैदल गस्त के दौरान व्यापारियों से वार्ता कर दुकानों पर सीसीटीवी लगवाने व सक्रिय रखने तथा भीड़.भाड़ एकत्र न करनेए समाजिक दूरी के नियमो का पालन करनेए मास्कए ग्लब्स आदि का प्रयोग करने हेतु जागरुक किया जाय। साथ ही साथ प्रभारी यूपी.112 को निर्देशित किया गया कि सभी पीआरवी वाहन त्यौहार में जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत रुट चार्ट के अनुसार भ्रमणशील रहेगी।इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे उपजिलाधिकारी भिनगा जमुनहा इकौना व क्षेत्राधिकारी नगर इकौना सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा



**श्रावस्ती ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में रखे ई0वी0एम0 व वी0 वी0 पैट मशीनों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ड्यूटी पंजिका उच्चाधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण पंजिका आदि का अवलोकन किया। इसके साथ स्ट्रांग रूम में लगे सी0सी0टी0वी0 के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिया कि सी0सी0टी0वी0 का संचालन चैबिसों घण्टे होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। स्ट्रांग रूम के बाहरी परिसर में साफसफाई का सम्बन्धित को निर्देश दिये।

## भाजपा नेता समेत चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिकोली गांव निवासी माँ बेटे पर घर मे घुसकर पिटाई करने के आरोप में भाजपा नेता समेत 4 लोगो के विरुद्ध सोनवा थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामला सोनवा थाना क्षेत्र के दिकोली गाँव निवासी राजेश का आरोप है कि 5 नवंबर को दिकोली गांव निवासी भाजपा नेता प्रमोद कुमार इमारत अली रमेश व विद्याराम पुरानी रंजिश के मामले को लेकर उनके घर मे घुसकर घर मे मौजूद उनकी माँ को भद्दी भद्दी गालिया देते हुए पिटाई शुरू कर दी और घर मे रखा सारा सामान तोड़ दिया जिस पर मदद के लिए शोर मचाने पर अन्य ग्रामीणों के आ जाने के चलते आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित राजेश की तहरीर पर सोनवा थाने में प्रमोद कुमार समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जल संरक्षण समिति की बैठक में हुई चर्चा



**श्रावस्ती।** भूमि संरक्षण इकाई कृषि के वर्ष 2020.2021 को संचालित की जाने वाली योजनाये क्रमशः मनरेगा खेत तालाब एवं नमसा जिसमें डेरीवेस्ड लाइब स्टाक वेस्ड व आगौनिक कम्पोस्ट के साथ खेत तालाब के योजना के द्वारा जल संचयन एवम सिचाई एवं जली खेती को बढावा मिलेगा इस योजना के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओ के अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें विधायक इकौना राम फेरन पाण्डेय ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सिरसिया एवं हरिहरपुररानी रणवीर सिह जिला महा मंत्री भाजपा एवं प्रगति शील कृषक उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** गोंडा



**दीन दयाल** अन्त्योदय योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के स्वावलम्बन के लिए बुधवार को विकास भवन परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ हुआ। देवीपाटन मण्डल के आयुक्त एसवीएस रंगाराव व डीएम डा0 नितिन बंसल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया तथा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशान गोण्डा के अन्तर्गत जिला ग्राम्य विकास संस्थान झंझरी गोण्डा द्वारा समूह सखी माड्यूल का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

प्रदर्शनी का शुभारम्भ करने के उपरान्त आयुक्त ने जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के 12 स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता कर उनके द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों बेहतरीन कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को स्थानीय स्तर पर अच्छी मार्केट उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारी कल्याण निगम से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके साथ महीने में दो दिन स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए सरकारी दफ्तरों में तथा शहर में अन्य खाली स्थलों पर स्टाल लगवाए जाएगें।आयुक्त ने स्टालों के अवलोकन के दौरान स्वयं सहायता समूह शंकर प्रेरणा स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित आइस्टर मशरूम व मशरूम का अचार भी खरीदा। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनए गए दिये, मोबत्ती, खोया मुरब्बा, जूट बैग, हींग, बेकरी उत्पादों आदि की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा सीडीओ को इस प्रकार के आयोजन कराने पर बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां एक ओर स्वयं सहातय समूहों की महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी के आत्म निर्भर भारत अभियान तथा लोकल फॉर वोकल की मुहिम को बल मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल विकास भवन परिसर में 13 नवम्बर तक लगे रहेगें। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जनसामान्य से अपील की है कि वे दीपावली के अवसर पर स्वयं सहायता समूहों के अथक परिश्रम से तैयार किए गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को खरीदें जिससे उन्हें अच्छी क्वालिटी के उत्पाद मिल सकें तथा स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक मदद के साथ ही स्थानीय स्तर पर बाजार मिल सके।इस दौरान डीसी एनआरएलएम हरिश्चन्द्र प्रजापति, सुधीर सिंह, नीलाम्बुज कुमार, आदर्श कश्यप् तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला और महिला अस्पताल में रैन बसेरे स्थापित: डीएम

**संवाददाता।** गोंडा

**जिलाधिकारी** के निर्देश पर जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, कस्बा करनैलगंज तथा कस्बा नवाबगंज में रैन बसेरे स्थापित कर दिए गए हैं। जिसमें से महिला अस्पताल व जिला अस्पताल के रैन बसेरों को सक्रिय भी कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में संभावित ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत रैन बसेरों की स्थापना कराई गई है तथा रैन बसेरों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए प्रबन्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी-अपनी तहसीलों के प्रमुख स्थलों को अभी चिन्हांकित कर लें ताकि सर्दी के समय रैन बसेरे के साथ ही अलाव आदि का प्रबन्ध समय से कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि रैन बसेरों में रूकने वाले कमजोर लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की व्यवस्था कराई जाय। कोविड-19 के दृष्टिगत रैन बसेरों में सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन कराते हुए प्रत्येक दिन सैनेटाइजर कराया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्टेऊट, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका,नगर निकाय एवं जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये है कि ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत जनपद में आश्रयहीन व्यक्तियों हेतु रैन बसेरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायें ताकि कोई भी निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के व्यक्ति रात में सड़क अथवा फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो।उन्होंने कहा है कि रैन बसेरों में शेल्टर होम में रूकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए आवश्यक गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की व्यवस्था निःशुल्क कराना सुनिश्चित कराने के साथ रैन बसेरों के आस-पास अलाव जलाने की भी व्यवस्था करायें और रैन बसेरों में एक केयर टेकर तैनात किया जाये जिसका नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर रैन बसेरा गेट पर जरूर लिखवायें तथा नामित वरिष्ठ अधिकारी रात में रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें एवं निरीक्षण के दौरान केयर टेकर के पास उपस्थित रजिस्टर पर निरीक्षण टिप्पणी अवश्य अंकित करें। जिलाधिकारी ने कहा है कि श्रमिकों के कार्य स्थलों व बाजारों में अनिवार्य रूप से रैन बसेरे संचालित किये जायें ताकि ऐसे जरूरतमंद को लाभ मिल सके।

## नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ का सम्मान



**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली

### नगर विकास राज्य मंत्री ने बांधे तारीफों के पुल

**आदर्श** व त्याग की पहचान बना चुके नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर जिनके 30 वर्षों के राजनीतिक जीवन मे एक भी आलोचक नहीं बन सके दया और समानता के साथ सभी के लिए चिंतनशील को ही कुल जमा पूंजी मानते है बुधवार को नगर विकास राज्यमंत्री ने डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष को नगर पंचायत डलमऊ में किए गए विकास कार्यों को लेकर सम्मानित किया उत्तर प्रदेश के नगर विकास राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ को उनके द्वारा नगर पंचायत डलमऊ में किये विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें ष्अच्छा सोचो अच्छा होगाष् मंत्र का पटका व स्मृति तस्वीर देकर सम्मानित किया। ब्रजेश दत्त गौड़ ने इस अवसर पर कहा किए ष्यह सम्मान मेरा नहीं डलमऊ नगर के एकएएक नागरिकों का हैएनगर पंचायत अध्यक्ष ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि वे सम्मानित होकर काफी प्रसन्न हैं उन्हें इस बात की खुशी है कि विकास कार्यों को लेकर इस तरह से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डलमऊ के सर्वांगीण विकास के प्रति और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। ब्रजेश दत्त गौड़ ने इस सम्मान के लिए नगर विकास राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता का हृदय से आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान नगर विकास राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता से डलमऊ नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास एवं नगर की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

## मानकविहीन बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली

**मानक** विहीन सडक निर्माण का आरोप लगाते हुए बेंहटा कलां के ग्रामीणो ने लालगंज-सरेनी मार्ग के निर्माण को ठप करा दिया। ग्रामीणो ने प्रदर्शन कर कार्यदायी संस्था को चेतावनी देते हुए कहा कि 20 वर्षो के बाद बन रही सडक के निर्माण में किसी भी प्रकार की मनमानी की गई तो आरपार की लडाई लडी जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तहसीलों को चौड़ी सड़क से जोड़ कर ग्रामीण आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मंशा पर यहां ठेकेदार और पीडब्लूडी अभियंता मिल कर पानी फेर रहे हैं। लालगंज-सरेनी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में बड़े पैमाने पर की जा रही अनियमितता का ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर कार्य को रूकवा कर मुख्यमंत्री से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के निर्माण में पूरी तरह से सरकारी मानकों की अनदेखी की गयी है। सड़क की साइड खुदाई व उसकी भरायी से लेकर सड़क पर प्रथम स्तर के माल भरायी कार्य में स्टीमेट की अनदेखी की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रथम तल पर सीमेंट के साथ पड़ने वाली गिट्टी को बालू मिला कर डाला गया है।वहीं बेहटाकलां से लालगंज की ओर बगैर सड़क से डामर हटाये ही प्रथम स्तर पर गिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है। कई बार ग्रामीणों ने सरकारी मानक के आधार पर ही सड़क बनाने का आग्रह कर चुके हैं लेकिन न तो विभाग ने और न ही ठेकेदार ने ग्रामीणों की मांग पर विचार किया। ग्रामीणो ने यह भी शिकायत किया कि सरेनी से बेहटाकलां तक निर्मित सड़क की कुटाई में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गयी है। इस भाग में साइड में बिना मिट्टी भराए और उसको ठोकर किये बिना ही डामर डालकर कुटाई में मानकों की अवहेलना की है। डामर का उपयोग भी घटिया किस्म का किया गया है। बेहटा से लालगंज भाग में क्षत विक्षत सड़क से डामर हटाये बिना ही सीमेंट बालू मिली।

## नम आंखों से दी शहीद को अंतिम विदाई

**संवाददाता।** रायबरेली





**शहीद** शुभम सिंह का शव रायबरेली उनके निवास पर पहुचा अमावां रायबरेली ब्लाक अमावां की ग्राम पंचायत घुराडीह के मजरे देडाइया शहीद शुभम सिंह पुत्र नंद कुमार सिंह का शव उनके निवास पर पहुचा शहीद शुभम सिंह इंडियन नेवी में कार्यात थे जिनकी पहले समुद्र में आये तेज रफ्तार के तूफान के कारण मृत्यु हुई थी जिनकी आज नम आंखों से अंतिम विदाई की गई जो इंडियन नेवी में 2 वर्ष पहले ही। भर्ती हुए थे जिनके परिवार में उनकी माता उषा सिंह और पिता नन्द कुमार सिंह के साथ उनकी तीन बहने भी है जिसमे बड़ी बहन रस्मी की शादी हो गई है और शहीद शुभम के कंधों पर 2 बहनो की जिम्मेदारी अभी शेष थी दूसरी बहन खुशी उम्र15वर्ष तीसरी बहन ओर मुस्कान उम्र11 वर्ष और शहीद शुभम सिंह के अलावा कोई नहीं था ओ नन्द कुमार के इकलौते बेटे थे माता पिता और तीनों बहनो ने देश के लिए शहीद हुए अपने कलेजे के टुकड़े को नम आंखों से अंतिम विदाई दी विदाई में शामिल सदर विधायिका अदिति सिंह ने शहीद को नमन किया और श्रधांजलि दी भाजपा नेता सुनील सिंह इत्यादि नेता शहीद शुभम सिंह की अंतिम संस्कार में शामिल रहे।

# रेलिंग तोड़ नदी में गिरी कार पति-पत्नी और बेटे की मौत

● उत्तराखण्ड से बिहार जा रही थी कार, पांच लोग थे सवार-शीशा तोड़ सभी को निकाला गया बाहर, दो अन्य की हालत नाजुक

संवाददाता। बस्ती

**उत्तराखण्ड** से बिहार जा रही एक कार बेकाबू होकर कुआनो नदी के अमहट पुल की रेलिंग तोड़ते हुए कुआनो नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार पति, पत्नी, बेटे की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर है। उपचार के लिए उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नदी में गिरी कार को क्रेन से निकाला गया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे यातायात बाधित रहा।


नदी में गिरी कार में फंसे सवारों को बाहर निकालते लोग

जानकारी के अनुसार बिहार के मोतिहारी जिले के थाना उदयझा के मोहम्मदपुर गांव निवासी 52 वर्षीय इम्तियाज उत्तराखण्ड के रुद्रपुर जिले में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। उनके बेटे 20 वर्षीय फैज मोहम्मद का एमबीबीएस में एडमिशन कराना था। इसके लिए परिवार कार से उत्तराखण्ड से बिहार जा रहा था। कार में इम्तियाज की पत्नी 43 वर्षीय मेराज खातून, उनके दो साले बिहार के सीतामढ़ी जिले के बैरगहनिरया थाना क्षेत्र के मड़या निवासी इकबाल और आमिर भी थे। फोरलेन पर बुधवार को दिन में करीब दो बजे अमहट पुल के पास अचानक कार बेका होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। कार को नदी में गिरता देख राहगीर दौड़े। सूचना बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। नदी में उतरकर कार का शीशा तोड़ उसके भीतर फंसे लोगों को निकाला गया। इस दौरान इम्तियाज, मेराज खातून, फैज की मौत हो चुकी थी। इकबाल और आमिर को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां आमिर की हालत नाजुक बताई जाती है। हादसे में मृत तीनो के शव को कब्जे में लेते हुए कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की कार्यवाही की।

# एक साथ दो विद्यालय से वेतन लेने में फंस गए 'प्रधानाचार्य'

● केंद्रीय विद्यालय गोंडा और राष्ट्रीय कृषक इंटर कालेज सूदीपुर से लिया तीन माह 14 दिन का वेतन

● संयुक्त निदेशक शिक्षा की छानबीन में हुआ बड़ा खुलासा

**बस्ती।** श्रीदेशराज नारंग दयानंद इंटर कालेज वाल्टरगंज में अनियमितता थमने का नाम ही ले रही है। मंडन का पहला ऐसा विद्यालय है, जहां पर बार-बार फर्जीवाड़ा निकल रहा है। एक दिन पहले इस विद्यालय के प्रबंधक पद को हथियाने के लिए हाईकोर्ट में फर्जी याचिका दायर करने का खुलासा हो चुका है। कोर्ट को इस तरह गुमराह कर पद हासिल करने का शायद पहला मामला है। अभी यह मामला चल ही रहा था कि इस विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेशचंद्र सिंह पर एक ही समय में दो विद्यालय से दो वेतन लेने का प्रकरण सामने आ गया। पहला वेतन इन्होंने गोंडा के केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक पद पर तथा दूसरा वेतन राष्ट्रीय कृषक इंटर कालेज सूदीपुर में प्रधानाचार्य की हैसियत से लिया। यह दोनों वेतन 31 मार्च 2009 के बीच अनियमित रुप से लिया गया। इसकी पुष्टि दोनों विद्यालयों के प्रबंधतंत्र ने किया। संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि कुल मीन माह 14 दिन का वेतन दोनों विद्यानयों से एक ही समय में लिया गया, जो कि गबन की श्रेणी में आता है।

जेडीई ने बताया कि वित्तीय अनियमितता की जांच चल रही है, और यह गबन भी उसी जांच बिदु का एक हिस्सा है। जांच लगभग पूरी हो चुकी है। दो चार दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। इस विद्यालय के प्रधानाचार्य के अनियमित कार्यो के चलते विद्यालय और माध्यमिक शिक्षा की काफी बदनामी हो रही है। इस विद्यालय में कुछ भी सही नहीं हो रहा है। जिले के सबसे पुराने विद्यालय में इसका नाम भी शुमार है। आलम यह है कि इसी के चलते कोई अभिभावक अपने बच्चें का दाखिला नहीं करवाना चाहता, जबकि कभी इस विद्यालय में दाखिला के लिए सिफारिश करवानी पड़ती थी। इस विद्यालय के अनियमित कार्यों की जांच षासन स्तर पर भी हो रही है। फर्जी अभिलेखों के आधार पर नौकरी करने के आरोप में एफआईआर की तहरीर भी दो बार दी जा चुकी ह।, मगर पुलिस इन पर न जाने क्यों मेहरबान है। अनियमित नियुक्ति के आरोप में प्राइमरी स्कूल के पांच शिक्षक बर्खास्त तक हो चुके हैं। वित्तीय अनियमितता की जांच अलग से उप निदेशक शिक्षा डा. ओम प्रकाष मिश्र कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### जयंती पर याद किये गए प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम

**संतकबीरनगर।** बुधवार को मौलाना आज़ाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद में स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती को मौलाना आज़ाद डेऔर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य यूनुस अख्तर खान ने कहा कि यह देश की उस बड़ी हस्ती को सम्मान है जिसने आज़ादी की लड़ाई में बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया और हिन्दू.मुस्लिम एकता की नींव रखी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत योगदान दिया है। उन्होंने देश को आई0आई0टी0ए आई0आई0एम0 और यू0जी0सी0 जैसे संस्थान दिए। निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगीता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र.छात्राओं ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल मुद्दसिर खान ने किया। इस अवसर पर अतिकुल्लाह खान, गिरिजनन्द यादव, शोएब अहमद सिद्दीकी, मो0 नईम, कलीमुल्लाह, मो0मोइज, क़ाज़ी साकिब रहमान, नदीम अहमद, मो0 ताहिर अंसारी उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**मिर्जापुर।** एनएसयूआई के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवराज शर्मा का स्वागत समारोह का आयोजन जिला सचिव व एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश महासचिव मनीष दुबे के नेतृत्व में किया गयाए इस अवसर पर मनीष दुबे ने सभी का मनोबल ऊंचा कियाए एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश मिश्रा ने सभी को बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का संदेश दियाए एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रविश मिश्रा बेटू ने कहा कि विश्वास है कि आप के नेतृत्व में एनएसयूआई मिर्जापुर मजबूत होगी। इस अवसर पर नीवर्तमान जिला अध्यक्ष अमर दुबे को पद से मुक्त कर उनका एनएसयूआई से विदाई किया गया।

### आरटीओ में भौतिक पत्रावली अनिवार्यता समाप्तः रविकांत

**मिर्जापुर।** सम्भागीय परिवहन कार्यालय में मंगलवार को 59 डीलरों के साथ बैठक में एआरटीओ रविकांत शुक्ल ने कहा कि अब के वाहनों के रजिस्ट्रेशन हेतु वाहन सम्बन्धित पत्रावली की डाटा फीडिंग एवं टैक्स फीस पमेन्ट वाहन क्रय करने की तिथि को क्रय करने के बाद डिजिटल हस्ताक्षर किये गये पत्रावली के आधार पर पंजीयन करने की कार्यवाही की जायेगी। उपस्थित डीलरों को यह भी बताया गया कि विभाग द्वारा सेवाओं को आनलाइन उपलब्ध करा दिया गया है।

# एनटीपीसी रिहंद को मिला स्वर्णशक्ति पुरस्कार

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन को बेहतर प्रोडक्टविटी के लिए स्वर्णशक्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ है यह पुरस्कार वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण स्टेशन को एनटीपीसी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा रिहंद स्टेशन को प्राप्त हुआ स्वर्णशक्ति पुरस्कार मिलने पर रिहंद स्टेशन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त हो गयी इस पुरस्कार की उपलब्धि पर कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने स्टेशन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाइयाँ दी उन्होने इस उपलब्धि का श्रेय स्टेशन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विशेष लगर,परिश्रम व त्याग को दिया श्री आयंगर ने उम्मीद जताया कि आगामी भविष्य में भी स्टेशन को इस तरह की उपलब्धियां मिलती रहेंगी।

# रद्दी कागजों से बने लक्ष्मी-गणेश और खिलौनों की लगी प्रदर्शनी

● महिला स्वयं सहायता समूहों के बने सामानों से सजे आयोजन का डीएम ने किया उद्घाटन



**बस्ती।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा रद्दी कागजो से बनी लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति, सॉफ्ट टॉयज, छोटे कालीन, मोमबत्तियां, दीया, दीपक स्टैंड आदि सामानों की प्रदर्शनी का उद्घाटन डीएम आशुतोष निरंजन ने किया। गांधी कला भवन में लगी प्रदर्षनी में प्रत्येक स्टाल पर जाकर सामानों को देखा और उसकी सराहना किया। कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए नारे लोकल फॉर वोकल को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर समूह द्वारा उत्पादित सामानों को जन-जन तक पहुंचाना इस प्रदर्शनी का उद्देश्य है। सभी नागरिकों से अपील किया कि वे इस प्रदर्शनी का अवलोकन करें,अपने आवश्यकता की वस्तुओं को अवश्य ले जाएं। इससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का उत्साहवर्धन होगा तथा वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि जय मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह परसा जागीर द्वारा सॉफ्ट टॉयज की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रेरणा मोमबत्ती शॉप पंचमोहनी ब्लॉक साऊंघाट, आरसेटी एसबीआई द्वारा प्रशिक्षित समूह द्वारा आचार, बनकटी के महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा मूर्ति एवं दीया शॉप लगाया गया है। कहा कि यहां आम नागरिकों के उपयोग के लिए ढेर सारा सामान है। उनके द्वारा इसका क्रय किए जाने पर अपने लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपना योगदान दे सकेंगे।

इस अवसर पर आरसेटी के प्रबंधक सुशील पांडेय, गोपाल तिवारी, उपायुक्त एनआरएलएम रामदुलार, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य व अन्य मौजूद रहे।

# समूहों का खाता खोलने, सीसीएल निर्धारण में प्राथमिकता दें बैंकः सीडीओ

**बस्ती।** शासन द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को हर क्षेत्र में बढावा दिये जाने के दृष्टिगत बैंको को भी चाहिए कि वे समूहो के खाता खोलने उनका सीसीएल निर्धारित करने में प्राथमिकता दें। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित जिला परामर्षदात्री की त्रैमासिक बैठक में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने दिए। कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह कोटे की दुकान चला रही है, बच्चों में पोषाहार का वितरण कर रही है। इसके पूर्व प्राथमिक स्कूलों में छात्र-छात्राओं का डेउस्र सिलकर उपलब्ध कराया है।

कहा कि संज्ञान में आया है कि उनके द्वारा जमा किया गया चेक 15-15 दिन तक क्लीयर नही किया जा रहा है। निर्देश दिया कि महिला स्वयं सहायता समूहो द्वारा बैंको में जमा चेक का तीन दिन के भीतर उनके खाते में क्रेडिट करें। आने वाले समय में स्वयं सहायता समूहों को और भी कार्य मिलेंगे, इसलिए बैंक इन्हें अपना बिजनेस पार्टनर मानते हुए सहयोग करें। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद तथा खादी ग्रोमोद्योग बोर्ड एंव आयोग की रोजगारपरक योजनाओं में अधिक से अधिक ऋृण पत्रावलियों को स्वीकृत तथा ऋृण वितरित करने के लिए बैंको को निर्देशित किया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वतः रोजगार योजना के अन्तर्गत 2 हजार से अधिक पत्रावलिया लम्बित रहने पर असंतोष व्यक्त किया। एसपी हेमराज मीणा ने कहा कि सभी बैंक की शाखाए शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानको का पालन करें। बैंक शाखाओं में लगे सीसी टीवी उच्च तकनीक के हो एंव सभी क्रियाशील हो। दो कैमरे कवर सहित शाखा के बाहर अवश्य लगे हो, डीबीआर को पब्लिक पहुच से दूर रखे। प्रत्येक शाखा में आर्म्स, गार्ड अवश्य हो।

# किसान खेतों में पराली न जलाएंः सीडीओ



● रवी गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी

**संतकबीरनगर।** किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान नहीं जलाने से लाभ तथा रबी फसलों का किस प्रकार अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जाए के संबंध में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन विकास भवन प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अतुल मिश्र मुख्य विकास अधिकारी संतकबीरनगर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ विनोद बहादुर सिंह ने कहा कि किसान भाई अपने खेत की पराली को जलाएं नहीं बल्कि बायोडी कंपोजर का प्रयोग कर खाद बनाएं कृषि विभाग निशुल्क डीकंपोजर का वितरण प्रत्येक ग्राम पंचायत में करा रहा हैए पूरी प्रक्रिया को बताते हुए किसानों को बायो डीकंपोजर का वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्रा ने 10 महिला किसानो को बायो डीकंपोजरए पराली फसल अवशेष नहीं जलाने विषयक साहित्य का वितरण करते हुए समस्त किसान भाइयों से अपील किये कि किसान भाई अपने खेत की पराली नहीं जलाएं बल्कि उसको खेत में जैविक खाद के रूप में प्रयोग करें ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होए उत्पादकता एवं संपूर्ण आय में वृद्धि होगी । मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्रा इसी क्रम में संबोधित करते हुए नारी सशक्तिकरण एवं महिलाओं के कृषि में अमूल्य योगदान की बात को कहते हुए सभी से अपील किए कि महिलाओं को सर्वोपरि स्थान देना सभी का दायित्व है। गोष्ठी में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी मिश्र ने अपनी विभागीय योजनाओं को बताते हुए टीकाकरण हेतु प्रेरित किएए जिला उद्यान अधिकारी सन्तोष त्रिपाठी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला कृषि अधिकारी पीण्सीण्विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर गेहूं की उत्तम प्रजाति एचडी 2967 एवं एचडी 3086 पर्याप्त मात्रा में है एचडी 3086 प्रजाति की प्रति हेक्टेयर उत्पादन क्षमता 55 कुंटल तक है एवं इसमें विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव की भी क्षमता है। अत: किसान भाई अपने विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडारों से बीज क्रय कर उत्तम गुणवत्ता वाले बीज एवं अनुदान का लाभ पाएं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि भूमि में लाभकारी सूक्ष्म जीव होते हैं पराली फसल अवशेष जलाने से सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं अत: किसान भाई अधिकाधिक पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाएं। प्रगतिशील कृषक श्री सुरेंद्र राय ने समस्त किसानों को धान की कटाई के तुरंत बाद हैप्पी सीडर से गेहूं की सीधी बुवाई हेतु जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताएं गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप कृषि निदेशक लोकेंद्र सिंह ने समस्त किसान भाइयों से अपील की कि किसान भाई अपनी खेती वैज्ञानिक तरीके से करें एवं निवेश का प्रयोग संतुलित मात्रा में करेंगे तो उपज में वृद्धि होगी।

# गड्ढामुक्त सड़कों के नाम पर करोड़ों का 'खेल'!

**बस्ती।** सरकार हर साल गड्ढामुक्त के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाती है। गड्ढामुक्त में हो रहे खेल का सच किसी से छिपा नहीं रहा। इसके नाम पर मंडल में करोड़ो का 'खेल' हो रहा है। गड्ढामुक्त तो नहीं होता मगर लोगों की जेबें अवश्य भर जाती है। खुले आम अधिकारी और ठेकेदार सरकार और जनता के आंख में धूल झोंक रहे है। मानकों की खूब अनदेखी की जाती है। किसी भी गड्ढे पर रोलर नहीं चलाया जाता है, रोलर के स्थान पर चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करतें है। नियमानुसार जीएसबी और पीसी के बाद रोलर चलाने का है, ताकि सड़क बराबर हो सके। जितना अधिक रोलर चलेगा सड़क और गड्ढ़ा उतना अधिक मजबूत होगा। कई स्थानों पर मिटटी डालकर इतिश्री कर दी जाती है। गड्ढामुक्त में हो रहे 'खेल' का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसके सभी टेंडर 50 फीसद बिलों पर जाते हैं। अब खुद अंदाजा लगाइए कि 50 फीसद में कौन सी सड़क गड्ढामुक्त होगी। आधे कीमत में सिर्फ मिटटी ही डाली जा सकती है, और वही हो रहा है। इस साल मंडल में 2067 किमी. को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य मिला है। आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह करते हैं कि सरकार गड्ढामुक्त के नाम पर जो धन किमी. के दर से देती है, उससे सौ मीटर सड़क भी गड्ढामुक्त नहीं हो सकता। सरकार एक किमी. के लिए भी वही धन देती है, जितना 50-100 मीटर के लिए उपलब्ध कराती है। यही कारण है कि गड्ढामुक्त योजना पूरे प्रदेश में मजाक बनकर रह गया है। कहते हैं कि जो सड़क चार से पांच दिन भी गड्ढमुक्त न हो सके उसके नाम पर करोड़ों रुपये बर्बाद करने से क्या फायदा। चूंकि इसकी जांच नहीं होती है, इसलिए अधिकांश धन का बंदरबांट होता है। गड्ढामुक्त एक तरह से अधिकारियों और ठेकेदारों के लिए वरदान साबित हो रहा है। आकड़ों पर नजर डाले तो बस्ती, सिद्वार्थनगर और जनपद संतकबीरनगर के सात पीडब्लूडी के यूनिट में इससाल 2067 किमी. सड़क को गड्ढामुक्त होना है। मंडल में कुल सड़कों की संख्या 4719 है। इसकी कुल लंबाई 8876 किमी. है। इनमें 2067 किमी. सड़क को गड्ढामुक्त करना है। इसके साथ ही 831 किमी. सड़क का नवीनीकरण और रिस्टोरेषन करना है। सबसे अधिक 812 किमी. बस्ती में गड्ढामुक्त करना है। सिद्वार्थनगर में 787 और जनपद संतकबीरनगर में कुल 467 किमी. सड़क को गड्ढामुक्त करना है। 15 नवंबर तक गड्ढामुक्त हो जाना चाहिए।

**मंडल में 2067 किमी सड़क को बनाना है गड्ढामुक्त, मरम्मत होते ही सड़क पर होने लगता है गड्ढा -रोलर के स्थान पर चार पहिया वाहनों का होता है इस्तेमाल, 50 फीसद तक बिलो जाता है इसका टेंडर**

**2067 किमी. में कितने गड्ढे इसकी जानकारी नहीं:** मंडल में 2076 किमी. सड़क को गड्ढामुक्त करने के लिए लक्ष्य और धन का तो आवंटन हो गया, मगर कितने गड्ढे को गड्ढामुक्त करना है, इसका आकड़ा नहीं दिया गया। इससे बड़ी लापरवाही विभाग की और हो ही नहीं सकती।

# सोनभद्र में 21नवंबर से पुरुष नसबंदी अभियान

● घर-घर जाकर दंपतियों को परिवार नियोजन के प्रति किया जाएगा जागरूक

**सोनभद्र।** जनपद में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा है। यह दो चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में दंपति संपर्क अभियान चलाकर परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में इच्छुक पुरुषों को नसबंदी की सेवा प्रदान की जाएगी। जिले में इस पखवाड़े के अंतर्गत 103 पुरुषों की नसबंदी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परिवार नियोजन के नोडल व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 में भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए पुरुषों को जागरूक करने के साथ उनकी सहायता से परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति प्रदान करना है। इस पखवाड़े के अंतर्गत आशा और एएनएम घर घर जाकर दंपतियों से संपर्क कर उनका रजिस्ट्रेशन करेंगी और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन से संवेदीकरण कर परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक करेंगी ।उन्होंने बताया कि इस अभियान का आयोजन जनपद और ब्लॉक स्तर पर दो चरणों में किया जाएगा ।पहला चरण 21 से 27 नवंबर तक चलेगा। इस चरण में आशा और एएनएम दंपतियों से संपर्क करेंगी और परिवार नियोजन के बारे में जानकारी प्रदान करेंगी।

# विस चुनाव में भाजपा के सिद्धांतों की हुई जीतः चौबे

**सोनभद्र।** बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के साथ ही गुजरात में हुये विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में जिला कार्यालय सोनभद्र पर मिष्ठान वितरण कर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व कार्यकर्ताओं की मेहनत आज रंग लायी है और निश्चित रुप से बिहार में एक बार जनता ने फिर से एनडीए के सुशासन की सरकार को चुना है, उसके लिए बिहार की जनता को ह्रदय से बधाई देते हुये आभार प्रकट किया भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चौबे ने कहा की यह जीत भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतो की जीत है कार्यकर्ताओं की जीत है और मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात की जनता की जीत है। उत्तर प्रदेश में सात विधान सभा में हुए उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के छः



विधान सभा में ऐतिहासिक जीत हासिल किया उस जीत में जिस तरह से कोरोना काल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब जरुरत मंदो का ख्याल किया है, उसका नतीजा है की जनता ने दिल खोलकर भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपनी छः सीटें बरकार रखने के अलावा आम कार्यकर्ता का भरोसा भी जीतने में कामयाब रही सरकार की नीति और कामकाज पर जनता की मुहर लगने के साथ संगठनात्मक मजबूती सिद्ध होना मिशन 2022 के लिए शुभ संकेत है।

## फूड विभाग टीम कर रही जांच

**संतकबीरनगर।** दीपावली पर्व पर खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम हेतु अभियान के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर खाद्य सचल दल द्वारा अभिहित अधिकारी जयप्रकाश तिवारी के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में राजमणि प्रजापति एवं धर्मराज शुक्ल खाद्य सुरक्षा अधिकारी गण सचल दल सदस्य द्वारा मेहदावल चौराहा खलीलाबाद बाजार स्थित खोया, रेडीमेड मिठाई, बूंदी, पनीर इत्यादि के थोक विक्रेता मैसर्स माधुरी ट्रेडर्स प्रोपराइटर आशीष कुमार एवं मैसर्स अपूर्वा ट्रेडर्स प्रोपराइटर रमेश कुमार गुप्ता उर्फ पट्टू के प्रतिष्ठान पर छापा मारकर प्रवर्तन कार्यवाही की गई है। छापे में माधुरी ट्रेडर्स से छेना मिठाई रेडीमेड एवं पनीर का नमूना एवं अपूर्वा ट्रेडर्स से खोया एवं सोनपापड़ी का नमूना वास्ते जांच लिया गया। दोनों प्रतिष्ठानों को दीपावली पर्व पर मिठाइयों का विक्रय करते समय साफसफाई एवं स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन करने तथा रेडीमेड मिठाइयों तथा खाद्य सामग्रियों का विक्रय बिलए इनवॉइस के बिना न किये जाने हेतु हिदायत भी दी गयी।

# इस बार पटाखे से दूरी, सेहतमंद रहने के लिए जरूरी

संवाददाता। मीरजापुर

● वायु प्रदूषण व नमी के चलते जहरीला धुआं इर्द-गिर्द रहकर पैदा कर सकता है दिक्कत

● सांसों के साथ ही फेफड़ों को प्रभावित कर कई बीमारियों को दे सकता है आमंत्रण

**कोविड.19** के दौर में पड़ने वाले त्योहारों को लेकर लोगों को सुरक्षित बनाने का हरसंभव प्रयास सरकार के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी किया जा रहा है। दीपावली पर पटाखे जलाने की सदियों पुरानी परम्परा को इस बार नजरंदाज करके ही हम समुदाय को सेहतमंद बनाने में अपनी अहम् भूमिका निभा सकते हैं। इस समय वायु प्रदूषण और नमी की जद में प्रदेश के अधिकतर जिले हैंए ऐसे में पटाखे का जहरीला धुआं उड़कर ऊपर न जाकर नीचे हमारे इर्द-गिर्द ही रहकर सांसों के साथ ही फेफड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए सांस लेने में तकलीफपैदा करने वाले कोरोना के साथ ही अन्य कई बीमारियों से बचने के लिए भी इस बार पटाखों से दूरी बनाने में ही सभी की भलाई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने लखनऊ समेत प्रदेश के 13 अधिक प्रदूषण वाले जिलों में पटाखे जलाने पर रोक लगा रखी है ।

डॉ. अजय का कहना है कि दीपावली पर चन्द सेकेण्ड के धमाकों व तेज रोशनी के लिए की जाने वाली आतिशबाजी से निकलने वाले जहरीले धुंए में कई तरह के खतरनाक रासायनिक तत्व मौजूद होते हैं जो पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ ही शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं । इसके धुएं में मौजूद कैडमियम फेफड़ों में आक्सीजन की मात्रा को कम करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद सल्फर, कॉपर, बेरियम, लेड, अल्युमिनियम व कार्बन डाईआक्साइड आदि सीधे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। कोरोना ने सांस की तकलीफ वालों को ज्यादा प्रभावित किया हैए इसलिए पटाखे का धुआं श्वसन तंत्र को प्रभावित कर कोरोना की गिरफ्त में न ले जाने पाएए उसके लिए इस बार पटाखे से दूर रहें ।

डॉ. नीलेश श्रीवास्तव का कहना है कि पटाखों से निकलने वाला धुआं वातावरण में नमी के चलते बहुत ऊपर नहीं जा पाता है, जिससे हमारे इर्द-गिर्द रहकर सांस लेने में परेशानीए खांसी आदि की समस्या पैदा करता है। दमे के रोगियों की शिकायत भी बढ़ जाती है। धुंए के कणों के सांस मार्ग और फेफड़ों में पहुँच जाने पर ब्रानकाइटिस और सीओपीडी की समस्या बढ़ सकती है। यह धुआं सबसे अधिक त्वचा को प्रभावित करता है, जिससे एलर्जी, खुजली, दाने आदि निकल सकते हैं । पटाखे की चिंगारी से त्वचा जल सकती है। पटाखों से निकलने वाली तेज रोशनी आँखों को भी नुकसान पहुंचाती है। इससे आँखों में खुजली व दर्द हो सकता है, आँखें लाल हो सकती हैं और आंसू निकल सकते हैं। चिंगारी आँखों में जाने से आँखों की रोशनी भी जा सकती है। पटाखों का तेज धमाका कानों पर भी असर डालता है। इससे कम सुनाई पड़ना या बहरापन की भी दिक्कत पैदा हो सकती है।

### इन जिलों में पटाखे की बिक्री व इस्तेमाल पर है रोक

प्रदेश के सर्वाधिक प्रदूषण की चपेट वाले जिलों में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) न्यायालय ने 30 नवम्बर तक रोक लगा रखी है, इनमें शामिल हैं। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, हापुड़, गाजियाबाद, मुरादाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बागपत और बुलंदशहर ।

### सेनेटाइजर लगे हाथों कदापि न छुएं पटाखें

कोरोना काल में सेनेटाइजर लगे हाथों से पटाखे जलाना और यहाँ तक कि छूना भी मुसीबत में डाल सकता है क्योंकि अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर पटाखों में मौजूद बारूदों के संपर्क में आकर धमाका कर सकता है । इसलिए इस दीपावली पटाखों से वैसे दूर रहने की पूरी कोशिश कीजियेए यदि आतिशबाजी करते ही हैं तो जरूरी सावधानी का भी ख्याल रखें । आतिशबाजी के बाद नाकए मुंह व आँख को कदापि न छुएं और अच्छी तरह से साबुन.पानी से हाथ को धुलें।

### अस्पतालों को भी किया गया अलर्ट

दीपावली पर अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है कि आतिशबाजी से किसी भी तरह की दुर्घटना होती है तो अस्पताल पहुँचने वालों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए जरूरी इंतजाम पहले से कर लिए जाएँ। आकस्मिक सेवाओं को भी सुचारू बनाए रखें क्योंकि हर साल दीपावली पर आतिशबाजी के कारण आग लगने की घटनाएँ आम हैं, इसके अलावा सांस या अन्य तकलीफवाले लोग भी बढ़ जाते हैं।

# साड़ी कारोबारी के प्रतिष्ठान पर वाणिज्य कर का छापा

## तीन घंटे तक किया गहन पड़ताल, जांच के लिए ले गए दस्तावेज

संवाददाता। मऊ

**ताने**-बाने के मऊ नगर क्षेत्र के रौजा बाजार स्थित एक साड़ी कारोबारी के प्रतिष्ठान पर बुधवार की दोपहर वाणिज्य कर सचल दस्ते की टीम ने छापेमारी किया। सचल दस्ते के सदस्यों ने गहनता के साथ दस्तावेजों की जांच-पड़ताल किया। साथ ही साथ काफी संख्या में महत्वपूर्ण दस्तावेज जांच के लिए अपने साथ भी लेते गए। उधर सचल दस्ते के सदस्यों द्वारा की गई छापेमारी से पूरे दिन अफरा-तफरी मची रही।

वाणिज्य कर विभाग को काफी दिनों से साड़ी कारोबार के दौरान हिसाब-किताब को लेकर शिकायत मिली थी। बुधवार की दोपहर वाणिज्य कर विभाग के सचल दस्ते के आधा दर्जन सदस्यों ने नगर क्षेत्र के रौजा बाजार स्थित एक फर्म पर छापेमारी किया। दस्ते के सदस्यों की छापेमारी की सूचना मिलते ही बाजार में काफी संख्या में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दिया। बाद अधिकारियों ने व्यापारियों को समझाया कि यह विभागीय जांच है। विभाग द्वारा सिर्फ दस्तावेजों की जांच-पड़ताल किया जा रहा है। अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद बाजार में स्थिति सामान्य हुआ।

## आबकारी टीम ने की छापेमारी

सकलडीहा ( **चन्दौली** )। बिहार चुनाव समाप्त होने के बाद आबकारी विभाग की टीम अवैध शराब की धरपकड़ में जुट गयी है। बुधवार को एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में आबकारी विभाग ने सरकारी देशी अंग्रेजी और बीयर की दुकानों की जांच किया। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर से लेकर शराब की जांच पड़ताल किया। इसके अलावा क्षेत्र के कई ईट-भट्टा पर जांच अभियान चलाया। बुधवार को एसडीएम प्रदीप कुमार और सीओ भवनेश चिकारा के नेतृत्व में क्षेत्र सेवखर, कमालपुर, कवई पहाड़पुर, हिंगुतर आदि स्थानों पर संचालित शराब की दुकानों की गहन जांच पड़ताल किया। इसके अलावा कई ईट भट्टों पर जांच पड़ताल किया। दुकानदारों को चेताया कि किसी प्रकार की अवैध शराब पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## ट्यूबवेल रिबोर के लिए लखनऊ की टीम ने किया सर्वे

मुंगराबादशाहपुर ( **जौनपुर** )। स्थानीय विकास क्षेत्र के सतहरिया में स्थित राजकीय ट्यूबवेल जो वर्षों से खराब पड़ा था, जिसका रिबोर भ्रष्ट हो चुका था एवं जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती थी, के बाबत की गयी शिकायत पर ट्यूबवेल विभाग द्वारा विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में ट्यूबवेल विभाग के सर्वेयरों की एक टीम हाइड्रोजालिस्ट नरेश अवस्थी के नेतृत्व में उक्त स्थान पर जांच हेतु पहुंची। टीम में शामिल टेक्नीशियनों ने पहले तो बोर भ्रष्ट हुए ट्यूबवेल के सम्बन्ध में विभागीय कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त किया, फिर उस स्थल का निरीक्षण किया। टीम के टेक्नीशियनों द्वारा प्रस्तावित रिबोर स्थल के निरीक्षण के साथ प्रस्तावित स्थल की मिट्टी भी जाड्डच के लिए नमूने के तौर पर लिया गया। जांच के दौरान ट्यूबवेल के आपरेटर यज्ञ नारायण बिन्द भी मौजूद रहे।

# सैकड़ों शिक्षकों के साथ धर्मेन्द्र यादव ने दाखिल किया नामांकन पत्र

संवाददाता। जौनपुर



**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य विधान परिषद 2020 के चुनाव में वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से पेंशनविहीन शिक्षक एमएलसी पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने गाजीपुर, बलिया, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली और जौनपुर के तमाम शिक्षकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, वित्तहीन शिक्षकों के समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था लागू कराने, मदरसों में आधुनिकीकरण के रूप में नियुक्त शिक्षकों का 55 महीने से रुके वेतन को बहाल कराने हेतु सभी शिक्षकों को एकजुट होकर अपने बीच के संघर्षरत, कार्यरत, पेंशनविहीन, नौजवान शिक्षक साथी को सदन में भेजने का कार्य करना चाहिये तभी शिक्षकों की छिनती सुविधाओं पर विराम लगेगा और समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इसके पहले श्री यादव ने पैदल मार्च करते हुए नामांकन स्थल कमिश्नरी सभागार में पहुंचकर दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस अवसर पर राम विलास सिंह यादव, संजय श्रीवास्तव, डा. चन्द्रसेन, डा. सुनील कान्त तिवारी, रीतेश यादव, कमल नयन, सुदीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार, अजीत चौरसिया, दिनेश गुप्ता, नागेन्द्र यादव, ओम प्रकाश यादव, बांके लाल प्रजापति, शिव बहादुर, विजय यादव, राम सूरत वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## मां लक्ष्मी पूजनोत्सव को लेकर डीएम से मिला प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर**। मां लक्ष्मी पूजनोत्सव को लेकर श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति का एक प्रतिनिधिमण्डल अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू के नेतृत्व में बुधवार को जिलाधिकारी दिनेश सिंहए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट सहदेव मिश्रा से मिला। प्रतिनिधिमण्डल ने उपरोक्त सभी अधिकारियों से धनतेरस से स्थापित होकर 16 नवम्बर को मां लक्ष्मीए मां सरस्वती एवं श्री गणेश की प्रतिमा के विसर्जन की ओर ध्यान दिलाया। सभी अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुये सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुये परम्परा का निवर्हन किया जाय। साथ ही यह भी कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था पूर्व की भांति इस बार भी मिलेगी। प्रतिनिधिमण्डल में संरक्षक रामजी जायसवाल, अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू, महासचिव लाल बहादुर यादव नैपाली, संतोष यादव सहित तमाम पदाधिकारी शामिल रहे।

## दिव्यांगों के लिए काम करने वाली संस्थाएं अपना लेखा प्रस्तुत करें

**देवरिया**। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मीनू सिंह ने बताया है कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में दिव्यांगता निवारण बचावए उपचारए पुनर्वास योजना के अन्तर्गत अनुदान हेतु स्वैच्छिक संस्थानों से प्रस्ताव चाही गयी है। जनपद की ऐसी संस्थायें जो नि:शक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 के अन्तर्गत दो वर्ष पूर्व से पंजीकृत हो तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही हो, वे संस्थायें विगत दो वर्षो की आडिट रिपोर्ट एवं दो वर्षो की संस्था की प्रगति रिपोर्ट के साथ प्रचार.प्रसार की कार्य योजना एवं बजट आदि अभिलेख सहित अपना प्रस्ताव 21 नवंबर तक सायं पांच बजे तक उपलब्ध करा सकते है, ताकि उनका स्थलीय निरीक्षण कर 21 बिन्दुओं की आख्या सहित निदेशालय को भेजा जा सके।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 5500 डिब्बे उपलब्ध

संवाददाता। देवरिया

**उप** कृषि निदेशक डा. एके मिश्र ने बताया है कि प्रमोशन आफएग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन आफ क्राप रेन्ज्डियू योजना के अन्तर्गत बायो डिकम्पोजर फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जनपद में लगभग 5500 डिब्बे उपलब्ध कराया गया हैए जिनको निर्धारित विधियों से बनाकर कृषक अपने खेत में हुए फसल के अवशेष पर छिडकाव कराकर खाद बना सकते है। उन्होने बताया है कि बायो डिकम्पोजर प्रयोग करने हेतु एक ड्रम या टंकी में 200 लीटर पानी ले। इसमें दो किग्रा. गुड़ मिला कर अच्छी तरह से मिला लें। बायोडिकम्पोजर की बोतल खोलकर समस्त सामग्री को इस घोल में मिला लें। ध्यान रहे कि बायोडिकम्पोजर बोतल में उपलब्ध दवाई को हाथ से न छुए। दवा मिलाने के बाद हाथ को अच्छी तरह साबुन से धो लें। इस घोल को सुबह.शाम लकड़ी के साथ ही हिलाएं। ड्रम या टंकी को ढककर रख दें। सात दिन के अन्दर छिडकाव हेतु कल्वचर तैयार हो जायेगा। इस कल्चर को स्प्रेयर द्वारा ही खेत में खडी पराली पर छिड़काव करें, अथवा एक जगह इकट्ठा पराली पर भी छिडकाव कर सकते है। आवश्यकता पडने पर बीच-बीच में दोबारा छिडकाव करें।

जिससे 60 प्रतिशत तक नमी बनी रहेगी। दोबारा घोल बनाने के लिये 20 लीटर पानी एक टंकी में पुन: लें। सात दिन में तैयार प्रथम कल्चर से तीन लीटर कल्चर लेकर 200 लीटर पानी में दोकिग्रा. गुड मिलाकर पुन: मिलायें। पुन: 200 लीटर कल्चर एक सप्ताह में तैयार हो जायेगा। इस प्रकार दोबारा घोल बनाने के लिये डिकम्पोजर बोतल की आवश्यकता नही होगी। यह प्रकिया कई बार भी की जा सकती है एवं इसका छिडकाव अन्य क्षेत्र में किया जा सकता है।

## जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ का निधन

**पथरा** बाजारसिद्धार्थनगर ।बुधवार प्रात: अचानक हुए हृदयाघात से जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ गुप्ता काआकस्मिक निधन हो गया। सूचना फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गईए लोग दलीय सीमा तोड़कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचने लगेए पूरे दिन उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों तांता लगा रहा। स्वभाव से मिलनसार व मृदुभाषी गुप्ता;45 द्धथाना क्षेत्र के ग्राम भग्गोभार के निवासी थे एतथा पिछले पंचायत चुनाव में वार्ड नं 23से जिला पंचायत सदस्य चुने गए थे।गुप्ता को बुधवार सुबह साढ़े छ: बजे सीने में दर्द शुरू हो होने लगा।आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए बांसी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयेए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुप्ता सीधे सरल स्वभाव के कारण लोगों में काफी लोकप्रिय थे एवे अपने पीछे दो पुत्र और चार पुत्रियां छोड़ गए हैं।पहले उनकी मां और वर्तमान में उनकी पत्नी श्रीदेवी गांव की प्रधान भी चुनी गई थी।

# भाजपा ने कुशल रणनीति से हासिल की जीतः त्रिपाठी

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी देवरिया सदर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने 20,089 मतों के भारी अंतर से अपने प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी को पराजित हराया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री त्रयम्बक त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष डॉ अन्तर्यामी सिंह, देवरिया विधानसभा संयोजक रविंद्र प्रताप मल्ल के कुशल निर्देशन में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ताओं ने अपने अथक परिश्रम से इस जीत की जमीन को तैयार किया। उक्त बातें पवन मिश्रा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया ।

पवन मिश्रा ने आगे बताया कि देवरिया विधानसभा उपचुनाव प्रचार प्रसार प्रमुख पवन कुमार मिश्र ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता टिकट घोषणा के काफी पहले से बूथ स्तर पर कार्य कर रहे थेए बूथ चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओ ने प्रत्येक बूथ के हर घर मे जाकर योगी मोदी सरकार की नीतियों को और विकास कार्यो को बताने का काम किया। पार्टी द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता पर्ची को बूथ समिति के कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुचाने का कार्य किया।

प्रचार-प्रसार के क्रम में मोदी वालंटियर, मण्डल प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और सेक्टर प्रवासियों ने अपने अपने सेक्टर में प्रवास कर प्रत्येक बूथ में निवास करने वाले सरकार की योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों से संपर्क किया। सामाजिक टोली और मण्डल स्तर पर लगाये गए प्रचार वाहनों का जीत में अहम योगदान रहा। देवरिया विधानसभा के चारो मंडलों में सांसद रमापति राम त्रिपाठी, सांसद कमलेश पासवान, सांसद रविन्द्र कुशवाहा, राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, सांसद संगम लाल गुप्ता, राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद और प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश द्विवेदी, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, प्रभारी मंत्री श्री राम चौहान, ग्राम्य विकास मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल, राज्यमंत्री जय प्रकाश निषाद सहित विधायक विजय राजभर, विधायक काली प्रसाद, विधायक संगीता यादव, केतकी सिंह के साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने सघन जनसम्पर्क कर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में जन-जन को बताने का कार्य किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, सांसद सैयद इस्लाम रिजवी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह ने देवरिया, बैतालपुर और गौरीबाजार में आयोजित सभाओं और मोर्चो के सम्मेलनों ने भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य किया। गोरखपुर के सांसद और भोजपुरी फिल्म स्टार रवि किशन के रोड शो और नुक्कड़ सभाओं ने आमजनमानस को आकर्षित करने के साथ कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। प्रचार अभियान के अंतर्गत 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित बूथ संपर्क अभियान और 29 अक्टूबर को आयोजित जनसम्पर्क अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपने बूथ पर रहकर प्रचार अभियान को जोर दिया। 3 नवम्बर को मतदान के दिन प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर खड़ा रहा जिसकी बदौलत भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के बाद मात्र 20 दिनों में देवरिया विधानसभा की सीट को बड़े अंतर से जितने में सफ्ल हुई

# नवनिर्वाचित भाजपा विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**देवरिया** । भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने गरुलपार स्थित भाजपा कार्यालय पर नवनिर्वाचित विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी का स्वागत किया तथा बिहार में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर एक दूसरे को मिठाई खिला बधाई दिया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि कल का दिन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिये दोहरी खुशी का दिन था।एक तरफ जहां कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम और मेहनत से देवरिया विधानसभा उपचुनाव में हमको जीत मिली। वही दूसरी तरफ बिहार में कार्यकर्ताओं के मेहनत से फिर एनडीए की सरकार बन गयी।यह दोनों विजय मोदी, योगी और नीतीश कुमार की सरकार के द्वारा किये गये विकास कार्यो पर जनता का मुहर है।बिहार में विकास, प्रगति और सुशासन को पुन: चुनने के लिए बिहार प्रदेश के सभी भाइयों.बहनों का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं। मैं विशेषकर बिहार के युवाओं और महिलाओं को साधुवाद देता हूँ जिन्होंने बिहार में सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य को चुनकर एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।

नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पाण्डेय ने कहा कि उपचुनाव में नगर के कार्यकर्ताओं ने जिस परिश्रम से भाजपा को विजय दिलाया है उसके लिये सभी का आभार।भारतीय जनता पार्टी विकासए विश्वास और प्रगति की प्रतीक है। बिहार विधानसभा चुनाव और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में भाजपा को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए जनता को नमन। इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई। पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा विजय पटेल ने कहा कि देवरिया उपचुनाव में भाजपा और बिहार के चुनाव में गांव-गरीब, किसान, श्रमिक, व्यापारी, दुकानदार व हर वर्ग ने एनडीए के सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर भरोसा जताया है।

मैं देवरिया और बिहार के हर नागरिक को आश्वस्त करता हूं कि हर व्यक्ति, हर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए भाजपा और एनडीए की सरकार पूरे समर्पण से निरंतर काम करती रहेंगी।

**भाजपा प्रत्याशी की जीत पर सलेमपुर में मना जश्न**

**देवरिया**। भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा देवरिया विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सत्यप्रकाश मणि की जीत पर सलेमपुर बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल जायसवाल के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात कर्नाटक व मणिपुर के उपचुनावों में भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन किया है यह जीत भाजपा की ही नही बल्कि पूरे देश की जीत है।

## सचिवों के ब्लॉक मुख्यालय पर नियमित नही आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

सकलडीहा ( **चन्दौली** )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन पूर्व तहसील और ब्लॉक के अधिकारियों को समय से कार्यालय पर रहकर ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए है। ब्लॉक के सचिवों का नियमित रूप से कार्यालय पर बैठने का समय निर्धारित नही है। जिसके कारण सुबह से शाम गांव के ग्रामीण और महिलाये अपनी समस्या को लेकर ब्लॉक का चक्कर काटने को मजबूर है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी मौन है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकांश सचिव अपने घर पर बैठकर कार्यालय का संचालन कर रहे है। आगामी दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है। इसको लेकर ब्लॉक पर समस्याओं को लेकर सुबह शाम ग्रामीणों की भीड़ जुट रहा है। पिछले कई दिनों से अधिकांश सचिव अपने कार्यालय में नियमित रूप से बैठ नही रहे है। जिसके कारण दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# लकी को विजयी बनाकर मल्हनीवासियों ने पारसनाथ को दी सच्ची श्रद्धांजलि: राजेन्द्र

संवाददाता। मुंगराबादशाहपुर ( **जौनपुर** )। प्रदेश में खासी चर्चित रही जनपद की मल्हनी विधानसभा सीट पर लकी यादव को विजयी बनाकर मल्हनी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने पूर्वांचल की राजनीति में अपनी अलग पहचान रखने वाले समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे और ग्राम पंचायत से देश की सर्वोच्च पंचायत तक प्रतिनिधित्व करने वाले पारसनाथ यादव के निधन के बाद उनकी राजनैतिक विरासत संभालने वाले लकी यादव को जहां आशीर्वाद दियाए वहीं स्वर्ण यादव को सच्ची श्रद्धांजलि भी दिया। उक्त बातें मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी एवं समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर यादव ने मल्हनी उपचुनाव में हुई पार्टी प्रत्याशी की जीत के बाद स्थानीय पत्रकारों से कही। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की अन्य सीटों की अपेक्षा मल्हनी विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दिया था। प्रदेश सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री स्वयं मुख्यमंत्री सहित दर्जनों कद्दावर नेता मल्हनी उपचुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दियेए फिर भी यहां की जनता ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए लकी यादव को अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनाया।



**यूनियन बैंक जलालपुर में मना 102वां स्थापना दिवस:** जलालपुर ( **जौनपुर** )। स्थानीय बाजार में स्थित यूनियन बैंक आफइण्डिया में 102वां स्थापना दिवस केक काटकर बड़े ही धूमधाम से सोसल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए मनाया गया। इस मौके पर मैनेजर गोविंद पासवान ने बताया कि स्थापना दिवस मनाने के लिए बैंक के सबसे पुराने ग्राहक अर्जुन यादव निवासी सेहमलपुर के हाथों केक काटा गया। यह हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर आलोकए नीरज, देवेन्द्र विश्वल, स्वप्निल श्रीवास्तव, राहुलदेव सिंह, कनिष्क जायसवाल, संजय सिंह, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने का लिया संकल्प

## पर्यावरण प्रदूषण खत्म करने के लिए छात्र.छात्राओं ने बढ़ाया कदम

संवाददाता। मऊ



**जनपद** के साई कालेज आर्फ फर्मेसी सिकटीयाव इन्दू प्रकाश फार्मेसी कालेज हलधपुर में छात्रों ने दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीए जलाने व पर्यावरण प्रदूषण खत्म करने का संकल्प लिया। कालेज के प्रबंधक अखिलेश राय द्वारा छात्र.छात्राओं को शपथ दिलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कालेज के प्रबंधक अखिलेश राय ने बताया कि बॉर्डर पर तनाव के बीच भारत अपने पड़ोसी देश चीन को दिवाली पर एक और झटका देने की तैयारी में है। दिवाली पर खूब बिकने वाले चाइनीज झालर को लोगों ने बाजार से बहिष्कार कर दिया है। गाय के गोबर से बने 33 करोड़ पर्यावरण के अनुकूल दीयों के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है ताकि चीनी उत्पादों का मुकाबला आसानी के साथ किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिदिन लगभग 192 करोड़ किलो गोबर का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि गोबर आधारित उत्पादों में बड़ी संभावनाएं हैं। दीयों के अलावाए गोबरए मूत्र और दूध से बने अन्य उत्पादों जैसे कि एंटी रेडिएशन चिप, पेपर वेट, गणेश और लक्ष्मी की मूर्तियों, अगरबत्ती, मोमबत्तियों और अन्य चीजों के उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया कि इससे गौशालयों को मदद मिलेगी, जो वर्तमान में कोरोना महामारी के कारण वित्तिय मुसीबत में हैं। इससे ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर पैदा करने के अलावा आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी व सभी प्रवेश लिए हुए छात्राओं को एक-एक पौधा भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से प्रधानाचार्य अजय कुमार, अरशद कमाल, सतेन्द्र यादव, विशाल राय, अविनाश पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, प्रीति आंनद, अमृता सिंह, विमलेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## स्व. सतीश के परिवार को दिया एक लाख की आर्थिक सहायता

**सिद्धार्थनगर**। संयुक्त जिला चिकित्सालय में नेत्र सहायक के पद पर तैनात रहे स्व. सतीश कर पाठक के परिवार को एक लाख की आर्थिक सहायता दी गई। धनराशि जिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से एकत्र किए गए थे। सीएमएस के इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है। संयुक्त जिला चिकित्सालय के सभागार में नेत्र सहायक रहे स्वण् सतीश कर पाठक की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। एक दशक बाद जिला अस्पताल में परंपरा को बढ़ाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके कटियार की अगुवाई में स्व. पाठक की पत्नी आशा कर पाठक को एक लाख रुपये नकद आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सीएमएस ने कहा कि सेवाकाल के दौरान अहम पदों पर रहते हुए मृत स्वास्थ्य कर्मियों के परिवार के साथ सहानुभूति रखते हुए हर स्तर पर सहयोग की पहल की।

## कद्दूपुर रामलीला के तीसरे दिन दशरथ मरण का भावपूर्ण मंचन



**जौनपुर**। आदर्श ग्राम कुद्दुपुर में चल रही रामलीला के तीसरे दिन दशरथ और श्रीराम के भावुक पाठ देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गयीं। वहीं मंथरा के पाठ को देखकर उपस्थित लोग हंसते हुये लोट.पोट हो गये। उधर केवट ने अपने पाठ में चार चांद लगा दिया। साथ ही राम वनगमन के साथ तृतीय दिन की रामलीला समाप्त हुई। इस अवसर पर आयोजन मण्डल के लोगों सहित तमाम लील ।प्रेमी उपस्थित रहे।

## नेपाल सीमा पर दो खाद तस्करी पकड़े

**सिद्धार्थ नगर**। 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा के जवानों ने 2मोटरसाइकिलो पर लदे यूरिया व डीएपी खाद के साथ 2 तस्करो को पकड़ा।मंगलवार शाम को सीमा चौकी खुनवा के जवानों ने सीमा स्तम्भ संख्या 557 के पास भारत.नेपाल सीमा पर दो तस्कर को पकड़ा जिनका नाम बेचन यादव पुत्र तामेश्वर यादव गांव.परसौना थाना.शोहरतगढ़ए जिला.सिद्धार्थनगर एमनीष पासवान पुत्र परशुराम पासवानगांव.नौनहवा यशोधरा गांव पालिका वार्ड नं05 थाना मर्यादपुर जिला.कपिलवस्तु ;नेपालद्धको अवैध रूप से भारत से नेपाल यूरिया व डीएपी खाद की तस्करी करते हुये पकड़ा गया। जब्त किए गए सामान के साथ तस्कर को कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवाए जिला. सिद्धार्थनगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया । इस दौरान पेट्रोलिंग पार्टी में उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंहए आरक्षी जगदीश प्रसाद कुमावतएअमित सिंह शामिल रहे ।

# शिक्षक-स्नातक चुनाव में भाजपा का लहराएगा परचमः उपेंद्र रावत

संवाददाता। बाराबंकी

**सांसद** उपेंद्र रावत ने कहा कि शिक्षक.स्नातक एमएलसी चुनाव में भाजपा का परचम लहराएगा। कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते भाजपा के दोनो प्रत्याशी भारी अंतर से चुनाव जीतेंगे।सांसद बुधवार को भाजपा कार्यालय पर नामाँकन जुलूस में रवाना होने से पूर्व एकत्रित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होने भाजपा शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी एवं स्नातक एमएलसी प्रत्याशी अवनीश कुमार सिंह को कर्मठएसंघर्षशील एवं जुझारू प्रत्याशी कहा। इसके पूर्व बुधवार की सुबह से ही कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हाइवे स्थित भाजपा कार्यालय पर लगने लगा था।जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ो चौपहिया वाहनों से काफिला लखनऊ को रवाना हुआ। शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए उमेश द्विवेदी एवं स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए अवनीश कुमार सिंह ने बतौर भाजपा प्रत्याशी बुधवार को लखनऊ में नामांकन किया।नामांकन जुलूस में शामिल होने के लिए सांसद उपेंद्र रावतएजिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तवएपूर्व विधायक राजरानी रावत सहित सैकड़ो कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पर एकत्रित हुए।उत्साह से लबरेज युवा कार्यकर्ता भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिले में भाजपा के दोनो प्रत्याशियों को जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है। उदबोधन के उपरांत कार्यकर्ताओं का काफिला लखनऊ की ओर रवाना हुआ।भाजपा झंडे लहराते युवा कार्यकर्ताओं का जोश देखते बनता था। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, दिलीप मिश्रा, प्रमोद तिवारी, जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता, भुल्लन वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय आनन्द बाजपेई, रोहित सिंह, सरिता सिंह, सी, अश्विनी कुमार, विवेकानन्द पाण्डेय , विजय श्रीवास्तव, डॉ अवधेश वर्मा, डॉ अमित वर्मा , भरत लाल सिंह, संजीव वर्मा, डॉ रिजवान अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## धान ले जाने के विवाद मे जमकर मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धान ले जाने के विवाद मे हुई मारपीट मे तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के गौखाड़ी गोसांई का पुरवा निवासी अंबिका प्रसाद गिरि पुत्र रामअंजोर का आरोप है कि बीती नौ नवंबर को उसके घर के सामने से त्रिवेणी प्रसाद गिरि धान लादकर अपने घर जा रहा था। रोकने पर दोनों पक्षो के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी से नाराज त्रिवेणी प्रसाद, सुनील गिरि व शिवकुमारी ने लाठी डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीडित की शिकायत पर त्रिवेणी प्रसाद समेत तीन के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि कहासुनी से नाराज त्रिवेणी प्रसाद, सुनील गिरि व शिवकुमारी ने लाठी डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

# बाराबंकी में तेजी से घट रहा अफीम की खेती का ग्राफ

भूपेन्द्र मिश्र। बाराबंकी

**काला** सोना के रूप में विख्यात अफीम की खेती का ग्राफ जिले में निरंतर घटता जा रहा है यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि विभागीय आंकड़े ही इस बात के प्रमाण बने हुए हैं कि कभी प्रमुखता से की जाने वाली अफीम की खेती के प्रति काश्तकारों का मोहभंग होता जा रहा है कारण चाहे जो भी हो लेकिन सच्चाई यही है विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020 21 में पोस्ता लाइसेंस हेतु 669 गांव के कल्टीवेटर को फॉर्म भेजे गए थे मगर इनमें से 412 गांव के ही कल्टीवेटर आए इनमें लखनऊए बाराबंकीए रायबरेलीए मऊए गाजीपुर समेत आधा दर्जन जिले सम्मिलित थे बावजूद इसके 1807 लाइसेंस जारी किए गए जो पिछली बार की अपेक्षा कम है तुलना की जाए तो पता चलता

**विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020 21 में पोस्ता लाइसेंस हेतु 669 गांव के कल्टीवेटर को फॉर्म भेजे गए थे मगर इनमें से 412 गांव के ही कल्टीवेटर आए इनमें लखनऊ बाराबंकी, रायबरेली मऊ गाजीपुर समेत आधा दर्जन जिले सम्मिलित थे**

है कि गत वर्ष कार्बन 2029 के करीब लाइसेंस जारी हुए थे जबकि इस वर्ष 1807 किसानों ने ही लाइसेंस लेने में रुचि दिखाई है यह तो 6 जनपदों के आंकड़े हैं अब यदि बाराबंकी जनपद के आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो पिछली बार लाइसेंस काश्तकारों की संख्या 1950 थी जबकि इस बार यह आंकड़ा 12 सौ के पार भी नहीं हो पाया जिससे साफ जाहिर होता है कि धीरे.धीरे जिले में अफीम की खेती के काश्तकारों का रुझान कम होता जा रहा है इसके पीछे कारण जो भी हो लेकिन सच यही है कि किसानों कामोहअफीम खेती सेवन होता जा रहा है।

किसान मेंथा की खेती को ज्यादा तरजीह दे रहा है कम लागत और मेहनत पर अच्छा मुनाफा मिल रहा है सुरक्षा की भी अधिक जरूरत नहीं है जिससे किसान अफीम की खेती के बजाय मेंथा की खेती करना ज्यादा फायदेमंद समझ रहा है:**जिला अफीम अधिकारी राजेंद्र प्रसाद**

# राजनीतिक दल बूथ एजेंटों की सूची दें: जिलाधिकारी

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेश कुमार कीअध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों समस्त उप जिलाधिकारीध्तहसीलदारों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि01ण01ण2021 केआधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ चर्चा हेतु आज यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का दिनांक 17ण11ण2020 को जनपद के 1056 मतदान स्थलों पर आलेख प्रकाशन होगा। दिनांक 17ण11ण2020 से 15ण12ण2020 के मध्य मतदाता सूची के नाम बढ़ानेध्काटने एवं संशोधन करने हेतु फार्म बीएलओ अथवा तहसील स्तर पर प्राप्त किये जायेंगे। इसके तहत फार्म.6 नाम सम्मिलित किये जाने हेतुए फार्म.7 नाम विलोपित किये जानेहेतुए फार्म.8 नाम संशोधित किये जाने हेतुए फार्म.8 ;कद्ध एक ही विधानसभा में एक बूथ सेदूसरे बूथ में नाम स्थानान्तरण हेतु प्राप्त किये जायेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसारजनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल अपने बूथ लेविल एजेन्ट नियुक्त करते हुएउनकी एक सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु यथाशीघ्र अपनी.अपनीबीएलए की सूची उपलब्ध करायेंए जिससे सम्बंधित मतदेय स्थल के बीएलओ का परस्परसहयोग प्रदान करने एवं मतदाताओं के द्वारा विभिन्न प्रारुपों को भरने का कार्य किया जासके इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवम्बरसे दिसम्बर माह के मध्य निर्वाचक नामावलियों में संशोधन किया जाएगा। नामावलियों मेंसंशोधन हेतु राजनैतिक दल अपने.अपने बूथ एजेन्टों की सूची उपलब्ध करायें। इस कार्य मेंराजनैतिक दलों का सहयोग अति महत्वपूर्ण हैए जिससे सही निर्वाचन सूची तैयार की जासके बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी समर सिंह समस्त उप जिलाधिकारी तहसीलदारएवं जनपद के माध्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण व रूक्मणी विवाह की झांकी देख मंत्रमुग्ध हुये श्रद्धालु

## लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के डांडी पूरे झलिहन मे श्रीमदभागवत कथा श्रवण करने जुटी भक्तों की भीड़

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**क्षेत्र** के डांडी पूरे झलिहन मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण व रूक्मणी के विवाह का सारगर्भित वर्णन करते हुए कथाव्यास आचार्य योगेश जी महराज ने कहा कि यह विश्व का अनोखा विवाह रहा जो हर दाम्पत्य जीवन जीने वाले लोगों को नई सीख दिया करता है। कथाव्यास ने कहा कि पति को अपनी पत्नी पर और पत्नी को अपने पति पर अटूट विश्वास होना चाहिये, ऐसा रिश्ता देवताओं के समान हो जाता है। उन्होने कहा कि पति कैसा भी हो उसकी सेवा करना धर्मपत्नी का परम कर्तव्य होना चाहिये और यही बाते पति पर भी लागू हुआ करती है। कथा के बीच मे श्रीकृष्ण और रूक्मणी विवाह की झांकी भी निकाली गई। श्रीकृष्ण की भूमिका मे आयुषी पाण्डेय व रूक्मणी की भूमिका मे सृष्टि त्रिपाठी के रूप मे भगवान का अलौकिक स्वरूप निहारते हुए श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और पांव पूजन कर मंगलगीत गाते हुए पुष्पवर्षा की। सांसद संगमलाल गुप्ता के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, लालगंज चेयरपर्सन संतोष द्विवेदी, सीडब्लूसी मेंबर के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने श्रीकृष्ण व रूक्मणी की आरती उतारी। मुख्य यजमान चंद्रभाल पाण्डेय ने कथाव्यास योगेश जी महराज का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अवधेश तिवारी, अनिल त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य राधेकांत शुक्ल, शिवम तिवारी, रामराज पाण्डेय, संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे। श्रद्धालुओं का स्वागत व महाप्रसाद वितरण का संयोजन रमेश पाण्डेय, राकेश फौजी व ज्ञानेश पाण्डेय ने किया।





# डीएम ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा

संवाददाता। अमेठी ।

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने संयुक्त रूप से कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में अपराधए कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर सभी उप जिलाधिकारियोंए पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंसए आपसी रंजिशए अपराध रोकथामए विवेचना निस्तारणए अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाहीए गुंडाएक्टए जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा किया तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में निरस्त किए गए शस्त्र लाइसेंसों के शत प्रतिशत तामीला न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी थानाध्यक्षों को निरस्त किए गए लाइसेंसों का शत.प्रतिशत तामीला सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़नए पास्को एक्टए हत्याए बलात्कारए अपहरणए दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पॉस्को अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए 2 महीने के अंदर निस्तारित कराएं। जिलाधिकारी ने आगामी दीपावली के पर्व के दृष्टिगत अवैध पटाखे की दुकानोंए गोदामों का निरीक्षण करने के निर्देश सभी एसडीएम व सीओ को दिए साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार दीपावली में ग्रीन पटाखे ही फोड़ने की अनुमति होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी सीओ व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जिन अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है वह 6 माह तक जिले से बाहर रहे यह व्यवस्था सभी थानाध्यक्ष सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोविड.19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जो लोग गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं उन पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मास्क न लगाने वालेए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ना करने वालेए अकारण कारण समूह बनाकर खड़े रहने वालेए ट्रिपलिंग करने वाले व्यक्तियों की सघन चेकिंग करें तथा जुर्माना भी लगाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तवए अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोजए समस्त उपजिलाधिकारीए पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



## उत्पीड़न के खिलाफ मुखर हुये अधिवक्ता, एसडीएम को ज्ञापन सौंप जताया कड़ा विरोध

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं के उत्पीडन व आयेदिन हो रहे जानलेवा हमले के विरोध मे अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह व विनय शुक्ल की अगुवाई मे बुधवार को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमण्डल एसडीएम रामनारायण से मिला। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि उनके साथियो का उत्पीड़न पाये जाने की दशा मे समस्या का संज्ञान लेकर निराकरण कराया जाय। अधिवक्ताओं के ऊपर फर्जी तरीके से दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने कुण्डा तहसील के अधिवक्ता उमेश मिश्र पर हुये प्राणघातक हमले मे शामिल आरोपियो की गिरफ्तारी व निष्पक्ष जांच किये जाने की मांग की गई। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को आश्वासन देते हुए ज्ञापन मे शामिल मांगो को शीघ्र पूरा किये जाने की बात कही। इस मौके पर महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, दिनेश मिश्र, टीपी यादव, शैलेन्द्र शुक्ल, शिवप्रसाद यादव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, ललित गौड़, दीपेन्द्र तिवारी, उदयराज पाल, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, जान्हवी प्रसाद सिंह, संजय सिंह, घनश्याम सरोज, शिव नारायण शुक्ल, विनोद शुक्ल, प्रभात श्रीवास्तव, इरफान, शहजाद अंसारी, पवन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मदरसा अरबिया काफ्यितुल उलूम में आयोजित हुई गोष्ठी

संवाददाता। प्रतापगढ़

**गोष्ठी में महिला सशक्तिकरण को लेकर किया गया जागरूक**

**मिशन** शक्ति के तहत आज मदरसा अरबिया काफ्यितुल उलूम प्रतापगढ़ सिटी में एक गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें जनपद के समस्त राज्यानुदानित मदरसों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्यो द्वारा अपने समस्त महिला स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं के साथ प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी में छात्राओं द्वारा कविता ''जिम्मेदारियों का बोझ परिवार पर पड़े तो आटो रिक्शा चलाने लगी बेटिया'' के रूप में महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी द्वारा ''महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्म रक्षा के उपाय, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता, महिला सम्मान एवं शालीनता, नशे, लैंगिक समानता इत्यादि के विषय में जागरूक किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी द्वारा शासन के मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये मदरसे में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरूक करने हेतु प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया तथा महिलाओं को जागरूकता के सम्बन्ध में 1090 बुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा की जानकारी छात्र/छात्राओं को देते हुये घरेलु हिंसा, महिला उत्पीड़न, फैमिली कोई इत्यादि के विषय में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया। आयोजित गोष्ठी में विनोद कुमार वक्फ निरीक्षक, तेलात उमर प्रबन्धक मदरसा, शब्बीर अहमद, मुख्तार अहमद, हबीबी, मो0 रहमानी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## साइकिल से घर लौट रहे वृद्ध की मौत, परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लाई-चना भूनने की भटठी से घर लौट रहे साइकिल सवार वृद्ध की रात मे हुये हादसे मे मौत हो गयी। सुबह जानकारी होने पर परिजन शव लेकर घर आये और पुलिस को सूचना दिये बगैर अंतिम संस्कार कर दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोड़वा निवासी दुबुल्ले 60 लालगंज कोतवाली इलाके मे लाई-चना भूनने की भटठी चलाता है। मंगलवार की रात आठ बजे के करीब भटठी बंद कर वह साइकिल से अपने घर उधरनपुर जा रहा था। बताया जाता है कि रास्ते मे सई नदी पुल के समीप साइकिल अनियंत्रित होकर खड्ड मे जा गिरी। हादसे मे वृद्ध घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। रात मे उसके घर नही पहुंचने पर परिजनो ने तलाश शुरू की तो सई नदी के समीप साइकिल समेत दुबुल्ले का शव खड्ड मे मिल गया। देखने मे भी प्रतीत हो रहा था कि साइकिल अनियंत्रित होने से खड्ड मे गिरने के दौरान चोट लगने से उसकी मौत हुई। इस पर मृतक के परिजन उसका शव लेकर घर आ गये। पुलिस को सूचना दिये बिना ही परिजनों ने बुधवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाल संजय यादव ने बताया कि घटना की जानकारी हमको नही है, सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गायब किशोर का शव मिलने से हड़कंप, चार नामजद

**अमेठी।** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा ठेंगहा के कोलवा ग्राम में देखने को मिला जहां पर कल शाम 4रू00 बजे से गायब 12 वर्षीय किशोर की लाश आज सुबह गांव के बगल मालती नदी के किनारे जंगल में देखने को मिली। अमेठी जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा ठेंगहा के कोलवा गांव का है जहां पर 10 नवंबर की शाम 4रू00 बजे के लगभग ओम प्रकाश गुप्ता का 14 वर्षीय पुत्र चंदन अचानक घर से गायब हो गया परिजन लगातार रात भर आस.पास के गांव बाजार में बच्चे की खोजबीन करते रहे लेकिन बच्चे का कहीं कोई अता पता नहीं चला सुबह गांव का ही एक गूंगा व्यक्ति शौच के लिए जंगल में गया तभी उसने देखा कि वहीं पर चंदन की लाश पड़ी हुई थी । किशोर के हत्याकांड की खबर सुनते ही पूरे गांव के लोग इकट्ठा हो गए और ग्रामीणों में खासा आक्रोश दिखाई पड़ा । मौके पर। क्षेत्राधिकारी अर्पित कपूर व संग्रामपुर थानाध्यक्ष राजीव सिंह भारी पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे । लोगों को काफी समझाने बुझाने तथा कार्यवाही का आश्वासन देते हुए पीड़ित की ओर से तहरीर प्राप्त की । जिसमें पीड़ित ने 4 लोगों को नामजद करते हुए लिखा था कि मेरे पुत्र चंदन की शिवशंकरए रविशंकर और शिवम पुत्र हीरालाल तथा शनि पुत्र राजेंद्र गुप्ता ने पुरानी रंजिश के तहत मेरे बेटे की हत्या कर दी है।

## स्मार्ट क्लास के लिए स्कूलों में टेलीविजन वितरित

**ललितपुर।** महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस के आर्थिक सहयोग से स्मार्ट क्लास के संचालन के निर्देशदिये गए हैं जिसके तहत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार द्वारा जनपद के 05 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु स्मार्ट टेलीविजन का वितरण किया गये इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आज 09 स्मार्ट टीवीबेसिक शिक्षा विभाग को दान स्वरुप प्रदान की गई हैं इनमें से 06 टीवी सोनी फिलिंग स्टेशनएवं 03 टीवी परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा दान की गई हैं। इन 09 टीवी में से 05 टीवीप्राथमिक विद्यालय टीला तालबेहटए प्राथमिक विद्यालय तिन्द्रा तालबेहटए पूर्व माध्यमिक विद्यालय धुरवारा जखौरा उच्च प्राथमिक विद्यालय नैनवारा महरौनी तथा कम्पोजिट विद्यालय पड़वां महरौनी में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु लगायी जायेंगी तथा शेष को बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद के 1150 स्कूलों में शासन के निर्देशानुसार स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा हैण् साथ ही वर्तमान समय में दूरदर्शन पर प्रतिदिन 03 घण्टे स्मार्ट क्लास के माध्यम से बेसिक शिक्षा के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत हुए विविध कार्यक्रम




संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी शक्तिए नारी सुरक्षाए नारी स्वावलंबन को लेकर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी अजय पाल सिंह ने बताया की महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सशक्तिकरण व सम्मान हेतु शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य ष्मिशन शक्तिष् के अंतर्गत नारी सुरक्षाए नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेए जिसके क्रम में आज दिनांक 11 नवंबर 2020 को जनपद के सभी विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंए जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से विकास खंडोंए आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में बालिकाओंध्महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों को रोकने तथा बालिकाओंध्महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर महिलाओं बालिकाओंध्बालकों को जागरूक किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेजए गौरीगंज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बालकध्बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुण तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी एवं बालिकाओंध्महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान तथा स्वावलंबी बनाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अभियान के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षकए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंजए जामो व अमेठी की प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## बिहार चुनाव में जीत पर भाजपाइयों ने जताई खुशी

**तिलोईएअमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर जश्न मना कर खुशी का इजहार किया एवम एक दूसरे को लड्डु खिलाया। बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की जीत पर सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है ।कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डु खिलाकर मुंह मीठा कराया।इस अवसर पर लवलेश पांडेयएदीपू सिंहए विकास सिंहएराजेश पाण्डेय सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।